सच, सिर्फ सच **

वॉयस ऑफ लखनऊ

रविवार, 01 फरवरी, 2026 लखनऊ, महानगर, वर्ष 21, अंक 31, पेज 16, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com

तंबाकू पर अतिरिक्त उत्पाद शुल्क आज से

सिगरेट और तंबाकू उत्पादों पर अतिरिक्त उत्पाद शुल्क तथा पान मसाला पर स्वास्थ्य उपकर एक फरवरी से लागू हो जायेगा। } 14

टीएमसी देश की सबसे भ्रष्ट सरकार : शाह

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने तृणमूल कांग्रेस सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए आरोप लगाया कि ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली सरकार जितनी भ्रष्ट कोई और सरकार देश में नहीं है। } 16

सुनेत्रा पवार बनीं महाराष्ट्र की डिप्टी सीएम

राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने दिलायी पद और गोपनीयता की शपथ

एजेंसी

मुंबई। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के दिवंगत अध्यक्ष अजित पवार की पत्नी सुनेत्रा पवार (62) ने शनिवार को मुंबई में एक समारोह में महाराष्ट्र की पहली महिला उपमुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली।

राज्यसभा की सदस्यता से इस्तीफा दे चुकीं सुनेत्रा को यहां लोक भवन में आयोजित एक संक्षिप्त समारोह में राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। इससे पहले दिन में, उन्हें औपचारिक रूप से राकांपा विधायक दल का नेता चुना गया। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा), एकनाथ शिंदे नीत शिवसेना और अजित पवार नीत राकांपा के घटक वाली महायुति सरकार में अजित पवार उपमुख्यमंत्री और वित्त मंत्री थे। उनकी 28 जनवरी को बारामती में एक विमान दुर्घटना में मृत्यु हो गई। सुनेत्रा पवार जब शपथ लेने के लिए उठीं तो अजित दादा अमर रहें जैसे नारे लगाए गए। मुख्यमंत्री देवेंद्र ...शेष पृष्ठ 14 पर

सीएम योगी से मिले गोदान फिल्म के निर्माता-निर्देशक

गोरक्षा के संकल्प, भारतीय संस्कृति और पंचगव्य विज्ञान को बड़े पर्दे पर लायेगी फिल्म

विशेष संवाददाता

लखनऊ। गोमाता के संरक्षण, भारतीय संस्कृति में उसके महत्व और पंचगव्य आधारित वैज्ञानिक दृष्टिकोण को केंद्र में रखकर बनी फिल्म गोदान के निमार्ता-निर्देशक ने शनिवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर फिल्म का ट्रेलर लांच किया गया। फिल्म के निमार्ता व निर्देशक ने स्पष्ट किया कि देश में गो-रक्षा को लेकर सबसे व्यापक, ठोस और जमीनी स्तर पर कार्य उत्तर प्रदेश में हुआ है, और इसके पीछे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का स्पष्ट विजन और प्रतिबद्ध नेतृत्व है। इन्हीं बातों ने उन्हें सीएम योगी आदित्यनाथ से मुलाकात के लिए प्रेरित किया।

योगी आदित्यनाथ के सीएम बनते ही उत्तर प्रदेश में गो तस्करों पर ताबड़तोड़ एक्शन शुरू हुआ और बड़े पैमाने पर गो तस्करों की गिरफ्तारी की गई। गोवंश के प्रति मुख्यमंत्री के स्नेह और गो संरक्षण के लिए उनकी प्रतिबद्धता का इसी बात से पता चलता है कि पिछले नौ वर्षों में प्रदेश में साढ़े सात हजार से ज्यादा गो आश्रय स्थल बनाए गए हैं। इतना ही नहीं, 12 लाख से अधिक निराश्रित गोवंश संरक्षित किए जा चुके हैं। गो सेवा और उनके संरक्षण को और प्रभावी बनाने के लिए हर जिले में गो संरक्षण समितियों का गठन किया गया है। हर जनपद के डीएम व एसएसपी इसके नोडल अधिकारी बनाए गए हैं।

विनोद चौधरी द्वारा निर्मित व निर्देशित गोदान फिल्म 6 फरवरी को देशभर में एक साथ रिलीज होने जा रही है। यह फिल्म केवल एक कहानी नहीं, बल्कि गोमाता के संरक्षण, भारतीय संस्कृति, वैज्ञानिक चेतना और सामाजिक उत्तरदायित्व का समग्र दस्तावेज है। निमार्ता ने मुख्यमंत्री को फिल्म की विषयवस्तु, उद्देश्य और सामाजिक संदेश से अवगत कराया। फिल्म निमार्ता विनोद चौधरी ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात के दौरान कहा कि आज देश में गो-रक्षा के क्षेत्र में जो ठोस कार्य दिख रहा है, उसका सबसे बड़ा केंद्र उत्तर प्रदेश है। प्रदेश में गोशालाओं का विस्तार, निराश्रित गोवंश की व्यवस्था, तस्करी पर सख्ती और गो संरक्षण को शासन की प्राथमिकता बनाना, ये सभी कार्य मुख्यमंत्री ...शेष पृष्ठ 14 पर

संक्षेप

यूपी में छह आईएएस अफसरों के तबादले

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में शनिवार को छह आईएएस अफसरों के तबादले किए गए हैं। वहीं राज्य सरकार ने निलंबित किए गए पीसीएस अधिकारी अलंकार अग्निहोत्री के स्थान पर बरेली नगर मजिस्ट्रेट के पद पर नई तैनाती कर दी है। नगेन्द्र प्रताप को आगरा का मंडलायुक्त बनाया गया है। वह अभी तक अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी, यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण के पद पर तैनात थे। मऊ के मुख्य विकास अधिकारी प्रशांत नागर को नगर आयुक्त, फिरोजाबाद एवं उपाध्यक्ष, फिरोजाबाद-शिकोहाबाद विकास प्राधिकरण की जिम्मेदारी दी गई है। उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग के उपसचिव विवेक कुमार श्रीवास्तव को मऊ का मुख्य विकास अधिकारी बनाया गया है। मथुरा के मुख्य विकास अधिकारी मनीष मीणा को अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी, यमुना एक्सप्रेसवे आद्योगिक विकास प्राधिकरण की जिम्मेदारी दी गई है। गाजियाबाद की संयुक्त मजिस्ट्रेट ...शेष पृष्ठ 14 पर

यूपी विधानमंडल का बजट सत्र 9 से

लखनऊ। उत्तर प्रदेश विधानमंडल का बजट सत्र 9 फरवरी से राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के अभिभाषण के साथ शुरू होगा। पटेल विधानसभा मंडप में दोनों सदनों को एक साथ संबोधित करेंगी। दोनों सदनों के प्रमुख सचिवों ने शनिवार को इसकी अधिसूचना जारी की है। वहीं वित्तीय वर्ष 2026-27 का बजट 11 फरवरी को पेश किया जाएगा। विधान परिषद के प्रमुख सचिव डॉ. राजेश सिंह ने बताया कि नौ फरवरी को पूर्वाह्न 11 बजे राज्यपाल दोनों सदनों को संबोधित करेंगी। इससे पहले बृहस्पतिवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में संपन्न हुई मंत्रिमंडल की बैठक में नौ फरवरी से सत्र शुरू करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई।

देश का आम बजट आज

❍ लगातार 9वीं बार बजट पेश करेंगीं सीतारमण ❍ गरीब व मध्यम वर्ग को राहत की उम्मीद

एजेंसी

नयी दिल्ली। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण रविवार को अपना लगातार 9वां बजट पेश कर एक नया रिकॉर्ड बनाने जा रही हैं। इस बार सभी की निगाहें बहुप्रतीक्षित सीमा शुल्क सुधारों पर टिकी होंगी। सीतारमण ने 2019 में अपने पहले बजट में दशकों से चले आ रहे चमड़े के ब्रीफकेस की जगह लाल कपड़े में लिपटे पारंपरिक बही-खाता का अनुकरण किया था। पिछले चार वर्षों की तरह इस साल का बजट भी कागज रहित रूप में पेश किया जाएगा। आम बजट 2025-26 के वे प्रमुख आंकड़े जिन पर नजर रखना जरूरी है।

राजकोषीय घाटा: सरकार के कुल खर्च और आय के बीच का अंतर राजकोषीय घाटा कहलाता है। चालू वित्त वर्ष (2025-26) के लिए इसके जीडीपी के 4.4 प्रतिशत पर रहने का अनुमान लगाया गया है। बजट में 4.5 प्रतिशत से नीचे का लक्ष्य हासिल करने के बाद, बाजार अब कर्ज-जीडीपी अनुपात में कमी की दिशा में आगे बढ़ने के लिए सटीक आंकड़ों का इंतजार कर रहा है। उम्मीद है कि सरकार वित्त वर्ष 2026-27 के लिए चार प्रतिशत के राजकोषीय घाटे की घोषणा कर सकती है। **पूंजीगत व्यय:** चालू वित्त वर्ष के लिए सरकार का नियोजित पूंजीगत व्यय 11.2 लाख करोड़ रुपये तय किया गया है। निजी क्षेत्र के निवेशकों की सावधानी को देखते हुए, सरकार आगामी बजट में बुनियादी ढांचे पर खर्च को बनाए रख सकती है और इसमें 10-15 प्रतिशत की वृद्धि कर सकती है। यह राशि 12 लाख करोड़ रुपये से अधिक होने की संभावना है।

कर्ज की रूपरेखा: वित्त मंत्री ने 2024-25 के बजट भाषण में कहा था कि वित्त वर्ष 2026-27 से राजकोषीय नीति का प्रयास केंद्र सरकार के कर्ज को जीडीपी के प्रतिशत के रूप में कम करने का होगा। बाजार यह देखना चाहेगा कि सरकार कर्ज-जीडीपी अनुपात को कब तक 60 प्रतिशत के लक्ष्य तक लाने की बात कहती है। 2024 में यह अनुपात 85 प्रतिशत था, जिसमें केंद्र का हिस्सा 57 प्रतिशत था। **उधारी:** वित्त वर्ष 2025-26 में सरकार की सकल उधारी का बजट 14.80 लाख करोड़ रुपये था। सरकार अपने राजकोषीय घाटे को पूरा करने के लिए बाजार से कर्ज लेती है। उधारी का आंकड़ा देश की आर्थिक सेहत और राजस्व संग्रह की स्थिति का संकेत देता है। **कर राजस्व:** वित्त वर्ष 2025-26 के बजट में सकल कर राजस्व का लक्ष्य 42.70 लाख करोड़ रुपये रखा गया था, जो पिछले वर्ष से 11 प्रतिशत अधिक है। इसमें 25.20 लाख करोड़ रुपये प्रत्यक्ष कर (आयकर और कॉरपोरेट कर) और 17.5 लाख करोड़ रुपये अप्रत्यक्ष कर (सीमा शुल्क, उत्पाद शुल्क और जीएसटी) से आने का अनुमान है। **जीएसटी:** वित्त वर्ष 2025-26 में जीएसटी संग्रह 11 प्रतिशत बढ़कर 11.78 लाख करोड़ रुपये रहने का अनुमान है। सितंबर 2025 से दरों में की गई कटौती के बाद राजस्व वृद्धि में तेजी आने की उम्मीद है, इसलिए ...शेष पृष्ठ 14 पर

बांदा के जेलर व अयोध्या के तीन और जेलकर्मी निलंबित

विशेष संवाददाता

❍ स्क्रैप व्यापारी रवि काना को रिहा करने और अयोध्या की जेल से दो कैदियों की फरारी का मामला

लखनऊ। अयोध्या जिला जेल से दो विचाराधीन कैदियों के फरार होने के मामले में तीन और जेलकर्मियों को निलंबित कर दिया गया है और उनके खिलाफ विभागीय कार्रवाई शुरू कर दी गई है जबकि वारंट बी पर तलब विचाराधीन कैदी को रिहा करने के आरोप में बांदा के जिला कारागार के कारापाल (जेलर) को निलंबित कर उनके खिलाफ विभागीय कार्वाई शुरू कर दी है।

29 जनवरी को अयोध्या जिला जेल से दो कैदियों के फरार होने की घटना के संबंध में अयोध्या रेंज के उप महानिरीक्षक (जेल) द्वारा जांच रिपोर्ट सौंपे जाने के बाद उक्त कार्रवाई की गई। अधिकारियों के अनुसार, उप कारापाल राजू उर्फ राजदीप, हेड जेल वार्डर प्रभुनाथ कुमार और जेल वार्डर दीपक कुमार पांडे को निलंबित कर दिया गया है और उनके खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जाएगी। इससे पहले, सुल्तानपुर जिले के शेर अली और अमेठी जिले के गोलू अग्रहरि नामक दो विचाराधीन कैदी अयोध्या जिला जेल की उच्च सुरक्षा वाली बैरक से कथित तौर पर अपनी कोठरी की लोहे की ग्रिल के पास से ईंटें हटाकर फरार हो गए थे। यह घटना 29 जनवरी को सुबह छह बजे से साढ़े छह बजे के बीच नियमित गिनती के दौरान सामने आई।कैदियों के फरार होने के बाद वरिष्ठ जेल अधीक्षक उदय प्रताप मिश्रा, जेलर जितेंद्र कुमार यादव और उप कारापाल मयंक त्रिपाठी को निलंबित कर दिया गया था, जबकि कई वार्डरों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई शुरू की गई थी। वहीं, कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवाओं के महानिदेशक पी.सी. मीणा ने शुक्रवार को बांदा जिला जेल के कारापाल विक्रम सिंह यादव के निलंबन का आदेश जारी किया जिसमें कहा गया कि निलंबन अवधि के दौरान यादव को डॉ. संपूर्णानंद कारागार प्रशिक्षण संस्थान, उत्तर प्रदेश से संबद्ध रखा जाएगा। यह कार्रवाई गैंगस्टर एक्ट के आरोपी ...शेष पृष्ठ 14 पर

बलूचिस्तान में मुठभेड़, 70 उग्रवादी ढेर

लगभग 12 जगहों पर हुई घटना, 10 सुरक्षाकर्मियों की भी मौत

एजेंसी

कराची।पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में 12 अलग-अलग स्थानों पर सुरक्षाबलों की कार्रवाई में कम से कम 70 उग्रवादी मारे गए, जिनमें से कुछ बीएलए से जुड़े थे। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी।

हालांकि, सुरक्षाबलों के सूत्रों का कहना है कि मारे गए उग्रवादियों की संख्या 108 है। लेकिन बलूचिस्तान के मुख्यमंत्री सरफराज बुगती ने सोशल मीडिया पर लिखा कि अब तक 70 उग्रवादी मारे गए हैं और शुक्रवार रात को शुरू हुआ यह अभियान शनिवार शाम भी जारी रहा। इस दौरान 10 सुरक्षाकर्मी भी मारे गए। बलूचिस्तान सरकार के प्रवक्ता शाहिद रिंद ने कहा, 'शुक्रवार और शनिवार की दरम्यानी रात (उग्रवादियों के) ने पुलिस, सीमावर्ती बल और आम नागरिकों को निशाना बनाया। संघीय सूचना मंत्री अताउल्लाह तरार ने जियो न्यूज चैनल पर अभियान में 10 सुरक्षाकर्मियों की मौत की पुष्टि की, लेकिन कहा कि जब उग्रवादियों ने ठिकानों पर हमला किया, तो सुरक्षाबल ...शेष पृष्ठ 14 पर

फिरोजाबाद के उरमुरा किरार व हरदोई के हाजीपुर का नाम बदला

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने फिरोजाबाद जिले के ग्राम उरमुरा किरार का नाम परिवर्तित कर हरिनगर और हरदोई जिले के ग्राम पंचायत हाजीपुर का नाम परिवर्तित कर सियारामपुर करने का निर्णय किया है। मुख्यमंत्री कार्यालय ने शनिवार को यह जानकारी दी।

मुख्यमंत्री कार्यालय के अनुसार इस फैसले के तहत अब मुख्यमंत्री कार्यालय ने शनिवार को अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर एक पोस्ट में कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनपद फिरोजाबाद की तहसील व विकासखण्ड शिकोहाबाद स्थित ग्राम पंचायत वासुदेवमई अन्तर्गत ग्राम उरमुरा किरार का नाम परिवर्तित कर हरिनगर करने का निर्णय लिया है।

पौड़ी गढ़वाल में बर्ड वाचिंग फेस्टिवल

धामी ने क्षेत्रीय विकास के लिए 326 करोड़ की 61 विकास का दिया तोहफा

प्रमुख संवाददाता

पौड़ी गढ़वाल (उत्तराखंड)। पौड़ी गढ़वाल के विकास को नई गति देते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कोटद्वार में आयोजित बर्ड वॉचिंग फेस्टिवल के दौरान 326 करोड़ रुपये से अधिक की 61 विकास योजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि पक्षी केवल प्रकृति की सुंदर अभिव्यक्ति नहीं, बल्कि पारिस्थितिकी तंत्र की स्थिरता के लिए अत्यंत आवश्यक कड़ी हैं।

जैव विविधता के संरक्षण और पर्यावरण संतुलन में उनकी भूमिका अमूल्य है। उन्होंने बताया कि उत्तराखण्ड में 400 से अधिक दुर्लभ पक्षी प्रजातियों की उपस्थिति राज्य को प्राकृतिक दृष्टि से समृद्ध बनाती है। फेस्टिवल के शुभारंभ अवसर पर मुख्यमंत्री ने कोटद्वार और जनपद के समग्र विकास को नई गति देने के उद्देश्य से 326 करोड़ रुपये से अधिक की 61 विकास योजनाओं को जनता को समर्पित किया। इनमें 82 करोड़ रुपये की 21 ...शेष पृष्ठ 14 पर

विशेष खबर

जस्टिस प्रत्युष कुमार को सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज का खिताब, सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के पुरस्कार से नवाजे गये जस्टिस राजन राय

बीबीडीयू के डॉ .अखिलेश दास गुप्ता स्टेडियम में जजों–वकीलों के बीच हुआ क्रिकेट मैच

फोटो : अमित वर्मा

विशेष संवाददाता

लखनऊ। बीबीडी यूनिवर्सिटी के डॉ. अखिलेश दास गुप्ता स्टेडियम में हाई कोर्ट जजेज और एलएसीए (लखनऊ एडवोकेट क्रिकेट एसोसिएशन) के तत्वावधान में एक मैत्री क्रिकेट मैच का आयोजन शनिवार को हुआ। इस मैच में जजेज क्रिकेट टीम ने एलएसीए को 130 रनों से शिकस्त दी। इस अवसर पर बीबीडी यूनिवर्सिटी की चांसलर एवं बीबीडी ग्रुप की चेयरपर्सन श्रीमती अलका दास मौजूद रहीं। मैच में टॉस जीत कर पहली बल्लेबाजी करने उतरी जजेज एकादश ने 5 विकेट के नुकसान पर 20 ओवरों में 220 रनों का विशाल स्कोर खड़ा हुआ, जिसका पीछा करने उतरी एलएसीए की टीम अपने सभी विकेट खोकर महज 90 रनों के स्कोर पर सिमट गयी। इस मैच में सर्वाधिक रन जस्टिस राजन राय ने बनाये, जिन्होंने महज 40 गेदों पर 75 रनों का योगदान दिया, जिन्हें मैच का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी तो वहीं जस्टिस प्रत्युष कुमार को सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज के खिताब से नवाजा गया, जिन्होंने 39 गेदों पर 70 रनों की पारी खेलते हुए अपनी टीम को एक विशाल स्कोर तक पहुंचाया। 220 रनों के विशाल स्कोर का पीछा करने उतरी एलएसीए की शुरुआत अच्छी नहीं रही, जिनकी... शेष पृष्ठ 14 पर

पीएम सूर्य घर योजना : यूपी में 10.94 लाख से ज्यादा आवेदन

3.57 लाख रूफटॉप सोलर सिस्टम स्थापित, बिजली बिल में 60-90% तक कमी

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश स्वच्छ और हरित ऊर्जा की दिशा में लगातार नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। केंद्र सरकार की प्रमुख योजना पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के चलते उत्तर प्रदेश देश के अग्रणी राज्यों में शामिल हो गया है। राष्ट्रीय पोर्टल के अनुसार देशभर में अब तक 58.36 लाख से अधिक आवेदन प्राप्त हुए हैं, जबकि अकेले उत्तर प्रदेश में 10.94 लाख से अधिक आवेदन दर्ज किए जा चुके हैं। यह आंकड़ा प्रदेश में आम नागरिकों की सक्रिय भागीदारी और सौर ऊर्जा के प्रति बढ़ते भरोसे को दर्शाता है।

सरकार की सक्रिय नीति और यूपीनेडा व वितरण कंपनियों के समन्वित प्रयासों से प्रदेश में अब तक 3,57,879 रूफटॉप सोलर सिस्टम स्थापित किए जा चुके हैं। इससे उत्तर प्रदेश की कुल स्थापित सौर क्षमता 1,227.05 मेगावाट तक पहुंच गई है। योजना के अंतर्गत उपभोक्ताओं को अब तक 2,440.62 करोड़ रुपए की केंद्रीय सब्सिडी और लगभग ?600 करोड़ की राज्य सब्सिडी प्रदान की जा चुकी है। पीएम सूर्य घर योजना के तहत लगाए गए रूफटॉप सोलर सिस्टम से उपभोक्ताओं के बिजली बिल में 60 से 90 प्रतिशत तक की कमी आई है। उपभोक्ताओं को औसतन 1,500 रुपए से 3,000 रुपए प्रति माह तक की बचत हो रही है। इसके साथ ही 25 वर्षों तक कम लागत पर स्वच्छ और स्थायी बिजली, नेट मीटरिंग के जरिए अतिरिक्त बिजली को ग्रिड में समायोजित करने जैसी सुविधाएं भी मिल रही हैं। प्रदेश में प्रतिदिन 50 लाख यूनिट से अधिक ग्रीन सोलर बिजली का उत्पादन हो रहा है। इससे वितरण कंपनियों पर पीक डिमांड का दबाव कम हुआ है और ऊर्जा आपूर्ति प्रणाली अधिक स्थिर व सक्षम बनी है। यह पहल उत्तर प्रदेश को ऊर्जा आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक मजबूत आधार तैयार कर रही है। पीएम सूर्य घर योजना के जरिए उत्तर प्रदेश में प्रतिवर्ष लगभग 13 से 15 लाख टन कार्बन उत्सर्जन में कमी आ रही है। कोयला आधारित बिजली पर निर्भरता घटने से वायु प्रदूषण और ग्रीनहाउस गैसों में उल्लेखनीय कमी दर्ज की जा रही है, जिससे भारत के नेट-जीरो 2070 लक्ष्य को मजबूती मिल रही है। सरकार पीएम सूर्य घर योजना को भविष्य में यूनिफाइड एनर्जी इंटरफेस आधारित डिजिटल ऊर्जा ढांचे से जोड़ने की दिशा में काम कर रही है। इसके तहत सौर उत्पादन, स्मार्ट मीटरिंग, नेट मीटरिंग, कार्बन डेटा और भुगतान प्रणालियों को बैंकिंग व वित्तीय सिस्टम से जोड़ा जाएगा। इससे ईवी चार्जिंग, ग्रीन फाइनेंसिंग, कार्बन क्रेडिट ट्रैकिंग और ऊर्जा आधारित वित्तीय उत्पादों को बढ़ावा मिलेगा। ईयू-इंडिया एफटीए और सीबीएएम (कार्बन बॉर्डर एडजस्टमेंट मैकेनिज्म) के संदर्भ में यह पहल उत्तर प्रदेश के एमएसएमई और निर्यातकों की वैश्विक प्रतिस्पर्धात्मकता को भी मजबूत करेगी।

फार्मा क्षेत्र की संभावनाओं पर होगा महामंथन

लखनऊ में 3 फरवरी को फार्मा कॉन्क्लेव 1.0 का आयोजन

- कॉन्क्लेव में फार्मा जगत के दिग्गज, निवेश और विकास पर करेंगे मंथन
- निवेश के नये अवसरों के साथ वैश्विक निवेशकों को आमंत्रित करेगा उत्तर प्रदेश

लखनऊ। उत्तर प्रदेश खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन तथा इन्वेस्ट यूपी के संयुक्त तत्वावधान में फार्मा कॉन्क्लेव 1.0: उत्तर प्रदेश में निवेश अवसरह्व का आयोजन 3 फरवरी, 2026 को होटल ताज महल, लखनऊ में किया जाएगा। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य राज्य की सुदृढ़ अवस्थापना, विशाल उपभोक्ता बाजार और निवेशक-अनुकूल नीतियों के माध्यम से उत्तर प्रदेश को देश के अग्रणी फार्मास्युटिकल एवं मेडिकल डिवाइस विनिर्माण केंद्र के रूप में स्थापित करना है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इस कॉन्क्लेव का उद्घाटन करेंगे और राज्य की पारदर्शी, सुरक्षित व निवेशक-अनुकूल शासन व्यवस्था की रूपरेखा प्रस्तुत करेंगे। इस अवसर पर माननीय केंद्रीय स्वास्थ्य और कल्याण मंत्री, जे.पी. नड्डा, उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक सहित अन्य वरिष्ठ मंत्रीगण भी उपस्थित रहेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में पिछले साढ़े आठ वर्षों में उत्तर प्रदेश ने स्वास्थ्य और फार्मा क्षेत्र में अभूतपूर्व प्रगति की है। देश के सबसे बड़े स्वास्थ्य उपभोक्ता बाजार के रूप में, नोएडा में मेडिकल डिवाइस पार्क और ललितपुर में बल्क ड्रग पार्क के माध्यम से घरेलू विनिर्माण को निरंतर सशक्त बनाने का काम किया जा रहा है। फार्मा कॉन्क्लेव 1.0 में देश की अग्रणी फार्मास्युटिकल कंपनियों के शीर्ष नेतृत्व की उपस्थिति रहेगी। इसमें मुख्य रूप से सन फार्मा के चेयरमैन श्री दिलीप सांघवी, जाइडस फार्मा के चेयरमैन पंकज आर. पटेल, मैनकाइंड फार्मा के चेयरमैन रमेश जुनेजा, डॉ. रेड्डीज के चेयरमैन डॉ. सतीश रेड्डी, तथा टोरेंट के वाइस चेयरमैन श्री जीनल मेहता जैसे प्रमुख नाम शामिल होंगे। उद्योग जगत के ये दिग्गज इस क्षेत्र की विकास संभावनाओं और निवेश के नवीन अवसरों पर केंद्रित गहन विचार-विमर्श करेंगे। इस पहल को और अधिक सशक्त बनाने के लिए इंडियन फार्मास्युटिकल एलायंस कॉन्क्लेव के साझेदार के रूप में सहयोग कर रहा है। इसके अतिरिक्त, इंडियन ड्रग मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन, बल्क ड्रग मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया, ऑर्गनाइजेशन ऑफ फार्मास्युटिकल प्रोड्यूसर्स ऑफ इंडिया तथा फेडरेशन ऑफ फार्मा एंटरप्रेन्योर्स जैसी प्रमुख औद्योगिक संस्थाएं भी इस आयोजन से जुड़ रही हैं। इन संस्थाओं की भागीदारी उत्तर प्रदेश को फार्मा एवं मेडिकल डिवाइस निवेश का प्रमुख वैश्विक गंतव्य बनाने की प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करती है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के उत्तर प्रदेश को '1 ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था' बनाने के विजन के अनुरूप, यह कॉन्क्लेव फार्मा सेक्टर के प्रमुख हितधारकों को एक साझा मंच प्रदान करेगा। इसका उद्देश्य विनिर्माण, अनुसंधान, नवाचार और संबद्ध क्षेत्रों में अग्रणी घरेलू व विदेशी निवेशकों को आकर्षित करना है। उत्तर प्रदेश आज देश के सबसे बड़े फार्मा बाजारों में से एक है और अपनी निवेशक-अनुकूल नीतियों के कारण एक प्रमुख मैन्युफैक्चरिंग हब बनने के लिए पूरी तरह तैयार है। 'उत्तर प्रदेश फार्मास्युटिकल एवं मेडिकल डिवाइस उद्योग नीति-2023' के तहत निवेशकों को कई आकर्षक सुविधाएं दी जा रही हैं। कॉन्क्लेव में ललितपुर में प्रस्तावित बल्क ड्रग पार्क तथा ग्रेटर नोएडा में मेडिकल डिवाइस पार्क जैसी प्रमुख अवसंरचना परियोजनाओं की प्रगति को भी प्रदर्शित किया जाएगा। राज्य में 81 से अधिक मेडिकल कॉलेज, 450 से अधिक फार्मा कॉलेज तथा रायबरेली स्थित राष्ट्रीय औषधीय शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान, किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी, संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान लखनऊ, आईआईटी कानपुर और आईआईटी-बीएचयू जैसे प्रतिष्ठित संस्थान मौजूद हैं, जो इंडस्ट्री रेडी कुशल मानव संसाधन की उपलब्धता सुनिश्चित करते हैं। ईज ऑफ डूइंग बिजनेस राज्य की बड़ी ताकत है। ह्यनिवेश मित्रह्व देश की सबसे बड़ी सिंगल-विंडो प्रणालियों में से एक आवेदन से लेकर परियोजना के क्रियान्वयन तक सुगम प्रक्रियाएं प्रदान करता है। एफएसडीए समयबद्ध स्वीकृतियों और नियामकीय सहयोग में सहायक भूमिका निभाता है। इसके साथ ही राज्य के पास तत्काल परियोजनाओं के लिए तैयार (रेडी टू मूव) औद्योगिक भूमि का विशाल भंडार है। 25 करोड़ से अधिक की उपभोक्ता आबादी और लगभग 56 प्रतिशत कार्यशील आयु वर्ग के साथ उत्तर प्रदेश एक मजबूत उपभोक्ता आधार एवं बाजार लाभ भी प्रदान करता है।

खेती में डिजिटल टेक्नोलॉजी व डेटा का होगा इस्तेमाल

यूपी-बिहार मिलकर करेंगे महिला किसानों की क्षमता वृद्धि, रोजगार के खुलेंगे नये द्वार

विशेष संवाददाता (vol)

- आधुनिक टेक्नोलॉजी के उपयोग तथा क्लाइमेट स्मार्ट एग्रीकल्चर प्रैक्टिसेज को दिया जाएगा बढ़ावा

लखनऊ। खेती में आधुनिक डिजिटल तकनीक, डेटा आधारित निर्णय प्रणाली और क्लाइमेट स्मार्ट एग्रीकल्चर को बढ़ावा देने की दिशा में उत्तर प्रदेश और बिहार ने अहम कदम उठाया है। इसके लिए उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन से संबद्ध महिला किसान उत्पादन संगठनों के राज्य स्तरीय संघ भूस्वामिनी और ह्यबिहप्रो कन्सोर्टियम ऑफ प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड (बिहार का पहला एफपीओ महासंघ) के बीच राजधानी लखनऊ में एमओयू किया गया है।

इस एमओयू का उद्देश्य महिला किसानों की क्षमता निर्माण, कृषि उत्पादों के मूल्य संवर्धन, खरीद-बिक्री की सशक्त व्यवस्था और ग्रामीण महिलाओं को उद्यमी बनाने की दिशा में साझा प्रयास करना है। एमओयू के तहत खेती में डिजिटल टेक्नोलॉजी और डेटा के व्यापक उपयोग को प्रोत्साहित किया जाएगा। इससे महिला किसान विज्ञान व तथ्य आधारित निर्णय ले सकेंगी। साथ ही क्लाइमेट स्मार्ट एग्रीकल्चर प्रैक्टिसेज को अपनाने पर विशेष जोर दिया जाएगा, जिससे बदलते मौसम के अनुरूप खेती को अधिक टिकाऊ और लाभकारी बनाया जा सके। एमओयू के माध्यम से उत्तर प्रदेश और बिहार की महिला किसान मिलकर क्षमता निर्माण (कैपेसिटी बिल्ड) कार्यक्रम चलाएंगी। प्रशिक्षण, तकनीकी मार्गदर्शन और नवाचार के जरिए महिला किसानों को आधुनिक कृषि पद्धतियों से जोड़ा जाएगा। इससे दोनों राज्यों की ग्रामीण महिलाएं आत्मनिर्भर किसान से उद्यमी बनने की दिशा में आगे बढ़ेंगी। सीएम योगी के निर्देश पर प्रदेश में महिला किसानों के लिए अनेक लाभकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं। जिसके तहत उन्हें केवल उत्पादन तक सीमित नहीं रखा जाएगा, बल्कि कृषि आधारित उद्यमिता, मूल्य संवर्धन, प्रोसेसिंग, ब्रांडिंग और मार्केट लिंकेज से जोड़ा जाएगा। इससे बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर सृजित होंगे और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। कृषि उत्पादों की खरीद-बिक्री के लिए सशक्त और पारदर्शी व्यवस्था तैयार की जा रही है। महिला किसान संगठनों को बाजार तक सीधी पहुंच मिलेगी, जिससे उन्हें उपज का उचित मूल्य प्राप्त हो सकेगा।

साथ ही महिला किसानों के मूल्य संवर्धन और क्षमता निर्माण की योजनाओं पर भी संयुक्त रूप से काम किया जाएगा। इसके लिए हुए समझौते पर बिहप्रो के अध्यक्ष राजकुमार राज और भूस्वामिनी की अध्यक्ष मंजू देवी ने हस्ताक्षर किए। डिजिटल खेती, जलवायु अनुकूल कृषि और उद्यमिता के समन्वय से ग्रामीण महिलाओं की आर्थिक स्थिति में बड़ा बदलाव आएगा।

भाजपा सरकार में बड़े पैमाने पर हुए फर्जी एनकाउंटर : अखिलेश यादव

लखनऊ। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने शनिवार को बयान जारी कर कहा है कि झूठे एनकाउंटर प्रशासन को भ्रष्ट करते हैं। कोर्ट के अलावा किसी और का सजा देना, खुद में एक गुनाह है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार के सत्ता में आने के बाद बड़े पैमाने पर फर्जी एनकाउंटर हुए हैं। इस सरकार में कई निर्दोष लोगों की जिंदगी और घर परिवार बर्बाद हो गए। भाजपा सरकार में अन्याय, अत्याचार चरम पर है। किसी को न्याय नहीं मिल रहा है। फर्जी एनकाउंटर के नाम पर हत्याएं हुई है। सरकार के इशारे पर पुलिस बेलगाम है। अब तो खुद कोर्ट को नाराजगी जतानी पड़ रही है। भाजपा सरकार असली अपराधियों को बचाती है। जिसकी वजह से अपराध, भ्रष्टाचार, हेराफेरी और मिलावटखोरी कम होने का नाम नहीं ले रही है। भाजपा सरकार पुलिस प्रशासन का दुरुपयोग कर रही है। संविधान और कानून का पालन नहीं हो रहा है। भाजपा जनता में भय पैदा करना चाहती है।

अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार में अधिकारियों और पुलिसकर्मियों की तैनाती में भेदभाव होता है। सत्ता के संरक्षण में सरकार के चहेते पुलिस के कुछ अधिकारी मनमानी करते है और कानून हाथ में लेते है। फर्जी और झूठे एनकाउण्टर करते है। झांसी में पुष्पेंद्र की और नोएडा में फर्जी एनकाउण्टर उदाहरण है। भाजपा सरकार हर मोर्चे पर फेल हो चुकी है।

कई नेताओं ने ग्रहण की सपा की सदस्यता

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। सपा के प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल के समक्ष पार्टी के राज्य मुख्यालय लखनऊ में शनिवार को कैण्ट विधानसभा लखनऊ और घाटमपुर विधानसभा कानपुर के लोगों ने सपा की सदस्यता ली।

पार्टी की सदस्यता लेने वालों में नरेन्द्र सिंह छाबड़ा कार्यकारिणी सदस्य गुरूद्वारा समिति सदर कैण्ट लखनऊ, नवल जीत सिंह नागपाल विधानसभा कैण्ट, आत्मा सिंह, हरदीप सिंह नन्दा, परमजीत सिंह लाली, सुरेन्द्र सिंह छाबड़ा, महेन्द्र सिंह छाबड़ा, जगजीत सिंह गांधी, रश्मित सिंह नागपाल कैण्ट, शिवम दीक्षित मोहनलाल गंज विधानसभा शामिल रहे। इनके अतिरिक्त विधानसभा घाटमपुर कानपुर से मुन्नालाल कठेरिया पूर्व जिला पंचायत प्रत्याशी पतारा, राहुल भारती पूर्व प्रधान प्रत्याशी पतारा, जितेन्द्र कुशवाहा बीडीसी पतारा, सुभाष यादव रिटायर्ड फौजी, संदीप श्रीवास्तव पतारा ने भी सपा की सदस्यता ग्रहण की है।

शामिल होने वाले सभी नेताओं ने संकल्प लिया कि वे 2027 के विधानसभा चुनाव में अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाने के लिए जी-जान लगा देंगे। इस अवसर पर श्याम लाल पाल ने उम्मीद जताई है कि नए साथियों के आने से सपा को मजबूती मिलेगी। 2027 में भाजपा सरकार की सत्ता से विदाई होगी।

बाढ़ से नुकसान की क्षतिपूर्ति और पुनर्वास के लिए सबसे अधिक बजट खर्च

विशेष संवाददाता (vol)

- आपदा राहत प्रबंधन के लिए इस साल मिले 710.12 करोड़ रुपये

लखनऊ। उत्तर प्रदेश सरकार बाढ़, भूकंप, सूखा, अग्निकांड, शीतलहर एवं मानव-जीव संघर्ष जैसी आपादाओं से प्रभावित लोगों को राहत पहुंचाने के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध और संवेदनशील है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में प्रदेश का राहत आयुक्त कार्यालय आपादा प्रभाव को कम करने तथा पीड़ितों को त्वरित सहायता प्रदान करने के लिए सभी संभव प्रयास कर रहा है। इसी क्रम में वित्तीय वर्ष 2025-26 में आपदा राहत निधि के तहत 710.12 करोड़ रुपये की धनराशि आवंटित की गई है। इस धनराशि से विभिन्न प्राकृतिक एवं मानव जनित आपदा पीड़ितों को सहायता प्रदान की गई। इसके साथ ही राज्य में आपदा राहत तंत्र को अधिक प्रभावी बनाने के प्रयास किये गए हैं, जिससे वर्तमान में उत्तर प्रदेश आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में एक मजबूत मॉडल राज्य के रूप में उभर रहा है।

प्रदेश में आपदा न्यूनीकरण, पूर्व तैयारी, प्रभावी राहत वितरण एवं पीड़ितों के पुनर्वास के लिए वित्तीय वर्ष 2025-26 में जारी 710.12 करोड़ रुपये में सर्वाधिक 365.73 करोड़ रुपये बाढ़ प्रभावितों के बचाव के लिए जारी किए गए। इसे विशेष रूप से सरयू, गंगा और घाघरा के बाढ़ प्रभावितों के पुनर्वास पर खर्च किया गया। चक्रवात व आंधी-तूफान से होने वाली हानि की क्षतिपूर्ति के लिए 14.13 करोड़, ओलावृष्टि से नुकसान की भरपाई के लिए 0.13 करोड़, अग्निकांड में क्षतिपूर्ति के लिए 14.63 करोड़ रुपये और शीतलहरी से बचाव के लिए 50.72 करोड़ रुपये जारी किये गये। इसी क्रम में राज्य सरकार ने अन्य आपदाओं के लिए लगभग 246.63 करोड़ रुपये आवंटित किए। सामान्य मद के लिए 0.44 करोड़ व अन्य राहत कार्यों के लिए 17.71 करोड़ रुपये की राशि जारी की गई। इस राशि को प्रदेश में आपदा प्रभावित क्षेत्रों में त्वरित राहत, पुनर्वास एवं बचाव कार्यों को गति प्रदान करने एवं आपदा राहत तंत्र को प्रभावी बनाने में खर्च किया गया। राहत आयुक्त कार्यालय ने ठंड के मौसम में बचाव के लिए व्यापक प्रबंध किए, जिससे इस वर्ष शीतलहर से होने वाली जनहानि में विशेष रूप से कमी आई। इस क्रम में प्रदेश सरकार की ओर से निराश्रित एवं असहाय व्यक्तियों को कंबल वितरण हेतु 45.51 करोड़ व अलाव जलाने के लिए 3.51 करोड़ रुपये की धनराशि जारी की गई। जिसके माध्यम से प्रदेश के सभी जनपदों में 27,027 स्थानों पर अलाव जलाने की व्यवस्था सुनिश्चित की गई। जहां अब तक 1,69,834 अलाव जलाए जा चुके हैं, जरूरत के हिसाब से ये कार्य अभी भी जारी है। वहीं जिला प्रशासन द्वारा गरीबों और निराश्रितों को 5,89,689 कंबल वितरित किए जा चुके हैं। इसके साथ ही प्रदेश भर में 1,242 रैन बसेरे स्थापित किए गए हैं, जहां अब तक 64 हजार से अधिक व्यक्तियों को रैन बसेरों ने राहत प्रदान की। ये व्यवस्थाएं शीतलहरी के दौरान निराश्रित और असहाय लोगों की जान बचाने में उल्लेखनीय प्रयास साबित हुईं। प्रदेश सरकार का उद्देश्य है कि हर आपदा प्रभावित व्यक्ति को त्वरित सहायता मिले और जीवन-रक्षा के साथ आर्थिक स्थिरता भी सुनिश्चित हो।



संक्षेप

तीन पर मारपीट का केस दर्ज

प्रतापगढ़। मारपीट की घटना को लेकर पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के केदीरा परसरवा भटनी गांव की निशा देवी पत्नी महन्थ लाल पटेल ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि तीस जनवरी की सुबह नौ बजे झाडू लगाने के विवाद में पड़ोसी गालीगलौज करने लगे। आरोप है कि विरोध करने पर आरोपियों देशराज पुत्र रामकृपाल, विजय कुमार व उसकी मां ने पीड़िता व उसके बच्चों रागिनी व कोमल को मारापीटा तथा जानलेवा धमकी दी। प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार का कहना है कि जांच के बाद तीन आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

पति पर मारपीट का दर्ज कराया केस

प्रतापगढ़। पति पर मारपीट व धमकी का आरोप लगाते हुए पीड़िता ने पुलिस ने तहरीर सौंपी है। जांच के बाद पुलिस ने आरोपी पति के खिलाफ केस दर्ज किया है। उदयपुर थाना क्षेत्र के मंगापुर गांव की पूनम देवी पत्नी संतोष उपाध्याय ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि उसके पति गाली देते हुए उसे जबरन मारते पीटते हैं। पीड़िता का यह भी आरोप है कि आरोपी पति दूसरी शादी करने की धमकी भी देते हैं। प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार का कहना है कि जांच के बाद आरोपी पति के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

कृषि मंत्री ने किया कृषि विज्ञान केंद्र का दौरा

सिद्धार्थनगर। उत्तर प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने शनिवार को सिद्धार्थनगर जिले के सोहना स्थित कृषि विज्ञान केंद्र का निरीक्षण किया। उन्होंने केंद्र में संचालित विभिन्न योजनाओं, शोध कार्यों और किसानों के लिए चलाए जा रहे प्रशिक्षण कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा की। कृषि मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि नवीन कृषि तकनीकों, उन्नत बीजों और आधुनिक खेती की जानकारी किसानों तक प्रभावी ढंग से पहुंचाई जाए। इसका मुख्य उद्देश्य किसानों की आय में वृद्धि करना है। निरीक्षण के दौरान, मंत्री शाही ने सर्वप्रथम खरैला स्थित फार्म का अवलोकन किया और वहां चल रहे विभिन्न शोध एवं परियोजनाओं की जानकारी ली। इसके बाद वे केंद्र पर पहुंचे, जहां उन्होंने परिसर, प्रयोगशालाओं और प्रशिक्षण कक्षों का भी जायजा लिया। उन्होंने व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त करते हुए भविष्य में बेहतर कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर सांसद जगदंबिका पाल, कृषि विज्ञान केंद्र के प्रभारी इंजीनियर अशोक पाण्डेय, वैज्ञानिक डॉ. प्रदीप कुमार, डॉ. एसएन सिंह, डॉ. मार्कण्डेय सिंह, डॉ. प्रवेश कुमार, डॉ. सरेवजीत, डॉ. पीके मिश्रा सहित कृषि प्रबंध संस्थान के अधिकारी व कर्मचारी और अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

महिलाओं को सुरक्षा के प्रति किया जागरूक

प्रतापगढ़। मिशन शक्ति अभियान के तहत सांगीपुर पुलिस ने क्षेत्र भ्रमण कर महिलाओं एवं बालिकाओं को सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। उन्हें उनके अधिकारों की जानकारी दी। इसके साथ ही पुलिस टीम द्वारा महिलाओं व बालिकाओं को वूमेन पावर हेल्पलाइन नंबर 1090, महिला हेल्पलाइन 181 समेत 1076, 112, 1098, 1930 आदि हेल्पलाइन नंबरों के बाबत जानकारी देते हुए जागरूक किया। पुलिस टीम ने उन्हें किसी भी

प्रतापगढ़ में हुआ बार काउंसिल के लिए मतदान

शांतिपूर्ण हुआ निर्वाचन, जिला मुख्यालय के साथ कुण्डा व लालगंज में भी उत्साहजनक दिखी वोटिंग

प्रतापगढ़। बार काउन्सिल ऑफ उ0प्र0 के चुनाव के तहत चौथे चरण में प्रतापगढ़ मे हुए मतदान को लेकर दूसरे दिन भी उत्साह का माहौल दिखा। कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच सम्पन्न हुए निर्वाचन में जिला मुख्यालय पर अधिवक्ताओं ने तरह बूथों पर मतदान किया। सुबह दस बजे से शुरू हुआ मतदान शाम पांच बजे तक गहमागहमी का माहौल लिए दिखा। जिला मुख्यालय स्थित दीवानी परिसर में दूसरे दिन के मतदान प्रक्रिया में पन्द्रह सौ छत्तीस मतदाताओं ने मताधिकार का प्रयोग किया। पहले दिन यहां पन्द्रह सौ उन्हत्तर मत पड़े थे। मुख्यालय पर कुल इक्तीस सौ पांच मतदान हुआ है। यहां सैतीस सौ से अधिक मतदाता थे। पीठासीन अधिकारी एवं अपर जिला जज अजय कुमार ने बूथों पर निष्पक्ष व शांतिपूर्ण मतदान की कमान संभाली। दूसरे दिन पूर्व विधायक धीरज ओझा ने भी अपने मताधिकार का प्रयोग किया। दोपहर बाद कुछ प्रत्याशियों एवं उनके समर्थकों ने आल इण्डिया रूरल बार एसोसिएसन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल के साथ अपर जिला जज अजय कुमार से मुलाकात की। यहां प्रत्याशियों व समर्थकों ने मतदान केंद्र के अंदर अपर जिला जज से कुछ अधिवक्ताओं के द्वारा मोबाइल साथ ले जाने की शिकायत दर्ज करायी। आचार्य ओमप्रकाश मिश्र, विनोद पाण्डेय, रूरल बार के प्रदेश अध्यक्ष मुक्कू ओझा, प्रदेश प्रवक्ता विकास मिश्र, आदि की शिकायत के बाद अपर जिला जज के निर्देश पर बूथों पर तलाशी अभियान सख्त हो उठा। दीवानी के गेट नंबर पांच पर प्रत्याशियों के समर्थकों का भारी जमावड़ा साथियों से अपने अपने प्रत्याशियों के पक्ष में मतदान की गुहार लगाता दिखा। दीवानी के गेट नंबर पांच व तीन पर दूसरे दिन भी सुरक्षा व्यवस्था के प्रबन्ध कड़े दिखे। वहीं दूसरे दिन बूथ के बाहरी क्षेत्र में बैरीकेटिंग के जरिए प्रत्याशियों अथवा उनके समर्थकों को दो सौ मीटर दूर भी रखा गया। वहीं लालगंज आउटलाइन कोर्ट में दूसरे दिन एक सौ चौहत्तर वकीलो ने मतदान किया। यहां कुल तीन सौ पन्चान्वे मतदाताओं में से दोनों दिनों में तीन सौ छिहत्तर अधिवक्ताओं ने मतदान किया। अपर जिला जज रघुवीर सिंह राठौर ने पीठासीन अधिकारी के रूप में निर्वाचन प्रक्रिया को सम्पन्न कराया। वहीं एसीजेएम विराटमणि त्रिपाठी भी एडीजे का सहयोग करते दिखे। कुण्डा आउटलाइन कोर्ट में दूसरे दिन शनिवार को तीन सौ पैतीस अधिवक्ताओं ने मतदान किया। पहले दिन यहां दो सौ इक्यासी वकीलों ने मतदान किया था। यहां कुल छः सौ सोलह मतदाताओं ने दो दिनों में मतदान किया। कुण्डा में कुल छः सौ तिरासी मतदाता रहे। यहां एसीजेएम आकृति गौतम ने पीठासीन अधिकारी के रूप में मतदान प्रक्रिया की देखरेख की।

शांतिपूर्ण हुआ मतदान राहत में दिखे अफसर

जिला संवाददाता (vol)

प्रतापगढ़। बार काउन्सिल आफ उत्तर प्रदेश के निर्वाचन में दो दिनों तक न्यायिक अधिकारियों व अधिवक्ता संगठनों की भूमिका सक्रियता में देखी गयी। जूनियर बार एसोसिएसन के अध्यक्ष भानु प्रताप सिंह, महामंत्री विवेक त्रिपाठी, वकील परिषद के अध्यक्ष इंदुभाल मिश्र, बार एसोसिएसन के अध्यक्ष ज्ञानेन्द्र सिंह, रूरल बार के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल, प्रदेश अध्यक्ष मुक्कू ओझा, जिलाध्यक्ष अंजनी सिंह बाबा, मीडिया सचिव विकास मिश्र तथा कई पूर्व अध्यक्ष व पदाधिकारी मतदान प्रक्रिया में सहयोगी की भूमिका में दिन भर सक्रिय दिखे। प्रतापगढ़ में दो दिनों का अधिवक्ताओं का मतदान सकुशल सम्पन्न होने से न्यायिक तथा प्रशासनिक अधिकारियों को भी शनिवार की शाम राहत में देखा गया। बार काउन्सिल के चुनाव में कुल तीन सौ चौतीस उम्मीदवारों अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। प्रतापगढ जिले से भी चार प्रत्याशी चुनावी मैदान में हैं। इनमें लालगंज संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल कुमार तिवारी महेश, जूनियर बार एसोसिएसन के पूर्व अध्यक्ष विनोद पाण्डेय, अधिवक्ता आनन्द ओझा, कुण्डा के अधिवक्ता आदित्य प्रताप सिंह का नाम शामिल है।

ढेबरुआ हत्याकांड का 7 वर्ष बाद आया फैसला

सिद्धार्थनगर। ढेबरुआ थाना क्षेत्र में 2017 में हुए एक हत्या के मामले में शनिवार को अदालत ने फैसला सुनाया। करीब सात साल तक चली सुनवाई के बाद अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश मोहम्मद रफी की अदालत ने दो अभियुक्तों को दोषी ठहराते हुए सजा सुनाई। अदालत ने परसादेवाइच गांव निवासी अनीत पत्नी अर्जुन को हत्या और साक्ष्य मिटाने का दोषी पाया। उसे आजीवन कारावास और 15,000 रुपए के अर्थदंड की सजा सुनाई गई है। न्यायालय ने अपने फैसले में कहा कि अपराध की योजना, क्रूरता और साक्ष्य छिपाने के प्रयास ने मामले को गंभीर बना दिया था। इस मामले में दूसरे अभियुक्त वसंतलाल प्रजापति पुत्र रामसेवक प्रजापति, निवासी कल्लूडीहवा, थाना गौरा चौराहा, जनपद बलरामपुर को अपराध में सहयोग और आरोपी को संरक्षण देने का दोषी ठहराया गया। अदालत ने उसे तीन वर्ष के कठोर कारावास और 5,200 रुपए के जुमार्ने की सजा दी। यह मामला साल 2017 में दर्ज किया गया था और वाद संख्या 107/2022 के तहत अदालत में विचाराधीन था। सुनवाई के दौरान, अभियोजन पक्ष की ओर से सरकारी वकील चंद्र प्रकाश पाण्डेय ने गवाहों के बयान, परिस्थितिजन्य साक्ष्य और दस्तावेजी प्रमाणों के आधार पर प्रभावी बहस की। अदालत ने इन दलीलों को विश्वसनीय माना। न्यायालय ने टिप्पणी की कि हत्या जैसे जघन्य अपराध समाज की जड़ों को कमजोर करते हैं, और ऐसे मामलों में कोई नरमी नहीं बरती जा सकती।

- महिला दोषी को उम्रकैद, सहयोगी को तीन साल का कठोर कारावास

अदालत के अनुसार, दोषियों को दी गई यह सजा न केवल पीड़ित परिवार को न्याय दिलाती है, बल्कि समाज में कानून के प्रति विश्वास को भी मजबूत करती है। इस फैसले के बाद पीड़ित पक्ष ने संतोष व्यक्त किया। कानूनी जानकारों का कहना है कि यह निर्णय यह संदेश देता है कि अपराध कितना भी पुराना क्यों न हो, अपराधी कानून की पकड़ से बच नहीं सकते। लंबे समय से लंबित इस मामले में आया यह फैसला जिले के आपराधिक इतिहास में एक महत्वपूर्ण अध्याय है।

गन्ना किसान आशुतोष ने रचा इतिहास

- उत्तर प्रदेश में द्वितीय पुरस्कार जीत कर बने श्रावस्ती किसानों की प्रेरणा

कटरा, श्रावस्ती। मुख्यमंत्री उत्कृष्ट कार्य योजना 2025-26 के अंतर्गत गन्ना युवा किसान श्रेणी में कटरा निवासी आशुतोष चौधरी ने द्वितीय पुरस्कार प्राप्त कर जनपद का गौरव बढ़ाया है। यह उपलब्धि न केवल उनकी मेहनत, लगन और दूरदर्शिता का परिणाम है, बल्कि श्रावस्ती के कृषक समुदाय के लिए एक प्रेरणादायी, अनुकरणीय और उल्लेखनीय उदाहरण भी बन गई है।

आज जब अधिकांश युवा खेती को परिश्रमसाध्य और कम लाभ वाला कार्य समझकर उससे दूरी बना रहे हैं, ऐसे समय में आशुतोष ने वैज्ञानिक, आधुनिक और नवोन्मेषी तरीकों को अपनाकर कृषि को लाभकारी, समृद्ध और आत्मनिर्भर बनाने का मार्ग प्रशस्त किया है। उनका मानना है कि शिक्षा का उद्देश्य केवल नौकरी या व्यापार तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि उसका सार्थक और रचनात्मक उपयोग कृषि जैसे आधारभूत क्षेत्र में भी किया जा सकता है।

अपनी सफलता के पीछे वे अपने चाचा, क्षेत्र के उत्कृष्ट किसान संतोष चौधरी को सबसे बड़ा प्रेरणास्रोत मानते हैं। आशुतोष बताते हैं कि बचपन से ही उन्होंने अपने चाचा को खेती के कार्यों में समर्पित और कर्मठ भाव से जुटे देखा। उनके मार्गदर्शन में फार्म हाउस पर केवल पारंपरिक खेती ही नहीं, बल्कि फलों के बगीचे, पशुपालन और उन्नत कृषि मॉडल विकसित किए हैं, जो प्रशंसनीय उदाहरण बन चुके हैं। संतोष चौधरी स्वयं भी समय-समय पर कृषि संबंधी प्रशिक्षण लेकर नई तकनीकों को अपनाते हैं और परिवार के युवाओं को भी इसके लिए प्रेरित करते हैं। संतोष चौधरी कहा ह्लजब भगवान ने हमें किसान के घर में जन्म दिया है, तो निश्चित ही कोई भरोसा किया होगा। मैंने उसी विश्वास को अपना संकल्प बनाया और आज उसका परिणाम सबके सामने है।

उल्लेखनीय है कि संतोष चौधरी को कृषि क्षेत्र में उत्कृष्ट, अभिनव और सराहनीय कार्यों के लिए कई सम्मान प्राप्त हो चुके हैं। वहीं आशुतोष का यह कथन–खेती तो हमारे खून में है–उनकी प्रतिबद्धता को दशार्ता है। आशुतोष चौधरी की यह सफलता सिद्ध करती है कि यदि खेती को ज्ञान, तकनीक और संकल्प के साथ किया जाए, तो यह केवल आजीविका ही नहीं, बल्कि स्वाभिमान और सम्मान का सशक्त माध्यम भी बन सकती है।

डुमरियागंज में 'मिशन शक्ति' के तहत 'बहू बेटी सम्मेलन'

सिद्धार्थनगर। डुमरियागंज के मड़हली गाँव में शनिवार को 'मिशन शक्ति' अभियान के तहत 'बहू बेटी सम्मेलन' का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम डुमरियागंज कोतवाली प्रभारी निरीक्षक श्री प्रकाश यादव के निर्देश पर हुआ, जिसमें साइबर जागरूकता और महिला सशक्तिकरण पर जोर दिया गया। सम्मेलन के दौरान महिला कांस्टेबलों साधना देवी और छाया यादव ने उपस्थित बेटियों और महिलाओं को संबोधित किया। उन्होंने सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं, महिला सशक्तिकरण, एंटी-रोमियो अभियान और साइबर अपराध सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर कई महत्वपूर्ण हेल्पलाइन सेवाओं के बारे में भी विस्तार से बताया गया। इनमें पुलिस आपातकालीन सेवा (112), वूमेन पावर हेल्पलाइन (1090), मुख्यमंत्री हेल्पलाइन (1076), एम्बुलेंस सेवा (108), साइबर अपराध हेल्पलाइन (1930), चाइल्ड हेल्पलाइन (1098), स्वास्थ्य सेवा (102), वीमेन हेल्पलाइन (181) और अग्निशमन सेवा (101) शामिल थीं।

कार्यक्रम में उपनिरीक्षक वीरेन्द्र कुमार पटेल, कम्प्यूटर ऑपरेटर देवेश मिश्रा, कांस्टेबल सत्य नारायण यादव और महिला कांस्टेबल साधना देवी व छाया यादव सहित अन्य पुलिसकर्मी उपस्थित रहे।

सफाई कर्मचारी की सड़क हादसे में मौत

सिद्धार्थनगर। कपिलवस्तु महोत्सव में ड्यूटी पर जा रहे जोगिया विकासखंड के एक सफाई कर्मचारी की शुक्रवार रात सड़क हादसे में मौत हो गई। इस घटना से परिवार में मातम छा गया है, वहीं सफाई कर्मचारियों में गहरा आक्रोश है। मृतक के परिजनों और कर्मचारी संगठन के पदाधिकारियों ने विभागीय अधिकारियों पर लापरवाही और जबरन रात में ड्यूटी लगाने का आरोप लगाया है। जानकारी के अनुसार, ग्राम गगवल जोगिया निवासी 50 वर्षीय शिवबली चौधरी जोगिया विकासखंड के नादेपार में सफाई कर्मचारी के पद पर कार्यरत थे। शुक्रवार को उन्हें कपिलवस्तु महोत्सव में ड्यूटी पर लगाया गया था। रात करीब 7:45 बजे वे अपनी बाइक से महोत्सव ड्यूटी के लिए जा रहे थे। जोगिया-बांसी मार्ग पर सामने से आ रही एक अन्य बाइक ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे शिवबली चौधरी गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर गए। हादसे के तुरंत बाद स्थानीय लोगों की मदद से शिवबली चौधरी को नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। वहां से उनकी गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें रेफर कर दिया गया। हालांकि, इलाज के दौरान रात करीब 8 बजे उनकी मृत्यु हो गई। घटना की सूचना मिलते ही परिवार में शोक की लहर दौड़ गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। मृतक शिवबली चौधरी अपने परिवार के एकमात्र कमाने वाले सदस्य थे। उनके चार पुत्र हैं, जिनके सामने अब आजीविका का गंभीर संकट खड़ा हो गया है। परिजनों ने आरोप लगाया है कि शिवबली चौधरी पहले भी रात की ड्यूटी पर जाने में अपनी असहजता व्यक्त कर चुके थे। उन्होंने विभागीय अधिकारियों से दिन में ड्यूटी लगाने का अनुरोध किया था, क्योंकि रात में आवागमन में उन्हें परेशानी होती थी। इसके बावजूद, जोगिया ब्लॉक के संबंधित अधिकारियों द्वारा उन्हें कथित तौर पर जबरन रात की ड्यूटी पर भेजा गया, जिसके कारण यह दुखद हादसा हुआ।

होम्योपैथी के डॉ. भास्कर शर्मा का 58 वर्ल्ड रिकॉर्ड बुक में दर्ज है नाम

सिद्धार्थनगर। जिले के होमियोपैथी के सिरमौर डाक्टर शर्मा का 58 वर्ल्ड रिकॉर्ड बुक में नाम दर्ज है के सम्बन्ध में जानकारी देते हुए डा0 भास्कर शर्मा ने विभिन्न सवालों के जबाब में जानकारी देते हुए बताया कि चिकित्सा के क्षेत्र में आपके पास कौन-कौन सी डिग्री है ' के उत्तर में बताया कि मेरे पास होम्योपैथिक चिकित्सा पद्धति की विश्व की सबसे बड़ी डिग्री है ' बीएचएमएस, एमडी (होम्योपैथिक मैटेरिया मेडिका) पीएचडी (होम्योपैथिक) है, आपने होम्योपैथिक चिकित्सा में अपना रजिस्ट्रेशन किन-किन जगहों पर कराया है और रजिस्ट्रेशन नंबर कितना है ' के उत्तर-सवरूप डाक्टर शर्मा ने बताया कि मेरा रजिस्ट्रेशन होम्योपैथिक मेडिसिन बोर्ड उत्तर प्रदेश में जिसका रजिस्ट्रेशन नंबर ल028 454 तथा केंद्रीय होम्योपैथिक परिषद नई दिल्ली भारत सरकार में 2539 है ' इसी प्रकार पूछे गए सवाल के जबाब में कहा कि

- मैंने होम्योपैथिक चिकित्सा पद्धति की 156 पुस्तकों का लेखन किया है 'हमारी प्रकाशित पुस्तकों के द्वारा समाज में जागरूकता उत्पन्न हुई है 'लोग स्वास्थ्य के प्रति जागरूक हुए और समय रहते अपने इलाज के लिए तत्पर हुए हैं' उन्होंने कहा कि सैकड़ो निशुल्क चिकित्सा शिविर का लगा चुका हूं 'विभिन्न स्थानों पर निशुल्क चिकित्सा शिविर लगाने से वहां के स्थानीय लोगों को जो गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन कर रहे हैं उन्हें तत्काल सुविधा मिली' पूछे गए

क्या आपका नाम गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज है किसके लिए दर्ज है। के सम्बन्ध में बताया कि मेरा नाम होम्योपैथिक चिकित्सा क्षेत्र में लार्जेस्ट होम्योपैथी लेशन के लिए गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज है 'विश्व का एकमात्र चिकित्सक हूं जो मेरा नाम गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड में होम्योपैथी के क्षेत्र में दर्ज है' इससे विश्व के तमाम देशों में स्वास्थ्य के प्रति कार्य करने की जिज्ञासा उत्पन्न हुई जिसमें श्रीलंका, जापान, जर्मनी, लंदन, कंबोडिया आदि इत्यादि देशों में एक सकारात्मक संदेश गया ' इसके अलावा वर्ल्ड रिकॉर्ड बुक, इंटरनेशनल बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड, गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड आदि 58 वर्ल्ड रिकॉर्ड बुक में नाम दर्ज है' पूछे गए

आपने होम्योपैथिक चिकित्सा की कौन-कौन सी पुस्तकों का लेखन किया है ' तो कुछ महत्वपूर्ण पुस्तकों का नाम बताएं जिसके उत्तर में कहा कि टेक्स्ट बुक ऑर्गनॉन ऑफ होम्योपैथिक मेडिसिन, होम्योपैथिक रिपोर्टरी एंड केस टेकिंग, होम्योपैथिक फामेर्सी, प्रैक्टिस ऑफ होम्योपैथिक मेडिसिन, द ह्यूमन एनाटॉमी, द ह्यूमन फिजियोलॉजी, जनरल पैथोलॉजी, होम्योपैथिक साइकोलॉजी, ऑब्सटेट्रिक्स एंड गायनेकोलॉजी, फॉरेंसिक मेडिसिन एंड टॉक्सिकोलॉजी, टेक्सबुक ऑफ बायोकेमेस्ट्री, होम्योपैथिक मैटेरिया मेडिका भाग 1 भाग 2 भाग 3, होम्योपैथिक थैरेपीयूटिक्स, कैंसर एंड होम्योपैथी, होम्योपीडिया मैटेरिया मेडिका, के बारे बताया गया। एक अन्य प्रशन के उत्तर में कहा कि जी हां मेरे विश्व के टॉप रिसर्च जर्नल पबमेड, स्कोपस, पीर रिव्यूड, यूजीसी केयर रिसर्च जर्नल में मेरे 100 से अधिक शोध पत्र प्रकाशित हो चुके हैं ' जब उनसे पूछा गया कि होम्योपैथी क्या है तो उन्होंने बताया कि होम्योपैथी शब्द का अर्थ है 'समान पीड़ा'। जब एक स्वस्थ व्यक्ति को औषधीय रूप से प्रेरित पदार्थों की उच्च खुराक दी जाती है, तो वे कुछ लक्षण विकसित कर सकते हैं। होम्योपैथिक दवा या होम्योपैथी इस आधार पर काम करती है कि जब एक ही पदार्थ को पतला किया जाता है, तो वे विभिन्न कारणों से उत्पन्न होने वाले समान लक्षणों के उपचार में मदद करते हैं। होम्योपैथिक दवाएं रोगाणुओं पर हमला करने के लिए नहीं जानी जाती हैं, बल्कि रोग के कारण से लड़ने के लिए प्रतिरक्षा प्रणाली को बढ़ावा देती हैं। शरीर की प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत करने के अलावा, होम्योपैथिक दवाएं रोगी के मनोवैज्ञानिक, भावनात्मक और शारीरिक कल्याण को बढ़ावा दे सकती हैं, जो उपचार का एक अनिवार्य हिस्सा है। पूछे गए सवाल क्या होम्योपैथिक दवाओं का साइड इफेक्ट होता है तो उसके उत्तर में डा 0 भास्कर शर्मा ने बताया कि -होम्?योपैथी ए?क पूरी तरह सुरक्षित चिकित्सा पद्धति है. एलोपैथी के तरह इसका कोई साइड इफेक?ट नहीं होता' अंग्रेजी मेडिसिन में आप जिस भी बीमारी के इलाज के लिए जिस भी दवा का सेवन करते हैं, उसका कोई न कोई साइड इफेक्ट जरूर होता है. ट्यूबरकुलोसिस की दवा टीबी का इलाज तो करती है, लेकिन साथ ही लिवर पर भी नकारात्मक असर डालती है. माइग्रेन के लिए ली जा रही दवा का साइड इफेक्ट ये है कि ये रक?त को पतला करती है. किसी भी तरह के दर्द के लिए हम जो पेनकिलर लेते हैं, वो पेनकिलर शरीर की इम्युनिटी को कमजोर कर रहा होता है. लेकिन होम्योपैथी के साथ ऐसा नहीं है. इसका कोई साइड इफेक?ट नहीं है. यह दवा सिर्फ उस बीमारी और कष्ट का ही निवारण करती है, जिसके लिए वह दी जा रही है। उन्होंने बताया कि चिकित्सा की किसी भी अन्य प्रणाली की तरह, होम्योपैथी की भी अपनी सीमाएँ हैं। होम्योपैथी द्वारा विभिन्न प्रकार के रोगों का इलाज किया जा सकता है सिर्फ ऐसे मामलों के सिवाए जिसमें शल्य-चिकित्सा की आवश्यकता है। इसके अलावा, कुछ तथा-कथित शल्य-चिकित्सीय रोग जैसे कि बढ़े हुए टॉन्सिल, किडनी स्टोन, बवासीर, गर्भाशय के ट्यूमर इत्यादि का भी होम्योपैथी द्वारा इलाज किया जा सकता है।

-होम्योपैथी गर्भवती महिलाओं, बुजुर्गों के लिए पूरी तरह सुरक्षित है? के उत्तर में कहा कि-होम्योपैथिक दवाएं अपनी प्रकृति में चूंकि आक्रामक नहीं होतीं, इसलिए यह गर्भवती महिलाओं, छोटे बच?चों, शिशुओं और बुजुर्गों के लिए भी पूरी तरह सुरक्षित हैं।

डीएम ने बूथ का किया निरीक्षण

श्रावस्ती। विधानसभा क्षेत्र 289-भिनगा के अंतर्गत उच्च प्राथमिक विद्यालय पाण्डेयपुरवा स्थित बूथ संख्या-148 का जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी अश्विनी कुमार पाण्डेय ने औचक निरीक्षण कर विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान की प्रगति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने ईआरओ, एईआरओ, सुपरवाइजर और बीएलओ से दावे एवं आपत्तियों से संबंधित फॉर्म-6, फॉर्म-7 और फॉर्म-8 की उपलब्धता के बारे में जानकारी प्राप्त की। इसी दौरान बीएलओ ने बूथ पर आलेख्य निर्वाचक नामावली में अनुपस्थित, स्थानांतरित, मृतक और डुप्लीकेट मतदाताओं की सूची उपस्थित लोगों को पढ़कर सुनाई। जिलाधिकारी ने बूथ की अन्य व्यवस्थाओं की भी जानकारी ली और संबंधित नोडल अधिकारियों को विधानसभा वार शुद्ध एवं त्रुटिरहित मतदाता सूची तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी ईआरओ, एईआरओ, सुपरवाइजर और बीएलओ को फॉर्म-6, 7 व 8 का अधिक से अधिक निस्तारण कर अद्यतन मतदाता सूची तैयार करने के लिए कहा। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी भिनगा आशीष भारद्वाज, एईआरओ ए.एल. फरिया, सुपरवाइजर, बीएलओ तथा क्षेत्र के मतदाता मौजूद रहे।

भौतिकी विज्ञान की प्रयोगात्मक परीक्षा दो को

प्रतापगढ़। नगर स्थित राम अंजोर मिश्र इण्टर कालेज में यूपी बोर्ड की कक्षा बारह की भौतिक विज्ञान की प्रयोगात्मक परीक्षा आगामी दो फरवरी सोमवार को सुबह नौ बजे से आयोजित होगी। भौतिक विज्ञान प्रवक्ता राकेश त्रिपाठी ने उक्त जानकारी देते हुए सभी छात्रों को अनिवार्य रूप से समय से विद्यालय पहुंचने को कहा है।

माह भर बाद भी हत्यारोपियों का पता नहीं लगा सकी लालगंज पुलिस

प्रतापगढ़। माह भर बाद भी पुलिस हत्यारोपियों का पता नही लगा सकी। इससे पुलिस की किरकिरी हो रही है। लीलापुर थाना क्षेत्र के सरायताल मकई गांव निवासी दिनेश वर्मा 44 पुत्र रामेश्वर वर्मा बीती पन्द्रह दिसंबर की सुबह ई रिक्शा लेकर घर से निकला था। सोलह दिसंबर को वह लालगंज कोतवाली के पूरे तिलकराम में तिनमोहनिया के पास गंभीर रूप से घायल पड़ा मिला था। इलाज के दौरान स्वरूपरानी अस्पताल प्रयागराज में सत्रह दिसंबर को घायल दिनेश की मौत हो गयी। घटना को लेकर मृतक के पुत्र की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया। लेकिन घटना के माह भर से अधिक समय बीत जाने के बाद भी पुलिस न तो हत्यारोपियों का पता लगा पायी है और न ही मृतक के गायब ईरिक्शा को ही खोज सकी है। मामले में कोतवाल आलोक कुमार घटना के शीघ्र ही राजफाश का महज दावा ही कर रहे हैं।

युवती से अभद्रता करने का आरोपी धराया, गया जेल

प्रतापगढ़। कोतवाली क्षेत्र की एक युवती के साथ हुई अभद्रता की घटना को लेकर पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर शनिवार को जेल भेज दिया। क्षेत्र की एक युवती कोतवाली क्षेत्र में किराये का कमरा लेकर अपनी मां व भाई के साथ रहती है। पीड़ित छात्रा ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती उन्तीस जनवरी को दोपहर करीब साढ़े तीन बजे वह कोचिंग जा रही थी। इस बीच रास्ते में मिले लालूपुर लालगंज निवासी विपिन रावत पुत्र राधेश्याम ने उसे जबरन अपनी बाइक पर बैठा लिया और कस्बा स्थित एक डांस एकेडमी में ले गया। आरोप है कि यहां आरोपी युवक ने पीडिता छात्रा के मांग में सिंदूर लगाकर मंगलसूत्र भी पहना दिया। अगले दिन मंदिर में विवाह की बात करते हुए छोड़ दिया। पीड़िता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश में जुटी पुलिस ने उप निरीक्षक दीपिका सिंह व बृजेश कुमार की अगुवाई में घेराबंदी करके आरोपी युवक को संगियापुर मोड़ से धर दबोचा। प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार ने बताया कि आरोपी युवक को जेल भेज दिया गया है।

फल, फूल व सब्जी प्रदर्शनी में भाग लें किसान

श्रावस्ती। प्रदेश सरकार द्वारा किसानों की आय बढ़ाने और उन्हें उन्नत खेती के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से जनभवन, लखनऊ परिसर में 6 से 8 फरवरी तक प्रदेश स्तरीय फल, फूल एवं सब्जी प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। जिला उद्यान अधिकारी बी.एस. चौधरी ने बताया कि इस तीन दिवसीय प्रदर्शनी में प्रदेश के सभी 75 जनपदों के किसान अपने उत्पादों के स्टाल लगाएंगे और उत्कृष्ट उत्पादों को प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि किसानों के लिए यह एक सुनहरा अवसर है। इच्छुक किसानों को वेबसाइट पर पंजीकरण कराना होगा तथा प्रत्येक प्रदर्शनी के लिए 10 रुपये का शुल्क ऑनलाइन जमा करना होगा। पंजीकरण के बाद किसानों को 4 फरवरी तक अपने उत्पाद उद्यान विभाग में जमा कराने होंगे, जहां से उन्हें लखनऊ भेजकर स्टाल लगाया जाएगा। मूल्यांकन समिति 5 फरवरी को जनभवन, लखनऊ में उत्पादों का निरीक्षण करेगी और कार्यक्रम के अंतिम दिन यानी 8 फरवरी को चयनित किसानों को पुरस्कृत किया जाएगा। शासन की इस पहल का उद्देश्य किसानों को पारंपरिक खेती के साथ-साथ फल, फूल और सब्जी की वैज्ञानिक व उन्नत खेती अपनाने के लिए प्रेरित करना है, ताकि उनकी आमदनी बढ़े और आर्थिक स्थिति मजबूत हो सके। जिला उद्यान अधिकारी ने कहा कि खेती-किसानी घाटे का सौदा नहीं, बल्कि लाभकारी व्यवसाय बन सकती है, यदि किसान आधुनिक तकनीकों को अपनाएं। उन्होंने जनपद के अधिक से अधिक किसानों से अपील की है कि वे समय रहते पंजीकरण कराकर इस प्रदर्शनी में भाग लें और पुरस्कार के साथ अपनी पहचान भी बनाएं। अधिक जानकारी के लिए किसान किसी भी कार्य दिवस में उद्यान विभाग कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं।

विकास भवन से जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

सिद्धार्थनगर। जनपद को बाल श्रम मुक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कार्यशाला का आयोजन किया गया। श्रम विभाग, ब्रिटिश एशियन ट्रस्ट और मानव संसाधन एवं महिला विकास संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में यह कार्यशाला बाल श्रम उन्मूलन एवं पुनर्वासन विषय पर केंद्रित थी। जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन के निर्देशन में आयोजित इस कार्यक्रम में बाल श्रम रोकने के लिए जिला कार्ययोजना के निर्माण और हॉटस्पॉट क्षेत्रों की पहचान पर विस्तृत चर्चा हुई। कार्यशाला के दौरान बाल श्रम मुक्त अभियान के तहत एक जागरूकता रथ को विकास भवन परिसर से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। पूर्व माध्यमिक विद्यालय बूढ़ा की ब्रॉन्ज मेडल विजेता छात्रा सावित्री पासवान और उनकी टीम ने इस रथ को रवाना किया। सहायक श्रम आयुक्त सचिन कुमार सिंह ने बताया कि यह प्रचार वाहन पूरे जनपद में भ्रमण करेगा। इसका उद्देश्य समुदाय को बाल श्रम के दुष्प्रभावों, बाल एवं किशोर श्रम (प्रतिषेध एवं विनियमन) अधिनियम 1986 और विभिन्न सरकारी योजनाओं के प्रति जागरूक करना है। श्रमायुक्त कार्यालय, श्रम संसाधन केंद्र के राज्य समन्वयक सैयद रिजवान अली ने कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि सिद्धार्थनगर को बाल श्रम मुक्त बनाने के लिए व्यापार संगठनों, ईंट भट्ठा एसोसिएशन, रेस्टोरेंट संचालकों और सभी व्यापारियों का सहयोग अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने सभी संगठनों से यह सुनिश्चित करने का आग्रह किया कि उनके प्रतिष्ठानों में कोई बच्चा कार्यरत न हो। सहायक श्रम आयुक्त सचिन कुमार सिंह ने बाल श्रम को एक सामाजिक बुराई के साथ-साथ गंभीर कानूनी अपराध बताया।

संक्षेप

यूपी के एटा आर्द्रभूमि को मिला रामसर टैग

नयी दिल्ली। गुजरात के कच्छ और उत्तर प्रदेश के एटा में स्थित आर्द्रभूमि को रामसर स्थलों के रूप में मान्यता दी गई है जो वैश्विक ढांचे के तहत संरक्षण के लिए अद्वितीय पारिस्थितिक तंत्रों को चिह्नित करता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एटा के पटना पक्षी अभयारण्य और कच्छ के छारी-ढंढ को रामसर स्थल घोषित किए जाने पर स्थानीय लोगों और आर्द्रभूमि संरक्षण के प्रति समर्पित लोगों को बधाई दी। मोदी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा यह जानकर मुझे बहुत खुशी हुई कि एटा (उत्तर प्रदेश) में पटना पक्षी अभयारण्य और कच्छ (गुजरात) में छारी-ढंढ अब रामसर स्थल हैं। वहां के स्थानीय लोगों के साथ-साथ आर्द्रभूमि संरक्षण के प्रति समर्पित सभी लोगों को बधाई। इन दो स्थलों को नामित किए जाने से भारत में ऐसे आर्द्रभूमियों की कुल संख्या 98 हो गई है। इसका नाम ईरान के रामसर शहर पर रखा गया है, जहां उस वर्ष रामसर सम्मेलन पर हस्ताक्षर किए गए थे। प्रधानमंत्री ने कहा कि ये मान्यताएं जैव विविधता के संरक्षण और महत्वपूर्ण पारिस्थितिक तंत्रों की रक्षा के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता की पुष्टि करती हैं। मोदी ने कहा, ईश्वर करे ये आर्द्रभूमि असंख्य प्रवासी और स्थानीय प्रजातियों के लिए सुरक्षित आवास के रूप में फलती-फूलती रहें। पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने उत्तर प्रदेश और गुजरात तथा आर्द्रभूमि के समर्थकों को इन दो नए क्षेत्रों के जुड़ने पर बधाई दी। यादव ने बताया कि इन दो आर्द्रभूमियों में सैकड़ों प्रवासी और स्थानीय पक्षी अपना घर पाती हैं। साथ ही ये चिंकारा, भेड़ियों, काराकल (जंगली बिल्ली का एक प्रकार), रेगिस्तानी बिल्लियों और रेगिस्तानी लोमड़ियों के साथ-साथ लुप्तप्राय पक्षियों का भी आवास हैं।

एसएसपी ने दरोगाओं को विदाई दी

इटावा। पुलिस विभाग में सेवा देकर अपनी अधिवर्षता आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त हुए उ.नि. सत्यप्रकाश, उ.नि. ब्रजराज, उ.नि. यदुराज सिंह तथा उ.नि. विनय कुमार द्विवेदी को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा स्मृति चिन्ह, घड़ी, प्रशस्ति पत्र व शॉल भेंटकर भावभीनी विदाई दी गई तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। साथ ही भविष्य में किसी भी प्रकार की आवश्यकता होने पर विभाग द्वारा यथासंभव सहयोग प्रदान किए जाने हेतु आश्वस्त किया गया।

डबल डेकर बस ट्रैक्टर से टकराकर खेत में जा गिरी

ट्रैक्टर चालक व बस परिचालक समेत 12 घायल

जिला संवाददाता (vol)

जसवंतनगर, इटावा। जसवंत नगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग पर मलाजनी रेलवे ओवरब्रिज के पास अलख सुबह 4 बजे आगरा से इटावा जाने वाली सड़क पर बरसाना मथुरा वृंदावन से अपने घर जिला जालौन जा रहे करीब 50 श्रद्धालुओं से भरी बस हाईवे पर घने कोहरे के कारण अदृश्यता के चलते अपने आगे जा रहे हैं ट्रैक्टर से टकरा गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बस सड़क किनारे बने खेतों में जाकर पलट गई। हादसे और बस पलटने से उसमें सवार श्रद्धालुओं की चीख पुकारो की आवाज सुनकर आसपास के होटल वाले घटनास्थल की ओर दौड़ पड़े। घटना की सूचना मिलते ही तत्काल थानाध्यक्ष कमल भाटी मय पुलिस फोर्स के साथ घटनास्थल पहुंचे और उच्च अधिकारियों को सूचना कर बस में फंसे श्रद्धालुओं को रेस्क्यू करने में अपनी टीम के साथ लग गए। रेस्क्यू के दौरान चार एंबुलेंस के जरिए ट्रैक्टर के चालक परिचालक राजीव कुमार पुत्र राम बिहारी उम्र करीब 40 वर्ष निवासी मलतीपुर व आशीष कुमार पुत्र राकेश कुमार उम्र 25 वर्ष दोनों निवासी जिला कानपुर देहात समेत बस श्रद्धालु शरद गुप्ता 45 वर्ष , रेखा 60 वर्ष, ज्योति 45 वर्ष, शीला 60 वर्ष, उषा 65 वर्ष, अवधेश 65 वर्ष,दिलीप कुमार 63 वर्ष,कल्पना 59 वर्ष ,सुनीता गुप्ता 58 सभी निवासी माधौगण, कुठोंद, उरई जालौन व बस परिचालक रामनरेश पुत्र जयदयाल उम्र करीब 62 वर्ष निवासी गिरधारीपुरा भरथना इटावा कुल 12 गंभीर घायलों को इलाज हेतु सीएचसी भेजा।जहाँ पहले से अपनी टीम के साथ मुस्तेद सीएचसी अधीक्षक डॉ वीरेंद्र सिंह ने घायलों के पहुंचते ही इलाज शुरू कर दिया।तीन गंभीर घायलों की चिंता जनक हालत देखते हुए राजीव, आशीष,कल्पना को रेफर कर दिया। घटना की सूचना पर पहुंचे डीएम शुभ्रांत शुक्ला एसएसपी बृजेश कुमार श्रीवास्तव अपर पुलिस अधीक्षक अभय नाथ त्रिपाठी उप डीएम कुमार सत्यम जीत क्षेत्राधिकारी आयुषी सिंह ने घटनास्थल का जायजा लिया और अस्पताल पहुंचकर घायलों से बातचीत कर उनका हाल-चाल जाना। डीएम एसएसपी ने डॉक्टरों को बेहतर उपचार के निर्देश दिए।

केशभान राय तहसील स्तरीय प्रतिभा खोज प्रतियोगिता आयोजित

- 325 छात्रों ने प्रतियोगिता में किया प्रतिभाग

गोला,गोरखपुर। गोला क्षेत्र के आनन्द विद्यापीठ इण्टर कॉलेज ककरही पर शनिवार को स्व केशभान राय तहसील स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विभिन्न विद्यालयों के कक्षा 6-12 तक के 325 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया।

प्रतियोगिता विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार सिंह की देखरेख हुई। बच्चों ने उत्साहपूर्वक प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया। उन्होने बताया कि ऐसे प्रतियोगिता बच्चों की बौद्धिक क्षमता के विकास में सहायक होते हैं। इस प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले प्रत्येक कक्षा के छात्रों में जो पहला, दूसरा और तीसरा स्थान लाता है। उसे प्रशस्ति पत्र और नकद धनराशि देकर सेनानी स्व. केशभान राय की पुण्यतिथि पर 12 फरवरी को सम्मानित किया जाता है।

विद्यालय द्वारा आयोजित इस प्रतियोगिता में एजेएम पब्लिक स्कूल अतरौरा, गोपाल सरस्वती शिशु मंदिर गोला बाजार, सरस्वती शिशु सेवाश्रम डड़वापार, एमसीए पब्लिक स्कूल गोला, कन्या विद्यालय गजबरी, केबी राय एकेडमी पड़ौली, आनंद विद्यापीठ इंटर कॉलेज ककरही सहित तहसील क्षेत्र के विभिन्न इण्टरमिडिएट कालेजों के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। यह प्रतियोगिता प्रमुख रूप से प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार सिंह, शिक्षक प्रवीण दूबे, बीरेंद्र आदि के कुशल देख-रेख में सम्पन्न हुई।

भाजपा अध्यक्ष की मौजूदगी में दो दिवसीय एसआईआर अभियान

इटावा। मतदाता गहन पुनरीक्षण एसआईआर अभियान के द्वितीय चरण के निमित्त भाजपा जिलाध्यक्ष अरुण कुमार अन्नू गुप्ता के नेतृत्व में जनपद में चलाए जा रहें दो दिवसीय विशेष अभियान के तहत पार्टी पदाधिकारीगण, कार्यकर्ता व नेतागण अपने अपने प्रभार वाले बूथों पर उपस्थित रहें। सदर विधायक सरिता भदौरिया सदर विधानसभा के इटावा प्रथम मंडल के मकसूदपुरा शक्तिकेंद्र अन्तर्गत बूथ संख्या 270, 271, 272 व 273 पर उपस्थित रहकर नए मतदाता पंजीकरण करवाए। उन्होंने कहा कि कि मतदाता लोकतंत्र कि सबसे बड़ी ताकत है और प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में होना बेहद आवश्यक है। भाजपा जिलाध्यक्ष अरुण कुमार अन्नू गुप्ता ने सदर विधानसभा के इटावा द्वितीय मंडल अन्तर्गत इस्लामिया इंटर कॉलेज शक्तिकेंद्र के बूथ संख्या 241, 242, 243 व 244 पर पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकताओं के साथ उपस्थित रहकर नए वोटर पंजीकरण करवाकर नव-मतदाताओं को लोकतान्त्रिक प्रक्रिया में अधिक से अधिक संख्या में जुड़ने के लिए प्रेरित किया। अन्नू गुप्ता ने कहा कि भाजपा संगठन द्वारा चलाए जा रहें इस प्रदेशव्यापी अभियान में कार्यकताओं और पदाधिकारियों की भूमिका महत्वपूर्ण रहीं है और इसे लोकतंत्र को और अधिक सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

महानवादी पार्टी का इटावा में राजनीतिक आगाज

इटावा। महानवादी पार्टी ने 2027 विधानसभा चुनाव को लक्ष्य बनाते हुए अपनी राजनीतिक गतिविधियां शुरू कर दी हैं। पार्टी ने 1 फरवरी को नुमाइश पंडाल में एक विशाल जनसभा आयोजित करने की घोषणा की है। इससे पहले सुबह 11 बजे भरथना चैराहे से एक रैली भी निकाली जाएगी। यह जानकारी पार्टी कार्यालय में आयोजित एक प्रेस वार्ता में दी गई। पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. प्रवीन सिंह कुशवाह ने इटावा के लुहनना चैराहा स्थित पार्टी कार्यालय में हुई प्रेस वार्ता में जनसभा की घोषणा की। उन्होंने बताया कि जनसभा की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इस दौरान पार्टी के वरिष्ठ नेता जनता को संबोधित करेंगे और पार्टी की नीतियों से अवगत कराएंगे। डॉ. प्रवीन सिंह कुशवाह ने बताया कि 1 फरवरी को सुबह 11 बजे भरथना चैराहे से रैली शुरू होगी। यह रैली शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए नुमाइश पंडाल पहुंचेगी, जहां विशाल जनसभा का आयोजन किया जाएगा। जनसभा का समापन शाम 4 बजे होगा। पार्टी को इस जनसभा में बड़ी संख्या में लोगों के पहुंचने की उम्मीद है। प्रेस वार्ता में इटावा जिलाध्यक्ष भारत सिंह राजपूत, प्रवक्ता नन्हे बाबू बघेल, वरिष्ठ प्रवक्ता ब्रजमोहन राजपूत, राष्ट्रीय सचिव जगवीर सिंह धाकरे और प्रदेश मीडिया प्रभारी रामकुमार राजपूत सहित कई पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे। सभी नेताओं ने जनता से जनसभा में शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की।

तेज रफ्तार बाइक से भिड़ंत में टेंपो चालक की मौत

जसवंतनगर, इटावा। क्षेत्र के ग्राम कैस्त निवासी टेंपो चालक रामनिवास की मैनपुरी जनपद के करहल में सड़क हादसे में मौत हो गई। वह अपने टेंपो में सवारियों को छोड़ने करहल जा रहा था। करहल पहुंचने पर सिरसागंज चैराहे के पास सामने से आ रही तेज रफ्तार बाइक से टेंपो की जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे में टेंपो चालक रामनिवास सड़क पर गिर पड़ा और उसी पर टेंपो पलट गया। इससे उसके सिर में गंभीर चोटें आईं और सिर से अत्यधिक खून बहने लगा। सूचना पर मौके पर पहुंची करहल थाना पुलिस ने राहगीरों की मदद से घायल को तत्काल सैफई मेडिकल कॉलेज पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। हादसे के बाद बाइक सवार मौके से फरार हो गया। उधर, सूचना मिलने पर सैफई थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की कार्रवाई शुरू कर दी है। बताया गया है कि मृतक टेंपो चलाकर परिवार का पालन-पोषण करता था। उसकी मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

कमिश्नर व डीएम ने विरासत गलियरा का किया निरीक्षण

जिला संवाददाता (vol)

गोरखपुर। मण्डलायुक्त अनिल ढींगरा एवं जिलाधिकारी दीपक मीणा ने विरासत गलियारा का स्थलीय निरीक्षण कर निर्माण कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने लोक निर्माण विभाग, विद्युत विभाग तथा नगर निगम के अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्माण कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूर्ण कराया जाए।

मण्डलायुक्त ने कहा कि विरासत गलियारा महत्वपूर्ण परियोजना है, इसमें किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार्य नहीं होगी। उन्होंने विशेष रूप से आगामी फरवरी माह में शबे बरात के अवसर पर निकलने वाले जुलूस को ध्यान में रखते हुए जुलूस मार्ग पर पड़े मलबे को तत्काल हटाने तथा मार्ग को पूरी तरह सुरक्षित एवं सुगम बनाने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने विद्युत विभाग को निर्देशित किया कि जुलूस मार्ग पर अव्यवस्थित विद्युत तारों को शीघ्र दुरुस्त कराया जाए, ताकि किसी भी प्रकार की दुर्घटना की संभावना न रहे। नगर निगम को साफ-सफाई एवं प्रकाश व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश भी दिए गए।

मण्डलायुक्त ने लोक निर्माण विभाग को अवशेष निर्माण कार्यों को तीव्र गति से पूरा कराने तथा विरासत गलियारा परियोजना को निर्धारित समय सीमा के भीतर पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें, जिससे कार्य की गुणवत्ता बनी रहे और आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

इस अवसर पर लोक निर्माण विभाग, विद्युत विभाग, नगर निगम सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

केस दर्ज होने के बाद भी थम नहीं रहा सागौन का अवैध कटान

- नगवा में वन विभाग की कार्रवाई हुई बेअसर

गीडा, गोरखपुर। क्षेत्र में पर्यावरण संरक्षण के नियमों को ताक पर रखकर प्रतिबंधित पेड़ों पर कुल्हाड़ी चलाने का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। गीडा थाना क्षेत्र के नगवा गांव में 8 सागौन के पेड़ अवैध रूप से काटे जाने पर वन विभाग द्वारा मुकदमा दर्ज कराए जाने के बावजूद, शनिवार को भी स्थिति जस की तस बनी रही और धड़ल्ले से पेड़ों का कटान जारी है। बीते ?बुधवार को वन विभाग की टीम ने नगवा गांव में छापेमारी कर बिना अनुमति काटे गए 8 सागौन के पेड़ बरामद किए थे। इस मामले में विभाग ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी चन्दन पासवान निवासी बरडाड़, थाना खजनी के खिलाफ उत्तर प्रदेश ग्रामीण वृक्ष संरक्षण अधिनियम 1976 की धारा 4/10 के तहत मुकदमा पंजीकृत कराया है।

हैरानी की बात यह है कि एक तरफ वन विभाग टीम अवैध कटान पर जेल और भारी जुमार्ने की चेतावनी दे रहे हैं, वहीं दूसरी ओर शनिवार को भी प्रतिबंधित पेड़ों की कटाई का काम बेखौफ जारी रहा। यह न केवल वन विभाग की सख्ती पर सवालिया निशान लगाता है, बल्कि लकड़ी माफियाओं के दुस्साहस को भी दशार्ता है। ग्रामीणों का कहना है कि कार्रवाई के बाद भी कटान जारी रहना स्थानीय स्तर पर निगरानी की कमी को दशार्ता है। फिलहाल वन विभाग आगे की जांच की बात कह रहे हैं, लेकिन शनिवार को हुए नए कटान ने विभाग की सतर्कता की पोल खोल दी है।

इस संदर्भ में प्रभागीय वनाधिकारी डीएफओ विकास यादव ने कहा कि ?मुकदमा दर्ज होने के बाद भी कटान जारी रहना अत्यंत गंभीर और पूरी तरह गलत है। यह कानून की सीधी अवहेलना है। मैंने संबंधित अधिकारियों को तत्काल मौके पर पहुंचकर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। आरोपी के विरुद्ध अब और भी कठोर विधिक कदम उठाए जाएंगे ताकि क्षेत्र में एक मिसाल कायम हो सके।

विशाल जैन के अंतिम संस्कार में उमड़ा जनसैलाब

इटावा। क्षेत्र के प्रतिष्ठित व्यापारी विशाल जैन के निधन से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। उनके अंतिम संस्कार में राजनीतिक, सामाजिक, चिकित्सक एवं मीडिया जगत से जुड़ी अनेक प्रमुख हस्तियों की उपस्थिति ने उनके व्यक्तित्व और सामाजिक योगदान को दशार्या। अंतिम संस्कार के दौरान एटा सांसद देवेश शाक्य, पूर्व सांसद रघुराज शाक्य, पूर्व विधायक केके राज, भाजपा जिलाध्यक्ष अन्नू गुप्ता, पूर्व चेयरमैन कुलदीप गुप्ता संटू, जैन समाज अध्यक्ष संजू जैन, विश्व जैन संगठन अध्यक्ष आकाशदीप जैन, भाजपा जिलामंत्री चक्रेश जैन, भाजपा नेता रामशरण गुप्ता, पूर्व सपा जिलाध्यक्ष गोपाल यादव, डॉ. एपी. भदौरिया सहित बड़ी संख्या में समाजसेवी एवं क्षेत्रीय नागरिक उपस्थित रहे। सभी गणमान्य लोगों ने दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए शोक संतप्त परिवार को ढांढस बंधाया और ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति की प्रार्थना की। अंतिम यात्रा में भारी संख्या में लोगों की सहभागिता रही, जिससे पूरे क्षेत्र में शोक और संवेदना का माहौल बना रहा।

सीआईएसएफ जवान की इलाज के दौरान मौत, शोक की लहर

- सीआईएसएफ, एसएसबी एवं यूपीपी के जवानों ने शोक शस्त्र से दी सलामी

गोला, गोरखपुर। बांसगांव थाना क्षेत्र अंतर्गत गुआर गांव निवासी 46 वर्षीय सीआईएसएफ जवान सतीश चंद्र भारती की शुक्रवार को इलाज के दौरान आकस्मिक निधन हो गया। वाराणसी के एक अस्पताल में उनका इलाज चल रहा था। शनिवार को गोला मुक्तिधाम पर अंतिम संस्कार के दौरान सीआईएसएफ, एसएसबी एवं यूपीपी के जवानों ने शोक शस्त्र से सलामी देकर श्रद्धांजलि दी।

जानकारी के मुताबिक, बांसगांव थाना क्षेत्र अंतर्गत गुआर गांव निवासी सतीश चंद्र भारती सीआईएसएफ के सिंगरौली स्थित एमसीएल युनिट में उप निरीक्षक पद तैनात थे। बीते 18 जनवरी की रात ड्यूटी पर तैनाती के दौरान कुछ बदमाशों ने बंधक बनाकर धारदार हथियार से जानलेवा हमला कर दिया था और पिटाई के बाद बेहोशी की हालत में छोड़कर फरार हो गए थे। वाराणसी के एपेक्स हास्पिटल में उसका इलाज चल रहा था। शुक्रवार की दोपहर में इलाज के दौरान उनका निधन हो गया। सूचना मिलते ही परिवार समेत क्षेत्र शोक के सदमें में डूब गया। शनिवार को उनका पार्थिव शरीर घर पहुंचते ही परिवार में कोहराम मच गया। शनिवार को गोला मुक्तिधाम पर अंतिम संस्कार के दौरान सीआईएसएफ के सीआईएसएफ एनटीपीसी टांडा युनिट के एसआई संजीत कुमार सिंह व सिंगरौली युनिट के एसआई सुशांत गायकवाड़ व थानाध्यक्ष गोला राकेश रोशन सिंह के नेतृत्व में जवानो ने संयुक्त रूप से गारद सलामी देकर श्रद्धा-सुमन अर्पित किया। मुखाग्नि उनके एकलौते पुत्र अवनीश दिया। उनके शव यात्रा में भारी जनसैलाब उमड़ा रहा।

बाबा साहेब अ'बेडकर की मूर्ति का हाथ तोड़ा

भरथना, इटावा। भरथना कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत घर पंचायत बाहरपुर के मजरा ग्राम कोठी मिरायां में स्थापित संविधान निमार्ता भारत रत्न बाबा साहब डॉ.भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा से अराजकतत्वों द्वारा छेड़छाड़ किए जाने का मामला सामने आया है। अज्ञात लोगों ने बाबा साहेब की प्रतिमा का हाथ तोड़ दिया, जिससे गांव में तनाव और आक्रोश का माहौल बन गया। घटना का खुलासा उस समय हुआ जब सुबह स्कूल जा रहे स्कूली बच्चों की नजर क्षतिग्रस्त मूर्ति पर पड़ी। बच्चों द्वारा गांव में जानकारी देने के बाद देखते ही देखते खबर फैल गई और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर जुट गए। करीब चार वर्ष पूर्व प्रेम चंद्र दोहरे ने प्रशासन से विधिवत अनुमति लेकर अपने खेत में डॉ. भीमराव अंबेडकर और गौतम बुद्ध की प्रतिमाएं ग्रामीणों के सहयोग से स्थापित कराई थीं। प्रतिमाओं की देखरेख के लिए खेत में एक छोटा कमरा भी बनवाया गया था, जिसमें प्रेम चंद्र स्वयं रहकर निगरानी करते थे।

नाम काटने के लिए फार्म 7 बीएलओ को दिए जा रहे

इटावा। सत्ता पक्ष के पधाधिकारियों द्वारा एसआईआर के बाद ड्राफ्ट मतदाता सूची से अल्पसंख्यक समुदाय और अपने विरोधियों के नाम काटने के लिए फार्म 7 बढ़ी संख्या मे बीएलओ को दिये जा रहे है। जिलाधिकारी को फोन पर जानकारी दी गई। यह आरोप लगाते हुए समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष प्रदीप शाक्य बबलू और जिला सर्पा के एसआई आर प्रभारी उद भान सिंह यादव ने कहा कि जनपद की तीनों विस क्षेत्र 199, जसवंतनगर, 200, इटावा सदर, 201, भर्थना विस के अल्पसंख्यक बाहुल्य और विपक्षी पार्टियां समर्थक बाहुल्य सैकड़ो बूथो पर सत्ता पक्ष के पधाधिकारी 50,से 100, फार्म 7 भरकर दे रहें है जो कि टाइप किये है जिसमे मतदाता की पूरी जानकारी दी गई है।

वर्टेक्स ग्लोबल स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी सृजन आयोजित

चौरीचौरा, गोरखपुर। चौरीचौरा थाना क्षेत्र स्थित वर्टेक्स ग्लोबल स्कूल में आज स्कूल परिसर में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया।जिसमें विशिष्ट अतिथि सीओ चौरीचौरा मनीष कुमार शर्मा रहे। बच्चो ने एक से बाद कर एक मॉडल प्रस्तुत किए।बच्चो ने मॉडल सीनियर कोऑर्डिनेटर पी एस पटेल, सोम शर्मा जूनियर कोऑर्डिनेटर शालिनी मिश्रा, प्री प्रायमरी कोऑर्डिनेटर खुशबू श्रीवास्तव एवं प्रवीण चौरसिया आशुतोष दुबे एवं इससे जुड़े सभी टीचर्स के नेतृत्व में बनाए। जिसमें में अयोध्या के श्री राम मंदिर, शहीद स्मारक चौरी चौरा, ह्यूमन ऑर्गन,चंद्रयान,पवन चक्की, रोबोट, होम सिक्योरिटी अलार्म, रोड सेफ्टी डिवाइस, पर्यावरण आदि पर विभिन्न मॉडल बनाए और फिजिक्स केमेस्ट्री और बायोलॉजी पर आधारित सैकड़ों मॉडल प्रस्तुत किए।स्कूल चेयरमैन ई. अरविंद त्रिपाठी स्कूल निदेशक तूलिका त्रिपाठी एवम शैलेन्द्र त्रिपाठी ने बच्चों को बधाई दी।

अभिभावक शिक्षक गोष्ठी में मेधावी छात्र हुए पुरस्कृत

गोला, गोरखपुर। उपनगर गोला के तहसील चौराहा स्थित एलपीएम पब्लिक स्कूल में अभिभावक शिक्षक गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय परिवार ने मेधावी छात्रों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया। गोष्ठी के दौरान नर्सरी से लेकर कक्षा 8वीं तक के उन छात्र-छात्राओं को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। जिन्होंने अपनी कक्षाओं में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया है। पुरस्कृत बच्चों को स्कूल की ओर से पठन-पाठन से संबंधित स्टेशनरी सामग्री। नये वर्ष का आकर्षक शैक्षणिक कैलेंडर भी प्रदान किया गया। गोष्ठी को संबोधित करते हुए विद्यालय के प्रबंधक भागीरथी प्रसाद स्वर्णकार ने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल किताबी ज्ञान देना नहीं, बल्कि बच्चों के भीतर छिपी प्रतिभा को निखारना है। उन्होंने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर प्रबंध निदेशक अमरनाथ वर्मा, प्रधानाचार्या एकता वर्मा व रेवरेण्ट डीके ने उपस्थित सभी अभिभावकों का आभार व्यक्त किया।

TECHNO INSTITUTE OF HIGHER STUDIES
Courses Offered: B.Com (Hons.), B.A.-J.M.C., B.B.A., B.Com, B.Ed., B.Sc. (PCM / ZBC), B.V.A. (Paint. / App. Art), BCA, M.A.-J.M.C., M.Com (Commerce), M.V.A. (Painting)
आवश्यकता है प्राचार्य व प्रवक्ताओं की योग्यता अनुभव व वेतन यू.जी.सी./ लखनऊ वश्वविद्यालय के मानकानुसार-
प्राचार्य- 01 पद
प्रवक्ता एम.पी.ए. (एप्लाइड आर्ट)- 04 पद
आवेदन पत्र समस्त शैक्षिक व अनुभव प्रमाणपत्रों की छायाप्रतियों के साथ नीचे दिये गये पते पर डाक/ईमेल/व्यक्तिगत रूप से विज्ञापन प्रकाशन की तिथि से 21 दिनों में अवश्य प्राप्त करा दें।
331, Anaura, Near Indira Canal, Ayodhya Road, Lucknow-226028
Email: careers@tims.edu.in
Contact: 7897123111 (IVR), 8810724912

कार्यालय जिला सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी, बाराबंकी
पत्रांक- 192/सू.वि./नीलामी/2026 दिनांक 30 जनवरी, 2026
निविदा सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि जिला सूचना कार्यालय, बाराबंकी परिसर में लगे एक सेमर पेड़ की सार्वजनिक नीलामी दिनांक 06.02.2026 को दिन के 01 बजे आमंत्रित की गयी है। जिसकी सिक्योरिटी धनराशि रू. 1000.00 नकद जमा करना होगा, तभी नीलामी में भाग ले सकेंगे। इच्छुक ठेकेदार समय से कार्यालय में उपस्थित होकर अपनी प्रक्रिया पूरी करके नीलामी में भाग ले।
अपर जिला सूचना अधिकारी, बाराबंकी।

कार्यालय ग्राम पंचायत- डींगुरपुर बनकेगांव, वि.ख.- मोतिगरपुर, जनपद-सुलतानपुर
पत्रांक-मेमो/ग्रा0पं0/निविदा/कोटेशन सूचना/2025-26 दिनांक-31.01.2026
निविदा सूचना
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि ग्राम पंचायत- डींगुरपुर बनकेगांव, विकासखंड- मोतिगरपुर, जनपद सुलतानपुर राज्यवित्त/पन्द्रहवां योजनान्तर्गत वर्ष- 2025-2026 में प्राप्त धनराशि से होने वाले निर्माण कार्यो हेतु सामग्री आपूर्तिकताओं/ठेकेदारों से निविदा/कोटेशन दरें दिनांक- 01.02.2026 से 05.02.2026 के अपराहन 02:00 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं। निविदा दिनांक 05.02.2026 को अपराह्न 03:00 बजे निविदादाताओं/प्रतिनिधियों के समक्ष खोली व निरस्त की जाएगी।

क्र.सं.	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (रुपये में)	सामग्री विवरण
1.	सी.सी.रोड से नटौलिया तक इंटरलाकिंग कार्य।	3,21,200 रुपये।	जिगजैग ईंट, ईंट, बालू, सीमेंट व अन्य सामाग्री।

नोट- सभी शर्ते व नियम लागू होंगे। कार्यालय के किसी भी कार्यदिवस में देखी जा सकती हैं।
ग्राम प्रधान/सचिव
ग्रा0पं0- डींगुरपुर बनकेगांव, वि0ख0- मोतिगरपुर
जनपद-सुलतानपुर।

कार्यालय ग्राम पंचायत- मुड़हा, वि.ख.- मोतिगरपुर, जनपद-सुलतानपुर
पत्रांक-मेमो/ग्रा0पं0/निविदा/कोटेशन सूचना/2025-26 दिनांक-31.01.2026
निविदा सूचना
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि ग्राम पंचायत- मुड़हा, विकासखंड- मोतिगरपुर, जनपद सुलतानपुर मनरेगा योजनान्तर्गत वर्ष- 2025-2026 में प्राप्त धनराशि से होने वाले निर्माण कार्यो हेतु सामग्री आपूर्तिकताओं/ठेकेदारों से निविदा/कोटेशन दरें दिनांक- 01.02.2026 से 05.02.2026 के अपराहन 02:00 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं। निविदा दिनांक 05.02.2026 को अपराह्न 03:00 बजे निविदादाताओं/प्रतिनिधियों के समक्ष खोली व निरस्त की जाएगी।

क्र.सं.	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (रुपये में)	सामग्री विवरण
1.	अच्छेलाल के घर से बड़ी मस्जिद तक इंटरलाकिंग कार्य।	5.770 लाख।	जिगजैग ईंट, ईंट, बालू, सीमेंट व अन्य सामग्री।

नोट- सभी शर्ते व नियम लागू होंगे। कार्यालय के किसी भी कार्यदिवस में देखी जा सकती हैं।
ग्राम प्रधान/सचिव
ग्रा0पं0- मुड़हा, वि0ख0- मोतिगरपुर
जनपद-सुलतानपुर।

पूर्वोत्तर रेलवे
खुली ई-निविदा सूचना संख्या : NER-BSB0SnT-OT-02-2026
मण्डल रेल प्रबन्धक/सिग एवं दूरसंचार/ पूर्वोत्तर रेलवे/वाराणसी कृते एवं भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्यों के लिए "खुली ई-निविदा" आमंत्रित की जाती है।
क्रमांक : 1, निविदा सूचना सं. एवं कार्य का नाम : NER-BSB0SnT-OT-02-2026 : कार्य का नाम : बनारस (एक्स)-प्रयागराज रामबाग और औनिहार-जौनपुर (16 स्टेशन) के बीच इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग सिस्टम (क्योसन) की नेटवर्किंग सेंट्रलाइज्ड मेंटेनेंस और डायग्नोसिस के लिए, साथ ही VDU के लिए पावर सप्लाई व्यवस्था के TAN कंप्लायंस का कार्य, अनुमानित लागत : रु. 2,22,03,738.36, बयाना की राशि : रु. 2,61,000.00, निविदा प्रपत्र की कीमत : रु. 00.00, कार्य पूर्ण करने की अवधि : 06 माह, निविदा बंद होने की अंतिम तिथि एवं समय : 23.02.2026 को 15:00 बजे।
1. ई-निविदा दिनांक 23.02.2026 को 15:00 बजे तक आनलाईन जमा किया जा सकेगा। 2. पूर्ण विवरण की जानकारी प्राप्त करने एवं निविदा की प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेलवे की वेबसाईट i.e. www.ireps.gov.in देखें।
मण्डल रेल प्रबन्धक/सिग एवं दूरसंचार
मुजाधि/सिगनल-93 पूर्वोत्तर रेलवे/वाराणसी
ट्रेनों में ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा न करें

उत्तर रेलवे
खुली निविदा सूचना (ई–निविदा)
भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि दिनांक 20.02.2026 को 15:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैनुयल आफर स्वीकार नहीं किये जायेंगे यदि कोई मैनुयल आफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा।

1	निविदा सूचना संख्या	00152026 दिनांक 30.01.2026
2	निविदा संख्या	36-SrDEN-I-LKO-2025-26
3	कार्य का नाम : वरि0 खण्ड अभियन्ता/कार्य/आलमबाग–पूर्व लखनऊ के खण्ड में एसआईओ कार्यालय डीजल शेड के सामने 05 कमरों के साथ नए शेड का निर्माण और डीजल शेड आलमबाग लखनऊ में शेड विस्तार के साथ बोगी अनुभाग और उप–असेंबली के एपॉक्सी फ्लोरिंग का कार्य।	
4	अनुमानित लागत	रु० 7,94,66,511.54
5	धरोहर राशि	रु० 5,47,300.00
6	कार्य की समापन अवधि	स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से बारह माह
7	निविदा डालने की प्रारंभ तिथि	06.02.2026
8	निविदा बंद होने की तिथि एवं समय	20.02.2026 15:00 बजे
9	वेबसाइट	www.ireps.gov.in

नोट :– निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त वेबसाईट पर उपलब्ध है। 349/2026
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

संक्षेप

कार व ऑटो की भिड़ंत में 6 जख्मी

मोहम्मदी खीरी। क्षेत्र में स्टेट हाईवे पर गांव दिलावरपुर के पास कार चालक ने ऑटो रिक्शा में टक्कर मार दी जिसमें महिला समेत 6 लोग सवार थे सभी घायलों को इलाज के लिए सीएचसी पर भर्ती कराया गया डॉक्टर ने जांच के दौरान 4 लोगों की हालत नाजुक होने पर जिला अस्पताल शाहजहांपुर रेफर कर दिया है। शनिवार को सुबह 9 बजे करीब दिलावरपुर के पास गोला की ओर से आ रहे कार चालक ने नियंत्रण खो दिया जिससे सामने से आ रहे आटो से टक्कर हो जाने से आटों में सवार सभी 6 लोग जख्मी हो गए और कार अनियंत्रित होकर खाई में जा गिरी मौका पाकर चालक वाहन छोड़कर भाग निकला। घटना की सूचना समाजसेवी शिवम राठौर को मिलते ही स्वयं जानकी एम्बुलेंस से घायलों को इलाज के लिए भर्ती कराया गया जिसमें ऑटो चालक समसुद्दीन पुवायां, तहनूर, सबीना और रेशमा की हालत गंभीर होने पर रेफर कर दिया है। वहीं मरजीना और जस्मीन का इलाज शुरू किया गया है।

चाकू से गोदकर महिला की हत्या

लखीमपुर खीरी। सदर कोतवाली क्षेत्र में शनिवार को बेटी के सामने पति ने पत्नी की चाकू से गला रेतकर हत्या कर दी घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायल महिला को जिला अस्पताल भेजा इलाज के लिए महिला को भेजा जहाँ डॉक्टरों ने महिला को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। आरोपी पति को भी गिरफ्तार कर लिया गया है। कांशीराम कॉलोनी में रहने वाले अंशुल श्रीवास्तव ने अपनी पत्नी खुशबू श्रीवास्तव की निर्मम हत्या कर दी खुशबू और अंशुल करीब 14 साल पहले प्रेम विवाह किया था अंशुल रोडवेज में संविदा पर चालक के पद पर कार्यरत था। अंशुल की बेटी महक श्रीवास्तव ने बताया, मां की किसी अन्य व्यक्ति से फोन पर बातचीत होती थी, इसे लेकर पापा से मां का विवाद होता था दोनों में विवाद इतना बढ़ गया था कि वे अलग-अलग रह रहे थे आज शनिवार को मां के मामा अपने साथ ले जाने के लिए घर आए थे, लेकिन मां ने उनके साथ जाने से इनकार कर दिया। इसके बाद मामा वापस लौट गए। मामा के जाने के कुछ देर बाद पापा घर पहुंचे और दोनों के बीच फिर से कहासुनी शुरू हो गई विवाद बढ़ने पर पापा ने चाकू से मां पर हमला कर दिया। चाकू से गला रेतने के कारण मम्मी गंभीर रूप से घायल हो गईं। पुलिस को घटना की जानकारी दी। कोतवाल राजेश कुमार सिंह ने बताया कि मृतक महिला खुशबू के पति अंशुल श्रीवास्तव को गिरफ्तार कर लिया है।

पेड़ से लटकता मिला युवक का शव

मोहम्मदी खीरी। अमीर नगर क्षेत्र के गांव चंदनापुर में एक युवक संदिग्ध अवस्था में पेड़ से लटकते हुए पाए जाने पर हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा है। मृतक के पिता अजय पाल के अनुसार उसका पुत्र यादवेंद्र 21 वर्ष लखनऊ में एलटी की पढ़ाई करता था। कुछ दिन पूर्व छुट्टी पर घर आया था शुक्रवार की रात खाना खाकर टहलने निकला गया देर रात तक वापस न लौटने पर तलाश शुरू की जिस पर बाग में आम के पेड़ से लटकते हुए मिला था शव को नीचे उतरवा पुलिस को सूचना दी चौकी प्रभारी अमीन नगर संजीत तिवारी ने शव पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दियाहै।

डीएम ने बूथ पर पहुंचकर परखी हकीकत

जिला संवाददाता(vol)

- मतदान स्थलों का लिया जायजा, बीएलओ से जानी प्रगति, दिए निर्देश
- 2 फरवरी भी विशेष अभियान तिथि, बूथों पर मिलेंगे बीएलओ

लखीमपुर खीरी। मतदाता सूची को दुरुस्त करने की मुहिम ने शनिवार को जिले भर में रफ्तार पकड़ ली। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर चल रहे विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान के तहत सभी मतदेय स्थलों पर आयोजित विशेष अभियान दिवस में मतदाताओं का उत्साह देखते ही बन रहा था।

जिला निर्वाचन अधिकारी/डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने स्वयं मैदान में उतरकर बूथों का औचक निरीक्षण किया। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने डिप्टी डीईओ नरेंद्र बहादुर सिंह और ईआरओ/एसडीएम सदर अश्विनी कुमार सिंह के साथ क्रमशः मतदान स्थल स्वामी श्याम प्रकाश इंटर कॉलेज (भाग संख्या 300-305) और धर्म सभा इंटर कॉलेज (भाग संख्या 236-249) का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान डीएम सीधे बीएलओ के हेल्प डेस्क पर पहुंचीं, जहां उन्होंने प्राप्त फॉर्म-6 व फॉर्म-8, संलग्न दस्तावेज और निस्तारण की स्थिति को स्वयं देखा।

डीएम ने बीएलओ से दो टूक कहा कि 18 वर्ष पूर्ण कर चुके एक भी पात्र युवा का नाम मतदाता सूची से छूटना नहीं चाहिए। उन्होंने निर्देश दिए कि हर आवेदन की मौके पर जांच कर सही मार्गदर्शन दिया जाए, ताकि किसी भी नागरिक को बार-बार चक्कर न लगाने पड़ें। डीएम ने अभियान की प्रगति पूछते हुए बीएलओ को सक्रिय संपर्क, डोर-टू-डोर जागरूकता और समयबद्ध निस्तारण पर खास जोर दिया। निरीक्षण के दौरान डीएम ने आमजन से भी संवाद किया और उन्हें आयोग द्वारा निर्धारित विशेष अभियान तिथियों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जिनका नाम मतदाता सूची में नहीं है, वे घोषणा पत्र के साथ फॉर्म-6 भरकर बीएलओ को दें या पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन करें, जबकि त्रुटि सुधार के लिए फॉर्म-8 भरा जा सकता है। सहायता के लिए मतदाता हेल्पलाइन 1950 पर संपर्क करने की अपील की। डिप्टी डीईओ/एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि 02 फरवरी को भी विशेष अभियान दिवस आयोजित होगा, जिसमें सभी मतदेय स्थलों पर पूर्वाह्न 11 बजे से सायं 4 बजे तक बीएलओ मौजूद रहेंगे।

ओवर हाइट गन्ना लदे ट्रकों पर कार्रवाई, 18 का चालान, चार सीज

मोहम्मदी खीरी। क्षेत्र में ओवर हाइट और ओवरलोड वाहनों से हो रहे हादसों के बाद एस डी एम और पुलिस अधिकारियों की ताबड़तोड़कर कार्यवाही से ट्रक चालकों में हड़कंप मच गया है। कार्य वाही के दौरान 20 से अधिक ट्रकों को चालान ओर सीज किया गया है। शनिवार को एसडीएम चलवुराज आर और सीओ अरुण कुमार सिंह ने अलग-अलग जगहों पर ओवर हाइट गन्ना लदे ट्रकों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए चालान ओर सीज कर दिया है जिससे ट्रक चालकों में हड़कंप मच गया है।

जिसके चलते राजनीतिक सिफारिशों का दौर शुरू हो गया है। दूसरी ओर स्कूलों में बच्चों को लेकर जाने वाले वाहनों की जांच शुरू की गई है। जिसके चलते स्कूल प्रबंधकों में अफरातफरी मच गई है।

विद्यालय युग्मन कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने देखीं आधुनिक शैक्षिक सुविधाएं

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। विद्यालय युग्मन कार्यक्रम के अंतर्गत पीएम श्री उच्च प्राथमिक विद्यालय हरिहरपुर, विकास खंड बांकेगंज के छात्र-छात्राओं का भ्रमण स्थानीय विद्या कुंवरी स्मारक सरस्वती विद्या निकेतन इंटर कॉलेज में कराया गया। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने विद्यालय में उपलब्ध प्रयोगशाला, सभागार, शिक्षण कक्ष, पुस्तकालय, एक्टिविटी रूम तथा पठन-पाठन की व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। विद्यार्थियों ने विद्यालय परिसर की स्वच्छता, अनुशासन और हरियाली की सराहना करते हुए अपने अनुभव साझा किए। विद्यालय के प्रधानाचार्य महेंद्र कुमार त्रिपाठी तथा बालिका विभाग की प्रधानाचार्या मधु त्रिपाठी ने आगंतुक छात्र-छात्राओं के स्वच्छ गणवेश और अनुशासन की प्रशंसा की। उन्होंने विद्यार्थियों को विद्यालय में उपलब्ध शैक्षिक सुविधाओं का लाभ लेने हेतु निःशुल्क बस सेवा उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया।

कुष्ठ रोग जागरूकता कार्यक्रम में भेदभाव मिटाने का संदेश

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। गांधी स्मारक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में राष्ट्रीय कुष्ठ रोग उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में कुष्ठ रोग को लेकर फैली भ्रांतियों और भेदभाव को दूर करना रहा। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के स्वास्थ्य पर्यवेक्षक दीपक मिश्रा ने विद्यार्थियों को बताया कि कुष्ठ रोग न तो अभिशाप है और न ही छुआछूत की बीमारी। समय पर पहचान होने पर इसका पूर्णतः निःशुल्क इलाज उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोला एवं जिला अस्पताल लखीमपुर खीरी में इसका मुफ्त उपचार किया जाता है। लाल चकत्ते, हाथ-पैर सुन्न होना, सफेद दाग, आंखों में भेंगापन जैसे लक्षणों की जानकारी भी दी गई। प्रधानाचार्य डॉ. सौरभ दीक्षित ने विद्यार्थियों से कहा कि यदि उनके आसपास कोई व्यक्ति ऐसे लक्षणों से प्रभावित हो तो उसे बिना झिझक नजदीकी अस्पताल जाने की सलाह दें। शिक्षक डॉ. राजेश कुमार ने बताया कि समय से उपचार मिलने पर रोगी पूरी तरह स्वस्थ होकर सामान्य जीवन जी सकता है। कार्यक्रम में रामसनेही, आमिर हुसैन सिद्दीकी, नागेश कुमार वर्मा, तेजराम गंगवार, श्रीश गुप्ता, उद्धव श्याम तिवारी तथा कर्मचारी साबिर अली, नीलम कुमार, बराती लाल, राजकुमारी, विशाल मौजूद रहे।

मतदाता सूची जमा कराने आये लोग भटके, देरी से पहुंचे जिम्मेदार

पिपरिया धनी, खीरी। वीओएल। विकासखंड मोहम्मदी की ग्राम पंचायत मूडागलिब स्थित पंचायत भवन में मतदाता सूची से संबंधित कार्य में देरी को लेकर ग्रामीणों में नाराजगी देखी गई। निर्धारित समय सुबह 9 बजे के बावजूद 10 बजकर 15 मिनट तक संबंधित कर्मचारी मौके पर नहीं पहुंचे, जिससे लोग इंतजार करते रहे। ग्रामीणों के अनुसार, मतदाता सूची से जुड़े कार्य के लिए लोगों को बुलाया गया था, लेकिन समय पर कर्मचारी न आने से असुविधा हुई। इसकी जानकारी उपजिलाधिकारी मोहम्मदी को दी गई, जिसके बाद फोन पर निर्देश मिलने पर कर्मचारी करन सिंह पंचायत भवन पहुंचे। मौके पर मौजूद लोगों ने देर से पहुंचने पर आपत्ति जताई। इस दौरान कहासुनी की स्थिति भी बनी। ग्रामीणों ने समयबद्ध व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की, ताकि मतदाता सूची जैसे महत्वपूर्ण कार्य में अनावश्यक देरी न हो।

डीएम ने दिलाया सड़क सुरक्षा का संकल्प

जिला संवाददाता(vol)

लखीमपुर खीरी। शासन के निर्देश पर जिले में जनवरी माह के दौरान संचालित सड़क सुरक्षा माह का समापन शुक्रवार को अटल सभागार में भव्य सम्मान समारोह के साथ हुआ। कार्यक्रम में डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने राहवीर योजना के लाभार्थियों तथा विभिन्न सड़क जागरूकता प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया।

समारोह में डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने सीएमओ डॉ. संतोष गुप्ता, एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह, एएसपी पवन गौतम की मौजूदगी में राहवीर योजना के अंतर्गत सड़क दुर्घटना में घायलों की मदद करने वाले सुनील कुमार व अभिषेक को प्रमाण पत्र एवं धनराशि स्वीकृति पत्र प्रदान किए। इसके साथ ही माध्यमिक व उच्च शिक्षा स्तर पर आयोजित भाषण, नुक्कड़ नाटक, चित्रकला तथा सड़क सुरक्षा जागरूकता रील प्रतियोगिता के विजेता छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र, मेडल प्रदान कर सम्मानित किया। वही 12 सड़क सुरक्षा मित्र को हेलमेट और प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। इस अवसर पर डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा कि सड़क सुरक्षा किसी एक विभाग की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि हर नागरिक का नैतिक दायित्व है। राहवीर योजना उन लोगों को सम्मान देने की पहल है, जो संकट की घड़ी में बिना किसी स्वार्थ के आगे बढ़कर घायल की जान बचाते हैं और मानवता की मिसाल पेश करते हैं।

कार्यक्रम में डीआईओएस विनोद कुमार मिश्र, एआरटीओ शांति भूषण पांडे, पीटीओ डॉ कौशलेंद्र, अधिशासी अभियंता पीडब्लूडी तरुणेन्द्र त्रिपाठी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, शिक्षक, विद्यार्थी और गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

बिना पंजीकरण संचालित बालाजी नर्सिंग होम में भारी अनियमितताएं

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के पास पंजाबी कालोनी में संचालित हो रहे बालाजी नर्सिंग होम में शनिवार को तहसील प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग की टीम ने छापामार कार्रवाई की। नायब तहसीलदार भानु प्रताप और सीएचसी अधीक्षक डॉ. गनेश कुमार के नेतृत्व में पहुंची टीम को अस्पताल का मुख्य द्वार बंद मिला। टीम ने अस्पताल के पीछे की गैलरी खोलकर अंदर प्रवेश किया, जहां दो महिला मरीज भर्ती मिलीं। मरीजों ने अपना परिचय देने से इनकार किया। एक मरीज का ऑपरेशन बाहर हुआ था, जबकि दूसरी शारीरिक कमजोरी से जूझ रही थी। मरीजों के परिजन अस्पताल में नहीं मिले और सरकारी अस्पताल में शिफ्ट होने से मना कर दिया। जांच में पता चला कि बालाजी नर्सिंग होम जिला स्वास्थ्य विभाग की पंजीकृत सूची में शामिल नहीं था। अस्पताल की साफ-सफाई दयनीय थी, बायोमेडिकल वेस्ट खुलेआम पड़ा था। ओटी और स्टैण्डर्ड प्रोसिजर के नियमों की भी पूरी अनदेखी पाई गई। स्वास्थ्य विभाग ने इस अवैध संचालित नर्सिंग होम को मानकों के विपरीत पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी है। इस कार्रवाई के बाद अवैध संचालकों में हड़कंप मचा हुआ है।

सीडीओ ने बीडीओ कार्यालय का किया निरीक्षण अनुपस्थित कर्मचारियों का वेतन रोका

जिला संवाददाता(vol)

- पीएम-सीएम आवास योजना के मास्टर रजिस्टर अद्यतन न मिलने पर नाराजगी
- मनरेगा कार्यों की जियो-टैग फोटो न होने पर एपीओ को फटकार

लखीमपुर खीरी। खंड विकास कार्यालय लखीमपुर में शुक्रवार को सीडीओ अभिषेक कुमार के औचक निरीक्षण ने हड़कंप मचा दिया। 29 अधिकारियों व कर्मचारियों की जांच में 6 लोग अनुपस्थित पाए गए, जिससे संबंधित कर्मचारियों का वेतन और मानदेय तुरंत रोकते हुए स्पष्टीकरण तलब किया गया।

सीडीओ ने कार्यालय में लापरवाही और अभिलेखों की अनियमितता पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की। निरीक्षण के दौरान पीएम एवं सीएम आवास योजना के मास्टर रजिस्टर अद्यतन न पाए जाने और वित्तीय वर्षवार आवंटन की जानकारी उपलब्ध न होने पर सीडीओ ने गहरी नाराजगी जताई। मनरेगा कार्यों की समीक्षा में ग्राम पंचायतों में कराए जा रहे कार्यों की फोटोग्राफ उपलब्ध न होने पर एपीओ को कड़ी फटकार लगाई गई। सभी मनरेगा कार्यों की जियो-टैग फोटो व्यवस्थित रखने के निर्देश भी दिए गए। साथ ही, स्थापना और लेखा अनुभाग में सर्विस बुक, अवकाश प्रविष्टि, जीपीएफ, बिल भुगतान और ग्रांट रजिस्टर की समीक्षा कर सभी अभिलेख अद्यतन रखने के निर्देश दिए गए। समूह सखियों द्वारा लोकोस ऐप पर प्रोफाइल और समूह फीडिंग की जानकारी प्राप्त करने के बाद, अधिकारियों को सक्रियता बढ़ाने के भी निर्देश मिले।

सीडीओ ने एडीओ पंचायत को कहा कि सभी पंचायत सहायकों को क्रॉप सर्वे कार्य में सक्रिय रूप से लगाएं और शेष कार्य शीघ्र पूरा कराएं। बीडीओ को भी निर्देश दिए गए कि अधिकारी व कर्मचारी समय से कार्यालय में उपस्थित रहें, परिसर की साफ-सफाई सुनिश्चित करें और दीवारों में व्याप्त सीलन को दूर कराएं। निरीक्षण के समय सीडीओ के साथ पीडी शोभनाथ चौरसिया, बीडीओ ज्ञानेंद्र कुमार सिंह सहित अन्य अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

गोकर्ण कॉरिडोर का विधायक ने किया निरीक्षण, काम जल्द पूरा करने के निर्देश

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। विधायक अमन गिरि ने गोकर्ण कॉरिडोर का निरीक्षण करते हुए अधिकारियों को सभी बकाया एवं अधूरे कार्य तत्काल पूरा करने के सख्त निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान विधायक ने कुण्ड की सफाई, जल निकासी की व्यवस्था, जल भराव हटाने, सड़कों की मरम्मत और पक्की सड़क निर्माण, फाटक एवं प्रवेश द्वार की दुरुस्ती और साफ-सफाई तथा सुरक्षा प्रबंधों का कड़ाई से जायजा लिया। उन्होंने स्पष्ट कहा कि महाशिवरात्रि के अवसर पर 15 फरवरी तक यह सभी कार्य पूर्ण रूप से पूरा होना अनिवार्य है, ताकि श्रद्धालुओं को कोई असुविधा न हो और मंदिर परिसर व्यवस्थित, स्वच्छ एवं सुरक्षित रहे।

उन्होंने अधिकारियों को चेतावनी दी कि किसी भी काम में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और यदि आवश्यक हुआ तो जवाबदेही तय की जाएगी। जनता के विश्वास और श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए इस काम को समयबद्ध तरीके से पूरा करना प्राथमिकता है। कार्यक्रम के अंत में उन्होंने सभी अधिकारियों को कड़े निर्देश देते हुए समय-सीमा में कार्य पूरा करने के लिए हरसंभव संसाधन लगाने के निर्देश दिये।

ब्रिटिश सैलानियों को दुधवा में बाघ देखकर हुआ रोमांच

पलियाकलां खीरी। शापलैण्ड रीड रिचर्ड डेविड एवं जैकलिन ब्रिटिश सैलानियों को दुधवा में हुए बाघ के दीदार। ब्रिटिश सैलानियों को नेचर गाइड सुशील कुमार एवं वाहन चालक जसकरन सिंह द्वारा कराई गई सफारी। लगातार बाघ साइटिंग से सैलानियों में रोमांच।

विधायक ने किया कुंभी ब्लॉक में नयी कार्य योजनाओं का लोकार्पण और विकास का एजेंडा तय

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। ब्लॉक कुंभी में विभिन्न नवीन कार्ययोजनाओं का लोकार्पण विधायक अमन गिरि द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान क्षेत्र के प्रधानों, क्षेत्र पंचायत सदस्यों और जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक कर विकास कार्यों की प्रगति, प्राथमिकताओं और आगामी योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई।

विधायक ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करना प्राथमिकता है। सड़क, जलनिकासी, पेयजल, स्वच्छता और सार्वजनिक उपयोग की सुविधाओं से जुड़े कार्यों को समयबद्ध तरीके से पूरा कराया जाएगा। उन्होंने उपस्थित जनप्रतिनिधियों से अपने-अपने क्षेत्रों की समस्याएं साझा करने और योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में सहयोग करने का आग्रह किया। बैठक के दौरान एसआईआर गठन एवं फार्म नंबर 6 के संबंध में भी जानकारी दी गई, जिससे संबंधित प्रक्रिया और महत्व से जनप्रतिनिधियों को अवगत कराया गया। विधायक ने कहा कि जागरूकता और समन्वय से ही योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाया जा सकता है।

ब्लॉक प्रमुख कुंभी विमल वर्मा ने कहा कि विकास कार्यों में जनप्रतिनिधियों की सहभागिता से योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन संभव है। विभिन्न ग्राम पंचायतों से आए प्रधानों और क्षेत्र पंचायत सदस्यों ने भी अपने-अपने क्षेत्रों की आवश्यकताओं पर सुझाव दिए।

कार्यक्रम में प्रधान राजेश गिरी, प्रधान आशीष मिश्रा, प्रधान विपिन यादव, जिला पंचायत सदस्य तोहिद खान, प्रधान राजेश कुमार, राजेंद्र मिश्रा, राजेश सिंह सहित अनेक जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

गुरु गोविंद सिंह प्रकाश पर्व पर निकला नगर कीर्तन

पिपरिया धनी, खीरी। वीओएल। गुरु गोविंद सिंह के प्रकाश पर्व पर रेहरिया क्षेत्र में भव्य नगर कीर्तन निकाला गया। शिवपुरी गुरुद्वारा परिसर से पंच प्यारों की अगुवाई में अरदास और जयघोष के साथ नगर कीर्तन की शुरूआत हुई। गुरु ग्रंथ साहिब की पालकी को फूलों से सजाया गया था। नगर कीर्तन शिवपुरी गुरुद्वारा से निकलकर रेहरिया, पिपरिया धनी, राम लक्ष्मण, गोरिया और लखहा गुरुद्वारों से होते हुए पुनः शिवपुरी गुरुद्वारा पहुंचकर संपन्न हुआ। मार्ग में जगह-जगह पुष्प वर्षा कर श्रद्धालुओं ने कीर्तन का स्वागत किया। कीर्तन के दौरान गतका दल ने हैरतअंगेज करतब दिखाए, वहीं रागी जत्थों ने भजन-कीर्तन प्रस्तुत कर श्रद्धालुओं को भावविभोर किया। समापन पर गुरुद्वारा परिसर में गुरु का अटूट लंगर आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में संगत ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में कुलविंदर सिंह, सर्बजीत सिंह, सरनजीत सिंह, मनदीप सिंह, जसपाल सिंह, गुरुद्वारा लखहा के सेवादार गुरूजीत सिंह, सुखजिंदर सिंह सहित कई लोग मौजूद रहे। सुरक्षा व्यवस्था के लिए रेहरिया पुलिस चैकी का बल तैनात रहा।

एलडीएम ने इंडियन बैंक में खाता खुलवाने पर दिया जोर

लखीमपुर खीरी। इंडियन बैंक द्वारा जनपद लखीमपुर खीरी में विभागीय कर्मचारियों के लिए अपने इंड संपूर्ण प्लस सैलरी प्रोडक्ट के अंतर्गत एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन (एम ओ यू) किया गया। समझौता ज्ञापन का आदानझप्रदान इंडियन बैंक के अंचल प्रमुख जनपद के डीडीओ, डीपीओ एवं सीवीओ के मध्य विकास भवन, लखीमपुर में किया गया। यह कार्यक्रम गजेन्द्र प्रताप सिंह (डीडीओ) भारत प्रसाद (डीपीओ) एवं दिनेश कुमार सचान (सीवीओ) की गरिमामयी उपस्थिति में सम्पन्न हुआ।

इस अवसर पर इंडियन बैंक के उप अंचल प्रमुख अप्रतिम अवस्थी एवं लीड डिस्ट्रिक्ट मैनेजर (एल डी एम) अशोक कुमार गुप्ता भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर इंडियन बैंक के आंचल प्रमुख ने कहा कि इंड संपूर्ण प्लस सैलरी प्रोडक्ट विभागीय कर्मचारियों के लिए अत्यंत लाभकारी है, जिसके माध्यम से कर्मचारियों को आकर्षक बैंकिंग सुविधाएँ, त्वरित सेवाएँ एवं विशेष वित्तीय लाभ उपलब्ध कराए जाएंगे। इस एम वो यू के माध्यम से संबंधित विभागों के कर्मचारियों को इंडियन बैंक की आधुनिक, सुरक्षित एवं भरोसेमंद बैंकिंग सेवाओं का लाभ मिलेगा। इंडियन बैंक प्रबंधन ने आशा व्यक्त की कि यह सहयोग कर्मचारियों के वित्तीय सशक्तिकरण के साथ-साथ विभागीय कार्यप्रणाली को और अधिक सुदृढ़ बनाएगा।

अभी प्रेरक ने किया सांप का रेस्क्यू

जिला संवाददाता(vol)

पलियाकलां खीरी। पलिया क्षेत्र के अंतर्गत अजीतनगर गांव से सूचना प्राप्त होने पर दुधवा टाइगर रिजर्व प्रभाग पलिया खीरी में दुधवा बाघ संरक्षण फाउंडेशन के अंतर्गत कार्यरत नाजरुन निशा अभिप्रेरक द्वारा एक इंडियन राक पाइथन का रेस्क्यू ऑपरेशन किया गया। सफलता पूर्वक रेस्क्यू ऑपरेशन के उपरांत अजगर को उसके प्राकृतिक वास स्थल में छोड़ दिया गया।

संक्षेप

1279.13 करोड़ से बनेगा रिंग रोड

आजमगढ़। आजमगढ़ के पूर्व सांसद दिनेश लाल यादव निरहुआ ने बताया है कि आजमगढ़ शहर को जाम की समस्या से निजात दिलाने के लिए केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से शहर में एक रिंग रोड के निर्माण का अनुरोध किया था। उन्होंने हर्ष जताते हुए बताया है कि वह अनुरोध स्वीकार हो चुका है और अब आजमगढ़ की जनता को रिंग रोड के निर्माण के लिए 1279.13 करोड़ की राशि स्वीकृत कर दी है। इस रिंग रोड का निर्माण आजमगढ़ के क्षेत्रीय सड़क नेटवर्क में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। निरहुआ ने इस रिंग रोड के निर्माण की मंजूरी देने हेतु केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी का आभार जताया है।

यातायात नियमों के प्रति किया जागरूक

आजमगढ़। सर्वोदय पब्लिक स्कूल, हरवंशपुर, आजमगढ़ में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का समापन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सुनील दत्त द्वारा दुर्घटनाओं को कम करने के लिए छात्रों को महत्वपूर्ण भूमिका बताते हुए उन्हें यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया। विशिष्ट अतिथि नवीन वर्मा द्वारा तेज गति से व 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को वाहन न चलाने हेतु समझाया गया। अन्य वक्ताओं द्वारा भी यातायात नियमों के बारे में बताते हुए छात्र/छात्राओं को नियमों का पालन करने हेतु अनुरोध किया गया। साथ ही सड़क सुरक्षा माह के अन्तर्गत विशेष कार्य करने वाले छात्र/छात्राओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। अन्त में राजेन्द्र प्रसाद, द्वारा सड़क सुरक्षा की गम्भीरता को बताते हुये सभी को धन्यवाद ज्ञापित कर कार्यक्रम का समापन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सुनील दत्त, सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन), आजमगढ़, विशिष्ट अतिथि नवीन वर्मा, एसीएफ, कृपाशंकर पाठक, अध्यक्ष, आटो यूनियन, राजेन्द्र प्रसाद यादव, प्रबन्धक सर्वोदय पब्लिक स्कूल, अतुल कुमार यादव, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन), आजमगढ़, संजय पाल, यातायात निरीक्षक, स्काउट गाइड के अवधेश यादव एवं स्काउट गाइड/एनसीसी के कैडेट, शिक्षक, छात्र/छात्राएं इत्यादि उपस्थित रहे।

निधन पर जताया शोक

मीरजापुर। मड़िहान थाना क्षेत्र ग्राम सभा कलवारी खुर्द निवासी एवं पैरा-लीगल वॉलंटियर (पीएलवी) जनपद न्यायालय मीरजापुर पंकज राज की दादी दुलारी देवी 85, पत्नी रामदीर का 85 वर्ष की अवस्था में शुक्रवार को निधन हो गया। जिनका अंतिम दाह संस्कार चील्ह घाट स्थित गंगा तट पर विधिपूर्वक किया गया। इस दौरान पत्रकार अनिल कुमार व अरसद खान, रामसागर, कालीचरण इत्यादि लोगों सहित सैकड़ों की संख्या में ग्रामीणों ने उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए शोक संवेदना व्यक्त किया है।

खेत में मिला किसान का शव

जौनपुर। खुटहन थाना क्षेत्र के नगवां गांव में शनिवार की सुबह घर से खेत की सिंचाई करने गया अधेड किसान का शव संदिग्ध हाल में खेत में पडा मिला। परिजनों ने हत्या किए जाने का आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर दिया है। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने छानबीन कर शव कब्जे में लेकर पीएम हेतु भेज दिया। बताते है कि उक्त गांव निवासी 53 वर्षीय दिनेश शर्मा शनिवार की सुबह घर से लगभग एक किमी दूर चैराहे बाबा मंदिर के पास अपनी चक में बोई गई फसल की सिंचाई करने गया था। दोपहर में परिजन उसे भोजन लेकर पहुंचे तो आवाज लगाने पर भी वह नहीं बोला। खोजने पर उसका शव खेत के मेड के पास पडा मिला। शोरगुल सुन तमाम लोग मौके पर पहुंच गए। घटना की जानकारी पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में ले लिया। मृतक की पत्नी श्रीमती देवी ने थाने में तहरीर देकर पति की हत्या किए जाने का आरोप लगाया है। थानाध्यक्ष रामाश्रय राय ने बताया कि पोस्टमार्टम की रिपोर्ट आने के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो पायेगी।

सूर्य नमस्कार योग अभ्यासों का एक समूह

मीरजापुर। नगर के पांडेपुर स्थित संस्कार पब्लिक स्कूल में पतंजलि युवा भारत एवं विंध्य योग सेवा धाम के संयुक्त तत्वाधान में पिछले एक पखवाड़ा से चल रहे बाल योग संस्कारशाला शिविर का भव्य समापन हुआ।

योग गुरु राष्ट्रीय योगासन जज योगी ज्वाला सिंह ने स्कूल के समस्त बच्चों को खड़े होकर करने वाले, बैठकर करने वाले, पेट की बल लेटकर करने वाले एवं पीठ की बल लेटकर करने वाले योग आसनों के साथ सूर्य नमस्कार का अभ्यास कराते हुए कहा कि सूर्यनमस्कार 12 शक्तिशाली योग अभ्यासों का एक समूह है जो शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए सबसे बेहतरीन अभ्यास है। यह लचीलापन बढ़ाने, वजन घटाने, पाचन तंत्र को सुधारने, मांसपेशियों को टोन करने, तनाव कम करने, एकाग्रता बढ़ाने और ब्लड सकुर्लेशन को बेहतर बनाने में सहायक है। बताया कि यह अभ्यास मनुष्य के पूरे शरीर को ऊर्जावान और चुस्त-दुरुस्त बनाए रखने के लिए एक संपूर्ण व्यायाम है। इसे हर किसी को अवश्य करना चाहिए क्योंकि यह अभ्यास मेटाबॉलिज्म को तेज करता है, जिससे तेजी से कैलोरी बर्न होती है और पेट की चर्बी कम करने में मदद मिलती है। रक्त संचार को बेहतर बनाता है जिससे संपूर्ण शरीर स्वस्थ और निरोग रहता है। शिविर के समापन अवसर पर प्रबंधक अनंत राज भंडारी ने कहा कि बाल योग संस्कारशाला शिविर का मुख्य उद्देश्य बच्चों को शिक्षा स्वास्थ के साथ संस्कारों से से परिचित कराना था, जैसे कि बच्चों को प्रातः काल सबसे पहले उठकर करदर्शन कर धरती माता को प्रणाम करते हुए अपने घर के माता-पिता दादा दादी को प्रणाम कर दिन की शुरूवात करनी चाहिए। साथ ही उन्हें इस बात से भी परिचय कराया गया कि जीवन में सफल होने के लिए शिक्षा स्वास्थ और संस्कार का बहुत जरूरी है। प्रधानाचार्या श्रीमती रितु भंडारी ने कहा कि पिछले 15 दिनों से चल रहे , बाल योग संस्कारशाला शिविर का आयोजन अत्यन्त सुन्दर और सराहनीय रहा जहां बच्चों के प्रतिभा लगन कला और कौशल को देखकर लगा कि सच में अगर बच्चों के जीवन में बाल्यकाल से ही योग प्राणायाम व्यायाम से शामिल किया जाए तो जीवन सच में हर बच्चा नशा व्यसन दुर्व्यसन से दूर रहकर जीवन में पूर्ण रूप से स्वस्थ निरोग रहते हुए भगवान्‌ के दिए हुए जीवन को सफल व सार्थक बना सकता है। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय प्रभारी तृप्ति श्रीवास्तव ने किया। इस अवसर पर वीना श्रीवास्तव, भारतीय अस्थाना, रुचिका शर्मा, रूपाली श्रीवास्तव, साक्षी कसेरा, संगीता विश्वकर्मा, अमित सिंह आदि शिक्षक उपस्थित रहे।

कंपोजिट विद्यालय में छात्रों ने ली सड़क सुरक्षा की शपथ

मीरजापुर। सिटी ब्लॉक के कंपोजिट विद्यालय शाहपुर चौसा में शनिवार को राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें छात्रों ने सड़क सुरक्षा की शपथ ली, साथ ही निबंध और पोस्टर प्रतियोगिताएं भी हुई। छात्रों ने सड़क सुरक्षा की शपथ लेते हुए सभी से दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट और चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट पहनने का आग्रह किया। उन्होंने तेज गति से वाहन न चलाने की भी अपील की।

इस दौरान राज्य शिक्षक पुरस्कार प्राप्त शिक्षिका श्रीमती शीला सिंह ने बच्चों को सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाई और सभी से यातायात के नियमों के पालन करने की अपील की। इस अवसर पर प्रधानाध्यापिका उषा देवी, राज्य शिक्षक पुरस्कार प्राप्त शिक्षिका श्रीमती शीला सिंह, रवि सिंह, आलोक गुप्ता, रीना सिंह, किरण सिंह, रचना व समस्त विद्यालय परिवार बच्चे आदि उपस्थित रहे।

डीआईओएस पर लगाया 25 लाख घूस लेने का आरोप

आजमगढ़। जनपद में एक हैरान करने वाला प्रकरण सामने आया है। यहां शिक्षक के पुत्र और पुत्री ने डीआईओएस पर वेतन भुगतान के लिए 25 लाख घूस लेने का आरोप लगाया। इन दिनों जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय फिर से आरोप-प्रत्यारोप के घेरे में आ गया है। शनिवार को संयुक्त शिक्षा निदेशक कार्यालय में जमकर हंगामा हुआ। शिक्षक के पुत्र ने डीआईओएस उपेंद्र कुमार पर वेतन भुगतान करने के नाम पर 25 लाख रुपये घूस लेने का आरोप लगाया। साथ ही 17 लाख रुपये और न मिलने पर वेतन अवरुद्ध करने का भी आरोप लगाया। करीब आधे घंटे तक कार्यालय में हंगामा होता रहा। संयुक्त शिक्षा निदेशक ने दोनों पक्षों को समझाते हुए मामले को शांत कराया और जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने का आश्वासन दिया।

जानकारी के मुताबिक अंजुमन इस्लामिया उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दौना लालगंज को वर्ष 2002 में सरकारी अनुदान में शामिल किया गया। इस दौरान तीन पुराने शिक्षकों के स्थान पर तीन नए लोगों को शामिल करते हुए नियुक्ति की गई। इसी को लेकर विवाद उत्पन्न हो गया। मामला कोर्ट में पहुंचा तो कोर्ट ने वेतन अवरुद्ध कर दिया। इधर, शिक्षक के पुत्र सौरभ तिवारी और डॉ. प्रिया तिवारी ने बताया कि वर्ष 2016 में कोर्ट से मुकदमा जीत गए। विपक्षी फिर से स्टे लेकर चले आए। वर्ष 2024 में न्यायालय ने फिर से शिक्षकों के पक्ष में फैसला सुनाया। कोर्ट ने फैसला दिया कि वर्ष 2016 में ही इसका फैसला दे दिया गया था शिक्षकों का वेतन भुगतान किया जाए। इसके बाद शिक्षक डीआईओएस उपेंद्र कुमार के पास पहुंचे और भुगतान के लिए प्रार्थना पत्र दिया। आरोप है कि डीआईओएस ने इस पर ध्यान नहीं दिया। इसके बाद जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में तैनात एक कर्मचारी ने उनसे और डीआईओएस के बीच मध्यस्थता की। आरोप है कि उसी के माध्यम से डीआईओएस ने 25 लाख रुपये लेकर भुगतान शुरू किया। डॉ. प्रिया और सौरभ तिवारी ने आरोप लगाया कि एक माह का भुगतान होने के बाद डीआईओएस उपेंद्र कुमार ने 17 लाख रुपये और मांग करते हुए फिर से वेतन रोक दिया। वेतन भुगतान होने का हवाला देते हुए शिक्षक फिर से कोर्ट चले गए। कोर्ट ने फिर से वेतन भुगतान करने के लिए आदेश दे दिया।

उपेंद्र कुमार एक माह के लिए अवकाश पर गए। इसी बीच डीआईओएस का प्रभार संभाल रहे वीरेंद्र प्रताप सिंह ने भुगतान शुरू कर दिया। अवकाश से आने के बाद उपेंद्र कुमार फिर से चार्ज संभाल लिए और वेतन अवरुद्ध कर दिया। इससे क्षुब्ध होकर शिक्षक के पुत्र सौरभ तिवारी और डॉ. प्रिया तिवारी संयुक्त शिक्षा निदेशक कार्यालय में पहुंचे तो संयुक्त शिक्षा निदेशक नवल किशोर, डीआईओएस उपेंद्र कुमार और वीरेंद्र प्रताप सिंह मौजूद मिले। शिक्षक के पुत्र सौरभ और डॉ. प्रिया हंगामा शुरू कर दिए। जानकारी होने पर आसपास के लोग भी मौके पर पहुंच और दोनों पक्षों को समझाने में जुट गए। अब देखना है कि पूरे प्रकरण में विभागीय रूख क्या होता है।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने किया आकस्मिक निरीक्षण

आजमगढ़। जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी रविन्द्र कुमार ने भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर चल रहे एसआईआर कार्यक्रम के दृष्टिगत विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 347 आजमगढ़ के विकास खंड पल्हनी के पंचायत भवन किशुनदासपुर में स्थित बूथ संख्या 44 का आकस्मिक निरीक्षण किया। बीएलओ शकुंतला शर्मा ने बताया कि यहां पर नो मैपिंग वाले 129 मतदाता है, 15 लोगों को नोटिस दिया जा चुका है। जिलाधिकारी महोदय को अवगत कराया गया कि अतहर, राजू, मो0 अमजद, रियाज तथा मोहम्मद आरिफ विदेश में रहते हैं। इसके पश्चात जिलाधिकारी ने प्राथमिक विद्यालय गोधपुर के बूथ संख्या 45 का निरीक्षण किया।

बीएलओ द्वारा बताया गया कि यहां पर कुल 164 नो मैपिंग वाले मतदाता हैं, सबको नोटिस दिया जा चुका है, इसमें से 25 लोगों ने आवश्यक अभिलेखों के साथ जमा कर दिया गया है, जिसको ऑनलाइन मतदाता सूची में अपडेट कर दिया गया है। जिलाधिकारी ने बीएलओ एवं सुपरवाइजर/लेखपाल को निर्देश दिया कि सभी नो मैपिंग वाले मतदाताओं को नोटिस दिया जाए तथा उनसे फोन पर वार्ता करके जो 13 आवश्यक अभिलेख हैं, के साथ फॉर्म भरकर जमा करायें, ताकि सभी का नाम मतदाता सूची में शामिल हो सके। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि नो मैपिंग वाले मतदाता जो आवश्यक अभिलेखों के साथ फार्म जमा करते हैं, उसको पोर्टल अपडेट करें।

गोवर्धन पूजा की कथा सुन श्रोता भावविभोर

ड्रमंडगंज, मीरजापुर। क्षेत्र के बबुरा कलां गांव में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के पांचवें दिन शनिवार को कथावाचक पंडित प्रेम मूर्ति महाराज ने भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं, माखन चोरी, पूतना वध और गोवर्धन लीला का अत्यंत भावपूर्ण वर्णन किया। कथावाचक ने कहा कि श्रीकृष्ण की लीलाएं केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि मानव जीवन को सही मार्ग दिखाने वाली हैं। भगवान कृष्ण ने गोवर्धन लीला के माध्यम से यह संदेश दिया कि अहंकार का त्याग कर ईश्वर और प्रकृति का सम्मान करना चाहिए। भगवान कृष्ण ने अपनी ऊंगली से गोवर्धन पर्वत को उठाकर देवराज इंद्र का मानमर्दन किया। कथावाचक ने कहा कि जीवन में कभी भी अहंकार नही करना चाहिए।कहा कि श्रीमद्भागवत कथा भगवान से साक्षात जोड़ने का कार्य करती है। कथा श्रवण से पापों का नाश हो जाता है।इस दौरान कथा यजमान इन्द्रकली मिश्रा, ओमप्रकाश मिश्र, शांति देवी, हरिशंकर मिश्र, आनंदनाथ मिश्र, पूर्व गृह सचिव मणि प्रसाद मिश्र, सूर्य प्रकाश मिश्र, श्याम बहादुर सिंह, शंकर सिंह, चंद्र दत्त त्रिपाठी, छविनाथ चौरसिया सहित सैकड़ों भक्तों ने कथा का रसपान किया।

मदद पहुंचाने वाले तीन राहवीर सम्मानित

जौनपुर। जनपद में सड़क सुरक्षा माह का आयोजन 01 जनवरी से 31 जनवरी तक किया गया। शनिवार को समापन पर पुलिस लाइन सभागार में जिलाधिकारी डा0 दिनेश चन्द्र और पुलिस अधीक्षक डा0 कौस्तुभ के द्वारा द्वीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरूआत की गयी। सहायक प्रवर्तन अधिकारी सत्येन्द्र कुमार के द्वारा अतिथियों का स्वागत किया गया।

जिलाधिकारी द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित बच्चों, एनसीसी0 सड़क सुरक्षा के दौरान घायल व्यक्तियों को मदद पहूँचाने वाले 03 राह-वीरों (मो0 राशिद, अनिल कुमार, घनश्याम) को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। उक्त के साथ माध्यमिक एवं महाविद्यालय के जनपद स्तरीय सड़क सुरक्षा प्रतियोंगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त बच्चों को सम्मानित किया गया। इसके साथ ही जनक कुमार इंटर कालेज, टी0डी0पी0जी0 कालेज के एनसीसी केडेटस, हरिहर इंटर नेशनल स्कूल, गुलाबी देवी इंटर कालेज के बच्चों को यातायात माह के दौरान जागरूकता कार्यक्रमों में बढ़ चढकर हिस्सा लेने पर उन्हे प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। जिलाधिकारी द्वारा बच्चों को सड़क सुरक्षा के सम्बन्ध में कहा गया कि सभी बच्चे सड़क सुरक्षा के नियमों को मन में आत्म सात कर ले और उसके पालन करने के लिए अपने प्रत्येक दिन के कार्य का हिस्सा बना लें। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि सड़क सुरक्षा

सप्ताह के दौरान जनपद में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाने हेतु विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें आमजन, छात्र-छात्राओं, वाहन चालकों एवं जनप्रतिनिधियों की सक्रिय सहभागिता रही। संचालन सलमान शेख ने किया। सी0ओ0 ट्रैफिक गिरेन्द्र सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डा0 गोरखनाथ पटेल, अधिशासी अभियन्ता प्रा0ख0 लो0नि0वि0 राजेन्द्र कुमार, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी ,सत्येन्द्र कुमार सिंह, सी0ओ0 सदर देवेश सिंह, आर0आई0 पुलिस लाइन दीन दयाल दीक्षित, चिकित्साधिकारी अरूण यादव, यात्री मालकर अधिकारी प्रमोद कुमार, सम्भागीय निरीक्षक (प्राविधिक) अशोक कुमार यादव, यातायात निरीक्षक सुशील मिश्रा, आदि मौजूद रहे।

सीएम से मिलकर एमएलसी ने अहरौला को नगर पंचायत बनाने की मांग उठायी

आजमगढ़। सूबे के मुखिया योगी आदित्यनाथ से मिलकर विधान परिषद् सदस्य रामसूरत राजभर ने जनहित में आसुत मिजार्पुर-माहुल-बेलवाई मार्ग के आगणन की स्वीकृति व अहरौला बाजार को नगर पंचायत का दर्जा दिलाने की मांग की है।

इस बावत जानकारी देते हुए एमएलसी के मण्डलीय प्रतिनिधि सौरभ उपाध्याय ने प्रेस को जारी जानकारी में बताया है कि आसुत मिजार्पुर-माहुल-बेलवाई मार्ग महत्वपूर्ण मार्ग है जो निजामाबाद, फूलपुर व पवई विधानसभाओं को जोड़ता हैं, इस मार्ग के दो लेन मार्ग का चौड़ीकरण व सुदृढ़ीकरण का कार्य किया जा चुका है लेकिन 32.140 किमी दो लेन का कार्य अभी भी शेष है। उक्त कार्य को 2025-26 की कार्ययोजना में लेकर प्राथमिकता के साथ शीघ्र पूर्ण कराए जाने हेतु आगणन स्वीकृति हेतु सीएम से मुलाकात किया गया।

मण्डलीय प्रतिनिधि सौरभ उपाध्याय ने यह भी बताया कि मुलाकात के दौरान एमएलसी श्री राजभर ने प्राचीन अहिरौला बाजार को नगर पंचायत का दर्जा दिया जाना समय की मांग हैं ताकि अहिरौला बाजार के बावत व्यावसायिक केंद्र, जनसंख्या एवं मानक, बुनियादी सुविधाओं की आवश्यकताओं व राजस्व एवं रोजगार में बढ़ोत्तरी हो सकें और आमजनमानस की सुविधाओ में इजाफा हो सकें। मण्डलीय प्रतिनिधि सौरभ उपाध्याय ने कहाकि एमएलसी रामसूरत राजभर लगातार आजमगढ़ के चतुर्दिक विकास को लेकर सीएम से मिलकर जनपद की आवश्यकताओं के बारे में चर्चा कराते हुए उसे अमलीजामा पहनाने के लिए प्रयासरत रहे है। शीघ्र ही पूरी उम्मीद है कि दोनों मांगों पर शासन की मुहर लगेगी जो जनपद के विकास में मिल का पत्थर साबित होगा।

चोरी का माल बरामद, तीन गिरफ्तार

जिला संवाददाता(vol)

जौनपुर। थाना मुंगराबादशाहपुर पुलिस द्वारा तीन लोगों को गिरफ्तार उनके कब्जे से एक ग्राइन्डर कटर मशीन,2727 रुपए नगद व अन्य सामान बरामद किया गया है।

पुलिस के अनुसार मुंगराबादशाहपुर पुलिस मुखबिर की सूचना के आधार पर थाना पर पंजीकृत धारा 303/331(4)/317(2) बीएनएस से सम्बंधित तीन अभियुक्त विकास पटेल पुत्र लाल बहादुर पटेल उर्फ लल्लू निवासी लतहरिया मण्डी गेट के सामने कस्बा मुंगराबादशाहपुर , सोनू मौर्या पुत्र वसन्त लाल उर्फ सुक्खू निवासी मछलीशहर रोड साहबगंज थाना मुंगराबादशाहपुर व. अजीत पटेल उर्फ कप्तान पुत्र छोटे लाल पटेल निवासी पकडी थाना मुँगराबादशाहपुर को तरहटी तिराहा के पास से बरामद चोरी के माल सहित हिरासत पुलिस में लिया गया। बरामदगी में 06 डिब्बा काजू कुल 53.100 किलोग्राम ,02 बैग इलायची कुल 19 किलोग्राम, एक बोरी मे रामदाना कुल 29.400 किलोग्राम,एक बैग मे लौंग कुल 09 किलोग्राम, एक बोरी मे बादाम कुल 11.200 किलोग्राम, 01 ग्राइन्डर कटर मशीन व अभियुक्तगणो के पास से 2727 रुपए नगद बरामद हुआ।

वनवासी बस्ती के लोगों को टीबी रोग के बारे में किया जागरूक

मीरजापुर। टीबी उन्मूलन कार्यक्रम के तहत जनपद के मझवां विकास खंड क्षेत्र स्थित बरैनी ग्राम के वनवासी बस्ती के लोगों को जागरूक किया गया। इस दौरान क्षय विभाग की डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर सतीश शंकर यादव द्वारा टीबी रोग के प्रति लोगों को जागरुक करते हुए टीबी के लक्षणों के बारे में जानकारी दी गई। बताया गया कि इससे घबराएं नहीं बल्कि अपने नजदीकी सरकारी अस्पताल में जाकर जांच कराकर दवा का नियमित सेवन करें, ताकि खुद के साथ परिवार को भी सुरक्षित रखा जा सके। इसी क्रम में टीबी के समस्त लक्षणों से परिचित कराते हुए उन्हें सरकारी स्तर से प्रदान की जाने वाली समस्त निःशुल्क सुविधाओं के विषय में विस्तार पूर्वक बताते हुए यह भी कहा कि जांचोंपरांत पाए गए टीबी प्रभावित मरीजों को सरकारी स्तर से ?1000 प्रतिमाह पोषण योजना के तहत खान-पान हेतु भी दिया जाता है। बताया गया कि टीबी लक्षणों से यदि आप किसी को कभी भी प्रभावित पाते हैं तो नजदीकी सरकारी स्वास्थ्य केंद्र से संपर्क कर उपरोक्त सुविधाओं का लाभ प्राप्त करते हुए शीघ्र स्वस्थ होकर अपने पूर्व की भांति अपने दिनचर्या को पूरा करें। कार्यक्रम के दौरान कछवां सीएचसी के प्रदीप कुमार, राकेश कुमार उपस्थित रहे।

एक करोड़ की शराब संग दो गिरफ्तार

जौनपुर। जिलें के थाना सिकरारा थाने व एसटीएफ की संयुक्त टीम ने 435 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब अनुमानित कीमत एक करोड रुपये) बरामद करते हुए,

दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। पुलिस अधीक्षक, डा0 कौस्तु ने बताया कि प्रभारी निरीक्षक सिकरारा व एसटीएफ टीम प्रयागराज की संयुक्त टीम द्वारा मुखबिर की सूचना के आधार पर चेकिंग के दौरान तस्करी की जा रही कि अवैध अंग्रेजी शराब 435 पेटी डीसीएम में राजधानी व्हिस्की 750 एमएल कुल अवैध अंग्रेजी शराब 5220 बोतल में कुल अवैध अंग्रेजी शराब 3915 लीटर के साथ पंकज पाल उर्फ टिटू पुत्र चन्द्रपाल निवासी दीनदयाल नगर थाना सिविल लाईन जनपद मुरादाबाद व प्रिन्स श्रीवास्तव उर्फ सिंटु पुत्र स्व0 रमेशन्द्र श्रीवास्तव नई बस्ती हुकुलगंज थाना लालपुर पाण्डेयपुर जनपद वाराणसी से बरामद करते हुए आयुष्मान आरोग्य उपकेन्द्र सिकरारा के पास से गिरफ्तार किया गया।

ड्रम के अंदर मिला मासूम का शव

जौनपुर। जिले के रामपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत भगेरी गांव में उस समय सनसनी फैल गई, जब पंचायत भवन में रखे एक ड्रम के अंदर चार वर्षीय मासूम बच्चे का शव बरामद हुआ। घटना की सूचना मिलते ही गांव में कोहराम मच गया और मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। भगेरी गांव निवासी बृजेश यादव का चार वर्षीय पुत्र ओम यादव शुक्रवार दोपहर घर के पास खिलौनों के साथ खेल रहा था। इसी दौरान वह अचानक लापता हो गया। काफी देर तक बच्चे के न मिलने पर परिजनों ने खोजबीन शुरू की, लेकिन जब उसका कोई सुराग नहीं मिला तो पुलिस को गुमशुदगी की सूचना दी गई।सूचना मिलते ही पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और गांव में सघन तलाशी अभियान चलाया गया। परिजनों द्वारा बताए गए संभावित स्थानों के साथ-साथ पंचायत भवन की भी तलाशी ली गई। अपराह्न जब पंचायत भवन में रखे एक ड्रम को खोला गया तो उसके अंदर मासूम ओम यादव का शव पाया गया।पुलिस द्वारा बच्चे को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। थाना प्रभारी के अनुसार, प्रारंभिक जांच में आशंका जताई जा रही है कि बच्चा पंचायत भवन की बाउंड्री वॉल के पास झांकते समय अनजाने में ड्रम में गिर गया होगा, जिससे दम घुटने के कारण उसकी मौत हो गई। मृतक बच्चे के दादा राजनाथ यादव ने अज्ञात लोगों पर हत्या का आरोप लगाते हुए शनिवार सुबह पुलिस को तहरीर सौंपी है। पुलिस ने पंचायत भवन को अपने कब्जे में लेकर सील कर दिया है। फोरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों की पुष्टि हो सकेगी। घटना के बाद गांव में शोक और सन्नाटा पसरा हुआ है। मासूम की मां फोटो देवी का रो-रोकर बुरा हाल है। वहीं बच्चे के पिता बृजेश कुमार, जो गुजरात की एक फैक्ट्री में काम करते हैं, घटना की जानकारी मिलते ही गांव के लिए रवाना हो चुके हैं। बृजेश के दो बेटे थे, जिनमें दिव्यांश जीवित है, जबकि ओम की मौत से परिवार पर दुखों का पहाड टूट पडा है।

खेल प्रतियोगिता से प्रतिभा दिखाने का मिलता है मौका

जौनपुर। युवा कल्याण एवं प्रादेशिक दल विभाग के तत्वाधान में विकासखण्ड के कम्मरपुर गांव स्थित खेल मैदान में विधानसभा-शाहगंज स्तरीय विधायक खेल स्पर्धा क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी विकास वर्मा के संयोजन में संपन्न हुई,जिसमें एथलेटिक्स,कुश्ती,कबड्डी,बालीबाल आदि खेल आयोजित हुये।प्रतियोगिता में विधानसभा शाहगंज क्षेत्र की विभिन्न टीमों ने प्रतिभाग किया। मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित शाहगंज विधायक रमेश सिंहने फीता काटकर क्रीडा प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। क्रीडा प्रतियोगिता में उपस्थित प्रतिभागियों एवं क्षेत्रीय गणमान्य लोगों को सम्बोधित करते हुए विधायक ने कहा कि खेल प्रतियोगिता युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर प्रदान करती है साथ हीं खेल के माध्यम से एक स्वस्थ और मजबूत समाज की नींव रखने का संदेश भी देती है।खेल जीवन का अभिन्न अंग है। यह केवल शारीरिक शक्ति ही नहीं बढाता, बल्कि मानसिक दृढता,अनुशासन और टीम भावना का भी पाठ पढाता है।विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित प्रमुख प्रतिनिधि डॉ.उमेश चन्द्र तिवारी ने अपने सम्बोधन में कहा किखेल के द्वारा युवाओं में बहुमुखी प्रतिभा का विकास होता है,साथ हीं खिलाडियों में अनुशासन एवं आपसी सौहार्द की भावना बलवती होती है।प्रतियोगिता में विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित खण्ड शिक्षा अधिकारी आनंद प्रकाश सिंह ने प्रतिभागियों को खेल की उपयोगिता बताते हुए खिलाडियों का उत्साह वर्धन किया।क्रीडा प्रतियोगिता में कबड्डी बालिका वर्ग में डेहरी की टीम विजेता तथा कस्तूरबा विद्यालय शाहगंज उपविजेता रही,वहीं बालीबाल में बालिका वर्ग में कस्तूरबा विद्यालय सुइथाकला की टीम विजेता तथा शाहगंज उप विजेता रही।100 मीटर दौड़ में सुमित प्रथम तथा संगम प्रजापति दूसरे स्थान पर रहे।400मीटर में मानसिंह प्रथम तथा सत्यम द्वितीय एवं 600 मीटर दौड में विवेक प्रथम एवं आयुष यादव ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।क्रीडा प्रतियोगिता के समापन पर एडीओ आइएसबी ब्रम्हानन्द यादव,जेई एमआई अनिल सिंह,ग्राम विकास-पंचायत अधिकारी राजेन्द्र सिंह सोनल,जितेंद्र शाह,सौरभ मिश्र,मान सिंह, सत्यम दयाल सहित अन्य अतिथियों द्वारा सफल प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र एवं पुरस्कार प्रदान किया गया।खेल प्रतियोगिता व्यायाम शिक्षक राकेश यादव,राय साहब सिंह,मनोज यादव ,धर्मेंद्र,विजय,जय प्रकाश,मनीष सिंह की देखरेख सम्पन्न हुई। बीइओ विकास वर्मा ने प्रतिभागी खलाडियों को शुभकामना दी।संचालन प्रधानाध्यापक पारस नाथ यादव ने किया।इस अवसर पर राज्यपाल पुरस्कृत प्रधानाध्यापक सतीश सिंह,सुधाकर सिंह,रमेश सिंह,जितेन्द्र,हनुमान प्रजापति,हरगोविन्द सहित खेल प्रेमी मौजूद रहे।

संक्षेप

फरवरी में चार तिथियों पर होंगे मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह

देवरिया। जनपद में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत फरवरी 2026 में चार तिथियों पर सामूहिक विवाह कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। यह जानकारी जिला समाज कल्याण अधिकारी श्री सुधीर पांडेय ने दी ।उन्होंने बताया कि योजना के तहत विकास खंड एवं नगर पालिका/नगर पंचायत स्तर से चयनित पात्र जोड़ों का विवाह नियत कार्यक्रमों में कराया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान चयनित जोड़ों की बायोमेट्रिक उपस्थिति अनिवार्य होगी ।श्री पांडेय ने बताया कि चयनित आवेदिका/कन्या एवं वर को अपने आधार कार्ड, आवेदन पत्र, पासपोर्ट साइज फोटो (दो), तथा आवेदिका/कन्या के बैंक पासबुक के साथ निर्धारित तिथि व स्थल पर प्रातः आठ बजे उपस्थित होना होगा। फरवरी को ओम मैरेज हॉल, तरकुलवा;4 फरवरी को प्रिंस पैलेस, कोटवा चौराहा, देवरिया;06 फरवरी को उत्सव लॉन में होगा।

सपा नेता को बरी करने के फैसले को चुनौती देगी राज्य सरकार

अयोध्या गैंगरेप केस

अयोध्या। सामूहिक दुष्कर्म मामले में अयोध्या की एक विशेष अदालत द्वारा समाजवादी पार्टी के नेता मोईद खान को बरी किए जाने को फैसले को उत्तर प्रदेश सरकार इलाहाबाद उच्च न्यायालय में चुनौती देने की तैयारी कर रही है। यह जानकारी शनिवार को एक विशेष लोक अभियोजक ने दी ।पीड़िता की मां ने खान को बरी किए जाने के लिए पुलिस जांच में लापरवाही और डीएनए रिपोर्ट में हेरफेर का आरोप लगाया। विशेष लोक अभियोजक वीरेंद्र कुमार ने संवाददाताओं से कहा कि अभियोजन पक्ष मोईद खान को बरी करने के स्थानीय पॉक्सो (यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण) अदालत के फैसले के खिलाफ उच्च न्यायालय में अपील करेगा। उन्होंने कहा कि हम इस मामले में अपनी लड़ाई जारी रखेंगे ।विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो अधिनियम) निरुपमा विक्रम की अदालत ने यह कहते हुए मोईद खान को बरी कर दिया था कि डीएनए रिपोर्ट सहित सभी सबूतों से उनके खिलाफ आरोप साबित नहीं होते। हालांकि, अदालत ने मोईद के घरेलू सहायक राजू खान को दोषी ठहराया और भ्रूण के डीएनए से मिलान होने के बाद उसे 20 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई ।अदालत के फैसले पर प्रतिक्रिया देते हुए पीड़िता की मां ने पुलिस जांच में लापरवाही का आरोप लगाया और कहा कि चूक के कारण सपा नेता को बरी कर दिया गया। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि डीएनए रिपोर्ट में हेरफेर किया गया। राजू की सजा पर उन्होंने कहा कि 20 साल का कठोर कारावास काफी नहीं है और उन्होंने उसके लिए मृत्युदंड की मांग की। इस बीच, मोईद खान के बेटे जहीर खान ने कहा कि परिवार उच्च न्यायालय में जोरदार पैरवी करने की तैयारी कर रहा है। उन्होंने दावा किया कि लगभग 50 दुकानों वाला बहुमंजिला वह शॉपिंग कॉम्प्लेक्स उनके पिता का नहीं बल्कि ब्रिटेन में रहने वाले उनके चाचा असगर अली का था। मामला सामने आने के बाद जिला प्रशासन ने शॉपिंग कॉम्प्लेक्स ध्वस्त कर दिया था। बुलडोजर कार्रवाई को अदालत में चुनौती दी जाएगी। सामूहिक दुष्कर्म मामले के आधार पर गैंगस्टर एक्ट के तहत की गई कार्रवाई को भी उच्च न्यायालय में चुनौती दी जाएगी। जहीर खान ने इस मामले के पीछे राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता का आरोप लगाते हुए कहा कि उनके पिता का नाम शुरुआती प्राथमिकी में नहीं था और बाद में जोड़ा गया। उन्होंने यह भी कहा कि घटना का वीडियो बनाए जाने का आरोप लगाया गया था, लेकिन मुकदमे के दौरान ऐसा कोई वीडियो सबूत के रूप में पेश नहीं किया गया। जहीर ने संवाददाताओं से कहा कि समाजवादी पार्टी के नेता संकट के समय परिवार का समर्थन करने के लिए आगे नहीं आए। उन्होंने दावा किया कि अयोध्या के सांसद अवधेश प्रसाद और पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव में से किसी ने भी घटना के बाद परिवार से मुलाकात नहीं की और न ही कोई सहायता प्रदान की ।उन्होंने कहा कि अदालत ने मेरे पिता को बरी कर दिया है, लेकिन आज भी हमें लोगों को यह विश्वास दिलाना पड़ता है कि उन्होंने अपराध नहीं किया। अगर वह निर्दोष हैं, तो उनके खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत मामला कैसे दर्ज किया गया? अधिकारियों ने बताया कि सामूहिक दुष्कर्म के मामले में बरी होने के बावजूद, मोईद खान गैंगस्टर एक्ट के तहत एक अलग मामले में जेल में बंद हैं।

बच्चों की शत-प्रतिशत भागीदारी बढ़ाने के लिए चैपाल का हुआ आयोजन

सोहावल-अयोध्या। न्याय पंचायत स्तर पर निपुण भारत मिशन के निर्धारित लक्ष्यों की प्रगति तथा जन समुदाय की भागीदारी बढ़ाने के लिए उत्तर प्रदेश निपुण प्रदेश के अंतर्गत कंपोजिट विद्यालय करेरू, शिक्षा क्षेत्र सोहावल में शिक्षा चैपाल का आयोजन किया गया। शिक्षा चैपाल में जनप्रतिनिधियों, ग्राम प्रधान एवं सदस्य तथा न्यायपंचायत क्षेत्र के विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों व बच्चों के अभिभावकों ने बढ़-चढ़ प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का संचालन कंपोजिट विद्यालय करेरू के शिक्षामित्र विनोद कुमार यादव ने किया। मुख्य अतिथि के रूप में अवनीश तिवारी ने अभिभावकों से बच्चों को शत प्रतिशत नियमित विद्यालय भेजने का आह्वान किया। तथा चैपाल के उद्देश्य एवं महत्व पर विस्तार पूर्वक चर्चा एआरपी संग्राम मौर्य ने किया। कार्यक्रम का आयोजन नोडल शिक्षण संकुल अनुज कुमार ने किया। कार्यक्रम में शिक्षण संकुल हृदय राम, शशि कांत विश्वकर्मा, ओम प्रकाश आदि उपस्थितरहे।

प्रेक्षक की अध्यक्षता में राजनीतिक दलों के साथ बैठक संपन्न

देवरिया । प्रेक्षक श्री सिद्धार्थ जैन, आईएएस (संयुक्त सचिव, सहकारिता मंत्रालय, भारत सरकार) की अध्यक्षता में विकास भवन स्थित गांधी सभागार में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल एवं मुख्य विकास अधिकारी श्री राजेश कुमार सिंह भी उपस्थित रहे ।बैठक के दौरान विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों (ईआरओ) के साथ मतदाता सूची से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों द्वारा मतदाता सूची में नाम जोड़ने, हटाने, संशोधन एवं स्थानांतरण से संबंधित समस्याओं को प्रमुखता से उठाया गया ।प्रेक्षक महोदय द्वारा सभी प्रतिनिधियों की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना गया तथा निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित फॉर्म-6, फॉर्म-7 एवं फॉर्म-8 को सही ढंग से भरने की प्रक्रिया के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार फॉर्म भरकर पात्र नागरिक आसानी से मतदाता सूची से जुड़ी कार्यवाही पूर्ण कर सकते हैं ।जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल ने आश्वस्त किया कि प्राप्त सभी शिकायतों एवं सुझावों का नियमानुसार एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाएगा। बैठक सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई।

पूर्व आईपीएस अमिताभ ठाकुर अस्पताल में भर्ती

देवरिया। पूर्व आईपीएस अधिकारी अमिताभ ठाकुर को तबियत बिगड़ने पर शनिवार को देवरिया मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। पूर्व भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) अधिकारी ठाकुर धोखाधड़ी के आरोप में देवरिया जिला जेल में बंद हैं। मेडिकल कॉलेज के प्रवक्ता डॉ. अजय ने यहां बताया कि अमिताभ ठाकुर को पेट दर्द और घबराहट की समस्या होने पर जेल के डॉक्टर के सुझाव पर आज देवरिया जिला जेल से एंबुलेंस से मेडिकल कॉलेज लाया गया, जहां उनका उपचार किया जा रहा है ।डॉ. अजय ने बताया कि सर्जरी विभाग के डॉ. राकेश कुमार और उनकी टीम ठाकुर का उपचार कर रही है। जांच में पेट दर्द का कारण अपेंडिक्स से जुड़ा होना बताया जा रहा है। आज ही उनका अल्ट्रासाउंड और खून की जांच की गई तथा अन्य जांच भी किए जा रहे हैं। प्रवक्ता ने बताया कि अगर जरूरत पड़ी तो उनके अपेंडिक्स का ऑपरेशन भी किया जा सकता है। उन्हें सर्जरी वार्ड में रखा गया है। उनकी सुरक्षा में छह पुलिसकर्मियों को लगाया गया है। ठाकुर पर पुरवा औद्योगिक एस्टेट में जमीन के आवंटन में अनियमितताओं का आरोप है, जिसमें उनकी पत्नी के नाम पर रिकॉर्ड में कथित हेराफेरी शामिल है। इसी सिलसिले में उन्हें दिसंबर 2025 में गिरफ्तार किया गया था।

डॉ. संदीप को मिली एक और उपलब्धि चिकित्सा जगत में बढ़ाया देश का मान

जिला संवाददाता

कुशीनगर। चिकित्सा सेवा, ज्ञान, मानवीय संवेदना और समर्पण की निरंतर यात्रा में कुशीनगर जनपद का नाम राष्ट्रीय फलक पर रोशन करने वाले ख्याति प्राप्त चिकित्सक डॉ. संदीप अरुण श्रीवास्तव की उपलब्धियों की श्रृंखला में एक के बाद एक स्वर्णिम अध्याय जुड़ते जा रहे हैं। पडोसी राज्य बिहार के पटना में आयोजित एसोसिएशन ऑफ फिजिशियंस ऑफ इंडिया के 81वें वार्षिक अधिवेशनझ2026 में उन्हें ह्लफेलो ऑफ इंडियन कॉलेज ऑफ फिजिशियंस (एफआईसीपी)ह्व जैसे अत्यंत प्रतिष्ठित सम्मान से नवाजा गया, जिसने चिकित्सा जगत में उनकी सशक्त उपस्थिति को और भी ज्यादा मजबूत किया है ।सम्मेलन मे देश-विदेश से आए नामचीन चिकित्सकों, शोधकताओं और विशेषज्ञों की उपस्थिति में मिला यह सम्मान इस बात का प्रमाण है कि डॉ. श्रीवास्तव ने चिकित्सा जगत में अपनी विद्वता, अनुभव और सेवा भावना से एक विशिष्ट पहचान स्थापित की है। एफआईसीपी उपाधि चिकित्सा क्षेत्र की उन चुनिंदा उपलब्धियों में गिनी जाती है, जो केवल उन्हीं चिकित्सकों को प्रदान की जाती है जिन्होंने चिकित्सा विज्ञान, शोध, शिक्षण और रोगी सेवा में उल्लेखनीय योगदान दिया हो।

- **कुशीनगर का परचम देशभर में लहराया: डॉ. संदीप अरुण श्रीवास्तव को दो-दो राष्ट्रीय फेलोशिप**
- **देश के गौरव को राष्ट्रीय मंच पर दोहरी उपलब्धि**

गुरु और माता-पिता के मार्गदर्शन, विश्वास और समर्थन का परिणाम है यह उपलब्धि

इस ऐतिहासिक क्षण पर डॉ. संदीप अरुण श्रीवास्तव ने अपनी खुशी व्यक्त करते हुए इस उपलब्धि का श्रेय अपने गुरुजनों, सहयोगियों, मित्रों और परिवार को दिया। उन्होंने कहा कि यह सम्मान उनके निरंतर मार्गदर्शन, विश्वास और समर्थन का परिणाम है। साथ ही उन्होंने अपने मरीजों के प्रति विशेष आभार जताते हुए कहा कि मरीजों का विश्वास ही उनकी सबसे बड़ी प्रेरणा शक्ति है और वही उन्हें निरंतर बेहतर चिकित्सा सेवा देने के लिए प्रेरित करता है। एमबीबीएस, एमडी (मेडिसिन) जैसी मजबूत शैक्षणिक पृष्ठभूमि के साथ-साथ एफआईसीपी, एफआईएसीएम, एफआईएसएच, सीसीईबीडीएम जैसी प्रतिष्ठित उपाधियों से सुसज्जित डॉ. श्रीवास्तव पहले से ही चिकित्सा जगत में एक स्थापित और विश्वसनीय नाम रहे हैं। अब एफआईसीपी सम्मान ने उनकी उपलब्धियों के मुकुट में एक और चमकदार पंख जोड़ दिया है।

डॉ. श्रीवास्तव का मानना है कि चिकित्सा केवल एक पेशा नहीं, बल्कि मानवता की सेवा का सर्वोच्च माध्यम है। उन्होंने भविष्य में भी पूरी निष्ठा, ईमानदारी और संवेदनशीलता के साथ मरीजों की सेवा करते रहने का संकल्प दोहराया। उनकी यह उपलब्धि न केवल उनके परिवार और सहयोगियों के लिए गर्व का विषय है, बल्कि युवा चिकित्सकों के लिए भी प्रेरणादायक है।

इसके पूर्व भी मिल चुका है राष्ट्रीय सम्मान

बतादे कि इससे पूर्व भी डॉ. श्रीवास्तव को चिकित्सा के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए राष्ट्रीय मंच पर सम्मानित किया जा चुका है। इंडियन एसोसिएशन ऑफ क्लिनिकल मेडिसिन के तत्वावधान में 15 नवंबर को आयोजित वार्षिक सम्मेलन में, आम रोगियों की निःस्वार्थ सेवा, सुलभ चिकित्सा और क्लिनिकल मेडिसिन के क्षेत्र में विशेष योगदान के लिए उन्हें फेलोशिप सम्मान प्रदान किया गया था। कहना ना होगा कि एक ही वर्ष में दो प्रतिष्ठित राष्ट्रीय सम्मानों से सम्मानित होना न केवल डॉ. संदीप अरुण श्रीवास्तव की व्यक्तिगत उपलब्धि है, बल्कि कुशीनगर जनपद के लिए भी गर्व का विषय है। उनकी यह सफलता युवा चिकित्सकों के लिए प्रेरणास्रोत बनकर यह संदेश देती है कि निरंतर परिश्रम, मानवीय दृष्टिकोण और सेवा भावना से किसी भी चिकित्सक को राष्ट्रीय पहचान मिल सकती है।

राम मंदिर के सभी निर्माण कार्य 30 अप्रैल तक होंगे पूरे: नृपेंद्र मिश्रा

अयोध्या। राम मंदिर निर्माण समिति की दो दिवसीय बैठक संपन्न हो गई। बैठक के उपरांत मीडिया से बातचीत करते हुए राम मंदिर ट्रस्ट के चेयरमैन नृपेंद्र मिश्रा ने मंदिर निर्माण से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां साझा कीं। उन्होंने बताया कि 30 अप्रैल 2026 तक राम मंदिर से संबंधित सभी निर्माण कार्य पूर्ण कर लिए जाएंगे। निर्माण कार्य पूरा होने के बाद निर्माण एजेंसियां एलएंडटी और टाटा कंसलटेंसी मंदिर परिसर से हट जाएंगी। इसके साथ ही सभी दस्तावेजों को अंतिम रूप देने और बिलों के भुगतान की प्रक्रिया भी 30 अप्रैल तक पूरी करने के निर्देश दिए गए हैं।

नृपेंद्र मिश्रा ने बताया कि एलएंडटी और टाटा कंसलटेंसी ने मंदिर निर्माण कार्य पर तीन वर्षों की गारंटी दी है। साथ ही मंदिर के रखरखाव के लिए दोनों संस्थानों की एक छोटी तकनीकी इकाई (स्मॉल यूनिट) मंदिर परिसर में तैनात रहेगी। एलएंडटी, टाटा कंसलटेंसी और राज्य निर्माण निगम के साथ किए गए सभी एग्रीमेंट अब ट्रस्ट के अधीन कर लिए जाएंगे।

उन्होंने बताया कि ऑडिटोरियम का निर्माण कार्य अभी शेष है, जिसे अप्रैल 2026 तक पूरा किए जाने की संभावना है। राम मंदिर निर्माण पर कुल करीब 1900 करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान है, जिसमें से अब तक 1600 करोड़ रुपये का भुगतान जीएसटी सहित किया जा चुका है। नृपेंद्र मिश्रा ने जानकारी दी कि कैंसर इंस्टीट्यूट का डिजाइन तैयार हो चुका है, हालांकि भूमि हस्तांतरण की प्रक्रिया में देरी हो रही है।

वहीं, सप्त मंदिर में आम श्रद्धालुओं के दर्शन मार्च महीने से शुरू होने की संभावना जताई गई ।

डीएम ने ली स्वास्थ्य समिति शासी निकाय की बैठक

कुशीनगर। जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर की अध्यक्षता में स्वास्थ्य समिति शासी निकाय की एक महत्वपूर्ण बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में जनपद में स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित समस्त योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की गई।

समीक्षा के दौरान संस्थागत प्रसव, आशा कार्यकत्रियों के भुगतान, आयुष्मान आरोग्य मंदिरों की स्थिति, विभिन्न टीकाकरण कार्यक्रम, स्वास्थ्य विभाग से संबंधित निर्माण कार्य, नसबंदी, अंतरा इंजेक्शन, एईएस/जेई सहित अन्य स्वास्थ्य योजनाओं में हुई प्रगति की जानकारी लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

बैठक के दौरान स्वास्थ्य विभाग में नव नियुक्त 24 एमबीबीएस चिकित्सकों से परिचय प्राप्त करते हुए उन्हें बधाई दी गई तथा कार्य के प्रति सजग रहते हुए सौंपे गए दायित्वों का पूर्ण निष्ठा से निर्वहन करने की अपेक्षा व्यक्त की गई। इस अवसर पर जिलाधिकारी द्वारा जन औषधि केंद्र संचालित करने वाले वेंडरों से वार्ता कर जन औषधि केंद्रों की स्थिति की जानकारी ली गई तथा अवशेष केंद्रों की स्थापना के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए गए ।समीक्षा में पाया गया कि आशा कार्यकत्रियों का भुगतान माह दिसम्बर तक कर दिया गया है। सीएचसी स्तर पर वाई-डिलेवरी से संबंधित विगत बैठक में दिए गए निर्देशों के क्रम में जानकारी ली गई, जिस पर एमवाईसी द्वारा तकनीकी समस्या का उल्लेख करते हुए बताया गया कि उसका विवरण पंजिका में अंकित है। इस पर जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया कि मुख्य विकास अधिकारी द्वारा चयनित 5-5 ग्रामों की सूची के अनुसार संबंधित पंजिका अगले सप्ताह कैम्प कार्यालय में उपलब्ध कराई जाए। बैठक में गर्भवती महिलाओं की नियमित जांच एवं पंजीकरण प्रक्रिया को अद्यतन रखने के निर्देश दिए गए। इसके अतिरिक्त मातृ मृत्यु (मेटर्नल डेथ) के मामलों में की गई कार्यवाही की भी समीक्षा की गई तथा रिक्त पदों के सापेक्ष अवशेष भर्तियां शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए। विभिन्न प्रकार के टीकाकरण कार्यक्रमों की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने इन्हें शत-प्रतिशत पूर्ण कराने के निर्देश दिए। साथ ही परिवार नियोजन कार्यक्रम के अंतर्गत 16 फरवरी से 27 फरवरी तक संचालित होने वाले विशेष अभियान के संबंध में आमजन को व्यापक रूप से जागरूक करने पर बल दिया गया। टीबी मुक्त भारत अभियान की प्रगति की समीक्षा करते हुए कुष्ठ रोग जागरूकता कार्यक्रम को और अधिक प्रभावी बनाए जाने हेतु जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी एवं जिला पंचायत राज अधिकारी को आवश्यक निर्देश दिए गए। आयुष्मान भारत योजना की समीक्षा में अवगत कराया गया कि जनपद में 15,40,233 पात्र लाभार्थियों के सापेक्ष अब तक लगभग 9,67,000 आयुष्मान कार्ड बनाए जा चुके हैं। इस पर जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि शेष कार्ड मार्च माह तक अनिवार्य रूप से बनाए जाएं, अन्यथा संबंधित के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी। इसके अतिरिक्त रेफर किए जाने वाले मरीजों, डेथ ऑडिट, पोस्टमार्टम से संबंधित मामलों की समीक्षा की गई ।

ट्रेलर की टक्कर से एक व्यक्ति की मौत

कुशीनगर। पटहेरवा थाना क्षेत्र के पटहेरिया चौराहा पर शनिवार को पत्नी के साथ बाजार से गांव वापस लौट रहे एक व्यक्ति को राजमार्ग पार करते समय तेज रफ्तार ट्रेलर ने कुचल दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मृत्यु हो गई। पुलिस ने बताया कि हादसे के बाद ट्रेलर चालक मौके पर वाहन छोड़कर फरार हो गया ।पुलिस के अनुसार जिले के पटहेरवा थाना पुलिस ट्रेलर को कब्जे में लेकर चालक की तलाश कर रही है। उसने बताया कि बलुआ शमशेर शाही के रहने वाले 50 वर्षीय श्रीकिशुन प्रसाद पत्नी कांति देवी के साथ किसी कार्य से बाजार आए थे। यहां से गांव वापस जाने के लिए दंपती पटहेरिया चौराहा के समीप राजमार्ग को पार कर रहा था, इसी दौरान फाजिलनगर की ओर से आ रहे तेजगति ट्रेलर ने श्रीकिशुन को कुचल दिया। प्रसाद की मौके पर ही मौत हो गई जबकि पत्नी बाल-बाल बची ।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार चौराहे पर ओवरब्रिज का निर्माण चल रहा है। इस कारण बैरिकेडिंग की गई है। उन्होंने दावा किया कि राजमार्ग की केवल एक लेन ही छोटे बड़े वाहनों के लिए खोली गई है तथा सतर्कता को लेकर कोई इंतजाम नहीं किए गए हैं जिससे बार-बार दुर्घटनाएं हो रही हैं ।पटहेरवा के थाना प्रभारी धीरेंद्र कुमार राय ने बताया कि दुर्घटना में शामिल ट्रेलर को कब्जे में ले लिया गया है। विधिक कार्वाई के बाद चालक की तलाश की जा रही है।

अटल आवासीय विद्यालय में प्रवेश के लिए आवेदन की तिथि बढ़ी

कुशीनगर। श्रम विभाग में पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के बच्चों एवं अनाथ बच्चों को उच्च गुणवत्तापूर्ण एवं निशुल्क शिक्षा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से संचालित अटल आवासीय विद्यालय में कक्षा 06 एवं 09 में प्रवेश हेतु आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ा दी गई है। अब इच्छुक पात्र अभ्यर्थी 15 फरवरी 2026 तक आवेदन कर सकते हैं ।अटल आवासीय विद्यालय में प्रवेश हेतु ऐसे निर्माण श्रमिक पात्र होंगे, जो उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड के अंतर्गत 30 नवम्बर 2022 तक पंजीकृत हों। ऐसे पंजीकृत श्रमिकों के अधिकतम दो बच्चे प्रवेश हेतु पात्र होंगे। इसके अतिरिक्त महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के अंतर्गत छात्रवृत्ति प्राप्त करने वाले अनाथ बच्चे भी आवेदन के लिए पात्र होंगे। आवेदन पत्र जिला श्रम कार्यालय, रामकोला रोड, शनि मंदिर के सामने, पडरौना, कुशीनगर से प्राप्त किए जा सकते हैं। इसके अतिरिक्त आवेदन प्रक्रिया के संबंध में जानकारी हेतु मोबाइल नंबर 9984581938 एवं 9415322990 पर संपर्क किया जा सकता है अथवा वेबसाइट के माध्यम से भी आवेदन किया जा सकता है। इस संबंध में महानिदेशक, अटल आवासीय विद्यालय द्वारा जारी पत्रदिनांक 31.01.2026 के माध्यम से आवेदन की अंतिम तिथि को 31 जनवरी 2026 से बढ़ाकर 15 फरवरी 2026 किया गया है। साथ ही प्रवेश परीक्षा की तिथि भी 22 फरवरी 2026 के स्थान पर 08 मार्च 2026 निर्धारित की गई है। उक्त जानकारी श्रम प्रवर्तन अधिकारी, अलंकृता उपाध्याय द्वारा दी गई।

04 फरवरी को कुशीनगर में महिला जनसुनवाई एवं निरीक्षण कार्यक्रम

कुशीनगर। उ.प्र. राज्य महिला आयोग के निदेर्शानुसार महिला उत्पीड़न की रोकथाम एवं पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाने के उद्देश्य से 04 फरवरी 2026 को जनपद कुशीनगर में महिला जनसुनवाई एवं भ्रमण/निरीक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा ।कार्यक्रम की अध्यक्षता उ.प्र. राज्य महिला आयोग की माननीय सदस्य श्रीमती जनक नंदिनी द्वारा की जाएगी, जिन्हें कुशीनगर जनपद के लिए नामित किया गया है। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्रातः 09:00 बजे सर्किट हाउस, पड़रौना में विभागीय अधिकारियों से बैठक, 09:30 बजे महिला अस्पताल (पीएचसी/सीएचसी) का निरीक्षण, पूर्वाह्न 11:00 बजे विकास भवन/तहसील सभागार सदर में महिला जनसुनवाई, 12:30 बजे वन स्टॉप सेंटर का निरीक्षण, दोपहर 02:00 बजे पिंक बूथ, 02:30 बजे कसया ब्लॉक में जागरूकता जन चौपाल, आंगनबाड़ी, गोद भराई एवं अन्नप्रासन कार्यक्रम तथा 03:30 बजे कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय का निरीक्षण किया जाएगा ।महिला जनसुनवाई में जिलाधिकारी द्वारा नामित वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा नामित उनके प्रतिनिधि, संबंधित क्षेत्राधिकारी, महिला थानाध्यक्ष, जिला कार्यक्रम अधिकारी एवं जिला प्रोबेशन अधिकारी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहेंगे ।जनसुनवाई के दौरान महिला उत्पीड़न से संबंधित मामलों की समीक्षा कर शिकायतों का त्वरित निस्तारण किया जाएगा। जिला प्रोबेशन अधिकारी ने जनपद की महिलाओं से अपील की है कि वे अपनी समस्याओं के समाधान हेतु निर्धारित समय पर महिला जनसुनवाई में उपस्थित होकर अपनी बात रखें।

जल संसाधन प्रबंधन की आवश्यकता: प्रो. डी. नागेश

अयोध्या। डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय अयोध्या के सिविल इंजीनियरिंग विभाग एवं पर्यावरण विज्ञान विभाग के संयुक्त तत्वधान में ह्यह्यजल संसाधनों पर जलवायु परिवर्तन का प्रभावविषय पर एक दिवसीय संवादात्मक विशेष व्याख्यान का आयोजन कुलपति कर्नल डॉ. बिजेन्द्र सिंह के निर्देशन में किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य सिविल इंजीनियरिंग एवं पर्यावरण विज्ञान के छात्रों एवं शोधार्थियों को जल संसाधन एवं जलवायु परिवर्तन के क्षेत्र में कैरियर की सम्भावनाएं बताना था।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता सिविल इंजीनियरिंग विभाग के विभागाध्यक्ष भारतीय विज्ञान संस्थान; बैंगलुरू प्रो. डी. नागेश कुमार रहे। उन्होंने बताया कि जलवायु परिवर्तन के कारण वर्षा प्रतिरूप में परिवर्तन हो रहा है, जिस का प्रभाव सतह एवं भू-जल संसाधनों पर स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है। उन्होंने बाढ़ एवं सूखा जैसी चरम जल घटनाओं की बढ़ती संख्या पर चर्चा करते हुए सतत जल संसाधन प्रबंधन की आवश्यकता बताई ।प्रो. नागेश ने यह भी बताया कि जल संसाधन, जलवायु परिवर्तन, पर्यावरण प्रबंधन, ड्रेन एवं सफाई प्रबंधन जैसे क्षेत्रों में सिविल इंजीनियरी एवं पर्यावरण विज्ञान के छात्रों के लिए भविष्य में विस्तृत कैरियर के अवसर उपलब्ध हैं।

अब कुशीनगर से उठेगी अंतरिक्ष की उड़ान, पडरौना ने रचा राष्ट्रीय इतिहास

जिला संवाददाता

कुशीनगर। इसरो की चंद्रयान विजय ने भारत के वैज्ञानिक इतिहास में जहां स्वर्णिम अध्याय जोड़ा, वही इस प्रेरणा ने कुशीनगर के पडरौना नगर को राष्ट्रीय फलक के कतार में खड़ा कर दिया है। पडरौना नगर पालिका परिषद देश की पहली ऐसी नगरपालिका बनने जा रही है जिसने अंतरिक्ष विज्ञान एवं इनोवेशन प्रयोगशाला स्थापित करने की ऐतिहासिक पहल की है। यह कदम न सिर्फ स्थानीय युवाओं के लिए अवसरों के द्वार खोलेगा, बल्कि छोटे शहरों की सोच और संभावनाओं को भी नई दिशा देगा ।बेशक! जिला मुख्यालय पडरौना नगर अब सिर्फ प्रशासनिक पहचान तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि विज्ञान और नवाचार के मानचित्र पर भी अपनी अलग छाप छोड़ने की तैयारी में है। नगर पालिका परिषद अध्यक्ष विनय जायसवाल की दूरदर्शी सोच और पहल पर पडरौना शहर में अंतरिक्ष विज्ञान एवं इनोवेशन प्रयोगशाला की स्थापना का कार्य तेजी से अंतिम चरण में पहुँच चुका है। खास बात यह है कि पडरौना देश की पहली नगर पालिका परिषद बन रही है जिसने इस स्तर पर अंतरिक्ष विज्ञान प्रयोगशाला स्थापित करने का साहसिक निर्णय लिया है। अब तक इस तरह की पहल निजी संस्थानों तक सीमित रही हैं, लेकिन नपाध्यक्ष विनय जायसवाल ने यह मिथक तोड़ते हुए छोटे शहरों की क्षमता को राष्ट्रीय मंच पर स्थापित करने का बीड़ा उठाया है। बताया जाता है कि प्रयोगशाला की लगभग 90 फीसदी जमीनी तैयारियाँ पूरी हो चुकी हैं। भवन चयन, तकनीकी उपकरणों की खरीद, डिजिटल सेटअप और प्रशिक्षण मॉड्यूल की रूपरेखा तैयार कर ली गई है। जल्द ही देश के नामी-गिरामी वैज्ञानिकों द्वारा इसका औपचारिक शुभारंभ किया जाएगा, जो अपने आप में नगर के लिए गौरव का क्षण होगा और उसके साक्षी बनेगे पडरौना नगर के बाशिंदे।

- **देश की पहली नगर पालिका बनी पडरौना, चाँद की सफलता से प्रेरित होकर अंतरिक्ष विज्ञान प्रयोगशाला की ऐतिहासिक पहल**
- **सपने नहीं, वैज्ञानिक तैयार होंगे– पडरौना की ऐतिहासिक पहल**

विनय जायसवाल बोले पडरौना की प्रयोगशाला भविष्य के वैज्ञानिकों की होगी पाठशाला

नगर पालिका अध्यक्ष विनय जायसवाल ने इस पहल को लेकर कहाइसरो की सफलता ने यह साबित कर दिया है कि भारतीय प्रतिभा किसी से कम नहीं। हमने सोचा कि क्यों न कुशीनगर के बच्चों को भी वही मंच दिया जाए, जिससे वे बड़े सपने देख सकें और उन्हें यहीं से उड़ान मिल सके। पडरौना की यह प्रयोगशाला केवल एक भवन नहीं, बल्कि भविष्य के वैज्ञानिकों की पाठशाला होगी ।ह्व उन्होंने कहा कि इस प्रयोगशाला में छात्रों को स्पेस साइंस, रोबोटिक्स, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मॉडल सैटेलाइट निर्माण, 3डी प्रिंटिंग और इनोवेशन प्रोजेक्ट्स पर काम करने का अवसर मिलेगा। नगर पालिका का लक्ष्य है कि विज्ञान केवल किताबों तक सीमित न रहे, बल्कि बच्चों के हाथों में प्रयोग और अनुभव के रूप में पहुंचे। चेयरमैन श्री जायसवाल ने इस ऐतिहासिक पहल का श्रेय देश के नेतृत्व को देते हुए कहा कि ह्लदेश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व और ह्यन्यू इंडियाह्ल के विज्ञानझतकनीक आधारित विजन, तथा उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की विकासोन्मुखी और प्रेरणादायी नीतियों से ही हमें यह साहसिक और ऐतिहासिक कदम उठाने का बल मिला है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में भारत आज अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में विश्व पटल पर नई ऊँचाइयाँ छू रहा है और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश विकास और नवाचार की नई इबारत लिख रहा है ।ह्व उन्होंने आगे कहा कि ह्लइसी प्रेरणा को धरातल पर उतारते हुए पडरौना नगर के जूनियर हाई स्कूल मे राष्ट्र संत महंथ अवैधनाथ अंतरिक्ष विज्ञान एवं इनोवेशन प्रयोगशाला की स्थापना की जा रही है, ताकि छोटे शहरों के बच्चे भी बड़े सपने देखें और उन्हें साकार करने का अवसर यहा मिल सके ।ह्वअंत मे उन्होने कहा कि ह्लसपनों की कोई सीमा नहीं, बस सोच में उड़ान होनी चाहिए।

शिक्षा जगत में उत्साह, युवाओं में नयी उम्मीद

स्थानीय नागरिकों व शिक्षा जगत से जुडे लोगो का मानना है कि नगर पालिका चेयरमैन विनय जायसवाल की दूरगामी सोच और उनकी यह यह पहल जिले के छात्रों के लिए क्रांतिकारी साबित हो सकती है। अक्सर संसाधनों की कमी के कारण ग्रामीण और छोटे शहरों की प्रतिभाएं पीछे रह जाती हैं, लेकिन इस प्रयोगशाला के माध्यम से उन्हें महानगरों जैसी सुविधाएँ अपने ही नगर में मिलेंगी।

संक्षेप

ट्रक पलटा, चालक व कंडक्टर बाल-बाल बचे

फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। क्षेत्र के गांव साल्हे पुर पुरवा मे सुबह मौरंग लेकर जा रहा ट्रक अचानक पलट गया। जिससे चालक व कंडक्टर को मामूली चोट आई। वहीं उधर से गुजर रहे ग्रामीण ट्रक पलटता देख भाग खड़े हुए जिससे सभी बाल बाल बच गए कोई बड़ा हादसा होने से बच गया। क्षेत्र में बन रही एक सड़क के लिए मऊ गांव निवासी चालक मोहित ट्रक में मौरंग लेकर जा रहा था। अभी चालक ट्रक लेकर सालेहपुर पुरवा गांव के निकट पहुंचा ही था की अचानक पिछला टायर फट जाने से ट्रक पलट गया जिससे लोग बाल बाल बच गये। ट्रक पलटने से ड्राइवर को मामूली चोट लगी जिसका स्थानीय स्तर पर उपचार किया गया।

बीमारी के चलते पुजारी की मौत

फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। क्षेत्र के पट्टी उस्मान गांव मे स्थिति शनि मंदिर के पुजारी की बीमारी के चलते मौत हो गई। जिससे गांववासियों में शोक की लहर दौड़ गई। ग्रामीणों ने सभी के सहयोग पुजारी का अंतिम संस्कार विधिविधान से बहेलवा घाट पर करा दिया। गांव पट्टी उस्मान मे स्थिति हनुमान मंदिर में बने शनि मंदिर के पुजारी निवासी जिला फतेहपुर के सुभाष पाल उम्र लगभग साठ वर्ष लगभग दस वर्ष से यहां रहकर मन्दिर में पूजा पाठ करते थे। शुक्रवार शाम को मंदिर का पूजा पाठ करके आराम करने लगे। सुबह ग्रामीणों ने उन्हें मृत देखा तो गांव में शोक की लहर दौड़ गई। ग्रामीणों का कहना है लंम्बे समय से स्वांस की बीमारी से ग्रसित थे।

निष्क्रिय सीएचओ की वार्षिक मानदेय वृद्धि पर लगी रोक

सीतापुर। जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर. की सख्त कार्रवाई के चलते लापरवाह और न्यूनतम कार्य करने वाले कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसरों (सीएचओ) पर गाज गिरी है। जिला स्वास्थ्य समिति की शासी निकाय बैठक में डीएम के निर्देश के बाद मुख्य चिकित्सा अधिकारी सुरेश कुमार ने ऐसे सीएचओ की वार्षिक मानदेय वृद्धि तत्काल प्रभाव से रोकने का आदेश जारी किया है। समीक्षा में पाया गया कि कई सीएचओ एनसीडी स्क्रीनिंग, ई-संजीवनी टेली कंसल्टेशन और आभा आईडी निर्माण जैसे महत्वपूर्ण कार्यों में बेहद कमजोर प्रदर्शन कर रहे हैं। इस पर डीएम ने नाराजगी जताते हुए स्पष्ट किया कि सरकारी योजनाओं में लापरवाही किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कार्रवाई के तहत कसमंडा, हरगांव, मिश्रिख, मछरेहटा, रेउसा, लहरपुर, परसेंडी, ऐलिया, महोली, गोंदलामऊ, सिधौली, खैराबाद और बेहटा ब्लॉकों के कई उपकेंद्रों पर तैनात सीएचओ की वार्षिक मानदेय वृद्धि रोक दी गई है। डीएम ने चेतावनी दी कि कार्य में सुधार न होने पर आगे और कठोर कदम उठाए जाएंगे। यह कार्रवाई स्वास्थ्य सेवाओं में जवाबदेही तय करने की दिशा में बड़ा संदेश मानी जा रही है।

शिक्षा विभाग ने किया संगोष्ठी का आयोजन

सीतापुर। विकासखंड गोंदलामऊ के शिव शक्ति मैरिज लॉन में शनिवार को शिक्षा विभाग द्वारा ब्लॉक स्तरीय एक दिवसीय संगोष्ठी एवं उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम खंड शिक्षा अधिकारी सिमी निगार के नेतृत्व में संपन्न हुआ, जिसमें विकासखंड के प्रधानाध्यापक, शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं विद्यालय प्रबंध समितियों के पदाधिकारी शामिल हुए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद प्रतिनिधि राजकुमार सोनी रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में गन्ना समिति चेयरमैन रामगोपाल अवस्थी, प्रधान संघ अध्यक्ष विवेक सिंह, एडीओ पंचायत राजेश कुमार सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सांसद प्रतिनिधि राजकुमार सोनी ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर एवं दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। संगोष्ठी में शैक्षिक गुणवत्ता सुधार, विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास और सरकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर विस्तार से चर्चा की गई। बेहतर कार्य करने वाले ग्राम प्रधानों, विद्यालय प्रबंध समिति अध्यक्षों तथा शिक्षकों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। सांसद प्रतिनिधि राजकुमार सोनी ने अपने संबोधन में कहा कि सरकार शिक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। परिषदीय विद्यालयों के शिक्षक पूरी निष्ठा से बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान कर उनके उज्ज्वल भविष्य का निर्माण कर रहे हैं।

डीएम ने नगर पंचायत सिधौली का किया निरीक्षण

जिला संवाददाता(vol)

सीतापुर। जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. ने शुक्रवार को नगर पंचायत सिधौली का औचक निरीक्षण कर विभिन्न व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने जन्म प्रमाण-पत्र पटल पर पहुंचकर रजिस्टर का अवलोकन किया।

रजिस्टर में मोबाइल नंबर अंकित न पाए जाने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए अधिशासी अधिकारी रेणुका यादव को निर्देश दिए कि शासन के निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने मृत्यु प्रमाण-पत्र से संबंधित अभिलेखों का अवलोकन किया तथा एक आवेदनकर्ता से दूरभाष पर वार्ता कर प्रमाण-पत्र जारी होने की पुष्टि की। स्टोर इंचार्ज पटल पर कूड़ा उठान वाहनों की पत्रावलियों, वाहनों की संख्या व लॉगबुक का निरीक्षण किया गया। पानी की टंकी की साफ-सफाई से जुड़ी पत्रावलियों में फोटो न लगाए जाने पर जिलाधिकारी ने भविष्य में अनिवार्य रूप से फोटो संलग्न करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने दाखिल-खारिज पटल, जलकल अनुभाग, लेखा अनुभाग, तालाब पट्टा व लैंड मैप रजिस्टर का भी अवलोकन किया। इंटरलॉकिंग सड़क निर्माण में भुगतान में देरी व कार्य पूर्ण न होने पर अवर अभियंता को नोटिस जारी करने तथा अधिशासी अधिकारी को सुधार के निर्देश दिए गए।निरीक्षण के दौरान नगर पालिका अध्यक्ष गंगाराम राजपूत सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे। बाद में जिलाधिकारी ने विभिन्न वार्डों में चल रहे आरसीसी नाली, इंटरलॉकिंग सड़क व मंदिर निर्माण कार्यों का भी निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

डीएम ने मुख्यमंत्री को भेंट की दरी

जिला संवाददाता(vol)

सीतापुर। शुक्रवार को जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर. ने उत्तर प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री को सीतापुर के कारीगरों द्वारा निर्मित ओडीओपी दरी सप्रेम भेंट की। इस अवसर पर डीएम ने मुख्यमंत्री को विश्वविख्यात सीतापुर दरी उद्योग की ऐतिहासिक विरासत, वर्तमान उपलब्धियों और भविष्य की योजनाओं से अवगत कराया। डीएम ने बताया कि जनपद में खैराबाद, बिसवां, लहरपुर और हरगांव क्षेत्रों में दरी निर्माण का कार्य बड़े स्तर पर होता है, जिससे हजारों बुनकरों को रोजगार मिल रहा है। उन्होंने दरी उद्योग के विकास के लिए डिजाइन, ब्राण्डिंग, मार्केटिंग और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने के लिए किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने सीतापुर की दरी को भारतीय हस्तशिल्प की पहचान बताते हुए ओडीओपी योजना के अंतर्गत हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य पारंपरिक कारीगरों को वैश्विक बाजार से जोड़कर उनकी आय में वृद्धि करना है। यह पहल सीतापुर के दरी उद्योग को नई पहचान देने में मील का पत्थर साबित होगी।

राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का समापन

फतेहपुर ।राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत मैरीज सीनियर सेकेंडरी स्कूल में आयोजित कार्यक्रम का सफल समापन किया गया।

स्कूल परिसर में आयोजित इस भव्य समारोह में छात्र-छात्राओं को निबंध एवं चित्रकला प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए पुरस्कृत किया गया, जबकि दोपहिया वाहन चालकों को निश्शुल्क हेलमेट वितरित कर सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया ।प्रतियोगिताओं में विजेताओं को सम्मानितसड़क सुरक्षा माह के दौरान आयोजित निबंध एवं चित्रकला प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। कक्षा-5 से रिया सिंह, सृनिका, उद्यति, आयेशा, अद्विक एवं समृद्धि; कक्षा-8 से यशस्वी, ओजल वर्मा, अथर्व सिंह, रूद्र, मयशा एवं स्वर्णिम; तथा कक्षा-11 से शौर्य त्रिवेदी, दिव्या लोधी, माही सोनी, अनुष्का पटेल, उफाक एवं हरिप्रिया को पुरस्कार प्रदान किए गए। इन युवा प्रतिभाओं ने अपनी रचनात्मकता से सभी का मन मोह लिया ।हेलमेट वितरण और शपथ ग्रहणकार्यक्रम की खासियत रही दोपहिया वाहन चालकों को निश्शुल्क हेलमेट का वितरण। संदीप, प्रदीप, प्रधुम्न, अबुल, अंशुमान, अमृत लाल, बृज किशोर, अजय कुमार एवं अनूप जयनारायण को हेलमेट भेंट कर उन्हें सुरक्षित ड्राइविंग की सीख दी गई। इसके बाद अपर जिलाधिकारी अविनाश त्रिपाठी ने सभी उपस्थितजनों को सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाई, जिससे वातावरण में जागरूकता का संदेश गूंज उठा ।प्रमुख अतिथियों कीउपस्थितिकार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बिन्दकी विधायक जय कुमार सिंह जैकी उपस्थित रहे, जिन्होंने सड़क सुरक्षा को प्राथमिकता बताते हुए कहा कि सुरक्षित सड़कें ही विकास की कुंजी हैं। विशिष्ट अतिथियों में अपर जिलाधिकारी अविनाश त्रिपाठी, अपर पुलिस अधीक्षक महेन्द्र पाल, क्षेत्राधिकारी ट्रैफिक प्रमोद कुमार शुक्ला, यातायात निरीक्षक लालजी सविता, बस-ट्रक यूनियन अध्यक्ष अतुल कुमार त्रिवेदी, ई-रिक्शा एसोसिएशन अध्यक्ष सुशील उमराव, विद्यालय के फादर एफ.आर. प्रफुल एवं प्रधानाचार्य एस.आर. अरोकिया थॉमस सहित समस्त स्टाफ मौजूद रहे। सभी ने संयुक्त रूप से सड़क सुरक्षा के संकल्प को मजबूत किया ।यह समापन समारोह न केवल सड़क सुरक्षा माह का सफल अंत था, बल्कि जिले में सुरक्षा जागरूकता को नई ऊंचाई प्रदान करने वाला साबित हुआ। प्रशासन ने आगामी वर्षों में ऐसे कार्यक्रमों को और विस्तार देने का आश्वासन दिया।

महिला नेतृत्व की मिसाल बनी सुजानपुर पंचायत

जिला संवाददाता(vol)

फतेहपुर। उत्तर प्रदेश पंचायती राज विभाग ने जनपद फतेहपुर की बहुआ देहात की ग्राम पंचायत सुजानपुर को 'आदर्श महिला हितैषी ग्राम पंचायत' के रूप में वैश्विक पटल पर प्रस्तुत किया है।

विभाग के आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल्स एक्स ट्विटर, फेसबुक, इंस्टाग्राम आदि पर ग्राम प्रधान हेमलता पटेल के नेतृत्व में किए गए शैक्षिक, सामाजिक एवं ढांचागत विकास कार्यों को प्रमुखता से प्रदर्शित किया गया। इस सराहना से पूरे क्षेत्र में उत्साह का संचार हो गया है ।सशक्त महिला नेतृत्व की मिसाल बनी सुजानपुरप्रसारित वीडियो और पोस्ट्स में हेमलता पटेल को शिक्षित, कर्मठ एवं दूरदर्शी महिला नेता के रूप में चित्रित किया गया है। उनके प्रयासों से ग्राम पंचायत ने जनपद की प्रथम महिला हितैषी पंचायत का गौरव प्राप्त किया। गाँव की बुनियादी सुविधाओं में सुधार के साथ महिलाओं की सामाजिक-आर्थिक स्थिति मजबूत हुई। सरकारी स्कूलों का कायाकल्प, स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन एवं महिला स्वयं सहायता समूहों के जरिए आत्मनिर्भरता की दिशा में उल्लेखनीय कार्य हुए, जिन्हें विभाग ने 'मॉडल' बताया। विभाग ने जोर दिया, ₹सशक्त महिला नेतृत्व ही सशक्त पंचायत की नींव है।

प्रधान हेमलता पटेल की प्रतिक्रियाइस उपलब्धि पर ग्राम प्रधान हेमलता पटेल ने खुशी जताते हुए कहा, ₹यह सम्मान मेरा नहीं, बल्कि सुजानपुर की हर उस महिला और ग्रामीण का है जिसने विकास की इस यात्रा में मेरा साथ दिया। प्रदेश सरकार और विभाग द्वारा हमारे कार्यों को सराहा जाना हमें और अधिक ऊर्जा के साथ काम करने की प्रेरणा देता है। उनके इस कथन ने ग्रामवासियों में नई ऊर्जा का संचार किया ।ग्रामवासियों में उत्सव का माहौलविभाग की सराहना के बाद सुजानपुर में उत्सव जैसा वातावरण है। समस्त ग्रामवासी एवं क्षेत्र के प्रबुद्धजन हेमलता पटेल को बधाई दे रहे हैं तथा पंचायती राज विभाग का आभार व्यक्त कर रहे हैं।

पेयजल व्यवस्था ब्लॉक परिसर में फेल

सीतापुर। विकास खंड गोंदलामऊ में प्रशासनिक लापरवाही के चलते पेयजल संकट गंभीर रूप ले चुका है। ब्लॉक कार्यालय परिसर में लगे वाटर कूलर और हैंडपंप लंबे समय से खराब पड़े हैं, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी आंख मूंदे बैठे हैं। हैरानी की बात यह है कि ब्लॉक के मुख्य द्वार पर लगे हैंडपंप और वाटर कूलर से एक बूंद पानी तक नहीं निकलता। बदलते मौसम और बढ़ती गर्मी के बीच यह स्थिति आम लोगों के लिए परेशानी का कारण बन गई है। रोजाना सैकड़ों ग्रामीण अपनी समस्याएं लेकर ब्लॉक कार्यालय पहुंचते हैं, लेकिन यहां पीने के पानी जैसी बुनियादी सुविधा भी नसीब नहीं होती। ब्लॉक स्तर पर पेयजल व्यवस्था की यह बदहाली साफ संकेत देती है कि गांवों की स्थिति कितनी दयनीय होगी। हैंडपंपों और वाटर कूलरों की मरम्मत न कराया जाना प्रशासन की उदासीनता को उजागर करता है। भानपुर निवासी राजेश दीक्षित ने कहा कि जब ब्लॉक कार्यालय का यह हाल है, तो गांवों से क्या उम्मीद की जा सकती है। वहीं रामबेटी ने नाराजगी जताते हुए कहा कि जहां से राहत मिलनी चाहिए, वहीं से निराशा हाथ लग रही है। खराब हैंडपंपों के आसपास जमा गंदा पानी मलेरिया व अन्य संक्रामक बीमारियों को खुला न्योता दे रहा है। ग्रामीणों ने तत्काल मरम्मत और नियमित रखरखाव की मांग की है, अन्यथा आंदोलन की चेतावनी भी दी है।

8 बेड के डेडिकेटेड वार्ड का डीएम ने किया शुभारंभ

उन्नाव। आयुष्मान भारत योजना के तहत जिला महिला अस्पताल में आठ बेड का डेडिकेटेड वार्ड बनाया गया है। यहां पीएम जेवाई योजना की लाभार्थी महिलाओं को उपचार दिया जाएगा। शनिवार को डीएम गौरांग राठी ने फीता काटकर वार्ड का शुभारंभ किया।

शासन ने आयुष्मान कार्ड धारकों को बेहतर चिकित्सकीय सहायता मुहैया कराने के उद्देश्य से सरकारी अस्पतालों में आयुष्मान वार्ड बनाने के निर्देश दिए हैं। इसके तहत जिला महिला अस्पताल में आठ बेड का डेडिकेटेड वार्ड बनाया गया है। यहां गर्भवती, सीजर डिलिवरी वाली महिलाओं को भर्ती कर उपचार दिया जाएगा। शनिवार शाम करीब तीन बजे डीएम गौरांग राठी जिला महिला अस्पताल पहुंचे और फीता काटकर वार्ड का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने सभी डॉक्टर व स्टॉफ को मरीज को बेहतर चिकित्सकीय सहायता देने के निर्देश भी दिए। जिला महिला अस्पताल सीएमएस डॉ. फौजिया अंजुम ने बताया कि वार्ड अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस है। इसमें आठ आधुनिक इलेक्ट्रानिक बेड लगाए गए हैं। जिन्हें रिमोट से एडजेस्ट किया जा सकेगा। इसके साथ ही वार्ड में मौजूद हर बेड पर पर्दे भी लगाए गए हैं। जिससे भर्ती मरीज की निजता भी बरकार रहेगी। इस दौरान प्रभारी सीएमओ डॉ. हरिनंदन प्रसाद, डॉ. तौसीफ, डॉ. अल्का, अखिलेश, शुभांशु समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

जिला विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी में अभिषेक बने विजेता

जिला संवाददाता(vol)

सीतापुर। जिला विज्ञान क्लब द्वारा आयोजित जनपद स्तरीय विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी में छात्र-छात्राओं की वैज्ञानिक सोच, नवाचार और तकनीकी दक्षता देखने को मिली। विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों ने अपने-अपने मॉडलों के माध्यम से विज्ञान को जनहित से जोड़ने का प्रभावी प्रयास कियज्ञं विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में संचालित जिला विज्ञान क्लब सीतापुर द्वारा जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर. के निर्देशन में जनपद स्तरीय विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी का आयोजन सेक्रेड हार्ट इंस्टिट्यूट में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि राज्य मंत्री उत्तर प्रदेश शासन राकेश राठौर ने दीप प्रज्वलित कर किया।

छात्र समिति द्वारा ईश्वर वंदना प्रस्तुत की गई। मुख्य अतिथि ने युवा वैज्ञानिकों को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान युग तकनीक का युग है और इसमें पारंगत होकर ही देश को प्रगति के पथ पर आगे बढ़ाया जा सकता है। उन्होंने सभी प्रतिभागियों के मॉडलों का अवलोकन कर उनकी सराहना की। विशिष्ट अतिथि एवं कार्यक्रम के नोडल प्रभारी अशोक सिंह ने विज्ञान के संयमित और मानव कल्याणकारी उपयोग पर जोर दिया। जिला विज्ञान क्लब के समन्वयक डॉ. योगेश चंद्र दीक्षित ने अतिथियों का स्वागत करते हुए परिषद की गतिविधियों की जानकारी दी। प्रदर्शनी में जनपद के विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों द्वारा लगभग 50 विज्ञान मॉडल प्रस्तुत किए गए। निर्णायक मंडल द्वारा मूल्यांकन के उपरांत विजेताओं की घोषणा की गई। कार्यक्रम के सफल आयोजन में शिक्षकों, विशेषज्ञों एवं स्वयंसेवकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

विजेता

प्रथम स्थानः अभिषेक कुमार- कृषक इंटर कॉलेज, महोली (जैविक खाद्य संसाधन मॉडल)

द्वितीय स्थानः प्रांजल श्रीवास्तव- उजागर लाल इंटर कॉलेज (महिला सुरक्षा उपकरण)

तृतीय स्थानः आर्यन नाग द्द सीता इंटर कॉलेज (बहुउद्देशीय संयंत्र)

सांत्वना पुरस्कारः शरद गुप्ता- कृषक इंटर कॉलेज एवं अजय कुमार (पीएमश्री राजकीय इंटर कॉलेज)

प्रथम, द्वितीय व तृतीय विजेताओं को क्रमशः 5000, 3000 व 2000 तथा सांत्वना पुरस्कार विजेताओं को 1000 की धनराशि एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किए जाएंगे।

समाज को एकजुट रहकर राष्ट्र को वैभवशाली बनाना है

असोहा, उन्नाव। समाज को एकजुट रहकर राष्ट्र को वैभवशाली बनाना है, हिंदू समाज की एकता अक्षुणता ही देश को महान बना सकती है। उक्त विचार राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग प्रचारक ने कही। अजयपुर स्थित कुटी बीर बाबा मंदिर प्रांगण. में सकल हिंदू समाज सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग प्रचारक अमरजीत ने लोगो को सम्बोधित करते हुए कहा की खड्यंत्र के तहत हिंदू समाज को बांटने का कुचक्र रचा जा रहा है जिससे शक्ल हिंदू समाज को सजग रहना है राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने पर हो रहे हिंदू समाज सम्मेलनों की कड़ी में जुड़कर काम करना होगा संघ द्वारा पंच परिवर्तन के विषय पर बोलते हुए उन्होंने कहा सामाजिक समरसता कुटुंब प्रबोधन प्रदूषण विषयों पर संघ काम कर रहा है। समाज को चाहिए कि कु प्रथाओं से दूर रहते हुए अब किसी भी कीमत पर सजक रहते हुए राष्ट्रवाद समाज का काम करना होगा इस मौके पर कार्यक्रम के आयोजक संजय शुक्ला ने मुख्य अतिथि व जिला प्रचारक संदीप, जिला सह संघ संचालक रणेंद्र को अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया कार्यक्रम में मुख्य रूप से खंड सह कार्यवाह बलराम संघ चालक सुनील सिंह सहित सैकड़ो की संख्या में सकल हिंदू की समाज के लोगों ने भाग लिया।

भूमि विकास बैंक के अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री से मिलकर बतायीं समस्याएं

उन्नाव। भूमि विकास बैंक के अध्यक्ष संजीव त्रिवेदी ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात कर जनपद की कई समस्याओं से अवगत कराया जिस पर मुख्यमंत्री योगी ने आश्वासन दिया है। जानकारी के अनुसार दंतेवाड़ा नक्सली हमले में शहीद सेना के जवान शशिकांत तिवारी की धर्मपत्नी अनीता तिवारी ने स्नातक विधायक अरुण पाठक से पत्र लिखकर मांग की थी कि उनके शहीद पति

के नाम बने स्मारक में आवागमन के लिए रास्ता नहीं है और शहीद द्वार भी नहीं है जिस पर स्नातक विधायक के जिला प्रतिनिधि संजीव त्रिवेदी अध्यक्ष सहकारी ग्राम विकास बैंक उन्नाव ने आज अनीता तिवारी के साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से पांच कालीदास स्थित मुख्यमंत्री निवास पर मुलाकात कर स्नातक विधायक का उक्त समस्या से संबंधित पत्र दिया जिस पर मुख्यमंत्री ने अपर मुख्य सचिव को निर्देश दिया कि तत्काल समस्या को निस्तारित करें। वही भाजपा जिलाउपाध्यक्ष आनंद अवस्थी ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पूर्व विधानसभा स्पीकर पद्मश्री हृदयनारायण दीक्षित के संलग्नक पत्र देकर बताया कि अचलगंज नगरपंचायत बनने के उपरांत हड़हा की चकबंदी निरस्त होने के बाद बनी खतौनियो के गाटों का यूनिक कोड न बनने से दाखिल खारिज वरासत में होने वाली दिक्कतों के संदर्भ में अवगत करा उक्त समस्या के निस्तारण का आग्रह किया जिस पर मुख्यमंत्री ने अतिशीघ्र समस्या के निस्तारण का आश्वासन दिया। मुख्यमंत्री के साथ मुलाकात में अमन मिश्रा प्रतीक सिंह भी उपस्थित रहे।

भण्डारे में भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया

मौरावां, उन्नाव। माता दुर्गा मंदिर में लगातार 23 वर्षों से विशाल भण्डारे का आयोजन वरिष्ठ समाजसेवी अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के प्रदेश अध्यक्ष वीरपाल सिंह भदौरिया पूर्व पुलिस अधिकारी द्वारा कराया जाता है जिसमें नगर समेत क्षेत्र के सैकड़ों लोग भण्डारे में पहुंच कर प्रसाद ग्रहण करते हैं आज इस भण्डारें में पुलिस क्षेत्राधिकारी पुरवा तेज बहादुर सिंह मौरावां थानाध्यक्ष कुंवर बहादुर सिंह भी पहुंचे और भण्डारे में प्रसाद ग्रहण किया वहीं इस कार्यक्रम में अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के संरक्षक, वीर बहादुर सिंह प्रदेश उपाध्यक्ष, अभय प्रताप सिंह रजावत वरिष्ठ कार्यकारणी सदस्य, मुन्ना सिंह जिला उपाध्यक्ष उमेश सिंह प्रदेश सचिव, प्रशान्त सिंह जिला उपाध्यक्ष, गौरी सिंह जिला मीडिया प्रभारी, शुभम सिंह जिला सचिव भी मौजूद रहे। आयोजन में प्रदेश अध्यक्ष वीरपाल भदौरिया ने अवधेश सिंह लाला को प्रदेश सचिव व बृजेश सिंह को जिला उपाध्यक्ष का पत्र प्रदान किया। कार्यक्रम में पत्रकार सुनील मिश्रा, रामबाबू लोधी, राजेश यादव, संतोष शुक्ला, गौरी सिंह का प्रदेश अध्यक्ष व पदाधिकारियों ने अंग वस्त्र पेन डायरी भेंट कर सम्मान किया। भण्डारे की शुरूआत हवन पूजन के बाद कन्या पूजन के साथ हुई जिसमें में शामिल क्षेत्रिय व नगर के हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।

हिंदू सम्मेलन का आयोजन

सीतापुर। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ आरएसएस के शताब्दी वर्ष के अवसर पर शनिवार को हरगांव स्थित सूर्य कुंड तीर्थ पर हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आरएसएस के जिला कार्यवाह कृष्ण कुमार ने संघ के 100 वर्षों की यात्रा और उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हिंदू एकता ही संघ का मूल मंत्र है। उन्होंने कहा कि समाज को संगठित कर हिंदू एकत्रीकरण, जागरण और संस्कृति संरक्षण के लिए कार्य करना आज की आवश्यकता है। सम्मेलन का उद्देश्य हिंदू समाज में एकता, सामाजिक समरसता, धर्म की रक्षा और सांस्कृतिक मूल्यों को सुदृढ़ करना रहा। नैमिषारण्य से आए चैरासी कोसी परिक्रमा अध्यक्ष नारायण दास जी महाराज तथा विमलानंद सरस्वती जी ने अपने संबोधन में हिंदू समाज को जागरूक रहने का संदेश दिया। सरस्वती शिशु मंदिर के छात्रों द्वारा ह्लजैसी करनी वैसी भरनीह्व एकांकी का मंचन किया गया, जिसने दर्शकों को कर्म के महत्व का संदेश दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भारत भूषण मिश्र ने की। अंत में समरसता भोज का आयोजन हुआ, जिसमें कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

रामगढ़ चीनी मिल घंटों रही ठप, किसानों को झेलनी पड़ी भारी परेशानी

सीतापुर। डालमिया रामगढ़ चीनी मिल में शनिवार को करीब 15 घंटे तक पेराई बंद रहने से अव्यवस्था फैल गई। चीनी मिल गेट पर गन्ना लदी ट्रकों और ट्रालियों की लंबी कतार लग गई, जिससे सड़क पर भीषण जाम की स्थिति बन गई। जाम में स्कूली बच्चे, महिलाएं और राहगीर घंटों फंसे रहे। कीचड़ से सनी सड़क पर लोगों को पैदल निकलने में भी भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा, लेकिन जाम खुलवाने के लिए न तो चीनी मिल के कर्मचारी मौके पर नजर आए और न ही स्थानीय पुलिस सक्रिय दिखी। सुबह से ही मिल गेट पर गाड़ियों की संख्या बढ़ती चली गई, जिससे आसपास के गांवों की ओर जाने वाला मार्ग पूरी तरह बाधित हो गया। मजबूरी में लोगों को वैकल्पिक रास्तों का सहारा लेना पड़ा। बताया गया कि चीनी मिल में रूटीन सफाई के नाम पर सुबह 6 बजे से पेराई बंद कर दी गई थी, जबकि यार्ड पहले से खाली होने के बावजूद गाड़ियों को सड़क पर खड़ा रहने दिया गया। जाम बढ़ने पर आनन-फानन में टोकन कटने की प्रक्रिया शुरू कर वाहनों को यार्ड में लगाया गया। इस संबंध में वरिष्ठ महाप्रबंधक उमाकांत पाठक ने पेराई बंद रहने को सामान्य बताते हुए कहा कि किसानों को पूर्व सूचना दी गई थी। हालांकि, किसानों और राहगीरों का कहना है कि सूचना और व्यवस्था दोनों ही पूरी तरह नाकाम साबित।

सर्राफा व्यवसायी से दस लाख की लूट

सकरन/सीतापुर। शनिवार शाम सकरन थाना क्षेत्र के मोहलिया चौराहे पर एक सनसनीखेज वारदात हुई, जिसमें पटना गांव निवासी सर्राफा मोनू रस्तोगी से लगभग दस लाख रुपये के सोने-चांदी के जेवरात लूट लिए गए। जानकारी के अनुसार मोनू अपनी ज्वैलरी की दुकान बंद कर बाइक से घर लौट रहे थे, तभी पीछे से डिस्कवर बाइक पर आए दो अज्ञात बदमाशों ने उनकी आंखों में लाल मिर्च पाउडर डालकर हमला किया और असलहा दिखा कर जेवरातों से भरा बैग छीन लिया। घटना के बाद मोनू की चीख-पुकार सुनकर ग्रामीण इकट्ठा हुए और पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंचे पुलिस अधिकारी जांच में जुट गए। पीड़ित के भाई मनीष रस्तोगी ने बताया कि लूटे गए जेवरातों की कीमत करीब दस लाख रुपये है, जबकि पुलिस का अनुमान डेढ़ लाख रुपये बताता है ।सूचना मिलते ही रेउसा, बिसवां, तालगांव समेत कई थानों की टीम, सीओ बिसवां और एएसपी समेत भारी पुलिस बल घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की गहन जांच कर रहे हैं। पुलिस ने आसपास के सीसीटीवी फुटेज और रास्तों की तलाशी शुरू कर दी है, वहीं पूरे इलाके में सतर्कता बढ़ा दी गई है।

संक्षेप

जेल भेजा गया हत्या का आरोपी राकेश अग्रवाल

ललितपुर (वीओएल)। दुकान की रजिस्ट्री करने को लेकर हुये विवाद में व्यापारी की चाकू मारकर हत्या करने के आरोप में नामजद नझाई बाजार निवासी राकेश अग्रवाल पुत्र प्रेम अग्रवाल को पुलिस ने घटना के बाद उसके घर से ही हिरासत में ले लिया था। शनिवार को पुलिस ने आरोपित राकेश अग्रवाल को पुलिस अभिरक्षा में न्यायालय में पेश करते हुये जेल भेज दिया है। गौरतलब है कि विगत शुक्रवार 30 जनवरी को सुबह करीब 11.30 बजे मोहल्ला छत्रसालपुरा में रहने वाला कृपासागर पटवा पुत्र स्व.हरी पटवा कटरा बाजार स्थित दुकान जिसकी रजिस्ट्री कराये जाने को लेकर राकेश अग्रवाल के नझाई बाजार स्थित घर गया हुआ था। कृपासागर के बड़े भाई ने अस्पताल में बताया था कि कृपासागर अपनी पत्नी को साथ लेकर राकेश के घर पहुंचा था, जहां वह कटरा बाजार स्थित दुकान की पिता द्वारा जमा की गयी धनराशि के बाद रजिस्ट्री की बात कर रहा था। डब्बू पटवा का आरोप है कि इसी बीच राकेश अग्रवाल ने कृपासागर पटवा पर चाकू से हमला कर दिया और कृपासागर मौके पर ही निढ़ाल होकर गिर पड़ा। इसी बीच कृपासागर को जिला अस्पताल के इमरजेंसी में उपचार के लिए लाया गया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के दौरान कृपासागर को मृत घोषित कर दिया। दिन-दहाड़े हुये घटना और मृतक के परिजनों के बयानों के आधार पर पुलिस ने राकेश अग्रवाल को तत्काल हिरासत में ले लिया था। बताया जा रहा है कि पुलिस ने राकेश अग्रवाल के पास से घटना में प्रयुक्त चाकू भी बरामद किया है।

ट्रक की टक्कर से साइकिल सवार की मौत

बांदा। चिल्ला थाना क्षेत्र में साइकिल सवार मजदूर की अज्ञात ट्रक की टक्कर से मौत हो गई। मृतक की पहचान बच्चा डेरा निवासी भोजराम पुत्र कंथाई 60 के रूप में हुई है। घटना की जानकारी मिलने पर आक्रोशित परिजनों और ग्रामीणों ने सड़क पर जाम लगा दिया जिससे यातायात बाधित हुआ। वाहन चालक की तत्काल गिरफ्तारी और पीड़ित परिवार के लिए मुआवजे की मांग को लेकर सड़क पर जाम लगा दिया।

जिससे सड़क पर वाहनों की लंबी कतारें लग गयीं। जानकारी मिलने पर मौके पर पुलिस बल पहुंचा और लोगों को समझा-बुझाकर जाम खुलवाया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। अज्ञात ट्रक चालक के विरूद्ध मामला दर्ज कर पुलिस उसकी तलाश में जुट गई है।

बाईपास पर सड़क किनारे युवक का मिला शव

बांदा। मटौंध थाना क्षेत्र के भूरागढ़ बाईपास स्थित तिवारी टाटा मोटर्स वर्कशॉप के कर्मचारी का शव सड़क किनारे मिलने से हड़कंप मच गया। युवक बीती रात से लापता था। सुबह उसका शव संदिग्ध परिस्थितियों में बरामद हुआ। मृतक नीरज कुमार टाटा मोटर्स मे सर्विस मैन के पद पर काम कर रहा था। घटना की जानकारी मिलने पर मौके पर परिजन पहुंचे और युवक की हालत देखकर हत्या की आशंका जताई। परिजनों का आरोप है कि नीरज की हत्या कर शव को सड़क किनारे फेंका गया है।

युवक के चेहरे और आंख पर गहरे चोंट के निशान मिले हैं। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। फारेंसिक टीम में घटना स्थल पहुंचकर साक्ष्य एकत्र किए और गहनता से जांच की। शव का पंचनामा करने के बाद उसे मर्चरी में रखवा दिया। पुलिस आगे की जांच कर रही है।

शराब के नशे में धुत्त होकर ट्रक मकान में दे मारा

ललितपुर (वीओएल)। कोतवाली तालबेहट क्षेत्रांतर्गत ग्राम तेरई के मंगलपुरा में रहने वाली जशोदा पत्नी रामेश्वर कुशवाहा ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि बीती 28 जनवरी की शाम करीब 5 बजे वह अपने परिजनों के साथ खेत पर गयी हुयी थी। तभी ट्रक संख्या सी.जी. 04 क्यू.बी. 3802 के चालक गांव के ही आदित्य यादव पुत्र स्व.राजेन्द्र यादव ने शराब के नशे में धुत्त होकर ट्रक को तेज रफ्तार से चलाते हुये उसके मकान में जोरदार टक्कर मार दी, जिससे उसका मकान सहित घर गृहस्थी का सामान नष्ट हो गया।

पुलिस ने महिला की तहरीर पर ट्रक चालक के खिलाफ बीएनएस की धारा 281, 324 (5) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

विशेष बूथ दिवस पर डीएम ने मतदेय स्थलों का भ्रमण कर देखी व्यवस्थाएं

जिला संवाददाता

ललितपुर (वीओएल)। मतदेय स्थलों पर आयोजित विशेष बूथ अभियान का जायजा लेने के उद्देश्य से नगर क्षेत्र के पोलिंग बूथों का निरीक्षण डीएम सत्यप्रकाश द्वारा किया गया। इस दौरान डीएम ने पीएन इण्टर कॉलेज, प्राथमिक विद्यालय लक्ष्मीपुरा और कम्पोजिट विद्यालय चैबयाना पहुंचकर बीएलओ व सुपरवाइजरों से एसआईआर कार्य की प्रगति की जानकारी ली। पोलिंग बूथों पर पहुंचे

• डीएम ने मतदाताओं की मैपिंग कर फार्म 6 भरवाने के आरओ को दिए निर्देश

और यहां उपस्थित बीएलओ व सुपरवाइजरों के द्वारा मतदाताओं के फार्म संख्या 6, 7 व 8 के संबंध में की जा रही कार्यवाही की समीक्षा की। बताया गया कि मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तर प्रदेश के निर्देशानुसार अर्हता तिथि 1 जनवरी 2026 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों का विशेष प्रगाढ पुनरीक्षण-2026 के अंतर्गत आज 31 जनवरी को मतदेय स्थलों पर विशेष बूथ अभियान आयोजित किया गया है, जिसमें बीएलओ के माध्यम से मतदाताओं के फार्म संख्या 6, 7 व 8 भरवाए जा रहे हैं। साथ ही मतदाता सूची भी दिखाई जा रही है। जिलाधिकारी अपनी प्रशासनिक टीम के साथ सर्वप्रथम पीएन इण्टर कॉलेज पहुंचे, यहां पर बीएलओ व सुपरवाईजरों द्वारा बूथ सं0-462, 463 व 469 के मतदाताओं की मैपिंग का कार्य किया जा रहा था, प्राथमिक विद्यालय लक्ष्मीपुरा में बूथ सं0-430, 431 व 432 के मतदाताओं की मैपिंग की जा रही थी। इसके अलावा कम्पोजिट विद्यालय चैबयाना में बूथ सं0-426, 427 व 428 का कार्य चल रहा था, यहां पर फार्म 6 की प्रगति संतोषजनक नहीं पायी गई, जिस पर जिलाधिकारी ने सुपरवाईजर सुरेन्द्र पटैरिया को कड़ी हिदायत देते हुए निर्देश दिये कि प्रत्येक दशा में छूटे हुए मतदाताओं के फार्म 6 भरवाकर सुधारें। डीएम ने समस्त रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों के साथ बीएलओ व सुपरवाइजरों को निर्देश दिए कि एएसडी मतदाताओं में छूटे हुए मतदाताओं की मैपिंग कर उनके फार्म 6 फरवाए जाएं। इसके लिए निरंतर बूथों का निरीक्षण करते रहें और एएसडी की मैपिंग हेतु निर्धारित किये गए 13 आईडी प्रपत्रों की जानकारी देते हुए उनसे फार्म भरवाएं। उन्होंने कहा है कि जनपद में किसी भी पात्र व सही मतदाता का नाम मतदाता सूची से छूटना नहीं चाहिए। इसी अवसर पर उन्होंने राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से भी अपील की कि वह छूटे हुए सभी पात्र मतदाताओं के फार्म 6, 7 व 8 भरवाएं। डीएम ने निर्वाचन क्षेत्रों में भ्रमण कर एएसडी मतदाताओं से अपील की कि वे अपने अपने बूथों पर जाकर मतदाता सूची में अपना नाम देख लें और यदि किसी पात्र मतदाता का नाम छूट गया हो तो वे अपने बूथ पर बीएलओ से संपर्क कर फार्म 6 भरवाए। इस दौरान उप जिलाधिकारी सदर मनीष कुमार व अन्य संबंधित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

सड़क सुरक्षा माह का हुआ समापन

ललितपुर (वीओएल)। राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2026 (1 से 31 जनवरी तक) मनाये जाने के क्रम में शनिवार को सड़क सुरक्षा माह का समापन समारोह परिवहन कार्यालय में जिलाधिकारी सत्य प्रकाश की अध्यक्षता एवं पुलिस अधीक्षक मो0 मुस्ताक अहमद, अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह, एआरटीओ विपिन चौधरी, अधिशासी अभियंता लो0नि0वि0 राजेश गुप्ता, नोडल अधिकारी ओपी चौधरी, पीटीओ लिलि चौधरी, नरेन्द्र सिंह आदि की उपस्थिति में व्यापक रूप से सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के सम्बन्ध में जनपद की सड़कों एवं दुर्घटना बाहुल्य स्थानों पर कराये गये सुधारात्मक कार्यों के सम्बन्ध में जानकारी दी गयी। अपर पुलिस अधीक्षक श्री कालूराम द्वारा सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु विस्तृत निर्देश एवं जानकारी प्रदान की गयी।

कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी ने शहर के विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं, एनसीसी कैडेट सहित सभी को सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाते हुए प्रतिज्ञा करायी कि हम सब सड़क पर सदैव यातायात नियमों का पालन करेंगे तथा सुरक्षा यात्रा हेतु सदैव दो पहिया वाहन चलाते समय स्वयं व पीछे बैठे व्यक्ति को बीआईएस मानक वाले हेलमेट अवश्य पहनेंगे व पहनायेंगे। चार पहिया वाहन चलाते समय हमेशा शीटबेल्ट लगायेंगे, लेन ड्राइविंग नियमों का पालन करेंगे।

साम्प्रदायिक सौहार्द बनाये रखने के लिए त्योहारों को शांतिपूर्ण ढंग से मनायें: डीएम

जिला संवाददाता (vol)

बिजनौर। जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता में संत रविदास जयंती एवं महाशिवरात्रि कांवड़ यात्रा पर्व सहित आगामी सभी पर्वो को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए तैयारी समीक्षा बैठक आयोजित हुई। जिलाधिकारी ने जन सामान्य का आह्वान करते हुए कहा कि साम्प्रदायिक सौहार्द को बनाए रखते हुए आगामी त्योहारों को परंपरागत एवं शांतिपूर्ण तरीके से मिलजुल कर मनायें।

जिलाधिकारी जसजीत कौर शनिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में उपस्थित धार्मिक गुरुओं का आह्वान किया कि अगर कहीं पर कोई समस्या या विवाद है तो जिला प्रशासन को अवगत कराएं ताकि समय रहते ही समस्या का उचित निस्तारण किया जा सके। उन्होंने कहा कि ऐसा कोई कार्य न करें जिससे कि एक दूसरे की धार्मिक भावनाएं आहत हों, शोभायात्रा परंपरागत मार्गो से ही निकाली जाए तथा किसी भी अवस्था में कोई नई परंपरा न डालें।

उन्होंने उपस्थित सभी धर्मगुरूओं एवं प्रबुद्धजनों से आगामी पर्वो को शांतिपूर्वक मनाने एवं कानून व्यवस्था बनाने में पुलिस-प्रशासन का सहयोग करने की अपील की। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत सोशल मीडिया पर कड़ी निगाह रखें और सभी जिम्मेदारियों का अच्छे से निर्वहन करें। उन्होंने समस्त अधिकारियों को शोभायात्रा/कांवड़ यात्रा के रूटों पर साफ-सफाई एवं पानी की व्यवस्था करने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि शोभायात्रा/कांवड़ यात्रा वाले मार्गो पर विद्युत तार यदि जर्जर हैं, तो उन्हें बदला जाए या फिर सुनिश्चित किया जाए कि किसी प्रकार की अप्रिय घटना न होने पाए। जिलाधिकारी ने पुलिस प्रशासनिक अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्र में संयुक्त रूप से आयोजकों, गणमान्य व्यक्तियों एवं स्थानीय निकाय के अधिकारियों के साथ संयुक्त शान्ति समिति की बैठकें आयोजित कर स्थानीय स्तर पर पूर्व में हुई घटनाओं व समस्याओं पर विचार विमर्श करते हुए उनका निराकरण करें।

उन्होंने कहा कि संवेदनशील क्षेत्रों के प्रबुद्धजनों से संवाद बनाकर रखें जिससे यात्रा में आने वाली किसी प्रकार की अप्रिय घटना से बचा जा सके। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देश दिये कि सभी आवश्यक व्यवस्थाएं पूर्व में ही पूर्ण करना सुनिश्चित करें, जिससे आगामी त्यौहार सकुशल शांतिपूर्ण सम्पन्न हो सकें। पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा द्वारा क्षेत्राधिकारियों को समस्त थानाध्यक्षों को निर्देशित किया कि विभिन्न थाना क्षेत्रों के अंतर्गत संवेदनशील व अतिसंवेदनशील ग्रामों में निकाले जाने वाली शोभायात्राओं के संबंध में विशेष रूप से सतर्क रहने के निर्देश दिये।

उन्होंने कहा कि आयोजक इस बात का ध्यान रखें कि पर्व को इस प्रकार से मनाया जाए कि किसी अन्य को असुविधा न हो। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन अंशिका दीक्षित, समस्त उपजिलाधिकारी/क्षेत्राधिकारी पुलिस, समस्त धर्म गुरु/आयोजक सहित सभी संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

पुलिस कप्तान ने किये पुलिस उपाधीक्षकों के स्थानांतरण

जिला संवाददाता

ललितपुर (वीओएल)। पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक ने देर रात एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। कोतवाली क्षेत्र में ही विगत जनवरी माह में एक सैकड़ा से अधिक छोटी-बड़ी घटनाएं दर्ज की गयी हैं। वहीं सर्किल क्षेत्र में भी आने वाले थानों में

• सुनील कुमार बने सिओ सिटी, सीओ अजय कुमार भेजे गये पाली
• रक्षपाल सिंह महरौनी और आशीष मिश्रा को मिली तालबेहट की जिम्मेवारी

आपराधिक घटनाओं का ग्राफ तेजी से बढ़ा है।

एसपी मो.मुश्ताक ने जिले में कानून व्यवस्था को और दुरुस्त बनाये जाने को लेकर चार सर्किलों में तैनात क्षेत्राधिकारियों के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया है। देर रात पुलिस विभाग से सोशल मीडिया सेल के जरिए जारी हुयी सूची के अनुसार क्षेत्राधिकारी सदर अजय कुमार को अब क्षेत्राधिकारी पाली बनाया गया है।

वहीं दूसरी ओर अब क्षेत्राधिकारी सुनील कुमार जो कि पाली सर्किल में तैनात थे को क्षेत्राधिकारी सदर बनाया गया है।

इसी प्रकार तालबेहट में तैनात क्षेत्राधिकारी रक्षपाल सिंह को क्षेत्राधिकारी महरौनी और महरौनी में तैनात क्षेत्राधिकारी आशीष मिश्रा को तालबेहट सर्किल की कमान सौंपी गयी हैं।

क्षेत्राधिकारियों के सर्किल क्षेत्र में एसपी मो.मुश्ताक द्वारा किये गये इस बदलाव को लेकर अब निकट भविष्य में कानून व्यवस्था और दुरुस्त होने की उम्मीद जतायी जा रही है।

कुष्ठरोगी के साथ भेदभाव नहीं, उपचार और सम्मान जरूरी: डॉ. मयंक

ललितपुर (वीओएल)। स्वशाषी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय (एएसएमसी) में कुष्ठ रोग दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम प्राचार्य डॉ. मयंक शुक्ला के निर्देशन

• एएसएमसी में कुष्ठ रोग दिवस पर हुए जागरूकता कार्यक्रम

में संपन्न हुआ। इस अवसर पर डीन डा0 मयंक शुक्ला ने सभी से अपील करते हुये कहा कि कुष्ठरोगी के साथ भेदभाव नहीं करें, बल्कि उनके लिए उपचार और सम्मान की महती आवश्यकता है।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता त्वचा रोग विशेषज्ञ डॉ. मुकेश सेठ रहे, जिन्होंने कुष्ठ रोग के कारण, लक्षण, समय पर पहचान, उपचार एवं रोकथाम के विषय में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कुष्ठ रोग पूर्णतः उपचार योग्य है तथा प्रारंभिक अवस्था में उपचार से विकलांगता को रोका जा सकता है।

इस अवसर पर डॉ. डी. वी. सिंह, डॉ. सुरेश सोनी, डॉ. रजनी एवं डॉ. मनीष माथुर कार्यक्रम में उपस्थित रहे और उन्होंने जागरूकता अभियान को सफल बनाने में अपना सहयोग प्रदान किया।

कार्यक्रम के दौरान जागरूकता शपथ, पोस्टर प्रदर्शनी एवं संवादात्मक सत्रों के माध्यम से छात्रों, स्टाफ एवं आमजन को कुष्ठ रोग के प्रति जागरूक किया गया। वक्ताओं ने यह संदेश दिया कि कुष्ठ रोग से ग्रसित व्यक्तियों के साथ किसी भी प्रकार का भेदभाव न करते हुए उन्हें सम्मान और सहयोग दिया जाना चाहिए। कार्यक्रम में मेडिकल कॉलेज के शिक्षकगण, चिकित्सक, नर्सिंग स्टाफ, पैरामेडिकल कर्मी एवं छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। अंत में प्राचार्य डॉ. मयंक शुक्ला द्वारा इस प्रकार के जन-जागरूकता कार्यक्रमों को निरंतर आयोजित करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की गई।

कालिंजर महोत्सव की बैठक, न बरतें लापरवाही

बांदा। कालिंजर महोत्सव आयोजन को लेकर बैठक हुई। 15 से 17 फरवरी को प्रस्तावित महोत्सव के आयोजन को भव्य और ऐतिहासिक गरिमा के अनुरूप संपन्न कराने के जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होने कहा कि कालिंजर महोत्सव जिले की सांस्कृतिक विरासत, पर्यटन एवं लोक कला को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने का माध्यम है। कहा कि इस वर्ष गणतंत्र दिवस समारोह के दौरान लाल किले में हुई परेड में कालिंजर किले से संबंधित झांकी का प्रदर्शन उत्तर प्रदेश की ओर से किया गया है। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी आपसी समन्वय से अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करें। बैठक में कार्यक्रम की रूपरेखा, सांस्कृतिक कार्यक्रम, सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, सफाई, पेयजल, विद्युत, स्वास्थ्य सेवाएं, कलाकारों की व्यवस्था, मंच एवं ध्वनि प्रणाली समेत अन्य जरूरी व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा हुई। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्य योजना बनाकर समय पर तैयारियां की जाएं। किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाए। कहा कि महोत्सव के दौरान आने वाले श्रद्धालुओं और पर्यटकों को किसी प्रकार असुविधा न हो इसका विशेष धयन दें। बैठक में अपर जिलाधिकारी कुमार धर्मेन्द्र, मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार पाण्डेय, परियोजना निदेशक डीआरडीए, उप जिलाधिकारी नरैनी अमित शुक्ला, क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी, जिला स्तरीय अधिकारी, पुलिस प्रशासन तथा आयोजन से जुड़े अधिकारी मौजूद रहे।

वाहनों के विरुद्ध कार्रवाई व चला जागरूकता अभियान

बांदा। सड़क दुर्घटनाओं में अंकुश लगाए जाने के लिए परिवहन विभाग बीते एक माह से लगातार वाहन चालकों के विरूद्ध अभियान चलाकर कार्रवाई करने के साथ ही लोगों को जागरूक करने का भरसक प्रयास किया है। शनिवार को राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंत में शहर के प्राइवेट बस स्टैण्ड बाबूलाल चैराहा में सड़क सुरक्षा माह का समापन कार्यक्रम आयोजित हुआ। संभागीय परिवहन अधिकारी सौरभ कुमार ने लोगों, एनसीसी, स्काउट गाइड के कैडेटों को सड़क सुरक्षा के नियमों की जानकारी देते हुए दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का प्रयोग करने, चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग करने की अपील की। संभागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन उदयवीर सिंह ने सड़क सुरक्षा नियमों का पालन कर दुर्घटनाओं में कमी लाए जाने के लिए लोगों को सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाई। परिवहन विभाग के लगातार चेकिंग अभियान के चलते यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरूद्ध प्रवर्तन कार्रवाई करते हुए बिना हेलमेट 1518 चालान, बिना सीट बेल्ट 248, वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग करने पर 148, रांग साइड 143, डंञ्कन ड्राइविंग 22, नो पार्किंग 97 एवं ओवरस्पीड में 87 के विरूद्ध चालान की कार्रवाई की गयी। साथ ही ओवरलोड माल का परिवहन करने वाले 119 माल वाहनों का चालान कर अनेक थानो में निरूद्ध किया गया। इस दौरान सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी श्यामलाल, यात्री मालकर अधिकारी वीरेन्द्र नाथ राजभर, यातायात निरीक्षक संजय मिश्रा, मास्टर ट्रेनर सड़क सुरक्षा डॉ पीयूष मिश्रा, बस यूनियन पदाधिकारी व लोग मौजूद रहे।

राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह समापन कार्यक्रम आयोजित

महोबा। राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का समापन एवं सम्मान समारोह परिवहन विभाग द्वारा 31 जनवरी 2026 को ज्ञानस्थली पब्लिक स्कूल में आयोजित किया गया। उक्त समारोह में मुख्य अतिथि जिलाधिकारी गजल भारद्वाज एवं विशिष्ठ अतिथि पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी दयाशंकर रहे। इस मौके पर विद्यालय के छात्र एवं छात्राओं के द्वारा सडक सुरक्षा के प्रति जागरूकता कार्यक्रम किये गये तथा शपथ ग्रहण कराया गया एवं विभिन्न सड़क सुरक्षा के कार्यकमों में प्रतिभाग करने वाले छात्र व छात्राओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि द्वारा सडक सुरक्षा नियमो की जानकारी देते हुये समस्त छात्र व छात्राओं से 18 वर्ष से कम की आयु में वाहन न चालाने तथा हेल्मेट पहनकर ही वाहन चलाने का अनुरोध किया गया। विशिष्ठ अतिथि द्वारा नशे की हालत में वाहन न चलाने तथा वाहन चलाते समय मोबाइल का उपयोग न करने की सलाह देते हुये यातायात नियमों का पालन कर वाहन चलाने का अनुरोध किया गया। अंत में सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी दयाशंकर द्वारा कार्यक्रम में मौजूद लोगों का अभिवादन कर राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का समापन किया गया।

माफिया की रिहाई मामले पर जेलर निलंबित

बांदा। स्क्रैप माफिया और गैंगेस्टर रवि काना की बगैर आदेश बांदा जेल से रिहाई के मामले में जेल प्रशासन ने 24 घंटे के अंदर बड़ी कार्रवाई करते हुए जेलर विक्रम सिंह यादव को कार्य के प्रति लापरवाही बरतने के आरोप में निलंबित कर दिया है। रिहाई की खबर मिलते ही जेल महकमें में हड़कंप मच गया। जेल प्रशासन ने शनिवार सुबह नोटिस जारी कर बताया कि बांदा जेल में बंद रवि काना को बी वारंट के बावजूद रिहा कर दिया गया। प्रशासन ने इसके लिए जेलर को जिम्मेदार माना है।

इस मामले पर गौतमबुद्धनगर के सीजेएम ने भी जेल अधीक्षक से स्पष्टीकरण मांगा है। पूछा है कि आरोपी को कैसे छोड़ दिया। क्यों न आप पर एफआईआर दर्ज कराई जाए। मामला 2026 में दर्ज एक मुकदमें से जुड़ा है। गैंगेस्टर रवीन्द्र उर्फ रवि नागर उर्फ रवि काना के खिलाफ नोएडा सेक्टर-63 थाने में केस दर्ज किया गया था, पहले से ही एक अन्य मामले में बांदा जेल में निरूद्ध था। इसके चलते नोएडा पुलिस ने कोर्ट में पेशी के लिए काना के खिलाफ 28 जनवरी को बी वारंट जारी कराया। 29 जनवरी को आरोपी को बी वारंट के तहत अदालत में पेश किया गया। बी वारंट का आशय यह है कि जेल में बंद आरोपी को प्रत्येक दशा में अदालत के सामने पेश किया जाए। पेशी के बाद शाम 6:39 बजे रवि काना को जिला जेल से रिहा कर दिया गया। जबकि नोएडा के मामले में उसके विरूद्ध न्यायिक कार्रवाई चल रही थी। रिहाई का कोई आदेश नही था।

घोटालेबाज ग्राम प्रधान व सचिव को बचाने में डीआईओएस नाकाम, पुनः जांच के आदेश

शहजाद अंसारी (vol)

बिजनौर। ग्राम प्रधान व सचिव द्वारा विकास कार्यो के नाम पर सरकारी धन के दुरुपयोग और घोटाले की जांच करने वाले जिला विद्यालय निरीक्षक जय करण यादव की कारगुजारी सामने आने के बाद जिलाधिकारी जसजीत कौर ने चर्चित जिला विद्यालय निरीक्षक जय करण यादव को संदिग्धतता पाते हुए जांच से हटाकर जिला कार्यक्रम अधिकारी की देखरेख में पुनः जांच कराने के आदेश दिये है।

जानकारी के अनुसार नगीना थाना क्षेत्र के ग्राम कल्याणपुर निवासी शगुफ्ता अंजुम, सईदुद्दीन सलमानी, विरेन्द्र कुमार एंव शाहरुख सलमानी आदि ने 08 जनवरी 2026 को जिलाधिकारी बिजनौर जसजीत कौर के समक्ष पेश होकर एक शिकायती पत्र देकर बताया था कि उन्होंने ग्राम पंचायत कल्याणपुर विकास खण्ड कोतवाली तहसील नगीना की ग्राम प्रधान नसीम फातिमा व सचिव आशुतोष कुमार के खिलाफ सरकारी स्कूलों में रंगाई पुताई, टाईल्स, गिरोटिंग, सी0सी रोड, कस्तूरबा स्कूल में दरवाजों व खिडकी मरम्मत, सरकारी नलों के रिबोर, नाला-नाली निर्माण एंव चैनल आदि का हवाला देकर विकास कार्यो के नाम पर लाखों रुपए के सरकारी धन के दुरूपयोग एंव घोटाले कि शिकायत की थी। जिलाधिकारी ने शिकायत का संज्ञान लेते हुए ग्राम प्रधान एंव ग्राम सचिव द्वारा गांव में कराए गए कार्यो की जांच के आदेश दिये थे। नोडल अधिकारी यादव ने अपनी टीम के साथ 21 नवम्बर 2025 को गांव में ग्राम प्रधान व सचिव द्वारा विकास कार्यो की जांच करने पहुंचे। शिकायतकताओं का आरोप था कि डीआईओएस जय करण यादव ने जांच के दौरान उनसे न तो घोटाले के संबन्ध में कोई साक्ष्य लिये और कहने के बावजूद भी ना तो घोटाले से संबन्धित कोई फाइल दिखाई और ना ही किसी भी सडक व किसी भी अन्य कार्य की नापतोल एंव डिटेल को नोट कराया। जांच अधिकारी जिला विद्यालय निरीक्षक जय करण यादव ने शिकायतकताओं को 10 दिसम्बर 2025 को कॉल कर बताया कि हमने तुम्हारी जांच पूरी कर डीएम साहब को भेज दी है। शिकायतकर्ताओं ने बताया कि प्रधानपति अपराधी दिलशाद अंसारी व उसका गुर्गा नटवरलाल गांव में कह रहा है कि जांच में कुछ नहीं होगा क्योंकि हमारी जांच अधिकारियों से बात हो गई है, सबूत के तौर पर नटवरलाल की ऑडियों रिकॉर्डिंग हमारे पास है। प्रधानपति अपराधी दिलशाद अंसारी व सचिव आशुतोष कुमार ने नोडल अधिकारी जिला विद्यालय निरीक्षक जय करण यादव को घूस देकर जांच अपने पक्ष में कराने के लिए रिपोर्ट तैयार करा ली है। डीएम जसजीत कौर ने जांच से असंतुष्ट होकर पीड़ितों की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए जिला विद्यालय निरीक्षक जय करण यादव द्वारा बनाई गई जांच रिपोर्ट को गलत मानते हुए जिला विद्यालय निरीक्षक जय करण यादव को जांच से हटाते हुए जिला कार्यक्रम अधिकारी को जांच 30 दिन के अंदर करने के आदेश दिये है। पुन; जांच के आदेश से जहां घोटालेबाजों की नींद उड़ गई है वहीं उनका साथ देने वाले डीआईओएस जयकरन यादव के पिछली जांच की परते भी खुलनी तय है।

प्रधान लिपिक के बिदाई समारोह का हुआ आयोजन

रुदौली-अयोध्या। विकास खंड के सुभाष चंद्र अग्रवाल सभागार मे अपनी सेवा पूरी कर चुके प्रधान लिपिक आद्या कांत तिवारी का भावभीनी बिदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता खंड विकास अधिकारी अमित त्रिपाठी व संचालन एडीओ (आईएसबी) भगवान दीन किया।बिदाई समारोह का आयोजन को संबोधित करते हुए खंड विकास अधिकारी श्री त्रिपाठी ने कहा कि जो भी पत्राचार करना था तिवारी जी के शब्दो का चयन बहुत ही अच्छा रहा।इस अवसर प्रधान प्रतिनिधि जितेंद्र यादव,ग्राम प्रधान बिचाला अमर नाथ यादव,फत्ता पुर राकेश यादव,सन्तोष सिंह ग्राम पंचायत/विकास अधिकारी पवन कुमार, नरेंद्र कुमार वर्मा, पीएन सिंह, सहायक रवि कुमार सिंह, महेंद्र प्रताप्चैरासिया, तौकीर अहमद, संजय कुमार, रमेश वर्मा, रमेश मौर्या, पवन कुमार ,अमर नाथ, जय किशन सहित लोग मौजूद रहे।

एकता संकुल स्तरीय समिति का वार्षिक अधिवेशन संपन्न

ललितपुर (वीओएल)। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत संचालित विकास खण्ड बार में एकता महिला प्रेरणा संकुल स्तरीय समिति का वार्षिक अधिवेशन समिति की अध्यक्ष मीना देवी की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख बार, विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला विकास प्रबंधक डीडीएम नाबार्ड, खंड विकास अधिकारी बार मुख्य रूप से उपस्थित रहे। ब्लॉक प्रमुख बार ने बताया कि स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से महिला शक्ति को आगे बढ़ाया जा सकता है।

उन्होंने कहा कि स्वयं सहायता समूह आर्थिक रूप से स्वतंत्रता एवं सामाजिक रूप से सशक्त होने का काम कर रहे हैं। बीडीओ सर्वेश कुमार रवि ने कहा कि एकता संकुल स्तरीय समिति 16 ग्राम पंचायत में संचालित हो रही है और इसके माध्यम से लगातार आजीविका को बढ़ावा दिया जा रहा है, यह अधिवेशन समिति का वर्ष में एक बार होता है और इसके माध्यम से समिति का वार्षिक आय व्यय एवं गतिविधियों का प्रस्तुतीकरण प्रस्तुत किया जाता है। नाबार्ड जिला विकास प्रबंधक सलिल अर्कवंशी ने कहा कि स्वयं सहायता समूह एक ऐसा माध्यम है जिसके माध्यम से समुदाय की डॉन को आत्मनिर्भर बनाया जा सकता है और यह कार्य एकता संकुल स्तरीय समिति बार के सदस्यों ने फलीभूत करके दिखाया है। समिति अध्यक्ष मीना देवी ने कहा कि हमारी एकता संकुल स्तरीय समिति के द्वारा महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने का लगातार प्रयास किया जा रहा है और लगातार अजीब का से सरकार के साथ जुड़कर आजीविका के संसाधनों को बढ़ाने का कार्य किया जा रहा है।

इस दौरान एडीओ हरिओम निरंजन, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि कल्याण सिंह लोधी, हरपाल सिंह सिसोदिया, कैलाश चैबे, सीएलएफ की कोषाध्यक्ष रश्मि, सचिव लीला देवी, समूह सखी मेवा 16 ग्राम पंचायत से आई हुई समूह सखी आजीविका सखी आदि ने प्रतिभाग किया।

संक्षेप

सिर पर प्रहार कर किशोर की हत्या

शाहजहांपुर ।शाहजहांपुर जिले में एक किशोर के सिर पर कथित रूप से किसी भारी वस्तु से प्रहार कर उसकी हत्या कर दी गई। पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने बताया कि थाना अल्लाहगंज क्षेत्र के रावतपुर गांव निवासी कमलेश कुमार (17) का शव शनिवार सुबह उसके घर से करीब 200 मीटर दूर पंचायत भवन के पास मिला। उन्होंने बताया कि किशोर के सिर पर किसी भारी वस्तु से प्रहार किए जाने के निशान मिले हैं।सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की गई। वह स्वयं घटनास्थल पर मौजूद हैं।ग्रामीणों और परिजनों के अनुसार, किशोर एक ईंट भट्ठे पर काम करेता था और शुक्रवार शाम काम से वापस आने के बाद अपने कमरे में चला गया था। शनिवार सुबह उसका शव पंचायत भवन के पास पाया गया। एसपी ने कहा कि मामले की गहन जांच की जा रही है और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

मिट्टी की दीवार गिरी एक व्यक्ति की मौत

हमीरपुर ।जिले के मौदहा थाना क्षेत्र में मिट्टी की दीवार गिरने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार, बांकी तलैया मोहल्ला निवासी मोहम्मद इकबाल (55) अपने पुराने मकान की कच्ची दीवार खुद गिरा रहे थे लेकिन तभी दीवार उनके ऊपर गिर गई जिससे उनकी मौत हो गई। इसी स्थान पर प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत इकबाल का नया मकान बनना था। परिजन और स्थानीय लोग इकबाल को तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मौदहा लेकर गए, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इकबाल की प्रधानमंत्री आवास की पहली ही किश्त आयी थी। मौदहा कोतवाली प्रभारी निरीक्षक संतोष सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

संत रविदास जयंती पर कार्यक्रम का आयोजन

दुद्धी, सोनभद्र। दुद्धी ब्लॉक क्षेत्र के अमवार पुनर्वास कॉलोनी में रविवार को संत रविदास जयंती के अवसर पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया है ।कार्यक्रम के संरक्षक गंभीरा प्रसाद ने जानकारी देते हुए बताया कि 1 फरवरी को अमवार पुनर्वास कॉलोनी में संत रविदास जयंती धूम-धाम से मनाई जाएगी। कार्यक्रम कि शुरूआत करीब 11 बजे दिन से संत रविदास जी की प्रतिमा की पूजन-अर्चन से शुरू होगी, इसके बाद अतिथियों का सम्मान एवं संत रविदास की विचारों पर चर्चा-परिचर्चा तथा संस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर रात्रि में शानदार बिरहा मुकाबला का भी आयोजन किया गया है, जिसमें बिरहा गायक अशोक लाल यादव म्योरपुर सोनभद्र एवं बिरहा गायिका कविता बागी ओबरा सोनभद्र के बीच मुकाबला होगा।

पूर्व कुलपति के निधन पर विश्वविद्यालय में शोक

जौनपुर।वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रोफेसर सुंदरलाल के आकस्मिक निधन पर विश्वविद्यालय के सरस्वती सदन में एक शोकसभा का आयोजन किया गया। उल्लेखनीय है कि प्रोफेसर सुंदरलाल का निधन बीती रात उनके निज आवास, आगरा में हो गया। विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर वंदना सिंह ने गहरा शोक व्यक्त करते हुए कहा कि प्रोफेसर सुंदरलाल ने अपने कार्यकाल में विश्वविद्यालय को प्रगति के पथ पर अग्रसर करने हेतु अनेक महत्वपूर्ण कार्य किए।उन्होंने बापू बाजार जैसी अभिनव योजनाओं के माध्यम से विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को समाज से सीधे जोडने का सार्थक प्रयास किया। उनका निधन विश्वविद्यालय परिवार के लिए एक अपूरणीय क्षति है।ज्ञात हो कि प्रोफेसर सुंदरलाल वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के 15वें कुलपति थे। उनका कार्यकाल 21 दिसंबर 2010 से 20 दिसंबर 2013 तक रहा। वे डॉ. भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा के गणित विभाग में प्रोफेसर पद से सेवानिवृत्त हुए थे।सेवानिवृत्ति के उपरांत भी वे आगरा विश्वविद्यालय में नियमित रूप से गणित विषय का अध्यापन कार्य कर रहे थे।शोकसभा में विश्वविद्यालय के कुलसचिव केशलाल द्वारा शोक संदेश का पाठ किया गया।विश्वविद्यालय के अनेक शिक्षक, अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

सड़क सुरक्षा माह का समापन, छात्र हुए सम्मानित

जिला संवाददाता(vol)

सोनभद्र।जनपद में सड़क सुरक्षा के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने हेतु 1 जनवरी से 31 जनवरी 2026 तक आयोजित सड़क सुरक्षा माह का समापन कार्यक्रम डायट परिसर में भक्ति एवं अनुशासित वातावरण में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम का शुभारंभ सड़क सुरक्षा से संबंधित संदेशों एवं प्रेरक प्रस्तुतियों के साथ किया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर सहभागिता निभाई, इस अवसर पर सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगिताओं निबंध, चित्रकला, पोस्टर, भाषण आदि में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। अतिथियों ने विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना करते हुए उन्हें सड़क सुरक्षा के संदेश का संवाहक बनने के लिए प्रेरित किया।

समापन कार्यक्रम में सदर विधायक भूपेश चौबे, जिलाधिकारी बी.एन. सिंह, सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी, कर्मचारी एवं शिक्षाविद उपस्थित रहे। अतिथियों ने अपने संबोधन में कहा कि सड़क सुरक्षा केवल एक अभियान नहीं, बल्कि निरंतर अपनाई जाने वाली जीवनशैली है।नियमों का पालन कर ही दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सकती है।सड़क सुरक्षा माह के दौरान पूरे जनपद में विशेष अभियान चलाकर हेलमेट, सीट बेल्ट, यातायात नियमों के पालन तथा सुरक्षित ड्राइविंग के प्रति लोगों को जागरूक किया गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन के साथ सड़क सुरक्षा का संदेश जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प दोहराया गया।

दुद्धी की बेटी राजनंदिनी को मिला राष्ट्रीय सम्मान

दुद्धी, सोनभद्र। नई दिल्ली के भारत मंडपम में राष्ट्रीय महिला आयोग के 34वें स्थापना दिवस के अवसर पर एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा रसायन एवं उर्वरक मंत्री जगत प्रकाश नड्डा, केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी, राज्यमंत्री सावित्री ठाकुर एवं राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्षा विजया राहटकर की गरिमामयी उपस्थिति रही।

कार्यक्रम के दौरान उत्तर प्रदेश के सोनभद्र जनपद के दुद्धी कस्बे की निवासी डॉ. विनय कुमार एवं ज्योत्सना देवी की सुपुत्री राजनंदिनी को ह्यशक्ति फेलोशिपह्न प्रदान कर सम्मानित किया गया। राजनंदिनी को यह सम्मान स्वयं मंच से सभी केंद्रीय मंत्रियों एवं राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्षा द्वारा प्रदान किया गया।गौरतलब है कि शक्ति फेलोशिप के लिए देशभर से विभिन्न क्षेत्रों में शोध कर रही केवल 20 बालिकाओं का चयन किया गया है। इनमें से भी केवल 2 चयनित प्रतिभागियों को राष्ट्रीय मंच पर सम्मानित किए जाने का अवसर प्राप्त हुआ, जिसमें राजनंदिनी का नाम शामिल होना अत्यंत गौरव की बात है। राजनंदिनी की इस उपलब्धि से न केवल उनके परिवार बल्कि पूरे सोनभद्र जनपद और उत्तर प्रदेश प्रदेश में खुशी और गर्व का माहौल है।यह सम्मान क्षेत्र की बेटियों के लिए प्रेरणास्त्रोत है हाल ही में राजनंदिनी द्वारा लिखित पुस्तक वनबंधु नरेंद्र मोदीश का लोकार्पण भी नई दिल्ली में कई केंद्रीय मंत्रियों की उपस्थिति में हुआ था, जो यह दशार्ता है कि ग्रामीण व जनजातीय अंचलों की प्रतिभाएं भी राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना रही हैं। स्थानीय जनप्रतिनिधियों, शिक्षाविदों और समाजसेवियों ने राजनंदिनी को बधाई देते हुए कहा कि यह सम्मान आने वाली पीढ़ियों की बालिकाओं को शिक्षा, शोध और आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करेगा।

विधायक खेल महाकुंभ का समापन

सोनभद्र। 25 दिसंबर 2025 से प्रारंभ हुए विधायक खेल महाकुंभ का समापन शनिवार को उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।पूरे आयोजन के दौरान सोन की माटी, सोन का दम, आओ मिलकर खेले हम का नारा खिलाड़ियों और दर्शकों के बीच प्रेरणा का केंद्र बना रहा। खेल महाकुंभ में बच्चों, युवाओं, महिलाओं और वरिष्ठ नागरिकों की विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जिनमें प्रतिभागियों ने अनुशासन और खेल भावना का परिचय दिया। वरिष्ठ नागरिकों की रस्साकशी प्रतियोगिता में ब्लॉक चतरा की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। समापन समारोह को संबोधित करते हुए खेल कुद एवं युवा कल्याण विभाग के मंत्री गिरीश चंद्र यादव ने कहा कि खेलोगे-कूदोगे तो रोजगार मिलेगा, खेल युवाओं के शारीरिक और मानसिक विकास के साथ-साथ उन्हें आत्मनिर्भर बनाने का सशक्त माध्यम है।

उन्होंने बताया किमुख्यमंत्री के निदेर्शानुसार प्रदेश के प्रत्येक मंडल में स्पोर्ट्स कॉलेज की स्थापना की जाएगी।साथ ही प्रदेश के सभी ब्लॉकों में मिनी स्टेडियम का निर्माण कराया जाएगा, जिससे ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें।मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में प्रदेश की 25 हजार ग्राम पंचायतों में खेल मैदानों का निर्माण किया जा चुका है, इससे ग्रामीण अंचल की छिपी हुई खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा।प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के निदेर्शों का पालन करते हुए युवाओं और छात्र-छात्राओं को खेलों से जोड़ने के लिए सरकार मिशन मोड में काम कर रही है।भारत सरकार की खेलो इंडिया योजना ने देश में खेलों का परिदृश्य बदल दिया है। केंद्र सरकार ने न केवल खिलाड़ियों को आगे बढ़ने का मौका दिया, बल्कि उन्हें विश्व स्तरीय इंफ्रास्ट्रक्चर भी उपलब्ध कराया है।आज गांव का युवा भी अत्याधुनिक सुविधाओं का लाभ उठाकर वैश्विक पटल पर अपनी पहचान बना रहा है। उन्होंने प्रदेश सरकार के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि खिलाड़ियों को निरंतर प्रोत्साहन दिया जा रहा है।मुख्यमंत्री जी ने घोषणा की कि प्रदेश की प्रत्येक ग्राम पंचायत में मनरेगा की धनराशि से खेल के मैदान विकसित किए जाये, इस पहल से ग्रामीण प्रतिभाओं को अभ्यास के लिए अपने गांव में ही उचित स्थान मिल सकेगा।विधायक खेल महाकुंभ ने खेल संस्कृति को बढ़ावा देने के साथ-साथ युवाओं में सकारात्मक ऊर्जा और अनुशासन का संचार किया है, यह आयोजन प्रदेश को खेल और रोजगार के क्षेत्र में नई दिशा देने वाला साबित हो रहा है।

दुष्कर्म पीड़िता किशोरी की मौत मुख्य आरोपी गिरफ्तार

जिला संवाददाता(vol)

- आरोपी अनुज के अलावा उसके पिता ओमवीर, मां मुन्द्री और भाई रवि के खिलाफ प्रासंगिक धाराओं में प्राथमिकी दर्ज

मेरठ।जिले के बहसूमा थाना क्षेत्र में कथित दुष्कर्म पीड़िता एक नाबालिग किशोरी की उपचार के दौरान मेडिकल कॉलेज में मौत हो गई। पुलिस के अनुसार, घटना के बाद एहतियात के तौर पर गांव में पुलिस बल तैनात कर दिया गया है और वरिष्ठ अधिकारी मौके पर निगरानी बनाए हुए हैं।

मेरठ के पुलिस उपमहानिरीक्षकावरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विपिन ताड़ा ने शनिवार को बताया कि परिजनों की तहरीर के आधार पर थाना बहसूमा में नामजद आरोपी अनुज (25) के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। तहरीर के अनुसार, 25 और 26 जनवरी की मध्य रात आरोपी 16 वर्षीय नाबालिग किशोरी को बहला-फुसलाकर अपने घर ले गया, जहां उससे कथित तौर पर दुष्कर्म किया गया। पुलिस के मुताबिक, घटना के बाद आरोपी की मां किशोरी को उसके घर छोड़ने आई थी, जहां दोनों पक्षों के बीच कहासुनी हुई। आरोप है कि इसके बाद किशोरी ने अपने घर पर कीटनाशक पी लिया। हालत बिगड़ने पर उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां शुक्रवार शाम उसकी मौत हो गई। एसएसपी ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम चिकित्सकों के पैनल से कराया गया है और मामले में नियमानुसार अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि अभियुक्त के माता-पिता के खिलाफ भी विधिक कार्वाई की गई है। पुलिस के अनुसार, प्रारंभिक जांच में युवक और किशोरी के पहले से ही परिचित होने की बात सामने आई है। फिलहाल गांव में शांति व्यवस्था बनी हुई है।

पुलिस ने बताया कि मुख्य आरोपी अनुज के अलावा उसके पिता ओमवीर, मां मुन्द्री और भाई रवि के खिलाफ प्रासंगिक धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की गई है।

प्राधिकरण सचिव ने जिला कारागार का किया निरीक्षण

आजमगढ़। उप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ व जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, आजमगढ़ के दिशा-निदेर्शों के अनुपालन में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नितिका राजन द्वारा जिला कारागार, आजमगढ़ का निरीक्षण किया गया।जिला कारागार में 1336 बन्दी निरूद्ध है, जिसमें 54 महिला बन्दी तथा 1215 पुरूष बन्दी निरूद्ध है। निरीक्षण के दौरान कारागार परिसर में साफ-सफाई का उचित प्रबन्ध पाया गया। जेल लीगल एड क्लीनिक में निरीक्षण के दौरान साफ-सफाई व कुर्सी, मेज का उचित प्रबन्ध पाया गया। पंजिका में अद्यतन स्थिति दर्ज पायी गयी।निरीक्षण के समय कारागार में कार्यरत 04 जेल पराविधिक स्वयं सेवक उपस्थित रहे तथा उनके द्वारा बताया गया कि जिन बन्दी के पास अधिवक्ता नहीं है, उनका प्रार्थना पत्र लिखकर व जेल अधीक्षक द्वारा सत्यापित कराकर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को प्रेषित किया जाता है।निरीक्षण के समय बन्दियों के हिस्ट्रीटिकट में सभी प्रविष्टियां दर्ज पायी गयी। कारागार में मुलाकातियों के बैठने हेतु शेड व बैठने की व्यवस्था पायी गयी।निरीक्षण के दौरान सचिव द्वारा जेल अधिकारी को निर्देशित किया गया कि सभी बन्दियों के टिकट पर प्राइवेट अथवा सरकारी अधिवक्ता का नाम दर्ज कराये जिससे कि बन्दी के मुकदमें की पैरवी के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त हो सके।महिला बैरक निरीक्षण के दौरान यह पाया गया कि महिला बन्दियों के मुकदमें में पैरवी हेतु अधिवक्ता नामित है। महिला हेतु बनाये गये पाकशाला में साफ-सफाई उचित पायी गयी।

कफ़ सिरप मामला: आरोपी और उसके परिजनों की 5.77 करोड़ की संपत्ति कुर्क

जिला संवाददाता(vol)

वाराणसी/सोनभद्र। सोनभद्र जिले की पुलिस ने अवैध नशीले कफ सिरप मामले में शनिवार को वाराणसी में भोला जायसवाल और उसके परिजनों की कुल पांच करोड़ 77 लाख से अधिक की संपत्ति कुर्क की। एक पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी।

सोनभद्र के पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा ने बताया कि राबर्ट्सगंज पुलिस थाने में पंजीकृत अभियोग के तहत अभियुक्त भोला प्रसाद जायसवाल के वाराणसी के मडौली, भरलाई और जगदीशपुर क्षेत्रों में 4.55 करोड़ रुपये की कुल सात अचल संपत्तियां और 51.16 लाख रुपये मूल्य के चार वाहन कुर्क किये गए हैं। इसके अलावा बैंक खातों में जमा 70,99,228 रुपये को भी कुर्क किया गया है। कुर्क की गई चल-अचल संपत्तियों की कुल कीमत 5,77,17,990 रुपये बताई गई है।

वर्मा ने बताया कि ये सभी संपत्तियां अवैध नशीले पदार्थो की तस्करी से अर्जित धन से खरीदी गयी थीं। उन्होंने बताया कि वाराणसी के आदमपुर थाना क्षेत्र का निवासी भोला जायसवाल कफ सिरप तस्करी के मुख्य साजिशकर्ता शुभम जायसवाल का पिता है।एसपी ने कहा कि नशीले पदार्थों की तस्करी और उससे अर्जित अवैध संपत्तियों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा और ऐसे अपराधों पर आगे भी कठोर कार्यवाही की जायेगी।

अभिषेक वर्मा ने बताया कि इसके पहले 23 जनवरी को पुलिस ने भोला की वाराणसी स्थित लगभग 28.5 करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क की थी। उन्होंने बताया कि न्यायालय से पुनः आदेश प्राप्त करके शनिवार को भोला प्रसाद और उनके परिजनों की वाराणसी स्थित लगभग छह करोड़ की संपत्ति और कुर्क करने की कार्यवाही की गई।

दुद्धी को जिला बनाये जाने की मांग को लेकर प्रदर्शन

दुद्धी,सोनभद्र। दुद्धी को जिला बनाने की मांग को लेकर जिला बनाओ संघर्ष समिति के पदाधिकारियों व अधिवक्ताओं ने शनिवार की दोपहर लगभग 1 बजे कचहरी गेट के मुख्य द्वार पर जमकर प्रदर्शन व नारेबाजी किया।इस दौरान दुद्धी बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष जितेंद्र कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि तीन प्रान्तों से घिरा दुद्धी तहसील क्षेत्र आदिवासी बाहुल्य पिछड़ा, नक्सल प्रभावित क्षेत्र है।दुद्धी तहसील का बॉर्डर सोनभद्र जनपद मुख्यालय से 150 किलोमीटर की दूरी पर है।इसके साथ ही दुद्धी जिला बनने के सभी मानक को भी पूरा कर रहा है और सरकार को भारी मात्रा में रेवेन्यू दुद्धी से मिलता है फिर भी दुद्धी को जिला नही बनाया गया।कहा कि दुद्धी को जिला बनाये जाने की मांग पिछले तीन दशकों से किया जा रहा है।इसके साथ ही चुनाव के दौरान प्रदेश व केंद्र के मंत्रियों व नेताओं ने दुद्धी को जिला बनाने का वादा किया था। इसलिए चुनावी वादा पूरा करते हुए दुद्धी को जिला बनाया जाए और विकास कराया जाए। यदि सरकार जिला बनाने को पहल नहीं करती है तो व्यापक आंदोलन के लिए समिति बाध्य होगी।

दुद्धी बार एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रेमचंद यादव एवं सिविल बार एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रभु सिंह कुशवाहा ने संयुक्त रूप से कहा कि वर्षों से जिला बनाए जाने की मांग की जा रही है उसके बावजूद शासन स्तर से कोई सकारात्मक और ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा है जबकि प्रशासनिक स्तर से जिले बनाए जाने संबंधित रिपोर्ट शासन को भेजी गई है।

इस मौके पर रामपाल जौहरी, रामजी पाण्डेय, छोटेलाल, कुलभूषण पाण्डेय, जवाहर लाल, राकेश कुमार, विजय कुमार, आनंद कुमार, रामेश्वर राव,सुभेष मौर्या, प्रेमचंद गुप्ता, अमरावती देवी, राकेश, अभिनाथ यादव,मनोज यादव, अभिनव, पुनीत सहित काफी संख्या में अधिवक्ता व मोर्चा के पदाधिकारी मौके पर मौजूद रहे।

सीएम डैशबोर्ड के माध्यम से डीएम ने की विकास कार्यों की समीक्षा

जिला संवाददाता(vol)

सोनभद्र।डीएम बी0एन0 सिंह ने शनिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में नवीन व्यवस्था अन्तर्गत सी0एम0 डैशबोर्ड के माध्यम से विकास कार्यों की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान उन्होंने कहा कि जिन विभागों को शासन द्वारा जो भी लक्ष्य निर्धारित किया गया है, वह उसका शत-प्रतिशत निर्धारित समय अवधि में पूर्ण करना सुनिश्चित करें, समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने एनआरएलएम समूह के खाते बैंकों में खोलने व उन्हें लोन उपलब्ध कराने की प्रगति की समीक्षा की, समीक्षा के दौरान प्रगति संतोषजनक नहीं पायी गयी, जिस पर जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहाकि डी0एम0एम0, बी0एम0एम0 को चेतावनी जारी की जाये, यदि कार्य पद्धति में सुधार नहीं होता तो इनकी सेवा समाप्ति की कार्यवाही की जाये, इस दौरान उन्होंने समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित छात्रवृत्ति योजना के प्रगति के लिए समीक्षा की।

उन्होंने समाज कल्याण अधिकारी, पिछड़ा वर्ग कल्याण, अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक को निर्देशित करते हुए कहा कि छात्रवृत्ति योजना के छात्रों के फार्म विद्यालयों से जल्द से जल्द अग्रसारित कराने की कार्यवाही सुनिश्चित की जाये, इसमें किसी भी स्तर पर शिथिलता व लापरवाही न बरती जाये, मुख्यमंत्री युवा उद्यमी लोन योजना के भी प्रगति की समीक्षा की और उपायुक्त उद्योग एवं एल0डी0एम0 को निर्देशित करते हुए कहा कि प्राथमिकता के आधार पर मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना के लाभार्थियों के पत्रावलियों का निस्तारण सुनिश्चित किया जाये, आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त होने वाली शिकायतों के निस्तारण की समीक्षा की, समीक्षा के दौरान उन्होंने सम्बन्धित अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि आई0जी0आर0एस0 पर प्राप्त शिकायतों का निस्तारण ससमय व गुणवत्ता पूर्ण तरीके से सुनिश्चित कराया जाये, असंतुष्ट फिडबैक प्राप्त हो रहा है, ऐसे अधिकारियों के विरूद्ध कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी। समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देशित करते हुए करते हुए कहा कि विकास कार्यों, लाभार्थीपरक व जन कल्याणकारी योजनाओं जैसे कार्यों के प्रगति में तेजी लायी जाये, अन्यथा की स्थिति में सम्बन्धित अधिकारियों की जिम्मेदारी तय करते हुए विभागीय कार्यवाही हेतु उच्चाधिकारियों को पत्राचार करनाा सुनिश्चित किया जायेगा।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी जागृति अवस्थी, जिला विकास अधिकारी हेमन्त कुमार सिंह, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी संतपाल वर्मा, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी मुकुल आनन्द पाण्डेय, जिला पंचायत राज अधिकारी नमिता शरण, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी सुधांशु शेखर शर्मा, जिला विद्यालय निरीक्षक जय राम सिंह, डी0सी0 मनरेगा रवीन्द्र वीर सिंह, अपर जिला सूचना अधिकारी विनय कुमार सिंह, परियोजना निदेशक डीआरडीएएसके राय, जिला समाज कल्याण अधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह भदौरिया सहित अन्य सम्बन्धितगण उपस्थित रहें।

बार काउंसिल चुनाव: दुद्धी में 91 प्रतिशत अधिवक्ताओं ने किया मतदान

दुद्धी, सोनभद्र।बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के सदस्य पद हेतु चुनावी प्रक्रिया के दूसरे दिन शनिवार को 105 अधिवक्ता मतदाताओं ने मतदान किया तो वहीं कल शुक्रवार को 147 अधिवक्ताओं ने अपना मतदान किया था।इस तरह कुल मिलाकर 252 अधिवक्ता मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

दुद्धी कचहरी में मतदान को लेकर दिन-भर गहमा-गहमी रही।मतदान सुबह 10 बजे शुरू हुई जो सायं 5 बजे तक चली।दुद्धी कचहरी में कुल 276 अधिवक्ता पंजीकृत है, जिसमें 252 अधिवक्ताओं ने दो दिन में मतदान किया।बता दें कि बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के लिए कुल 25 सदस्यों का चुनाव होना है जिसके लिए महीने भर से मतदान चल रहा है। सुरक्षा की दृष्टि सीओ राजेश कुमार राय, कोतवाल धर्मेंद्र कुमार सिंह, कस्बा प्रभारी हरिकेश राम आजाद सहित अन्य पुलिस एवं पीएसी के जवान मुस्तैद रहे।

सेवानिवृत्त पर साझा किए अनुभव

सोनभद्र।एनटीपीसी-विंध्याचल परियोजना मे शनिवार को अपनी दीर्घ सेवा देने के पश्चात कुल 4 कर्मचारी सेवानिवृत्त हुए।सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारी इस प्रकार से हैं। आनंद कुमार, उप प्रबंधक(फ्यूल हैंडिलिंग), बंशी राम, सहायक प्रबंधक(बीएमडी), गोरे लाल, उप अभियंता(प्रचालन) एवं रमाकांत, प्रचालक(मानव संसाधन)।सर्वप्रथम सेवानिवृत होने वाले सभी कर्मचारियों द्वारा सूर्या भवन के प्रांगण मे पर्यावरण संरक्षण की प्रतिबद्धता को दोहराते हुये वृक्षारोपण किया गया। इसके पश्चात एनटीपीसी-विंध्याचल प्रबंधन द्वारा सेवानिवृत्त होने वाले सभी कर्मचारियों का सम्मान परियोजना के उमंग भवन के सभागार में किया गया।स्वागत की कड़ी में परियोजना प्रमुख(विंध्याचल) संजीब कुमार साहा एवं महाप्रबंधक(अनुरक्षण एवं एडीएम)एम सुरेश नें सभी सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों का पुष्पमाला से स्वागत किया। साथ ही परियोजना की यूनियन/एसोसिएशन के प्रतिनिधियों ने भी पुष्पमाला पहनाकर अतिथि कर्मचारियों का स्वागत किया। सम्मान की कड़ी में सेवानिवृत्त होने वाले सभी कर्मचारियों का परियोजना प्रमुख (विंध्याचल) संजीब कुमार साहा एवं अन्य महाप्रबंधकगणों द्वारा श्रीफल, शाल एवं स्मृति-चिन्ह से सम्मानित किया।इसके अतिरिक्त सभी सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों को एनटीपीसी मे उनके द्वारा दी गई दीर्घ सेवाओं के लिए दीर्घ सेवा प्रमाण-पत्र आदि भी प्रदान किया गया। तत्पश्चात सेवानिवृत्त कर्मचारीगण ने भी मंच पर आकर अपने अनुभव साझा किए और एनटीपीसी के साथ बिताए गए समय को अविस्मरणीय बताया।उन्होंने कहा कि उनकी पहचान एनटीपीसी के कारण ही बनी है और वे सदैव इसके आभारी रहेंगे।उन्होंने अपने सहकर्मियों के सहयोग और स्नेह के लिए विशेष धन्यवाद व्यक्त किया। इस अवसर पर महाप्रबंधकगण, विभागाध्यक्षगण, यूनियन एवं एसोसिएशन प्रतिनिधिगण, संबंधित विभागों के कर्मचारी तथा सेवानिवृत्त कर्मचारियों के परिजन उपस्थित रहे। समारोह का सफल संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन वरिष्ठ प्रबंधक (मानव संसाधन) पूर्णिमा चतुवेर्दी द्वारा किया गया।

दो मोटरसाइकिलें भिड़ीं, बिजली विभाग के एक कर्मचारी की मौत, दो घायल

बलिया ।जिले के उभांव थाना क्षेत्र के तिरनई गांव के पास शनिवार को दो मोटरसाइकिल के बीच आमने-सामने की टक्कर में बाइक सवार बिजली विभाग के एक कर्मचारी की मौत हो गई तथा दो अन्य युवक घायल हो गए। पुलिस के अनुसार बेल्थरा रोड-नगरा मार्ग पर शनिवार को अपराह्न दो बजे दो मोटरसाइकिल के बीच आमने-सामने की टक्कर हो गई। नगरा में विद्युत विभाग में मीटर रीडर के रूप में कार्यरत आदर्श (28 वर्ष) अपने साथी रजनीकांत के साथ बाइक से जा रहे थे कि सामने से आ रही एक अन्य मोटरसाइकिल से उनकी बाइक टकरा गई। पुलिस ने बताया कि इस टक्कर में दोनों बाइक पर सवार कुल तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी तीन घायलों को सीयर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में तत्काल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने आदर्श को मृत घोषित कर दिया। थाना प्रभारी संजय शुक्ला ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। उन्होंने बताया कि इस मामले में मोटरसाइकिल चालक के विरुद्ध नामजद मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस आवश्यक विधिक कार्रवाई कर रही है।

संक्षेप

वृद्ध महिला का पेड़ पर फंदे से लटका मिला शव

मिल्कीपुर-अयोध्या। खंडासा थाना क्षेत्र के ढोली असकरन ग्राम पंचायत स्थित कप्तान तारा तालाब के दक्षिण 65 वर्षीय वृद्ध महिला मंगल पत्नी धर्मराज का शव संदिग्ध परिस्थितियों में कटहल के पेड़ पर फंदे से लटका पाए जाने के बाद गांव में सनसनी फैल गई। घटना देर बीते शुक्रवार की देर रात की बताई जा रही है। शनिवार सुबह होने पर जब ग्रामीण शौच के लिए तालाब की ओर गए तो उन्होंने महिला का लटकता हुआ शव देखकर स्थानीय पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पेंड से नीचे उतरवाया तथा पंचायत नामा करते हुए पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है। मृतक महिला की पहचान मंगला पत्नी धर्मराज 65 वर्ष गांव बरियारपुर के रूप में की गई है। मृतका के पति धर्मराज की पहले ही मृत्यु हो चुकी है। उसके दो बच्चे गुजरात में रहकर मजदूरी करते हैं। कंदई कला चैकी के प्रभारी ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। घटना के बाद परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। पुलिस घटना की गहन छानबीन में जुटी है।

काला बाजारी के आरोप में दो कोटेदारों पर केस दर्ज

सोहावल-अयोध्या। ग्राम पंचायत में चल रही सस्ते गले की दुकान से अनाज की कालाबाजारी करने पर आपूर्ति विभाग ने दो दुकानदारों के खिलाफ केस दर्ज कराया है। मामले की शिकायत के बाद हुई जाँच पड़ताल की रिपोर्ट पर जिलाधिकारी ने कार्रवाई के निर्देश दिए है। जिला पूर्ति अधिकारी बृजेश कुमार मिश्रा के निर्देश पर आपूर्ति निरीक्षक द्वारा की गयी दोनों कोटेदारों के विरुद्ध अनियमितता की जांच में संतोष कुमार उचित दर विक्रेता ग्राम पंचायत डीली सरैया के खिलाफ थाना खंडासा में मुकदमा दर्ज कराया गया है।भाग्यदेई उचित दर विक्रेता ग्राम पंचायत फतेहपुर सरैया के विरुद्ध थाना कैंट में मुकदमा दर्ज कराने के साथ पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। इन दोनों कोटेदारों पर सरकारी सस्ते गल्ले की दुकान से गरीबों के अनाज की बिक्री में हेराफेरी और कालाबाजारी का आरोप है।जांच के बाद कालाबाजारी का खुलासा हुआ है।

डीईओ ने लिया एसआईआर बूथों का जायजा

जिला संवाददाता

अयोध्या। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार चलाए जा रहे विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत निर्वाचक नामावली को अद्यतन किए जाने हेतु जनपद के समस्त मतदेय स्थलों पर बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) को फार्म-6, फार्म-6क, फार्म-7 एवं फार्म-8, घोषणा पत्र तथा ए०एस०डी०डी० सूची के साथ उपस्थित रहकर आलेख्य निर्वाचक नामावली में युवा मतदाताओं के नाम सम्मिलित करने, अपमार्जन एवं संशोधन के निर्देश दिए गए हैं। उक्त निदेशों के अनुपालन एवं कार्यों की प्रगति का स्थलीय निरीक्षण उप जिला निर्वाचन अधिकारी अनिरूद्ध प्रताप सिंह द्वारा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 275-अयोध्या के विभिन्न मतदेय स्थलों पर किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विमला देवी श्यामलाल आर्य कन्या इंटर कालेज अयोध्या के मतदेय स्थल संख्या 34, 35, 36, 37, 38, 39, बापू बालिका इंटर कॉलेज अयोध्या के मतदेय स्थल संख्या 121, संख्या 136, 137, 138, 139, 140, 141 का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा बीएलओ को निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का अक्षरशः पालन करते हुए पात्र मतदाताओं का नाम समयबद्ध रूप से निर्वाचक नामावली में सम्मिलित करने तथा सभी आवेदनों का निष्पक्ष एवं पारदर्शी निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। विशेष अभियान के अवसर पर शनिवार को प्राप्त फॉर्म -6 में 271 रुदौली -1281, 273 मिल्कीपुर-1539, 274 बीकापुर- 375, 275 अयोध्या -1164, व 276 गोसाईगंज 1243 हैं।

डीएम ने मतदेय स्थलों का किया भ्रमण

बहराइच। अर्हता तिथि 01 जनवरी 2026 के आधार पर विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के तहत आयोग द्वारा घोषित तृतीय विशेष अभियान तिथि के अवसर पर जनपद के समस्त मतदेय स्थलों पर आयोजित शिविर के दौरान बूथ लेबिल अधिकारियों द्वारा 06 जनवरी, 2026 को प्रकाशित आलेख्य मतदाता सूची तथा गणना अवधि के दौरान अप्राप्य श्रेणी में मार्क किये गये निर्वाचकों की सूची यथा अनुपस्थित/शिफ्टेड/मृतक/डुप्लीकेट मतदाताओं की सूची को पढ़कर सुनाया गया। शिविर के सफल संचालन हेतु विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों से संबंधित निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, अतिरिक्त सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों के साथ-साथ जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी अमित कुमार व अन्य प्रशासनिक अधिकारियों के साथ मतदेय स्थलों का भ्रमण कर फार्म-6, 7 व 8 की उपलब्धता तथा अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लेते रहे। जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने उप जिला निर्वाचन अधिकारी अमित कुमार व उप जिलाधिकारी सदर श्रीमती पूजा चैधरी के साथ पूर्व माध्यमिक विद्यालय व प्राथमिक विद्यालय अमीरमाह में स्थापित बूथों का निरीक्षण कर बूथ लेबिल अधिकारियों व अन्य सम्बन्धित स्टाफ तथा मौके पर मौजूद नागरिकों से आवश्यक जानकारी प्राप्त की। अमीरमाह विद्यालय के निरीक्षण के दौरान भाग सं. 115 की बीएलओ राजदा बेगम सहायक अध्यापक, 116 की बीएलओ सोनिया भारती, 117 की बीएलओ फातमा बेगम तथा 118 की बीएलओ विद्या उपस्थित पायी गयीं। डीएम ने बीएलओ से प्रपत्रों की उपलब्धता तथा सूची के पढ़े जाने इत्यादि के बारे में जानकारी प्राप्त की तथा यह भी पूछा कि प्रपत्र व घोषणा पत्र के साथ कौन कौन से अभिलेख प्राप्त किये जा रहे हैं। डीएम ने मतदान केन्द्रों पर मौजूद मतदाताओं व आमजन से भी व्यवस्थाओं इत्यादि के बारे में जानकारी प्राप्त की।

महाशिवरात्रि पर श्रद्धालुओं, कांवड़ियों की सुरक्षा-व्यवस्था को लेकर एसपी ने किया निरीक्षण

बाराबंकी। आगामी महाशिवरात्रि को लेकर पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय ने थाना रामनगर क्षेत्रान्तर्गत श्री लोधेश्वर महादेवा मंदिर परिसर का भ्रमण किया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक ने महाशिवरात्रि पर आने वाले श्रद्धालुओं, कांवड़ियों की सुरक्षा-व्यवस्था हेतु यात्रा के दौरान मार्ग में पड़ने वाले पुल, रास्तों, बैरिकेटिंग, वाहनों के रूट डायवर्जन, वैकल्पिक मार्गों, पार्किंग व्यवस्था, राष्ट्रीय राजमार्ग पर अनवरत प्रकाश व्यवस्था, पुलिस पिकेट, पेट्रोलिंग के सम्बन्ध में सम्बधितो को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी रामनगर गरिमा पंत, प्रभारी निरीक्षक रामनगर अनिल कुमार पाण्डेय सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।

ओम नमो भगवते वासुदेवाय मंत्र का अखण्ड जाप कर भक्त ध्रुव ने परमात्मा को किया प्राप्तः स्वामी गोविंदाचार्य

बंकी, बाराबंकी। उत्तरटोला में चल रही श्रीमदभागवत कथा के चौथे दिन कथावाचक स्वामी गोविंदाचार्य ने किस प्रकार पांच वर्ष के बालक ध्रुव ह्नदृढनिश्चय करके देवर्षि नारद जी से दीक्षा प्राप्त कर ओम नमो भगवते वासुदेवाय मन्त्र का अखण्ड जाप करके परमात्मा को प्राप्त कर लिया। हम सभी प्राणियों को सांसारिक बन्धनो से मुक्त होकर ईश्वर को ध्रुव की तरह प्राप्त करना चाहिए। उन्होने अन्यान्य कथा, जड भरत चरित्र, भक्त प्रह्लाद चरित्र, गजेंद्र मोक्ष, समुद्र मंथन, श्री वामन अवतार, सूर्य वंश मे श्रीराम अवतार, चन्द्र वंश के वर्णन किया। इस मौके पर अशोक कुमार मौर्य, ममता, रामनाथ मौर्य, आशा देवी, रामकुमार मिश्र, सुदामा मिश्रा, शेखर, दिलीप कुमार श्रीवास्तव, विभा श्रीवास्तव, चंद्रशेखर उपाध्याय, सुनील जायसवाल आदि मौजूद रहे।

अमरापुर दरबार के संतों ने किए रामलला के दर्शन

जिला संवाददाता

अयोध्या। श्री अमरापुर स्थान जयपुर के संत मोहन लाल महाराज (संत मोनूराम), इंदौर के संत लालचंद सहित श्री अमरापुर संत मंडली ने पवित्र माघ माह में अयोध्या यात्रा

- माघ माह में अयोध्या, प्रयागराज प्रवास पर है श्री अमरापुर संत मंडली

प्रवास के दौरान प्रभु श्री राम मंदिर, हनुमान गाढी, कनक भवन, दर्शन व पवित्र सरयू नदी के दर्शन किए। सामाजिक कार्यकर्ता विश्व प्रकाश रूपन ने देते हुए बताया कि प्रभु श्री राम लला के भव्य मंदिर में श्रीरामलला की दिव्य अलौकिक प्रतिमा एवं दिव्य श्रृंगार को देख कर आये सभी पूज्य संत भावविभोर हो गए ,और कई बार श्री राम लला के बाल स्वरूप के दर्शन कर भावुक दिखे। संत मोहनराम ने मंदिर के निर्माण में शामिल सभी एजेंसियों, श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के साथ साथ केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार को सनातन के इस तीर्थ के योजनाबद्ध विकास हेतु आभार व्यक्त किया। अमरापुर स्थान जयपुर राजस्थान से पधारे संतों के साथ आये सभी तीर्थ यात्रियों ने पवित्र सरयू नदी के तट पर घंटों संतो ने पूजा अर्चना कर दान पुण्य स्नान ध्यान कर अपनी साधना किया। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट महामंत्री चंपतराय की अति व्यस्तता के बीच उनसे भेंट व धर्म चर्चा की इच्छा अधूरी छोड़ वे आगे की यात्रा पर प्रयागराज के लिए रवाना हुए। गौरतलब तथ्य है कि संपूर्ण भारत में जहां प्रेम प्रकाश पंथ के एक सौ तीस आश्रम हैं तो संपूर्ण विश्व के लगभग प्रमुख देशों में भी सनातन संस्कृति की ध्वजा फहरा रहे हैं। प्रयागराज में संपूर्ण माघमाह के दौरान प्रेम प्रकाश आश्रम की ओर से आ रहे लाखों श्रद्धालुओं के लिए विशाल भंडारा,व अन्य आवश्यक प्रबंध करता विशाल कैंप लगाकर जनसामान्य की सेवा की जा रही है। इस अवसर पर अयोध्या यात्रा में पूज्य संत मोहनराम जी राजस्थान,संत लालचंद इंदौर के साथ अयोध्या प्रेम प्रकाश आश्रम के संत महेंद्र दास, संदीप पारवानी, राजकुमार, देवांश ठाकवानी, दीपेश गोगिया रहे। संत मोहन राम ने अयोध्या के दिव्य भव्य व अलौकिक दर्शन हेतु प्रभु श्रीराम के प्रति कृतज्ञता व मंडल संघचालक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ मुकेश तोलानी व सामाजिक कार्यकर्ता विश्व प्रकाश रूपन के मार्गदर्शन हेतु भी स्नेह प्रकट किया।

मुख्य कोषाधिकारी कक्ष में हुई शोक सभा

अयोध्या। जनवरी माह में दिवंगत पेंशनरों/पारिवारिक पेंशनरों की आत्मा की शान्ति एवं शोक संतप्त परिवारों को इस दुःख की घड़ी में सम्बल प्रदान करने हेतु मुख्य कोषागार अधिकारी ममता सिंह के कक्ष में शोक सभा का आयोजन किया गया। सभा में सभी उपस्थितजनों द्वारा दिवंगत पेंशनरों की आत्मा की शान्ति हेतु ईश्वर से प्रार्थना की गई तथा उनके परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की गई। सभा के माध्यम से दिवंगत पेंशनरों के प्रति श्रद्धा एवं सम्मान अर्पित किया गया तथा उनके योगदान को स्मरण किया गया। इस अवसर पर दो मिनट का मौन भी रखा गया। शोकसभा में पेंशनर्स एसोसिएशंस जनपद अयोध्या के प्रतिनिधि अमरनाथ सिंह, राजकुमार श्रीवास्तव, भगौती प्रसाद, राम किशोर श्रीवास्तव, कोषागार अयोध्या के लेखाकार दुर्गेश बिहारी, प्रशांत कुमार वर्मा, सुरेश सहायक लेखाकार आलोक वर्मा भी उपस्थित रहे।

सेंट्रल एकेडमी में मनाया गया ग्रैंड पैरेंट्स डे

बाराबंकी। आवास विकास स्थित विद्यालय में ग्रैंड पैरेंट्स डे का शुभारम्भ प्रशासिका वीना पांडे, प्रधानाचार्या संचिता श्रीवास्तव ने दीप प्रज्ज्वलन कर किया। कार्यक्रम मे विद्यालय के नन्हे-मुन्नों बच्चो द्वारा ह्नहमें माफ करना ओमह्न गीत के माध्यम से नृत्य की प्रस्तुति दी गई। इसके उपरान्त आये हुए दादा-दादी, नाना-नानी के बीच लेमन स्पून, कैच द बॉल, म्यूजिकल चेयर, फूलों की माला प्रतियोगिताये आयोजित की गई। जिसमे प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वालो को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

मासूम को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर मौत , परिजनों में मचा कोहराम

बहराइच । जिले के फखरपुर थाना क्षेत्र में आज सुबह अज्ञात वाहन ने 6 साल के मासूम को टक्कर मार दी । हादसे में बाद चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया । लोग जब तक मासूम को इलज के लिए लेकर जाते उसकी मौके पर ही मौत हो गई । सूचना पर पहुंची पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज वाहन की तलाश में जुटी हुई है ।फखरपुर थाना क्षेत्र में स्थित चक सौगहना ग्राम के रहने वाले ग्रामीण मुजुबुद्दीन का का पुत्र अब्दुर्रहमान उम्र 6 वर्ष शनिवार की सुबह करीब दस बजे घर के सामने बनी सड़क पार कर रहा था । तभी अचानक एक तेज रफ्तार वाहन ने उसे टक्कर मार दी । चीख सुनकर आस पास के ग्रामीण व परिजन दौड़े लेकिन तब तक चालक वाहन समेत फरार हो गया । हादसे में मासूम की मौके पर ही मौत हो गई ।सूचना पर फखरपुर थाना प्रभारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है ।थाना प्रभारी ने बताया कि आस पास लगे सी सी टी वी कैमरों को देखा जा रहा है । जिससे दुर्घटना करने वाले वाहन का पता लगाया जा सके ।

गोल्ड मेडल प्राप्त करने के साथ संपूर्णता अभियान का आगाज

जिला संवाददाता

बहराइच । आकांक्षात्मक जनपद बहराइच में सम्पूर्णता अभियान-2.0 की लांचिग के अवसर पर कपूरथना परिसर स्थित उत्थान आडिटोरियम में विधायक पयागपुर सुभाष त्रिपाठी व विधायक नानपारा राम निवास वर्मा ने मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र के साथ दीप प्रज्वलित कर लांचिग सेरेमनी का शुभारम्भ किया तथा गर्भवती महिलाओं की गोदभराई की तथा बच्चों को अन्नप्रासन कराया। इस अवसर विधायकगण ने कहा कि उन्हें आशा की नहीं बल्कि पूर्ण विश्वास है कि जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी के नेतृत्व एवं मुख्य विकास अधिकारी के दिशा निर्देशन में 14 अप्रैल 2026 तक चलने वाले सम्पूर्णता अभियान-2.0 में जनपद को गोल्ड मेडल प्राप्त होगा। विधायकद्वय ने सम्पूर्णता अभियान-2.0 के लिए सभी सम्बन्धित विभागों एवं फ्रंटलाईन वर्कर्स को शुभकामनाएं दी। इससे पूर्व विधायकगण ने अधिकारियों के साथ आडिटोरियम परिसर में स्वास्थ्य विभाग, आईसीडीएस, कृषि एवं उद्यान, पशुपालन, ओडीओपी तथा स्वयं सहायता समूहों द्वारा सजाये गये प्रदर्शनी पण्डालों का अवलोकन किया।

उद्यान विभाग के स्टाल निरीक्षण के दौरान कृषक सियाराम, जीवन लाल मौर्य, लालता प्रसाद, त्रिलोकी तथा राजकीय पौधशाला द्वारा उत्पादित की जैविक सब्जी ब्रोक्ली गोभी, लाल गोभी, फूल गोभी, संकर टमाटर, शिमला व अचारी मिर्च, मूली, लौकी तथा कद्दू के बारे में जानकारी प्राप्त की। नवकृषि नेटवर्क द्वारा लगाये गये स्टाल के निरीक्षण के दौरान प्रदर्शित किये गये सोलर लाइट ट्रैप, फेरोमैन ट्रैप, मैनुअल सीडर, फल मक्खी जार इत्यादि के बारे में जानकारी प्राप्त की।

इस अवसर पर आडिटोरियम के बरामदे में उकेरी गई रंग बिरंगी रंगोली का भी विधायकगण द्वारा अवलोकन कर सराहना की गई।

आडिटोरिसम में आयोजित कार्यक्रम का संयुक्त रूप से संचालन करते हुए डीएचईआईओ बृजेश कुमार सिंह व डीटीओ डॉ. पीयूष नायक ने बताया कि आकांक्षी जनपद प्रोग्राम (एडीपी) के अन्तर्गत 05 सूचकांकों स्वास्थ्य एवं पोषण के अन्तर्गत 03 जन्म के समय बच्चों का वजन, क्षय रोगियों का चिन्हांकन एवं आंगनबाड़ी केन्द्रों व उप केन्द्रों तथा शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर सत्रों का आयोजन, शिक्षा के अन्तर्गत सभी स्कूलों में बालिका शौचालयों की व्यवस्था, कृषि एवं पशुधन सेक्टर में समस्त मवेशियों का टीकाकरण तथा (एबीपी) अन्तर्गत आकांक्षी ब्लाक हुजूरपुर में 06 सूचकांकों स्वास्थ्य एवं पोषण के अन्तर्गत 06 साल तक के बच्चों पूरक पोषाहार, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों में वजन नापने की क्षमता का विकास, कार्यरत आंगनबाड़ी केन्द्रों पर स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था, शिक्षा के अन्तर्गत सभी स्कूलों में बालिका शौचालयों की व्यवस्था, कृषि एवं पशुधन सेक्टर में समस्त मवेशियों का खुरपका मुंहपका टीकाकरण कराये जाने हेतु 14 अप्रैल 2025 तक अभियान संचालित किया जाना है।

हर घर जल योजना में कहीं सूखी पड़ी है टोटी तो कहीं बहता रहता है पानी

सोहावल-अयोध्या। प्रधानमंत्री की महत्वाकांक्षी योजना हर घर जल सोहावल में दुर्व्यवस्था का शिकार है। योजना के 3 साल पूरे होने के बाद भी 56 ग्राम पंचायत वाले विकास खण्ड क्षेत्र में केवल 24 ग्राम पंचायत ही योजना में अमली जामा पहन सकी है। इनमें भी कहीं योजना की टोटी सूखी पड़ी है। कहीं-कहीं टोटी के अभाव में पानी जल आपूर्ति के समय बहता ही रहता है। वर्ष 2022 में शुरू हुई इस परियोजना की रफ्तार इतनी धीमी है। विकास खण्ड की 56 ग्राम पंचायत में सिर्फ 24 ग्राम पंचायत ही योजना से पूरी तरह जुड़ सकी। इसमें भी दो दर्जन के आसपास ऐसी ग्राम पंचायत हैं ।जहां निर्माण संस्था के ठेकेदारों ने सड़कों और गलियों को खोदकर पाइप तो बिछा दी लेकिन टोटी में पानी का कनेक्शन आज तक नहीं दे सके। जिन गांवों में जल आपूर्ति शुरू कर दी गई वहां अनेक घरों में पाइप में टोटी जोड़ी ही नहीं गयी। सुबह शाम होने वाली आपूर्ति के समय टोटी से हमेशा पानी बे वजह गिरता ही रहता है ।जिससे जल अप व्यय हो रहा है। यही नहीं जिन सड़कों और गलियों को ठेकेदारों ने खोद कर पाइप डाली। उसे अब तक पक्की ईंटों से बंद ही नहीं किया गया ।अब ग्रामीणों के लिए मुसीबत साबित हो रही है। इस सम्बन्ध में पूछे जाने पर सहायक विकास अधिकारी अनिरुद्ध प्रसाद वर्मा ने बताया कि अब तक 24 ग्राम पंचायत में योजना पूरी होने की रिपोर्ट है। ग्राम प्रधानों और ग्रामीणों की शिकायत हमेशा आती रहती है। निर्माण संस्था को जल्द ही परियोजना पूरी करने के लिये निर्देश दिए गए हैं।

सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारी/कर्मचारी गण को उपहार भेंट कर दी विदाई

बहराइच । पुलिसकर्मी पुलिस विभाग में अपनी सम्पूर्ण सेवाकाल के दौरान पूर्ण निष्ठा, ईमानदारी एवं लगन से कार्य करते हुए अधिवर्षता आयु पूर्ण कर सेवानिवृत हुए। इस अवसर पर ₹पुलिस लाइन सभागार₹ में पुलिस सेवा से सेवानिवत्ति पर विदाई समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक नगर श्री अशोक कुमार सिंह द्वारा पुलिसकर्मियों को फूल माला पहनाकर, शाल उढ़ाकर एवं उपहार स्वरूप *महिला मुख्य आरक्षी श्रीमती देवन्ती चौरसिया, मुख्य आरक्षी सशस्त्र पुलिस श्री राम मिलन तिवारी एवं कुक श्री विदुर बहादुर सिंह* को श्रीरामचरितमानस, ट्रॉली बैग भेंट कर विदा किया गया तथा उनके द्वारा किये गये योगदान की सराहना करते हुए उन्हें प्रशस्ति पत्र वितरित कर उनके बेहतर स्वास्थ्य और उज्जवल भविष्य की कामना की गई। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी नगर श्री नारायण दत्त मिश्रा, प्रतिसार निरीक्षक श्री भुवनेश्वर सिंह व अन्य अधिकारी/कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

तार्किक विसंगतियों के सम्बन्ध में डीएम ने राजनैतिक दलो के साथ की बैठक

बहराइच । अर्हता तिथि 01 जनवरी 2026 के आधार पर विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के तहत 06 जनवरी, 2026 को प्रकाशित आलेख्य मतदाता सूची के सम्बन्ध में तार्किक विसंगतियों (लॉजिकल डिस्क्रिपेंसी) के सम्बन्ध में जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने कलेक्ट्रेट सभागार में मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों के साथ बैठक करते हुए बताया कि तार्किक विसंगतियां मिलने वाले मतदाताओं को निर्गत की जायेगी। श्री त्रिपाठी ने कहा कि तार्किक विसंगतियों को दुरूस्त करना बहुत ही महत्वपूर्ण कार्य है। उन्होंने सभी राजनैतिक दलों से इस कार्य में सहयोग प्रदान करने के साथ-साथ 06 फरवरी 2026 तक अधिक से अधिक प्रपत्र 06 भरवा कर संबंधित बीएलओ या निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कार्यालय में जमा कराये जाने का अनुरोध किया।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी अमित कुमार, भारतीय जनता पार्टी के प्रशासनिक प्रमुख श्रवण कुमार शुक्ला, समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष रामहर्ष यादव व उपाध्यक्ष जफर उल्ला खां बन्टी, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस (आई) के महासचिव हमजा शफीक, प्रदेश कमेटी के सदस्य धर्मेन्द्र चैधरी व जिला उपाध्यक्ष शिवेन्द्र प्रताप सिंह, बहुजन समाज पार्टी के जिला संयोजक सुखराम प्रजापति व अपना दल एस के प्रदेश महासचिव विधिमंच सन्दीप चैरसिया मौजूद रहे।

सड़क पर चलने वाले चालक सर्वप्रथम अपनी जिम्मेदारी को समझें: राजकुमार सिह

बाराबंकी। सड़क हादसो को रोकने के लिये परिवहन विभाग द्वारा 1 जनवरी से 31 जनवरी 2026 राष्ट्रीय सडक सुरक्षा माह के अन्तर्गत प्रशास्ति पत्र वितरण एंव समापन समारोह का शुभारम्भ मुख्य अतिथि उप परिवहन आयुक्त परिक्षेत्र अयोध्या राजकुमार सिंह ने किया। विशिष्ट अतिथि के रुप मे प्रशास्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि उप परिवहन आयुक्त परिक्षेत्र अयोध्या श्री सिंह ने कहा कि सड़क पर चलने वाले वाहन चालकों को सर्वप्रथम अपनी जिम्मेदारी को समझकर चलना होगा। ताकि इनसे कोई लोग हताहत न हो। किसी की जान एक छोटी सी

- बिना हेलमेट वाहन संचालन करने वाले चालको को गुलाब का फूल व हेलमेट देकर दिलाया गया नियमो का पालन करने का संकल्प
- सड़क सुरक्षा क्षेत्र मे विशेष योगदान देने वाले व्यक्तियो, समाजसेवियो को प्रशास्ति पत्र देकर किया गया सम्मानित
- उप परिवहन आयुक्त अयोध्या ने किया सड़क सुरक्षा माह का समापन

क्षेत्राधिकारी यातायात आलोक पाठक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी नवीन कुमार पाठक, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन अंकिता शुक्ला, यात्री मालकर अधिकारी रवि चन्द्र त्यागी, सम्भागीय निरीक्षक प्राविधिक बलवन्त सिंह यादव मौजूद रहे। समारोह में सड़क सुरक्षा के क्षेत्र मे विशेष योगदान देने वाले समाजसेवियो, शिक्षको, पत्रकारो को लापरवाही से जा सकती है। सावधानी हटी और दुर्घटना घटी। छोटी छोटी बातों पर ध्यान देकर हम सड़क दुर्घटनाओं को रोक सकते हैं। सड़क सुरक्षा माह का समापन हो रहा है, अभियान का नहीं।

रोड़ सेफ्टी नियमों का पालन हमें स्वयं करना होगा। हेलमेट-सीटबेल्ट पहनकर दिखावा करने के बजाय इसे अपनी आदत मे बनायें। एआरटीओ प्रशासन श्रीमती शुक्ला ने कहा कि जीवन अनमोल है। इसे बचाना आवश्यक है तमाम नागरिकों का यह कत्र्तव्य बनता है कि गलत ढंग से सड़कों पर चलने वाले लोगों को जागरूक करें ताकि उनकी जीवन रक्षा हो सके। इसके उपरान्त ह्यसड़क पर वाहन चलाने से पहलें सभी सुरक्षा सम्बधी बातो का ध्यान रख सड़क व यातायात नियमों का हमेशा पालन करुगाह्न की शपथ दिलाई गई। तो वही बिना हेलमेट वाहन संचालन करने वाले दो पहिया वाहन चालको को गुलाब का फूल व हेलमेट भेटकर रोड़ सेफ्टी नियमो का पालन करने का संकल्प दिलाया गया। कार्यक्रम का संचालन जिला स्काउट मास्टर राजेन्द्र त्रिपाठी ने किया। इस अवसर पर यातायात प्रभारी रामयतन यादव, जीजीआईसी उप प्रधानाचार्य डा0 पूनम सिंह, रेड़ क्रास से शैलेन्द्र प्रताप सिंह, स्वास्तिक पेट्रोल पम्प प्रबन्धक दीपक जैन सहित अन्य मौजूद रहे।

सड़क सुरक्षा माह का हुआ समापन



बहराइच । सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने तथा आम जनमानस को यातायात नियमों की जानकारी प्रदान करने के उद्देश्य से शासन के निर्देश पर जनपद में 01 से 31 जनवरी 2026 तक आयोजित यातायात सुरक्षा माह के समापन अवसर पर पुलिस लाइन में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सदर विधायक श्रीमती अनुपमा जायसवाल ने पुलिस अधीक्षक ग्रामीण दुर्गा प्रसाद तिवारी व नगर के अशोक कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी पुसिल यातायात राज सिंह यादव, ए.आर.टी.ओ. ओ.पी. सिंह, यात्रीकर अधिकारी अवधराज गुप्ता, सम्भागीय निरीक्षक (प्राविधिक), प्रदीप कुमार, प्रभारी यातायात पुलिस राम प्रकाश के साथ उपस्थित मीडिया बन्धुओं, आरक्षियों एवं महिला महाविद्यालय की छात्राओं को लगभग 200 हेलमेट का वितरण किया गया।

कार्यक्रम के दौरान प्रक्षिशु पुलिस जवानों, एनसीसी कैडेट्स, एवं महिला महाविद्यालय की छात्राओं को सड़क सुरक्षा के नियमों के प्रति जागरूक किया गया तथा सड़क दुर्घनाओं पर बचाव की जानकारी प्रदान करने के साथ-साथ सड़क सुरक्षा से सम्बन्धित पैम्फलेट का वितरण किया गया तथा मौजूद लोगों को सड़क सुरक्षा की शपथ दिलायी गयी। कार्यक्रम को सफल बनाने में यातायात कार्यालय के कार्मिकों, पुलिस दस्ता, पुलिस विभाग एवं परिवहन विभाग के कार्मिकों द्वारा सहयोग प्रदान किया गया।

संक्षेप

डीएम-एसपी ने जिला जेल का किया निरीक्षण

रायबरेली। जिलाधिकारी हर्षिता माथुर व एसपी डॉ. यशवीर सिंह ने जिला कारागार रायबरेली का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा कैदियों की समस्याओं को सुना। सभी बैरकों का निरीक्षण करते हुए उन्होंने कारागार के पाकशाला में बन्दियों को दिये जाने वाले भोजन की गुणवत्ता, साफ सफाई, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था आदि का भी अवलोकन किया गया। उन्होंने कहा व्यवस्थाओं को नियमानुसार दुरुस्त रखने के साथ ही बंदी गृह में रह रहे मरीजों के चिकित्सा व्यवस्था का भी ध्यान रखा जाए। उन्होंने निर्देश दिये कि सभी व्यवस्थाओं को जेल मैनुअल के अनुरूप ही सुनिश्चित कराया जाए।

अज्ञात वाहन की चपेट में बाइक सवार घायल

चांदा, सुलतानपुर (वीओएल)। स्थानीय क्षेत्र के शाहपुर मनीपुर निवासी सुरेश यादव पुत्र राम सागर शुक्रवार बीती रात ढकवा बाजार से बेटी की शादी का निमंत्रण देकर रिस्तेदार के यहाँ वापस घर आ रहे थे। तभी ढकवा हाइवे बाईपास के पास रास्ते में अज्ञात वाहन ने उनकी मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि वह सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। और उनके दाये पैर में कमर के पास फैक्चर हो गया। घटना के बाद आसपास मौजूद ग्रामीणों पुलिस की मदत से एम्बुलेंस से समुदाय स्वास्थ्य केंद्र प्रतापपुर कमैचा पहुँचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। हादसे के बाद अज्ञात वाहन मौके से फरार हो गया। इस मामले में ढकवा चैकी इंचार्ज अवध राज यादव ने बताया कि अज्ञात वाहन से टक्कर हुई थी। जो मौके से वाहन समेत चालक फरार हो गया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

दुर्घटना में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत

बल्दीराय, सुलतानपुर। मुसाफिरखाना-देवरा मार्ग पर बहुरांवा गांव के निकट 25 जनवरी की सुबह हुई सड़क दुर्घटना में घायल युवक की शुक्रवार शाम इलाज के दौरान मौत हो गई। घटना के बाद से मृतक के परिवार में कोहराम मचा हुआ है और गांव में शोक की लहर व्याप्त है। बल्दीराय थाना क्षेत्र निवासी शिवांक (21 वर्ष) पुत्र अशोक अग्रहरि सुबह मजदूर लेने के लिए जा रहा था। इसी दौरान बहुरांवा के पास सामने से आ रहे साबुन लदे डीसीएम वाहन ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि शिवांक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए घायल युवक को तत्काल सीएचसी पहुंचाया। चिकित्सकों ने हालत नाजुक देखते हुए शिवांक को लखनऊ रेफर कर दिया। लखनऊ के एक निजी अस्पताल में उसका इलाज चल रहा था, लेकिन शुक्रवार शाम उसने दम तोड़ दिया। युवक की मौत की सूचना मिलते ही परिजनों पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। परिजन शव को लेकर घर पहुंचे और घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को दी। सूचना मिलने पर बल्दीराय पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थानाध्यक्ष नारद मुनि सिंह ने बताया कि शव को पीएम हेतु भेज दिया गया है और मामले में विधिक कार्रवाई की जा रही है। युवक की असमय मौत से परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है। ग्रामीणों ने प्रशासन से दोषी वाहन चालक के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की मांग की है।

3 महीने बाद भी नहीं बदला सीएचसी अधीक्षक का नाम

● मेडिकल स्टाफ सूची बनी भ्रम का कारण

जयसिंहपुर, सुलतानपुर (वीओएल)। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) जयसिंहपुर में प्रशासनिक लापरवाही का मामला सामने आया है। अधीक्षक पद पर बदलाव हुए तीन महीने से अधिक का समय बीत चुका है, लेकिन अब तक मेडिकल स्टाफ सूची में संशोधन नहीं किया गया। इससे अस्पताल आने वाले मरीजों और आम लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जयसिंहपुर सीएचसी के पूर्व अधीक्षक डॉ. सुरेंद्र कुमार पटेल का स्थानांतरण सीएचसी कादीपुर कर दिया गया था। इसके बाद 31 अक्टूबर 2025 को डॉ. सेवाराम यादव ने जयसिंहपुर सीएचसी के नए अधीक्षक के रूप में विधिवत कार्यभार ग्रहण कर लिया। इसके बावजूद अस्पताल परिसर में लगी मेडिकल स्टाफ सूची में अब भी पूर्व अधीक्षक का ही नाम दर्ज है।

मरीजों को नहीं मिल रही सही जानकारी : मेडिकल स्टाफ सूची अपडेट न होने के कारण मरीजों, तीमारदारों और अस्पताल आने वाले लोगों को यह तक पता नहीं चल पा रहा है कि वर्तमान अधीक्षक कौन हैं। कई बार शिकायत, सुझाव या आवश्यक प्रशासनिक कार्यों के लिए लोग पुराने नाम के आधार पर जानकारी लेते हैं, जिससे असमंजस की स्थिति बनी रहती है।

स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल : स्वास्थ्य विभाग के नियमों के अनुसार किसी भी अधिकारी के स्थानांतरण या पदभार परिवर्तन के बाद सूचना पटों को तुरंत अपडेट किया जाना चाहिए। लेकिन जयसिंहपुर सीएचसी में तीन महीने बाद भी स्टाफ सूची जस की तस बनी हुई है, जो विभागीय उदासीनता को दर्शाती है। वर्तमान अधीक्षक डॉ सेवाराम यादव ने बताया कि उन्होंने बताया कि पेंटिंग के लिए बजट अभी नहीं आया है बजट आने पर नाम पत्रिका सूची पर नाम परिवर्तित कर दिया जाएगा।

दावें व आपत्तियां प्राप्त की गयीं

रायबरेली। जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी हर्षिता माथुर ने बताया है कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार अर्हता तिथि 1 जनवरी 2026 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम के अन्तर्गत दावे और आपत्तियां प्राप्त करने की अवधि में आयोग द्वारा निर्धारित अभियान की तिथि में आज जनपद में समाविष्ट छः विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में मार्क किये गये निर्वाचकों की सूची तथा अनुपस्थित/शिफ्टेड/मृतक/डुप्लीकेट सूची को प्रदर्शित किया गया।

स्कूल वैन को कार ने मारी टक्कर, नौ बच्चे घायल

महराजगंज, रायबरेली। महराजगंज कस्बा स्थित एसजेएस पब्लिक स्कूल की विंगर वैन में सामने से आ रही तेज रफ्तार अनियंत्रित क्रेटा कार ने टक्कर मार दी। कार की टक्कर इतनी जोरदार थी कि छात्रों को लेकर जा रही विंगर वैन सड़क किनारे खाई में पलट गई। आसपास मौजूद लोगों ने दौड़कर स्कूली वाहन को सीधा करके छात्रों को बाहर निकाला। घटना शनिवार दोपहर करीब पौने तीन बजे की है। छात्रों को घर छोड़ने के लिए विंगर वैन हैदरगढ़ मार्ग पर फायरब्रिगेड से आगे बने कुबना नैय्या पुल के पास जैसे ही पहुंची तभी सामने से आ रही तेज रफ्तार अनियंत्रित क्रेटा कार ने विंगर वैन के पिछले हिस्से में टक्कर मार दी। आसपास मौजूद लोगों के मुताबिक टक्कर इतनी जोरदार थी कि छात्रों से भरी विंगर वैन सड़क किनारे खाई में पलट गई। चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोगों ने दौड़कर स्कूल वाहन को सीधा करके छात्रों को बाहर निकाला। स्कूल वाहन चालक गंगा प्रसाद अवस्थी ने बताया कि घटना के समय विंगर वैन में 14 छात्र सवार थे। घटना में कई छात्र घायल हो गए। सभी घायल छात्रों को एम्बुलेंस की मदद से सीएचसी महराजगंज पहुंचाया गया जहां चिकित्सकों ने घायल हुए छात्रों का इलाज किया। डॉ। अनिल भारद्वाज ने बताया घटना में अरुणिमा, आदर्श, शिफा, अदितिसिंह, तनिष्क, स्वप्निल, आराध्या श्रीवास्तव, शिवानी, कार्तिक समेत नौ चोटिल छात्रों का इलाज किया गया है। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय पुलिस फोर्स मौके पर पहुंची सभी छात्रों को इलाज के बाद दूसरी गाड़ी से सुरक्षित उनके घर भेज दिया गया है। कोतवाल जगदीश यादव ने बताया कि क्रेटा कार के चालक को हिरासत में लिया गया है। तहरीर मिलने पर कार्यवाही की जाएगी।

अथर्व व आसिफ वॉलीबॉल प्रतियोगिता में करेंगे प्रतिभाग

सुलतानपुर (वीओएल)। खेल निदेशालय उत्तर प्रदेश के तत्वाधान में आयोजित समन्वय राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए सब जूनियर बालक संवर्ग के मंडलीय ट्रायल में अथर्व सिंह और मोहम्मद आसिफ का चयन हुआ। अथर्व सिंह जिले के पंत स्पोर्ट्स स्टेडियम में स्टेडियम कोच प्रदीप यादव से प्रशिक्षण ले रहे हैं। वहीं मोहम्मद स्पोर्टिंग क्लब आलियाबाद बल्दीराय मैदान पर वरिष्ठ वॉलीबॉल खिलाड़ी सैयद नूर अली की देखरेख में मोहम्मद आसिफ प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। 3 से 6 फरवरी को क्षेत्रीय खेल कार्यालय गोरखपुर में आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में ये खिलाड़ी प्रतिभाग करेंगे।

न्यायालय के स्थगन आदेश के बावजूद हो रहे निर्माण को न रोके जाने से वकीलों में आक्रोश

महराजगंज,रायबरेली। न्यायालय के स्थगन आदेश के बावजूद हो रहे निर्माण को न रोके जाने से अधिवक्ताओं में आक्रोश है। कस्बे के बछरावां रोड स्थित भूमि गाटा संख्या 254 रकबा 0. 096 जो मकसूद अली आदि के नाम दर्ज है। उक्त भूमि पर बीते शनिवार से राम सुमिरन पुत्र ननकऊ द्वारा निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया है। मकसूद अली का कहना है कि वह भूमि उसके नाम दर्ज है। जिसको लेकर माननीय सिविल न्यायालय द्वारा 19 जनवरी को मौके पर यथा स्थिति बनाए रखे जाने का आदेश भी पारित किया है। खाता धारक मकसूद अली का आरोप है कि स्थानीय पुलिस व प्रशासन से मिली भगत से विपक्षी रामसुमिरन पुत्र ननकऊ लगातार विवादित भूमि पर निर्माण कर रहे हैं। जिसको लेकर मकसूद अली ने तहसीलदार मंजुला मिश्रा से गुरुवार को शिकायत की थी। मामले में तहसीलदार ने दोनों पक्षों को तलब कर मौके पर यथा स्थिति बनाए जाने के लिए निर्देशित करते हुए कहा कि स्थगन के बावजूद अगर किसी ने निर्माण किया तो विधिक कार्यवाही की जायेगी। उच्चाधिकारियों के आदेश के बाद भी बाहर से तिरपाल लगाकर निर्माण कार्य लगातार जारी होने से शनिवार को खाता धारक मकसूद अली के अधिवक्ता पुत्र इम्तियाज अली उपजिलाधिकारी कार्यालय के सामने धरने पर बैठ गए। देखते ही देखते तहसील के तमाम अधिवक्ता इम्तियाज अली के समर्थन में उतर आए और धरने में शामिल हो गए। मामले को बढ़ता देख प्रशासन में हड़कंप मच गया। उप जिलाधिकारी गौतम सिंह ने बताया कि दो पक्षों में जमीनी विवाद है। न्यायालय के स्थगन आदेश के अनुपालन में निर्माण कार्य पर प्रतिबंध लगाया गया है। टीम गठित कर जांच के निर्देश दिए गए है।

पंचायत भवन निर्माण में घटिया सामग्री का आरोप, बीडीओ ने कही जांच की बात

अमेठी। जनपद के विकासखंड अंतर्गत कटरा पुल कुवर ग्राम सभा में निमार्णाधीन पंचायत भवन में घटिया सामग्री के प्रयोग का आरोप सामने आया है। ग्रामीणों का कहना है कि सरकारी मानकों को दरकिनार कर निर्माण कार्य कराया जा रहा है, जिससे भवन की गुणवत्ता पर सवाल खड़े हो रहे हैं। ग्रामीणों द्वारा शिकायत किए जाने पर जब इस संबंध में खंड विकास अधिकारी (बीडीओ) से बात की गई तो उन्होंने बताया कि उन्हें इस मामले की सूचना मिली है, लेकिन फिलहाल उनके पास समय नहीं है। बीडीओ ने कहा कि वे दो-तीन दिनों के भीतर मौके पर जाकर निर्माण कार्य की जाँच करेंगे। अब देखना यह होगा कि जाँच के बाद क्या कार्रवाई होती है या मामला कागजों तक ही सीमित रह जाता है। पंचायत भवन के निर्माण में अनियमितताओं को लेकर ग्रामीणों में नाराजगी बनी हुई है।

प्रशिक्षुओं से अभद्रता के आरोप में बीएसए ने प्रधानाध्यापक को निलम्बित किया

अमेठी। परिषदीय प्राथमिक और कम्पोजिट विद्यालयों में इस समय कक्षा एक और दो के बच्चों का निपुण आकलन चल रहा है। बच्चों के कौशल, ज्ञान और सीखने के स्तर के मूल्यांकन के लिए जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान सुल्तानपुर से प्रशिक्षु शिक्षकों की टीमें स्कूलों में भेजी जा रही हैं। 28जनवरी को टीम न6में शामिल दो महिला प्रशिक्षु बहादुरपुर विकास खंड के पूरे सूबेदार गयीं थी। प्रधानाध्यापक ने जबरन बच्चों को निपुण करने का दबाव बनाया और प्रशिक्षुओं से अभद्रता भी की। प्रशिक्षुओं ने उसी दिन जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान के प्राचार्य से फोन पर शिकायत की। शिकायत की जांच के बाद जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान के प्राचार्य ने बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय कुमार तिवारी को पत्र लिखा। बेसिक शिक्षा अधिकारी ने प्र अ वीरेंद्र कुमार यादव को प्रशिक्षुओं से अभद्रता और कर्मचारी आचरण नियमावली के उल्लंघन के आरोप में निलंबित कर दिया है। बेसिक शिक्षा अधिकारी ने वीरेंद्र कुमार यादव के विरुद्ध 11बिंदुओं का आरोप पत्र जारी किया है। निलम्बित प्रधानाध्यापक को निलम्बन अवधि में प्रा वि सुकुलडीह, विकास खंड गौरीगंज से सम्बद्ध किया गया है। प्रकरण में गौरीगंज के बीइओ अर्जुन सिंह को जांच अधिकारी नियुक्त किया गया है। कक्षा एक और दो के बच्चों का निपुण आकलन करने के लिए डायट से स्कूलों में भेजी गई टीमों की विद्यालयों में खूब आवभगत हो रही है। प्रधानाध्यापकों और कक्षाध्यापकों की ओर से उनके जलपान और भोजन का बेहतर प्रबंध किया जा रहा है।

जमीन पंजीकरण में हो रही फर्जीवाड़े पर लगेगी रोक

रायबरेली। उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से लागू की जा रही आधार-आधारित संपत्ति पंजीकरण व्यवस्था अब जिले में भी प्रभावी हो रही है। कलेक्ट्रेट स्थित निबंधन भवन में यह प्रक्रिया शुरू हो चुकी है और सोमवार (2 फरवरी 2026) से इसे पूरे तौर पर लागू कर दिया जाएगा। उप निबंधक (सब रजिस्ट्रार) बृजेश पाठक ने जानकारी देते हुए बताया कि उनके कार्यालय में अब तक सात जमीनों का पंजीकरण सफलतापूर्वक आधार प्रमाणीकरण के माध्यम से हो चुका है। उन्होंने कहा, यह व्यवस्था फिलहाल प्रारंभिक चरण में है, लेकिन सोमवार से पूरी तरह लागू हो जाएगी। उप निबंधक ने बताया कि आधार से पंजीकरण होने से जमीन खरीद-बिक्री की प्रक्रिया अधिक पारदर्शी, सुरक्षित और फजीर्वाड़े से मुक्त हो जाएगी। इस प्रक्रिया में मुख्य रूप से क्रेता और विक्रेता दोनों की पहचान पुख्ता होगी, दस्तावेजों की सत्यता सुनिश्चित होगी, बेनामी लेन-देन पर प्रभावी रोक लगेगी। इससे भविष्य में विवादों की संभावना काफी कम हो जाएगी। शासन का मुख्य उद्देश्य डिजिटल माध्यमों का अधिकतम उपयोग करके पंजीकरण प्रक्रिया को सरल, भरोसेमंद और तकनीकी रूप से मजबूत बनाना है। यह व्यवस्था पूरे उत्तर प्रदेश के सभी उप निबंधक कार्यालयों में एक फरवरी 2026 से अनिवार्य की गई है, जिसमें खरीदार, विक्रेता और गवाहों का आधार प्रमाणीकरण जरूरी होगा। उप निबंधक कार्यालय में कर्मचारियों को आवश्यक प्रशिक्षण और दिशा-निर्देश दिए जा रहे हैं, ताकि सोमवार से आम जनता को किसी प्रकार की परेशानी न हो। स्थानीय लोगों ने भी इस पहल का स्वागत किया है और कहा है कि इससे जमीन पंजीकरण में पारदर्शिता बढ़ेगी तथा फर्जी रजिस्ट्रियों पर अंकुश लगेगा।

सेवार्थम फाउंडेशन का भगीरथ संकल्प

हर घर तक गंगाजल पहुंचाने की ऐतिहासिक पहल

सुलतानपुर (वीओएल)। सनातन धर्म की आस्था, परंपरा और संस्कृति को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से सेवार्थम फाउंडेशन द्वारा एक अनुकरणीय एवं ऐतिहासिक पहल की जा रही है। फाउंडेशन के संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. आशीष तिवारी के नेतृत्व में उन श्रद्धालुओं के लिए घर-घर गंगाजल पहुंचाने का भगीरथ प्रयास शुरू किया जा रहा है, जो किसी कारणवश गंगा स्नान या स्वयं गंगाजल लाने में असमर्थ रहे हैं। यह धार्मिक एवं सामाजिक अभियान 1 फरवरी 2025 से लंभुआ वाली मेला की बाग में कार्यक्रम की शुरूआत विद्वान आचार्य की विधिवत पूजा-पाठ, गंगा आरती एवं भव्य संस्कृत झांकी और भंडारे के साथ की जाएगी, जिसके उपरांत गंगा रथ के माध्यम से क्षेत्र के गांवों और घरों तक पवित्र गंगाजल पहुंचाया जाएगा। सनातन धर्म में गंगाजल को मोक्षदायिनी, पवित्रता और जीवनदायिनी माना गया है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार गंगाजल केवल जल नहीं, बल्कि आस्था, शुद्धता और आध्यात्मिक ऊर्जा का प्रतीक है। सेवा, समर्पण और संवेदना का प्रतीकरू सेवारथम फाउंडेशन डॉ. आशीष तिवारी के मार्गदर्शन में सेवारथम फाउंडेशन द्वारा लगातार

● दिव्य गंगा जल रथ 1 फरवरी 2026 मेला वाली बाग लंभुआ से विधि विधान पूजा पाठ के बाद क्षेत्र में होगा रवाना

मानव सेवा और सामाजिक सरोकारों के कार्य किए जा रहे हैं। फाउंडेशन द्वारा अब तक ठंड के मौसम में गरीबों को रजाई वितरण, दिव्यांगजनों को कान की मशीन, डेंगू-मलेरिया से बचाव हेतु मच्छरदानी वितरण एवं कीटनाशक छिड़काव, गरीब परिवारों को इलाज हेतु आर्थिक सहायता, दुर्घटना पीड़ितों को त्वरित सहयोग, जरूरतमंदों को आवास एवं वर्षा के समय मे गरीब परिवार को तिरपाल उपलब्ध कराना, बेरोजगार युवाओं के लिए दो दिवसीय रोजगार मेला (जिससे लगभग 3000-4000 युवाओं को रोजगार मिला), एवं अग्नि पीड़ित परिवारों की सहायता, युवाओं के खेल क्रिकेट, वालीबॉल उद्घाटन समारोह में पहुंचकर उनका उत्साह वर्धन, उनका आर्थिक पुरस्कार जैसे अनेक जनहितकारी कार्य किए गए हैं।

जनता जनार्दन की सेवा ही हमारा धर्मः अमित तिवारी

सुलतानपुर। मीडिया को जानकारी देते हुए सेवार्थम फाउंडेशन के राष्ट्रीय पदाधिकारी अमित तिवारी ने कहा कि फाउंडेशन का मूल उद्देश्य जनता जनार्दन की निःस्वार्थ सेवा करना है। उन्होंने कहा कि डॉ. आशीष तिवारी का सपना है कि क्षेत्र का कोई भी व्यक्ति किसी भी कारण से असहाय या पीड़ित न रहे। सेवार्थम फाउंडेशन भविष्य में भी इसी भावना के साथ धार्मिक, सामाजिक और मानवीय कार्य करता रहेगा।

ग्रामीणांचल की ऐतिहासिक झांकी व धरोहरों का हुआ शानदार प्रदर्शन

लालगंज, रायबरेली। नगर के सर्वश्रेष्ठ व बहुचर्चित अंग्रेजी माध्यम शिक्षण संस्थान एस. जे. एस. पब्लिक स्कूल, लालगंज में आयोजित फंटूरा फिएस्टा कार्यक्रम हर्षोल्लास और रंगारंग गतिविधियों के साथ सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम के शुभारंभ पर विद्यालय के गेट पर अभिभावकों का आत्मीय स्वागत किया गया। इसके पश्चात मेले के लिए टोकन वितरण किया गया, जिससे बच्चों और अभिभावकों में विशेष उत्साह देखने को मिला। मेले में बच्चों द्वारा देश के विभिन्न प्रदेशों की संस्कृति, वेशभूषा और विशेषताओं पर आधारित आकर्षक प्रस्तुतियां दी गईं। वहीं मेले में लगे फूड कॉर्नर ने सभी का ध्यान खींचा, जहां स्वाद और जानकारी का सुंदर संगम देखने को मिला। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण जंगल सफारी रहा, जिसमें शेर, चीता, भालू, जिराफ आदि के मॉडल अभिभावकों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र बने। साथ ही ग्रामीण अंचल की ऐतिहासिक झांकी एवं ऐतिहासिक धरोहरों का प्रदर्शन भी दर्शकों को खूब भाया। नन्हे-मुन्ने बच्चों द्वारा प्रशासनिक सेवाओं के विभिन्न पदों पर आधारित अलग-अलग प्रदर्शनों ने सभी को प्रभावित किया। इसके अलावा आम, केला, सेब जैसे फलों के महत्व पर बच्चों द्वारा किया गया मनमोहक प्रदर्शन सराहनीय रहा। तत्पश्चात विद्यालय के प्रबंधक अग्रज सिंह द्वारा हवा में रंग-बिरंगे गुब्बारे छोड़कर तथा छात्रों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर खेल प्रतियोगिताओं का शुभारंभ किया गया। छात्रों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने माहौल को और भी उल्लासपूर्ण बना दिया। अभिभावकों ने भी अपने बच्चों के साथ विभिन्न खेलों में उत्साहपूर्वक, बढ़ चढ़कर प्रतिभाग किया, जिससे कार्यक्रम में पारिवारिक सहभागिता की सुंदर झलक देखने को मिली। खेल प्रतियोगिताओं में बस्ट द बैलूंस, फेस रिकग्निशन, पारले-जी एंड मिल्क रेस, मेकअप रेस, जेलीफिश रेस, मेकिंग द गार्लेंडिंग, सर्च द की एंड ओपन द लॉक, होमवर्क रेस, ऑरेंज पील ऑफ रेस, बनी रेस, रिंग रेस, हूलाहूप रेस, सॉफ्टी रेस, कैच द फ्लावर रेस, पील ऑफ वेजिटेबल रेस, नीडल थ्रेड रेस, फाइंड द कॉइन रेस आदि शामिल रहीं। प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान किए गए तथा सभी बच्चों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। इस अवसर पर अभिभावकों ने विद्यालय प्रबंध समिति से प्रत्येक वर्ष ऐसे ही रोचक ज्ञानवर्धक तथा शिक्षाप्रद कार्यक्रम करने का अनुरोध किया। कार्यक्रम के अंत में सांस्कृतिक प्रस्तुति के उपरांत विद्यालय की प्रधानाचार्या अंजू सिंह ने धन्यवाद ज्ञापन करते हुए सभी अतिथियों, अभिभावकों, शिक्षकों एवं छात्रों के सहयोग की सराहना की।

मोबाइल बनवाने निकली विवाहिता लापता

दोस्तपुर, सुलतानपुर। जनपद के दोस्तपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत खालिसपुर दुर्गा (गोड़ा) गांव से एक 24 वर्षीय विवाहिता के रहस्यमय ढंग से लापता होने का मामला सामने आया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, गांव निवासी पूजा 6 जनवरी 2026 को मोबाइल बनवाने की बात कहकर घर से निकली थी, लेकिन देर शाम तक वापस नहीं लौटी। परिजनों ने जब काफी देर तक इंतजार किया और संपर्क का प्रयास किया, तो चिंता बढ़ गई। लापता विवाहिता की पहचान पूजा के रूप में हुई है, जो स्वर्गीय सोहन लाल गौतम की बहू हैं। परिजनों ने बताया कि पूजा की लंबाई लगभग 5 फुट है, रंग गोरा है और लापता होने के समय वह नीले रंग की साड़ी, चप्पल तथा काले रंग की शॉल पहने हुई थी। पूजा के घर न लौटने पर परिजनों ने रिश्तेदारों, परिचितों और आसपास के इलाकों में उसकी काफी तलाश की, लेकिन सुराग नहीं लग सका।

यातायात नियमों की धज्जियां उड़ा रहे बाइक सवार

दोस्तपुर, सुलतानपुर (वीओएल)। जनपद के दोस्तपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत दोस्तपुर कस्बे में यातायात नियमों की खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। क्षेत्र की सड़कों पर आए दिन बाइक पर तीन से चार लोगों को बैठाकर तेज रफ्तार में वाहन दौड़ाते देखा जा सकता है। यह स्थिति विशेष रूप से स्कूलों की छुट्टी के समय और शाम के घंटों में ज्यादा गंभीर हो जाती है, जब सड़कों पर छात्रों, महिलाओं और आम नागरिकों की आवाजाही बढ़ जाती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस तरह की लापरवाही से कभी भी बड़ा सड़क हादसा हो सकता है, लेकिन जिम्मेदार विभाग इस ओर आंख मूंदे हुए हैं। लोगों में इस बात को लेकर भी नाराजगी है कि कई बार पुलिसकर्मी मौके पर मौजूद रहते हैं, फिर भी नियम तोड़ने वालों पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जाती। आरोप है कि पुलिस की मौजूदगी केवल औपचारिकता तक सीमित रह जाती है, जिससे नियम तोड़ने वालों के हौसले और बुलंद हो रहे हैं। ग्रामीणों का यह भी कहना है कि आसपास के गांवों से सब्जी या घरेलू सामान लेने आने वाले सामान्य लोगों का ही अक्सर चालान कर दिया जाता है, जबकि कस्बे में खुलेआम नियमों का उल्लंघन करने वाले बाइक सवार पुलिस की पकड़ से बाहर रहते हैं। स्कूल से छुट्टी के समय नाबालिग छात्र बिना हेलमेट और बिना ड्राइविंग लाइसेंस बाइक चलाते नजर आते हैं, जो भविष्य में गंभीर दुर्घटना का कारण बन सकते हैं। क्षेत्रवासियों ने थाना प्रभारी अनिरुद्ध सिंह से मांग की है कि दोस्तपुर में नियमित रूप से सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया जाए, नियम तोड़ने वालों पर समान व निष्पक्ष कार्रवाई की जाए और सड़क सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए, ताकि किसी बड़े हादसे से पहले हालात पर नियंत्रण पाया जा सके।

आर्म बॉक्सिंग फेडरेशन कप का भव्य आगाज

सुलतानपुर (वीओएल)। खेल जगत के उत्साह के साथ सुल्तानपुर के पंत स्पोर्ट्स स्टेडियम में अमैच्योर आर्म बॉक्सिंग फेडरेशन कप की शुरूआत हुई। इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता का उद्घाटन किया गया स वरिष्ठ भाजपा नेता ओम प्रकाश पांडेय ने इस प्रतियोगिता का उद्घाटन किया उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए खेल भावना पर जोर दिया। इस अवसर पर आर्म बॉक्सिंग के डायरेक्टर प्रेसिडेंट नसरुद्दीन, कोषाध्यक्ष आशुतोष शर्मा और विशिष्ट निर्णायक मंडल के सदस्यों की निगरानी में आयोजन शुरू हुए। इस फेडरेशन कप में विभिन्न राज्यों की टीमों ने भाग लिया है, जिनमें हरियाणा, महाराष्ट्र, उत्तराखंड, जम्मू-कश्मीर, गुजरात, बिहार और उत्तर प्रदेश प्रमुख हैं। प्रतियोगिता के पहले दिन कई रोमांचक मुकाबले हुए जिसमें हरियाणा ने जूनियर वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए 2 गोल्ड और 1 सिल्वर मेडल जीते। उप्र की मेजबान टीम ने दबदबा बनाते हुए 4 गोल्ड, 1 सिल्वर और 2 ब्रोंज मेडल अपने नाम किए। जम्मू-कश्मीर की टीम ने 1 सिल्वर मेडल हासिल किया। महाराष्ट्र के खाते में 1 गोल्ड और 1 ब्रोंज मेडल आया। यह प्रतियोगिता उत्तर प्रदेश आर्म बॉक्सिंग स्पोर्ट्स एसोसिएशन और एमेच्योर आर्म बॉक्सिंग स्पोर्ट्स फेडरेशन द्वारा आयोजित की जा रही है। इस अवसर पर खिलाड़ी व प्रशिक्षक मौजूद रहे।

संसद से सड़क तक सक्रिय हैं किशोरी लाल शर्मा

अमेठी। जनप्रिय सांसद किशोरी लाल शर्मा लगातार संसद के प्रत्येक सत्र में क्षेत्रीय समस्याओं को पूरी मजबूती के साथ उठाते रहे हैं। सड़क, यातायात, शिक्षा, स्वास्थ्य और बुनियादी ढांचे जैसे मूलभूत विषयों पर उनकी सक्रियता न केवल संसद के भीतर बल्कि क्षेत्रीय स्तर पर भी स्पष्ट रूप से दिखाई देती है। गौरीगंज रिंग रोड का प्रस्ताव उन्हीं निरंतर प्रयासों का ठोस परिणाम माना जा रहा है। सूत्रों के अनुसार किशोरी लाल शर्मा ने इस मुद्दे को केवल पत्राचार तक सीमित नहीं रखा, बल्कि संबंधित मंत्रालयों, अधिकारियों और संसदीय मंचों पर लगातार प्रभावी ढंग से उठाया। इसी का परिणाम है कि केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने इस मांग को राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-128 के चार-लेन डीपीआर में शामिल करते हुए गंभीरता से विचार प्रारंभ किया। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि अमेठी जैसे ऐतिहासिक और राजनीतिक रूप से संवेदनशील क्षेत्र में रिंग रोड जैसी बुनियादी विकास परियोजना न केवल यातायात समस्या का समाधान करेगी, बल्कि क्षेत्र को नई विकास पहचान भी देगी। उल्लेखनीय है कि अमेठी का गांधी परिवार से दशकों पुराना विश्वास और राजनीतिक रिश्ता रहा है। मौजूदा सांसद किशोरी लाल शर्मा उस विश्वास को पूरी निष्ठा और कर्मठता के साथ निभाते हुए विकास की राजनीति को आगे बढ़ा रहे हैं। संसद के प्रत्येक सत्र में अमेठी की आवाज बनकर खड़े होने वाले किशोरी लाल शर्मा ने 22 मई 2025 को गौरीगंज रिंग रोड निर्माण का विषय औपचारिक रूप से केंद्र सरकार के समक्ष रखा। 28 मई 2025 को मंत्रालय ने प्रस्ताव पर संज्ञान लिया और 19 जनवरी 2026 को एनएच-128 की डीपीआर में गौरीगंज बाईपास ,रिंग रोड को शामिल करते हुए सैद्धांतिक मंजूरी प्रदान की गई। स्थानीय जनता इसे सांसद की सक्रियता, विश्वसनीयता और गांधी परिवार के भरोसे को मजबूती से निभाने का प्रतीक मान रही है। उक्त जानकारी अनिल सिंह प्रवक्ता जिला कांग्रेस कमेटी ने दी है।

शिक्षा व अनुशासन से मनुष्य का सर्वांगीण विकास होता है

● जीपीसीएल इंटर कॉलेज में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया वार्षिक उत्सव

बछरावां रायबरेली। शिक्षा के क्षेत्र में बछरावां नगर ही नहीं वरन जनपद के अग्रणी जीपीसीएल इंटर कॉलेज में आज हर्षोल्लास से तृतीय वार्षिकोत्सव मनाया गया। वार्षिक उत्सव की शुरूआत वाग्देवी मां सरस्वती की प्रतिमा के आगे दीप प्रज्वलित करके किया गया। वही कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उमेश द्विवेदी शिक्षक विधायक ने अपने अभिभाषण के दौरान शिक्षकों व छात्रों को शुभकामनाएं दी। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ आईएएस अनुराग वर्मा ने बच्चों को शिक्षा के महत्व के बारे में बताया। वही कार्यक्रम के सम्मानित अतिथि शिवेंद्र सिंह उर्फ राम जी ने बच्चों को वार्षिक उत्सव की शुभकामनाएं दी। वहीं इसके साथ ही साथ अच्छी शिक्षा अर्जित करने के लिए भी प्रेरित किया। वहीं विशिष्ट व्यक्तित्व के अतिथि समाजसेवी बीडी सिंह ने अपने संबोधन में आगामी बोर्ड परीक्षा में मेरिट सूची में प्रथम आने वाले छात्रों के लिए पुरस्कार की घोषणा भी की। इस मौके पर आगंतुक अभिभावकों व गणमान्य लोगों का स्वागत विद्यालय के प्रधानाध्यापक विनीत कुमार वर्मा व विद्यालय के समस्त शिक्षकों द्वारा किया गया। वार्षिक उत्सव में विद्यालय के प्रबंधक रमेश कुमार वर्मा ने विद्यालय की वार्षिक प्रगति के बारे में अभिभावक को व गणमान्य लोगों को अवगत कराया। इस वार्षिक उत्सव के दौरान इंटर कॉलेज के छात्रों द्वारा मां भारती, सेना से संबंधित व राधा कृष्ण की झांकियों का सजीव चित्रण किया गया। वहीं इसके साथ ही साथ प्राथमिक कक्षाओं की छात्रों ने बहुत ही मनमोहक जादू झांकी का मंचन किया। इस कार्यक्रम का कुशल संचालन विद्यालय के शिक्षक राजीव मिश्रा ने किया। विद्यालय के प्रबंधक रमेश कुमार वर्मा द्वारा लगभग 22 वर्षों से शिक्षा की सतत ज्योति क्षेत्र में जलाई जा रही है। इस मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष शिवेंद्र सिंह उर्फ राम जी, राम हर्ष वर्मा, उत्कर्ष पब्लिक इंटर कॉलेज के संस्थापक शिक्षाविद भगवान कुमार अवस्थी, बीएमडी विद्यापीठ के प्रबंधक ओम प्रकाश, अमन बुक डिपो के संचालक अखिलेश वर्मा, वित्त विहीन माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष अहि बरन चैधरी, विवेक यादव, अनूप कुमार वर्मा, सुरेश चैधरी, जयद्रथ चैधरी बृजमोहन चैधरी मौजूद रहे।

संक्षेप

आगरा में भीषण सड़क हादसा, पांच की मौत, चार घायल

आगरा। जिले के खंदौली क्षेत्र में शनिवार को भीषण सड़क हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई, जबकि चार अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि खंदौली क्षेत्र के नगला चंदन के पास बेकाबू कैंटर ने दो ऑटो रिक्शा को टक्कर मार दी। पुलिस के अनुसार मृतक और घायल यात्री हाथरस जिले के नगला मनी और धांधऊ गांव के निवासी बताए जा रहे हैं, जो जगन्नाथपुरी से दर्शन कर लौट रहे थे। वे आगरा कैंट स्टेशन से दो अलग-अलग ऑटो में बैठकर अपने घर जा रहे थे।

सांड़ के हमले से किसान की मौत

मथुरा। सुरीर कोतवाली क्षेत्र के गांव राजागढ़ी में खेत में खड़ी गेहूं की फसल उजाड़ रहे सांड को भगाते समय किसान पर हमला कर दिया। जिसके चलते हमले में घायल किसान की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। बताया जाता है कि सुरीर के गांव गांव राजागढ़ी निवासी 35 वर्षीय किसान लोकेन्द्र शनिवार की सुबह करीब साढ़े छह बजे के लगभग खेत की रखवाली के लिए गया था। खेत पर पहुंचा तो आवारा सांड गेहूं की फसल में नुकसान कर रहा था। तो किसान लोकेन्द्र ने फ्सल उजाड़ रहे सांड को भगाया तो सांड ने पलटकर किसान पर हमला कर दिया। चीख पुकार सुनकर पड़ोसी किसान वहां पहुंचा तो लोकेन्द्र घायल अवस्था में पड़ा देख उसके परिजनों को सूचना दी। सूचना पर पहुंचे परिजन उसे घायल अवस्था में वृन्दावन स्थित रामकिशन मिशन अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने युवक को मृत घोषित कर दिया। सांड के हमले से किसान की मौत की सूचना सुरीर पुलिस को दी। पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

उपजिलाधिकारी ने सुनी मतदाताओं के दावे व आपत्तियां

महराजगंज,रायबरेली। विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत उपजिलाधिकारी गौतम सिंह ने क्षेत्र के कोटवा मदनिया गांव के बूथ संख्या 276 पर जाकर मतदाताओं के दावे व आपत्तियों की सुनवाई की। शनिवार को मतदेय बूथों पर अभियान दिवस आयोजित किया गया इस दौरान सभी बीएलओ व मतदाता बूथों पर मौजूद रहे। कोटवा मदनिया गांव के बूथ संख्या 276 पर उपजिलाधिकारी गौतम सिंह की मौजूदगी में अनमैपिंग मतदाता सूची से जुड़े नोटिसों की सुनवाई के लिए बड़ी संख्या में मतदाता पहुंचे। शाम पांच बजे तक उपजिलाधिकारी ने 139 मतदाताओं के दावे व आपत्तियां सुनी। मतदाताओं को संबोधित करते हुए उपजिलाधिकारी गौतम सिंह ने कहा कि जो युवा एक जनवरी 2026 को 18 वर्ष की आयु पूरी कर रहे हैं या कर चुके हैं वे प्रारूप-6 भरकर मतदाता सूची में अपना नाम जरुर जुड़वा लें। पलायित व मृतक मतदाताओं के नाम कटवाने के लिए प्रारूप-7 और संशोधन या स्थानांतरण के लिए वोटर लिस्ट में प्रविष्टि शुद्ध कराने, पता बदलवाने या दिव्यांग मतदाताओं के चिन्हांकन के लिए प्रारूप-8 पर आवेदन करें। इस मौके पर ग्राम प्रधान आरती वर्मा, शत्रोहन वर्मा, कोटेदार हामिद खान, शिक्षक वारिस अली, बीएलओ संतोष कुमारी व सुषमा देवी समेत सैकड़ों मतदाता मौजूद रहे।

विकास के नाम पर विनाश बर्दाश्त नहीं : अजय राय

बोले शंकराचार्य और बटुकों का तिरस्कार ब्राह्मणों का अपमान

मथुरा। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय और राष्ट्रीय महासचिव अविनाश पांडे ने शनिवार को ठाकुर बांके बिहारी मंदिर में दर्शन-पूजन कर आशीर्वाद लिया। इस दौरान मीडिया से रूबरू हुए अजय राय ने प्रदेश की भाजपा सरकार पर तीखे प्रहार किए और कॉरिडोर निर्माण को लेकर स्थानीय गोस्वामी समाज की मांगों का खुला समर्थन किया। अजय राय ने वाराणसी का उदाहरण देते हुए कहा कि जिस तरह बाबा विश्वनाथ की नगरी में विकास के नाम पर प्राचीन स्वरूप को नष्ट कर विनाश किया गया, वही मॉडल यहां भी थोपा जा रहा है। सरकार बांके बिहारी के पवित्र स्थान को बर्बाद करने पर तुली है। बनारस की तरह यहां भी सभी काम गुजरात की कंपनियों को सौंपकर स्थानीय पहचान मिटाने की पूरी तैयारी है। उन्होंने स्पष्ट किया कि कांग्रेस कॉरिडोर के विरोध में स्थानीय लोगों के साथ खड़ी है और उनकी प्राचीन नगर से बाहर विकास की मांग पूरी तरह जायज है।

यूपी पुलिस के हाफ एनकाउंटर पर हाईकोर्ट की टिप्पणी और कानून-व्यवस्था के सवाल पर प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि उत्तर प्रदेश में इस वक्त जंगलराज की स्थिति है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश में अन्याय और अत्याचार चरम पर है। राय ने कहा कि शंकराचार्य जैसे उच्चस्थ संतों और बटुकों का तिरस्कार ब्राह्मणों का अपमान है। शंकराचार्य के साथ आए लोगों की चोटियां पकड़कर खींची जा रही हैं। यह सीधे तौर पर ब्राह्मण समाज और सनातन का अपमान है। अजय राय ने सेवायत गोस्वामी परिवारों के उत्पीड़न को लेकर चेतावनी देते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी उनके हितों की रक्षा के लिए संघर्ष करेगी। उन्होंने विश्वास जताया कि 2027 के विधानसभा चुनाव में बांके बिहारी और बाबा विश्वनाथ के आशीर्वाद से प्रदेश में कांग्रेस को शक्ति मिलेगी और इस दमनकारी शासन का अंत होगा। स्वागत करने वालों में शहर अध्यक्ष यतेंद्र मुकदम, पूर्व महानगर अध्यक्ष विक्रम बाल्मीकि, मानवेंद्र पांडव बलवीर सिंह प्रधान, प्रवीण ठाकुर हाशिम हुमेर, राजन पाठक, दीपक पाराशर, आजाद बेग, मनोज गौड़, अप्रतिम सक्सेना, आशीष अग्रवाल, रमेश कश्यप, पिंटू पुजारी, निशांत शर्मा, शिव कुमार गौतम, गोविंदा बघेल, अनिल खरे, राजेश कुमार, विवेक कुमार, रवि वाल्मीकि, अशोक निषाद, प्रेम शंकर शर्मा, शैलेंद्र चौधरी आदि कांग्रेस जन ने उपस्थित थे।

यूनेस्को जीसीईडी प्रमाणपत्र प्राप्त विद्यार्थियों का किया गया सम्मान

रायबरेली। न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल सीनियर सेकेंडरी स्कूल त्रिपुला के विद्यार्थियों द्वारा यूनेस्को के ग्लोबल सिटीजनशिप एजुकेशन (जीसीईडी) कार्यक्रम को सफलतापूर्वक पूर्ण करने वाले छात्रों को उत्साहवर्धन हेतु आयोजित अभिनंदन समारोह में एनएसजीआई संस्थापक-प्रबंधक डॉ शशिकांत शर्मा ने डॉ. शिशिर श्रीवास्तव और प्रधानाचार्य शिवलखन प्रजापति की उपस्थिति में सम्मानित किया। संस्थापक-प्रबंधक डॉ. शर्मा ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उन्हें संवेदनशील, जागरूक एवं जिम्मेदार वैश्विक नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया। श्री शर्मा ने बताया कि हमारा संस्थान (एनएसपीएस) 21वीं सदी की आवश्यकताओं के अनुरूप वैश्विक दृष्टिकोण, आपसी समझ, शांति, सहिष्णुता और जिम्मेदारी पर आधारित शिक्षा प्रदान करने में विश्वास रखता है। कार्यक्रम में छात्रों ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि जीसीईडी पाठ्यक्रम से उन्हें वैश्विक परस्पर जुड़ाव, विविध संस्कृतियों की समझ और सामाजिक उत्तरदायित्व के प्रति जागरूकता विकसित करने में महत्वपूर्ण सहायता मिली है।

बताते चलें कि एनएसपीएस की छात्रा अनुष्का मिश्रा, अनन्या सिंह, उर्वी शुक्ला, आस्था सिंह, आसिफा बानो, एंजेल पटेल और छात्र रुद्र प्रताप सिंह, श्लोक कुमार, आयुष यादव एवं रिशांक पाल ने यूनेस्को के एशिया-पैसिफिक सेंटर ऑफ एजुकेशन फॉर इंटरनेशनल अंडरस्टैंडिंग , दक्षिण कोरिया द्वारा आयोजित अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त ग्लोबल सिटीजनशिप एजुकेशन प्रमाण पत्र कार्यक्रम में ऑनलाइन प्रतिभाग कर सफलता प्राप्त की, इन बच्चों की सफलता को अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायक बनाने एवं सफल विद्यार्थियों के उत्साहवर्धन हेतु विद्यालय परिसर में अभिनन्दन समारोह का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर उप-प्रधानाचार्य मो. फैजान खान, संयोजिका संचिता त्रिवेदी, नागेंद्र शर्मा, शिवकरन पाल, अजय सिंह, अभिषेक श्रीवास्तव, सहित समस्त शिक्षक/शिक्षिकाएं एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे।

खाद्य विभाग ने लगायी व्यापारी प्रशिक्षण कार्यशाला

लालगंज, रायबरेली। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के सहयोग से खाद्य विभाग की ओर से लालगंज नगर के एक होटल में होटल, बेकरी एवं अन्य व्यापारियों के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। खाद्य निरीक्षक हरेंद्र सिंह के द्वारा कार्यशाला में साफ-सफाई, रखरखाव और पैकिंग से संबंधित जानकारी दी गई।

सवर्ण समाज ने यूजीसी के विरोध में रैली निकाल कर विधायक को ज्ञापन सौंपा

टूंडला। नगर में छात्र हित संरक्षण संघर्ष मोर्चा के बैनर तले सवर्ण समाज के लोगों द्वारा रैली निकाल भाजपा विधायक प्रेम पाल धनगर को यूजीसी कानून के विरोध में एक ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में बताया गया कि भारत सरकार द्वारा विश्वविद्यालय अनुदान आयोग उच्च शिक्षा संस्थानो में समता 'के संवर्धन हेतु विनिमय 2026 लागू किया गया है, उक्त विनिमय छात्रो के मध्य संमता के अधिकार के बजाय असमता को बढ़ावा देगा। उक्त विनियम से छात्रों के मन पर जातिगत वैमनस्यता की भावना विकसित होगी, संगठन ने विधायक को अवगत कराया कि यूजीसी विनिमय 2026 को लेकर सामान्य वर्ग पूरे भारत में विरोध प्रदर्शन कर रहा है, इसको लेकर विधानसभा टूण्डला में केन्द्र सरकार के प्रति सामान्य वर्ग में भारी आक्रोश है, एंवम्‌ वर्ष 2022 के विधानसभा चुनाव में विधानसभा से सामान्य वर्ग ने आपको अपना 90 प्रतिशत मत देकर आपको विधानसभा में पहुँचाने का कार्य किया है, सामान्य वर्ग के छात्र छात्राओं के हितो को संरक्षित करने के लिए उक्त बिल को वापिस लिया जाना सर्वसमाज के छात्र छात्राओं के हितो को सुरक्षित रखने के लिए नितान्त आवश्यक है। ज्ञापन देने वालों में संजय प्रताप सिंह प्रतिभा उपाध्याय रमेश चंद्र ललित कुमार कपिल कुमार यादवेंद्र सिंह प्रिंस जादौन दिलीप गौड निश्चल शर्मा अविनाश उपाध्याय आदि शामिल रहे।

पूर्व पर्यटन मंत्री पर रेप का केस दर्ज कराकर 50 लाख लेकर सुलह करने वाले दंपति गिरफ्तार

फिरोजाबाद। प्रदेश के पूर्व पर्यटन राज्य मंत्री अशोक यादव पर दुष्कर्म का झूठा मुकदमा दर्ज कराकर 50 लाख रुपये की ठगी करने वाले दंपति को क्राइम ब्रांच,पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। शिकोहाबाद थाना क्षेत्र की रहने वाली एक सपा से जुड़ी महिला ने पूर्व पर्यटन राज्य मंत्री के खिलाफ दुष्कर्म का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया था। पीड़िता ने पूर्व मंत्री से लाखों रुपये लेकर मुकदमा को वापस ले लिया। पूर्व राज्य मंत्री अशोक यादव ने जुलाई 2022 में न्यायालय की शरण ली थी। उसके बाद न्यायालय के आदेश पर महिला के खिलाफ धोखाधड़ी सहित कई धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया था। तभी से पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी हुई थी। क्राइम ब्रांच के साथ पुलिस की टीम ने संयुक्त कार्यवाही करते हुए महिला के पति रायसिंह उर्फ विशाल उर्फ कोठारी पुत्र जोर सिंह,उसकी पत्नी पिन्की पत्नी राय सिंह उर्फ विशाल निवासीगण भूडगड्डा थाना एका फिरोजाबाद हाल निवासी शम्भू नगर को शम्भू नगर से गिरफ्तार कर लिया। 19 फरवरी 2019 को पूर्व मंत्री अशोक यादव पर एक महिला ने दुष्कर्म का आरोप लगाते हुए पूर्व राज्य मंत्री के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। उक्त मामले में क्षेत्राधिकारी अजय कुमार चौहान ने महिला से पूछताछ के बाद पूर्व मंत्री के घर पर दबिश दी थी। महिला ने आरोप लगाया था कि पूर्वमंत्री अशोक यादव ने सुबह छह बजे फोन कर स्टेशन रोड स्थित अपनी कोठी पर बुलाया और उसे कमरे में अकेले ले जाकर दरवाजा बंद कर उसके साथ बलात्कार किया। इसके बाद 9 जुलाई 2022 को पूर्व पर्यटन मंत्री अशोक यादव ने कोर्ट में दिए प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया था कि शंभू नगर शिकोहाबाद निवासी महिला और उसके पति ने फरवरी 2019 में उनके खिलाफ दुष्कर्म का झूठा मामला कराया था। महिला ने ब्लैकमेल करने के उद्देश्य झूठा केस दर्ज कराया था। जिसकी अंतिम रिपोर्ट विवेचक ने उनके पक्ष में लगाकर कोर्ट में दाखिल की थी। पूर्व मंत्री ने उस समय बताया कि महिला उसका पति उनको ब्लैकमेल कर 50 लाख रुपये 7 किस्तों में लिए थे।

बांदीकुई ट्रेन को टूंडला से न चलने पर एनसीआरएमयू ने किया विरोध प्रदर्शन

टूंडला। नॉर्थ सेंट्रल रेलवे मेंस यूनियन टूंडला द्वारा क्रू लॉबी पर गाडी संख्या 54355-56 जो ईदगाह से बांदीकुई तक चलायी जा रही है। उस गाड़ी को टूंडला क्रू से न चलवाकर आगरा क्रू के द्वारा चलवाई जा रही है। जिससे रनिंग कर्मचारियों में काफी रोष व्याप्त है। इस दौरान नॉर्थ सेंट्रल रेलवे मेंस यूनियन टूंडला का प्रतिनिधि मंडल विद्युत अभियंता परिचालन टूंडला से वार्ता करने गए और उनको उक्त के सम्बन्ध में ज्ञापन सौंपा। जिस पर विद्युत अभियन्ता परिचालन टूंडला प्रतीक यादव क्रू लॉबी टूंडला पर आये और सभी रनिंग कर्मचारियों को आश्वासन दिया और कहा कि एक हफ्ते में आपकी समस्या का समाधान कर दिया जायेगा। उसके बाद धरना समाप्त कर दिया गया। इस मौके पर मंडल उपाध्यक्ष ओमवीर सिंह, शाखा मंत्री जय ?किशन अजवानी, शाखा मंत्री सरदार सिंह, गौरव यादव, नाहर सिंह मीना, सतेन्द्र यादव, सुनील कुमार, कमलेश मीना, पप्पू लाल मीना, विश्राम मीना, मलखान मीना, लेखराज मीना, मंटू कुमार मीना, मुनेश कुमार मीणा, दिनेश चंद मीना, पूरण मीना, रिंकू मीना, हरिकेश मीना, बाबू लाल, मुन्ना मीना, बत्ति सिंह मीना, हेमराज मीणा, मानसिंह मीना आदि उपस्थित रहे।

श्रील नित्यानंद महाप्रभु गुरु तत्व स्वरूप : चंचलापति दास

- **चंद्रोदय मंदिर में हर्षोल्लास के साथ मना नित्यानंद त्रयोदशी महामहोत्सव**

मथुरा (मधुसूदन शर्मा)। माघ मास के शुक्ल पक्ष की त्रयोदशी तिथि को गौड़ीय वैष्णव सम्प्रदाय में श्रील नित्यानंद महाप्रभु जो श्रीबलरामजी के अवतार माने जाते हैं का आविर्भाव दिवस श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ मनाया जाता है। इसी क्रम में शनिवार को भक्ति वेदांत स्वामी मार्ग स्थित चंद्रोदय मंदिर में नित्यानंद त्रयोदशी महामहोत्सव भक्तिमय एवं उल्लासपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

महामहोत्सव के अंतर्गत मंदिर परिसर को विविध प्रकार के रंग-बिरंगे पुष्पों से भव्य एवं आकर्षक ढंग से सुसज्जित किया गया। इसके पश्चात छप्पन भोग अर्पण, पालकी उत्सव तथा वैदिक मंत्रोच्चारण के मध्य पंचगव्य, फलों के रस, औषधियों एवं पुष्पों द्वारा श्रीश्री निताई-गौर का विधिवत महाभिषेक सम्पन्न कराया गया।

शास्त्रों के अनुसार श्रील नित्यानंद महाप्रभु द्वापर युग में प्रभु श्रीराम के अनुज लक्ष्मण, त्रेता युग में श्रीकृष्ण के बड़े भ्राता बलराम तथा कलियुग में नित्यानंद महाप्रभु के रूप में अवतरित हुए। उनका प्राकट्य सन-1474 ईस्वी में पश्चिम बंगाल के बीरभूम जनपद स्थित एकचक्र ग्राम में मुकुंद पंडित एवं माता पद्मावती के यहाँ हुआ था। इस अवसर पर भक्तों को संबोधित करते हुए चंद्रोदय मंदिर के अध्यक्ष चंचलापति दास ने कहा कि श्री चैतन्य महाप्रभु ने श्री नित्यानंद प्रभु को अपना सर्वोत्तम भक्त स्वीकार किया है तथा उन्हें समस्त जीवों के लिए गुरु-तत्त्व का स्वरूप बताया है। उन्होंने कहा कि नित्यानंद प्रभु अनादि मूल ब्रह्म हैं और सभी जीवों के आध्यात्मिक आश्रय हैं। आचार्य श्रील नरोत्तम दास ठाकुर के वचनों का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि जो भक्त भगवद्धाम में श्री राधा-कृष्ण के सान्निध्य की कामना करता है, उसके लिए श्री नित्यानंद प्रभु का आश्रय ग्रहण करना सर्वोत्तम मार्ग है। महामहोत्सव के दौरान भक्तों ने महामंत्र के सामूहिक कीर्तन द्वारा वातावरण को भक्तिरस से सराबोर कर दिया तथा श्रीश्री निताई-गौर से प्रेमाभक्ति की प्रार्थना की। इस पावन अवसर पर दिल्ली, गुरुग्राम, आगरा एवं मथुरा जनपद सहित विभिन्न क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे और कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

छिनेती को अंजाम देने वाले 3 अभियुक्त गिरफ्तार

फिरोजाबाद। थाना उत्तर पुलिस टीम ने छिनैती की घटना को अंजाम देने वाले तीन शातिर अभियुक्तों को गिरफ्तार कर कब्जे से छीने गए 90,200 रुपए व घटना में प्रयुक्त पल्सर मोटरसाइकिल बरामद की है। थाना उत्तर पुलिस टीम द्वारा दिनांक 29.01.2026 को जलेसर रोड पर विजय कलैक्शन के सामने एक व्यक्ति से रुपये छीनने वाले 3 अभियुक्तगणों संजीव कुमार उर्फ लवलेश पुत्र राकेश कुमार निवासी बदनपुर काजीपुर थाना सकरौली एटा, अभय कुमार पुत्र नरेन्द्र कुमार निवासी देवकी नगर थाना उत्तर फिरोजाबाद, संदीप पुत्र जगदीश प्रसाद निवासी मोढ़ा कनैटा थाना रसूलपुर फिरोजाबाद को पार्क के पास इस्लामिया इण्टर कॉलेज ग्राउण्ड थाना क्षेत्र उत्तर से छीने गए कुल 90200 रुपये सहित गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण के कब्जे से घटना में प्रयुक्त पल्सर मोटर साइकिल भी बरामद की गयी। थाना पुलिस ने अभियुक्तगण के विरुद्ध अग्रिम विधिक कार्यवाही की है।

मतदाता पुनरीक्षण कैंपों में मतदाता अपने वोट बनवायें : उदय प्रताप

- **भाजपाइयों ने कैंप लगाकर नये वोट व फॉर्म भरवाये**

जिला संवाददाता (vol)

टूंडला। भाजपा नगर मतदाता पुनरीक्षण अभियान एसआईआर के अंतर्गत नगर टूंडला में बूथ संख्या 168 भारत माता चौक जीजीआईसी चौराहा बूथ नंबर 162 एवं एटा रोड चौराहा संख्या 151 पर भाजपा पदाधिकारियों द्वारा कैंप लगाकर नये वोट व फॉर्म भरवाए गए।

इस दौरान मुख्य अतिथि भाजपा जिला अध्यक्ष उदय प्रताप सिंह ने कहा कि 6 फरवरी तक मतदाता पुनरीक्षण का काम चल रहा है, जिसमें भाजपा पदाधिकारियों द्वारा कैंप लगाकर नए वोटो का पुनरीक्षण का कार्य किया जा रहा है। इसी श्रृंखला में नगर में विभिन्न जगहों पर कैंप लगाकर आमजन की सुविधा के लिए नवीन फॉर्म भरे जा रहे हैं। आमजन से आग्रह है कि कैंप का लाभ उठाएं। कार्यक्रम में चेयरमेन चौधरी भंवर सिंह नारखी ब्लॉक प्रमुख सुशील चक, वृंदावन लाल गुप्ता योगेंद्र सिंह चौहान शिव शंकर शर्मा भाजपा नगर अध्यक्ष टूंडला दिनेश गुप्ता जिला महामंत्री दीपक चौधरी, दीपक ठेनुआ, विवेक शर्मा सभासद, आशू चक, संध्या गौतम गुड्डा दीक्षित, विनोद बाबू राकेश दिवाकर, विनोद चौहान हनी जादौन शशांक प्रताप सिंह, विवेक वर्मा अंशुल गुप्ता कोमल बाल्मिक सोनू कश्यप जितेंद्र पंजवानी, सुनील पाठक मोनू तिवारी, नीरज शर्मा, प्रितपाल सिंह, ज्ञानेंद्र सिंह, मनमोहन सिंह, प्रशांत ठाकरे आदि उपस्थित रहे।

बण्डपुरा में हुआ जिपं अध्यक्ष का भव्य स्वागत

मथुरा। आज ग्राम बण्डपुरा की सरदारी द्वारा जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चैधरी का भव्य स्वागत एवं सम्मान किया गया। इस अवसर पर उन्हें पटुका पहनाकर, फूल-मालाओं से लादकर, स्वाफा एवं चांदी का मुकुट भेंट कर ग्रामीणों ने अपना स्नेह और सम्मान प्रकट किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि मेरा ब्रज विकास से वंचित नहीं रहेगा। आपके गांव की समस्या मेरी समस्या है, जिसका निस्तारण जल्द करा दिया जाएगा। जलभराव की समस्या, नाली खंडजा की

समस्या सहित अन्य समस्याएं है उन्हें जल्द दूर किया जाएगा। इस अवसर पर उन्होंने जनता के विश्वास, समर्थन और लोकप्रियता और सम्मान की जमकर प्रशंसा की। कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य प्रदीप, विनोद प्रमुख, भरत सिंह (चेयरमैन सोंख), देवेंद्र प्रधान (नैनूपट्टी), वेदपाल प्रधान (सींगापट्टी), हरीश चैधरी (मुसमुना), चंद्रपाल प्रधान (मगोर्रा), भीमा (बण्डपुरा), राकेश कुंतल (बण्डपुरा), चतुर सिंह प्रधान (सोंख देहात), बलवीर प्रधान, विनोद सिंह (मगोर्रा), रमेश मास्टर, देवेंद्र उर्फ कलुआ (मगोर्रा), रमेश मास्टर (नगला झींगा), करन प्रधान (सोन), समुन्दर मास्टर सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

फिरोजाबाद हाथरस सड़क को राज्य मार्ग घोषित करने को मुख्य अभियंता से मिले श्री कृष्ण गौतम

फिरोजाबाद। जलेसर-हाथरस 75 किलोमीटर सड़क मार्ग को राज्य मार्ग घोषित किए जाने के संबंध में क्षेत्रीय रेल उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति उत्तर मध्य रेलवे प्रयागराज के सदस्य श्रीकृष्ण गौतम ने लोक निर्माण विभाग के मुख्य अभियंता विजय सिंह से उनके कार्यालय अलीगढ़ में मुलाकात की और अनुरोध किया कि हाथरस के सांसद अनूप प्रधान के पत्र पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने फिरोजाबाद जलेसर- हाथरस सड़क मार्ग जिसकी लंबाई 75 किलोमीटर है, 10 मीटर चौड़ीकरण एवं राज्यमार्ग घोषित किए जाने का प्रस्ताव मांगा था जो अभी तक भेजा नहीं गया है। मुख्य अभियंता लोक निर्माण विभाग अलीगढ़ ने श्री गौतम को बताया कि यह बहुत ही महत्वपूर्ण सड़क मार्ग है और इसकी लंबाई हम हाथरस से आगे बढ़ाकर जनपद अलीगढ़ के इगलास होते हुए गोंडा तक राज्यमार्ग घोषित करने हेतु प्रस्ताव तैयार हो रहा है जो अप्रैल 2026 में लखनऊ मुख्यालय में भेजा जाएगा। फिरोजाबाद से हाथरस तक 07 मीटर चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण निर्माण कार्य पहले ही पूरा हो चुका है। सड़क मार्ग का 10 मीटर चौड़ीकरण एवं राज्यमार्ग घोषित होने से फिरोजाबाद जिले की सीधे जलेसर होते हुए हाथरस से हो जाएगी और वहां से अलीगढ़ जनपद इगलास गोंडा होते हुए यमुना एक्सप्रेस वे होकर सीधे नोएडा एयरपोर्ट, ग्रेटर नोएडा दिल्ली तक हो जाएगी। और फिरोजाबाद जलेसर हाथरस गोंडा अलीगढ़ राज्य मार्ग की कनेक्टिविटी कई राष्ट्रीय राजमार्गों से भी जुड़ जायेगी।

मथुराः मेगा कैंप, सुनवाई प्रक्रिया व कंट्रोल रूम की व्यवस्थाओं की हुई समीक्षा

मथुरा। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त विशेष रोल प्रेक्षक / संयुक्त सचिव, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार संजय कुमार अग्रवाल ने विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान 2026 के संबंध में बी0एस0ए0 कॉलेज में आयोजित मेगा कैंप/खुली बैठक का निरीक्षण। निरीक्षण में जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व डॉ0 पंकज कुमार वर्मा, उप जिलाधिकारी सदर/ ज्वाइंट मजिस्ट्रेट अभिनव जे जैन सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। विशेष रोल प्रेक्षकजी ने उपस्थित बी0एल0ओ0 से अधिकाधिक फॉर्म 6, 7 एवं 8 प्राप्त करने के निर्देश दिए। बीएलओ द्वारा विशेष रोल प्रेक्षक जी को अवगत कराया गया कि उनके द्वारा आलेख्य निर्वाचक नामावली एवं अनुपस्थित / शिफ्टेड / मृतक / डुप्लीकेट सूची को पढ़कर सुनाया गया है। विशेष रोल प्रेक्षक ने अवगत कराया कि जिन मतदाताओं का जन्म 01 जुलाई 1987 से पूर्व हुआ है, उन्हें केवल स्वयं से संबंधित अभिलेख प्रस्तुत करना होगा। जिन मतदाताओं का जन्म 01 जुलाई 1987 के बाद और 02 दिसंबर 2004 के मध्य हुआ है, उन्हें स्वयं का तथा अपने पिता या माता में से किसी एक के अभिलेख प्रस्तुत करने होंगे। यदि मतदाता का जन्म 02 दिसंबर 2004 के बाद हुआ है, तो उसे स्वयं के साथ-साथ अपने माता और पिता दोनों के ही अभिलेख प्रस्तुत करने होंगे। उन्होंने बताया कि नोटिस के जवाब में मतदाता को स्वयं अथवा अपने प्रतिनिधि के माध्यम से अपना / पिता / माता की जन्मतिथि और / अथवा जन्म स्थान के प्रमाण के रूप में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्देशित 13 अभिलेखों में से कोई एक अभिलेख उपलब्ध कराना होगा। निरीक्षण में जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह अपर जिलाधिकारी (वि. एवं रा.) डॉ. पंकज कुमार वर्मा, उप जिलाधिकारी सदर/ज्वाइंट मजिस्ट्रेट अभिनव जे. जैन सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

2017 से पहले यूपी को बीमारू बनाकर छोड़ा

- **मथुरा पहुंचे डिप्टी सीएम, विधायक के आवास पर मां के निधन पर दी श्रद्धांजलि**

मथुरा(मधुसूदन शर्मा)। उत्तर प्रदेश सरकार के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक शनिवार को मथुरा पहुंचे। यहां उन्होंने मांट विधानसभा क्षेत्र से विधायक राजेश चैधरी की माताजी के स्वर्गवास पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। उपमुख्यमंत्री सीधे विधायक के आवास पहुंचे, जहां उन्होंने दिवंगत आत्मा को नमन किया और शोकाकुल परिजनों से मुलाकात कर अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं। इस दौरान उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने कहा कि इस दुख की घड़ी में पूरा समाज और सरकार परिवार के साथ खड़ी है। उन्होंने ईश्वर से प्रार्थना की कि दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें तथा परिवार को इस अपार दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें। उन्होंने परिवारजनों को ढांढस बंधाया और हर संभव सहयोग का भरोसा दिलाया। मीडिया से बातचीत के दौरान उपमुख्यमंत्री ने राजनीतिक मुद्दों पर भी अपनी बात रखी।

डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पर निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि 2017 से पहले उत्तर प्रदेश को इन्होंने बीमारू राज्य बनाकर छोड़ा था। उन्होंने आरोप लगाया कि उत्तर प्रदेश में गुंडे, बदमाश प्रशासन पर हावी थे और समाजवादी पार्टी के शासनकाल में एक हजार से ज्यादा दंगे हुए. उन्होंने कहा कि आज उत्तर प्रदेश विकास के पथ पर तेजी से आगे बढ़ा है। पूरे राष्ट्र में नंबर एक पर आने वाला है। उन्होंने उत्तर प्रदेश के लोगों की प्रति व्यक्ति की आय बढ़ी है। उन्होंने कहा कि जहां तक जनगणना का सवाल है, भारतीय संसद ने जो पास कर दिया है उसके अनुसार अवश्य होगा, समय आने पर उन्हें पता चल जाएगा वो केवल अपने मुद्दों से जनता का ध्यान भटकाने के लिये तरह-तरह की बयानबाजी करते हैं। उन्होंने कहा कि हमारी प्रतिबद्धता है कि हम प्रदेश के विकास के लिये प्रतिबद्ध हैं, और उत्तर प्रदेश के लोगों को मान सम्मान बढ़े। 2017 के बाद स्थितियां बदल चुकी हैं, उन्होंने कहा कि न्यायालय ने निर्णयों का स्वागत करते हैं। उन्होंने कहा कि मैं बिहारी जी के चरणों में प्रार्थना करता हूं, जिस तरह अयोध्या में भव्य राम मंदिर बनकर तैयार हुआ, वैसे ही वृंदावन कॉरिडोर बनकर भी तैयार होगा। आगामी बजट को लेकर उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने कहा कि यह बजट राष्ट्रहित को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। इसमें विशेष रूप से किसानों, मजदूरों, युवाओं और कमजोर वर्गों के हितों को प्राथमिकता दी गई है। उन्होंने भरोसा जताया कि यह बजट प्रदेश के विकास को नई दिशा देगा और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को और मजबूत करेगा।

सर्दी से रायबरेली के व्यक्ति की मौत

मथुरा। मथुरा जंक्शन के गेट नंबर 02 नया बस स्टैण्ड की सड़क पर आज तड़के पार्किंग के पास एक है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही वास्तविकता का पता चलेगा। कोतवाली पुलिस के अनुसार आज व्यक्ति का शव पड़ा मिला है। स्थानीय लोगों का मानना है इसकी मौत ठण्ड लगने से हुयी सुबह 08 बजे क्षेत्र से गुजरते लोगों द्वारा सूचना दी गयी कि नया बस स्टैण्ड की ओर आने वाले मार्ग पर जंक्शन गेट के सामने सड़क पर एक वयक्ति का शव पड़ा है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जब उसकी तलाशी ली तो उसके पास से मिले आधार कार्ड के अनुसार उसका नाम अमित वर्मा (52) पुत्र कृपाशंकर वर्मा निवासी डीगशाहा रायबरेली है। पुलिस ने बताया कि लोगों से जानकारी करने पर पता लगा है कि वह जन्मभूमि क्षेत्र के एक ढाबे पर काफी समय से काम करता था, जिस समय उसके शव को कब्जे में लिया गया, उस समय वह पूरी तरह ओस से भीगा हुआ था, जिससे आशंका जताई जा रही है कि मौत का कारण ठण्ड हो सकता है। लेकिन वह जन्मभूमि क्षेत्र के ढाबे से यहां तक कैसे पहुंचा ? पुलिस इसकी जांच में जुटी है।

टीएमसी सरकार देश में सबसे भ्रष्ट : शाह

एजेंसी

कोलकाता/सिलीगुड़ी, 31 जनवरी (भाषा) केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए आरोप लगाया कि ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली सरकार जितनी भ्रष्ट कोई और सरकार देश में नहीं है। सिलीगुड़ी में भाजपा कार्यकर्ताओं की एक बैठक को संबोधित करते हुए उन्होंने राज्य सरकार पर सीमा सुरक्षा उपायों में बाधा डालने और अंतरराष्ट्रीय सीमा पर बाड़ लगाने के लिए सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) को जमीन उपलब्ध न कराने का भी आरोप लगाया।

शाह ने कहा मैंने संसद में कहा था कि बीएसएफ को बाड़ लगाने के लिए जमीन की जरूरत है। मैंने ममता बनर्जी को सात बार पत्र लिखा। मैं खुद भी उनके कार्यालय गया, लेकिन फिर भी जमीन नहीं दी गई। गृह मंत्री ने यह आरोप भी लगाया कि टीएमसी सरकार पश्चिम बंगाल में समुदायों के बीच तनाव को बढ़ावा दे रही है। उन्होंने कहा ममता बनर्जी ने यह सुनिश्चित किया है कि बंगाल में हर समुदाय एक-दूसरे से लड़े, जिससे राज्य की एकता के लिए खतरा पैदा हो रहा है। आगामी विधानसभा चुनावों को लेकर अमित शाह ने कहा कि भाजपा उत्तर बंगाल की सभी सीट पर जीत हासिल करेगी, क्योंकि लोग टीएमसी के सिंडिकेट राज और भ्रष्टाचार से तंग आ चुके हैं। उन्होंने यह आरोप भी लगाया कि राज्य के अधिकारी विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कराने में निर्वाचन का सहयोग नहीं कर रहे। इससे पहले, उत्तर 24 परगना के बैरकपुर में भाजपा कार्यकर्ताओं की एक बड़ी बैठक को संबोधित करते हुए शाह ने टीएमसी सरकार पर घुसपैठियों को बचाने, भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने और चुनावी फायदे के लिए जानबूझकर सीमा सुरक्षा को कमजोर करने का आरोप लगाया। शाह ने कहा कि राज्य में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार का गठन अब सिर्फ एक राजनीतिक मकसद नहीं, बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा की जरूरत है। उन्होंने यह दावा भी किया कि वर्ष 2026 के विधानसभा चुनाव में तृणमूल कांग्रेस सत्ता से बाहर हो जाएगी। शाह ने आरोप लगाया, जिस तरह से पश्चिम बंगाल में घुसपैठ हो रही है, वह पूरे देश के लिए सुरक्षा का मुद्दा बन गया है। अदालत के आदेश के बाद भी तृणमूल सरकार सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) को सीमा पर बाड़बंदी के लिए जमीन नहीं दे रही है, क्योंकि घुसपैठिए उसके वोट बैंक हैं। उन्होंने दावा किया कि राज्य में प्रशासन और पुलिस अवैध प्रवासियों को नहीं रोक रही है, जिन्हें जाली दस्तावेजों का इस्तेमाल करके पूरे देश में भेजा जा रहा है। शाह ने कहा कि कलकत्ता उच्च न्यायालय ने यह स्वीकार किया है कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी सीमा पर बाड़ लगाने के लिए आवश्यक भूमि उपलब्ध कराने में सहयोग नहीं कर रही हैं।

संसद में जल्द लायेंगे नये कृषि कानून : शिवराज

एजेंसी

रायपुर। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि किसानों को कानूनी सुरक्षा का मजबूत कवच प्रदान करने के लिए संसद में जल्द ही नये कृषि कानून लाए जाएंगे। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी।

अधिकारियों ने बताया कि चौहान ने शनिवार को छत्तीसगढ़ के एक दिवसीय प्रवास पर दुर्ग जिले का दौरा किया तथा किसानों से सीधा संवाद किया। चौहान ने अपने प्रवास के दौरान किसान मेले को संबोधित भी किया। उन्होंने कहा कि किसान की मेहनत, उसकी फसल और उसके भविष्य से खिलवाड़ अब किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। नकली बीज, नकली खाद और नकली कीटनाशकों के जरिये किसानों को नुकसान पहुंचाने वाले तत्वों के खिलाफ केंद्र सरकार निर्णायक, कठोर और दंडात्मक कार्वाई के रास्ते पर आगे बढ़ चुकी है। उन्होंने कहा कि किसानों को कानूनी सुरक्षा का मजबूत कवच प्रदान करने के लिए संसद में शीघ्र ही नये कृषि कानून लाए जाएंगे। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता किसान और उनका सर्वांगीण विकास है। उन्होंने कहा कि कुछ असामाजिक तत्व नकली उर्वरकों के जरिये किसानों की फसलों को बर्बाद कर रहे हैं, जो केवल आर्थिक अपराध नहीं, बल्कि किसान के साथ सीधा विश्वासघात है। ऐसे लोगों के खिलाफ कानून के तहत कड़ी कार्वाई सुनिश्चित की जाएगी। अधिकारियों ने बताया कि अपने प्रवास की शुरुआत में चौहान ने दुर्ग जिले के गिरहोला और खपरी गांव का दौरा किया, जहां उन्होंने खेतों की मेड़ पर उतरकर किसानों से सीधा संवाद किया। इस दौरान उन्होंने नर्सरी, खेतों और कृषि फार्मों का निरीक्षण करते हुए फसल चक्र, बागवानी, सिंचाई व्यवस्था, बीज उत्पादन और आधुनिक कृषि तकनीकों की जानकारी ली। उन्होंने बताया कि गिरहोला गांव में केंद्रीय मंत्री ने आम के पौधे का रोपण कर पर्यावरण संरक्षण और हरित विकास का संदेश दिया। चौहान ने कहा कि वृक्षारोपण केवल पर्यावरण संरक्षण का माध्यम नहीं, बल्कि किसानों के लिए दीर्घकालीन आय का सशक्त स्रोत भी बन सकता है। उन्होंने किसानों से आग्रह किया कि वे कृषि के साथ-साथ बागवानी और वृक्ष आधारित खेती को भी अपनाएं।

संक्षेप

कांगो में कोल्टन खदान ढहने से 200 की मौत

गोमा (कांगो)। पूर्वी कांगो में एक प्रमुख कोल्टन (कोलंबाइट-टैंटलाइट) खनन स्थल पर भूस्खलन के कारण कई खदानें ढह जाने से कम से कम 200 लोग मारे गए। विद्रोहियों की इकाई ने शनिवार को यह जानकारी दी। विद्रोहियों की इकाई द्वारा नियुक्त उत्तरी किवू प्रांत के गवर्नर के प्रवक्ता लुमुम्बा कंबेरे मुयिसा ने एसोसिएटेड प्रेस को बताया कि यह भूस्खलन बुधवार को रुबाया खदानों में हुआ जो विद्रोहियों के नियंत्रण में हैं। उन्होंने कहा कि भूस्खलन भारी बारिश के कारण हुआ। मुयिसा ने कहा, फिलहाल 200 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है, जिनमें से कुछ अब भी कीचड़ में फंसे हुए हैं और उन्हें निकाला नहीं जा सका है। उन्होंने बताया कि घटना में कई अन्य लोग घायल हुए हैं और उन्हें रुबाया कस्बे के तीन स्वास्थ्य केंद्रों में ले जाया गया है। उन्होंने कहा कि शनिवार को घायलों को एंबुलेंस से निकटतम शहर गोमा ले जाया जाएगा।

नीट अभ्यर्थी की मौत की जांच सीबीआई से कराने की सिफारिश

पटना। बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने शनिवार को कहा कि राज्य सरकार ने पटना में नीट परीक्षा की तैयारी कर रही 18 वर्षीय एक छात्रा की हाल ही में हुई मौत के मामले की केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) से जांच कराने की सिफारिश की है। इससे पहले, बिहार पुलिस का एक विशेष जांच दल (एसआईटी) इस मामले की जांच कर रहा था। जहानाबाद की रहने वाली छात्रा इस महीने की शुरुआत में पटना के चित्रगुप्त नगर में अपने हॉस्टल के कमरे में बेहोश मिली थी, और कई दिन तक कोमा में रहने के बाद 11 जनवरी को एक निजी अस्पताल में उसकी मौत हो गई। छात्रा के परिवार ने उसका यौन उत्पीड़न होने और अधिकारियों पर मामले को दबाने की कोशिश करने का आरोप लगाया था। चौधरी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भारत सरकार से पटना में नीट छात्रा की हत्या के मामले (केस नंबर-14126) की जांच सीबीआई को सौंपने का आग्रह किया है। इस घटना का पूरी तरह से पारदर्शी और निष्पक्ष तरीके से खुलासा होना चाहिए।

राजनीतिक ध्रुवीकरण पारदर्शिता को कर रहा कमजोर : अभिजीत

कोलकाता। नोबेल पुरस्कार से सम्मानित अर्थशास्त्री अभिजीत बनर्जी ने कहा है कि भारत में बढ़ता राजनीतिक ध्रुवीकरण पारदर्शिता को कमजोर कर रहा है और देश को विश्व के लिए एक रहस्य बना रहा है, भले ही आर्थिक वृद्धि के आंकड़े मजबूत बने हुए हों। बनर्जी ने कहा कि आर्थिक दृष्टि से आज देश के सामने सबसे अहम मुद्दे मीडिया की स्वतंत्रता और पारदर्शिता हैं। उन्होंने कहा कि निवेशकों के लिए राजनीतिक बयानबाजी से ज्यादा आंकड़ों की विश्वसनीयता मायने रखती है। उन्होंने कहा मुझे लगता है कि भारत राजनीतिक रूप से ध्रुवीकृत दौर से गुजर रहा है। कई टकराव लंबे समय से जारी हैं और हमें एक राष्ट्र के रूप में तय करना होगा कि हम खुद को कितना खुला और भरोसेमंद दिखाना चाहते हैं।

अमेरिकी एसईसी से कानूनी नोटिस लेने को तैयार अदाणी

एजेंसी

> 90 दिनों में देंगे जवाब

न्यूयॉर्क/नयी दिल्ली। अरबपति गौतम अदाणी और उनके भतीजे सागर अदाणी अमेरिकी प्रतिभूति और विनिमय आयोग (एसईसी) से दीवानी धोखाधड़ी के मुकदमे में कानूनी नोटिस लेने को तैयार हो गए हैं। एक अदालती दस्तावेज से यह जानकारी मिली। इस मुकदमे में आरोप लगाया गया है कि उन्होंने रिश्वत देने की योजना के बारे में निवेशकों को गुमराह किया।

न्यूयॉर्क के ब्रुकलिन में एक संघीय अदालत में दायर दस्तावेज, जिसे पीटीआई-भाषा ने देखा है, के अनुसार एसईसी और गौतम तथा सागर अदाणी के अमेरिका स्थित वकीलों ने कहा कि वकील नियामक के कानूनी कागजात स्वीकार करने के लिए सहमत हो गए हैं। इससे न्यायाधीश को अब इस पर फैसला देने की आवश्यकता नहीं होगी कि प्रतिवादियों को नोटिस कैसे तामिल कराया जाए। यह संयुक्त आवेदन (या समझौता) संबंधित अदालत के समक्ष मंजूरी के लिए प्रस्तुत किया गया है। यह अमेरिकी कानूनी कार्यवाही में एक मानक प्रक्रियात्मक कदम है, जो मामलों के व्यवस्थित समाधान की अनुमति देता है।

अच्छा होगा इस बार का बजट : गोयल

सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों को बजट से विशेष सहायता की उम्मीद

एजेंसी

नयी दिल्ली। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शनिवार को भरोसा जताया कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा एक फरवरी को पेश किया जाने वाला वित्त वर्ष 2026-27 का बजट एक अच्छा बजट होगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और वित्त मंत्री ने पिछले कुछ वर्षों में बेहतरीन बजट पेश किए हैं और यह उनका लगातार नौवां बजट होने के नाते पिछले बजट से अलग नहीं होगा। गोयल ने कहा यह एक अच्छा बजट होगा, मुझे पूरा भरोसा है कि यह बहुत ही शानदार बजट होगा। जब उनसे पूछा गया कि क्या सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) को बजट से कुछ विशेष सहायता की उम्मीद करनी चाहिए, तो मंत्री ने कहा कि मोदी सरकार विभिन्न कार्यक्रमों और पहलों के माध्यम से इस क्षेत्र को निरंतर समर्थन दे रही है। उन्होंने जोर देकर कहा कि सरकार एमएसएमई के महत्व को लेकर बेहद सचेत रही है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण रविवार को अपना नौवां बजट पेश करेंगी। उम्मीद है कि इसमें वृद्धि की गति को बनाए रखने, राजकोषीय अनुशासन सुनिश्चित करने और अमेरिकी शुल्कों जैसे वैश्विक व्यापार तनावों से अर्थव्यवस्था को सुरक्षित रखने के लिए सुधारों की घोषणा की जा सकती है। स्वतंत्र भारत के इतिहास में यह पहली बार है, जब रविवार को बजट पेश किया जा रहा है। उन्होंने कहा भारत और अमेरिका के बीच प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते के लिए बातचीत सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ रही है और दोनों देश इसे जल्द पूरा करने के लिए काम कर रहे हैं।

एसबीआई ने सीपीआर पहल के अंतर्गत भेंट किया वाहन

भारतीय स्टेट बैंक ने बैंक की सीएसआर पहल के अंतर्गत एम. एल. एन. मेडिकल कॉलेज, प्रयागराज को एक वाहन भेंट किया। बैंक की सामाजिक सेवा दायित्व के अंतर्गत, भारतीय स्टेट बैंक, लखनऊ मण्डल के मुख्य महाप्रबंधक श्री दीपक कुमार दे ने प्राचार्य डॉ. वी. के. पांडे की उपस्थिति में मोती लाल नेहरू मेडिकल कॉलेज, प्रयागराज को एक वाहन भेंट किया। यह वाहन अस्पताल और कॉलेज परिसर के भीतर दवाओं और चिकित्सा उपकरणों के परिवहन की सुविधा प्रदान करेगा।

तंबाकू पर अतिरिक्त उत्पाद शुल्क आज से

एजेंसी

नयी दिल्ली। सिगरेट और तंबाकू उत्पादों पर अतिरिक्त उत्पाद शुल्क तथा पान मसाला पर स्वास्थ्य उपकर एक फरवरी से लागू हो जाएगा। यह वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) की उच्चतम 40 प्रतिशत की दर के ऊपर लगाया जाएगा।

ये उपकर और उत्पाद शुल्क इन हानिकारक वस्तुओं पर एक जुलाई 2017 से लागू 28 प्रतिशत जीएसटी और क्षतिपूर्ति उपकर का स्थान लेंगे। इसके अलावा, एक फरवरी से तंबाकू उत्पादों (चबाने वाला तंबाकू, फिल्टर खैनी, जर्दा युक्त सुगंधित तंबाकू और गुटखा) के लिए अधिकतम खुदरा मूल्य (एमआरपी) आधारित मूल्यांकन की नई व्यवस्था शुरू होगी। इसके तहत जीएसटी का निर्धारण पैकेट पर घोषित खुदरा बिक्री मूल्य के आधार पर किया जाएगा। पान मसाला निर्माताओं को एक फरवरी से स्वास्थ्य और राष्ट्रीय सुरक्षा उपकर कानून के तहत नया पंजीकरण कराना होगा। ऐसे उत्पादों के निर्माताओं को सभी पैकिंग मशीनों को कवर करने वाली एक कार्यशील सीसीटीवी प्रणाली लगानी होगी और इसकी फुटेज को कम से कम 24 महीनों तक सुरक्षित रखना होगा। उन्हें उत्पाद शुल्क अधिकारियों को मशीनों की संख्या और उनकी क्षमता की जानकारी भी देनी होगी।

गाजा संघर्ष की समाप्ति सभी देशों के लिए जरूरी : जयशंकर

एजेंसी

नयी दिल्ली। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने शनिवार को अरब देशों के विदेश मंत्रियों के साथ एक सम्मेलन में कहा कि पश्चिम एशिया अनेक चुनौतियों का सामना कर रहा है, इसलिए हमारे साझा हितों की मांग है कि स्थिरता, शांति व समृद्धि जैसी ताकतों को मजबूत किया जाए। जयशंकर ने कहा कि गाजा संघर्ष को खत्म करने की योजना को आगे बढ़ाना आज एक व्यापक रूप से साझा प्राथमिकतौ है। उन्होंने यहां भारत-अरब विदेश मंत्रियों के दूसरे सम्मेलन में अपने उद्घाटन भाषण में सूडान, यमन, लेबनान और सीरिया में जारी संघर्षों को रेखांकित किया और आसपास के क्षेत्रों तथा उनके बाहर पड़ने वाले इसके प्रभावों का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा, इन अनेक चुनौतियों पर विचार करते हुए, हमारे साझा हित की मांग है कि स्थिरता, शांति और समृद्धि जैसी ताकतों को मजबूत किया जाए। जयशंकर ने पश्चिम एशिया की स्थिति, विशेषकर संघर्षग्रस्त गाजा के पुनर्निर्माण के प्रयासों के बारे में भी बात की। उन्होंने कहा हम एक महत्वपूर्ण समय पर यह सम्मेलन कर रहे हैं, जब वैश्विक व्यवस्था विभिन्न कारणों से परिवर्तन के दौर से गुजर रही है। उन्होंने कहा कि राजनीति, अर्थव्यवस्था, प्रौद्योगिकी और जनसांख्यिकी सभी में बदलाव हो रहे हैं। विदेश मंत्री ने कहा, यह कहीं और उतना स्पष्ट नहीं है जितना पश्चिम एशिया में है, जहां पिछले वर्ष के दौरान परिदृश्य में नाटकीय बदलाव हुआ है। जयशंकर ने कहा कि इसका प्रभाव भारत समेत हम सभी पर पड़ता है और काफी हद तक इसके निहितार्थ अरब जगत के साथ भारत के संबंधों के लिए भी प्रासंगिक हैं। उन्होंने कहा पिछले कुछ वर्षों में पश्चिम एशिया में कई महत्वपूर्ण घटनाएं हुई हैं। इनमें से कई घटनाओं का प्रभाव सीमाओं से परे देखा गया है। जयशंकर ने विशेष रूप से गाजा की स्थिति का जिक्र करते हुए कहा गाजा संघर्ष को समाप्त करने की योजना को आगे बढ़ाना आज व्यापक रूप से साझा प्राथमिकता है। विभिन्न देशों ने व्यक्तिगत रूप से या सामूहिक रूप से शांति योजना को लेकर नीतिगत घोषणाएं की हैं। भारत द्वारा आयोजित इस भारत-अरब विदेश मंत्रियों की बैठक में कई देशों के विदेश मंत्री उपस्थित हुए।

पेज एक का शेष

सुनेत्रा पवार

फडणवीस, उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, राकांपा नेता प्रफुल्ल पटेल, सुनील तटकरे और छगन भुजबल सहित अन्य लोग समारोह में उपस्थित थे। सुनेत्रा पवार के छोटे बेटे जय पवार और उनकी पत्नी भी शपथग्रहण समारोह में मौजूद थीं।

सुनेत्रा राज्य विधानमंडल के किसी भी सदन की सदस्य नहीं हैं। उनके बारामती विधानसभा सीट से चुनाव लड़ने की संभावना है जो उनके पति अजित पवार के निधन से खाली हुई है। राजनीतिक परिवार से संबंध रखने वाली और चर्चाओं से दूर रहने वाली सुनेत्रा ने 2024 के लोकसभा चुनाव में अपने चुनावी करियर की शुरुआत की थी। उन्होंने पवार परिवार के गृह क्षेत्र बारामती में अपनी ननद और मौजूदा राकांपा (शप) की सांसद सुप्रिया सुले के खिलाफ चुनाव लड़ा था।

सीएम योगी

योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में संभव हो पाए हैं। निमार्ता विनोद चौधरी ने कहा कि जो दायित्व सामान्यतः समाज और हर नागरिक का होना चाहिए, उसे मुख्यमंत्री स्वयं उदाहरण बनकर निभा रहे हैं। गाय केवल एक पशु नहीं, बल्कि भारत की सांस्कृतिक आत्मा है, जो वैदिक काल से हमारे जीवन का आधार रही है। समुद्र मंथन से कामधेनु की प्राप्ति की कथा से लेकर आज तक गाय भारतीय सभ्यता की पोषक रही है। विनोद चौधरी ने कहा कि नई युवा पीढ़ी धीरे-धीरे गाय के महत्व को भूलती जा रही है। दूध देने तक गाय को रखा जाता है और उसके बाद उसे छोड़ दिया जाता है, फिर यह कहा जाता है कि इसकी जिम्मेदारी सरकार निभाए। जबकि यह केवल सरकार का नहीं, बल्कि हम सभी नागरिकों का नैतिक और सामाजिक कर्तव्य है कि गोमाता का पालन-पोषण करें। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि गाय हमारी माता है। जो लोग गाय को केवल पशु कहते हैं, वे स्वयं पशुता की मानसिकता में जी रहे हैं। जैसे मां हमें पोषण देती है, वैसे ही गाय संपूर्ण मानव समाज का पोषण करती है।

फिल्म गोदान में पंचगव्य से पंच परिवर्तन को प्रमुखता से दिखाया गया है। इसमें बताया गया है कि पंचगव्य किस प्रकार मानव जीवन में सकारात्मक बदलाव लाता है। निमार्ता के अनुसार, गाय पर हाथ फेरने मात्र से मानसिक शांति मिलती है, रक्तचाप संतुलित होता है और अनेक बीमारियों पर इसका प्रभाव पड़ता है। फिल्म में यह संदेश वैज्ञानिक दृष्टिकोण के साथ प्रस्तुत किया गया है। फिल्म निमार्ता ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से फिल्म को टैक्स-फ्री किए जाने की अपेक्षा भी व्यक्त की। उनका कहना था कि यह फिल्म किसी एक जाति, धर्म या वर्ग की नहीं, बल्कि समाज के प्रत्येक नागरिक के लिए है। विशेषकर युवा पीढ़ी को यह फिल्म अवश्य देखनी चाहिए। स्कूल के बच्चों, परिवारों और समाज के हर वर्ग तक इसका संदेश पहुंचना चाहिए। सीएम योगी से मुलाकात के दौरान विनोद चौधरी (निमार्ता), शांतनु शुक्ला (प्रचार-प्रसार प्रमुख), डॉ. कपिल त्यागी (सीएमडी, यथार्थ हॉस्पिटल, नोएडा) और नवल किशोर उपस्थित रहे। गो सेवा आयोग के अध्यक्ष श्याम बिहारी गुप्ता ने बताया कि धरती, कृषि, प्रकृति और मानव जीवन, सभी के लिए गोमाता सबसे बड़ा आशीर्वाद हैं। प्रदेश में गोसेवा और संरक्षण के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अभूतपूर्व इंतजाम किए हैं। गोमाता पर बनी यह फिल्म हर युवा, बच्चे और बुजुर्ग को सपरिवार देखनी चाहिए।

यूपी में छह

डॉ पूजा गुप्ता को मथुरा का मुख्य विकास अधिकारी बनाया गया है। रणवीर प्रसाद को आयुक्त, खाद्य एवं रसद, उत्तर प्रदेश के पद का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। उनके पास अभी प्रमुख सचिव, खाद्य एवं रसद तथा उपभोक्ता मामले विभाग, उत्तर प्रदेश शासन की जिम्मेदारी थी। राज्य सरकार ने निलंबित किए गए पीसीएस अधिकारी अलंकार अग्निहोत्री के स्थान पर बरेली नगर मजिस्ट्रेट के पद पर नई तैनाती कर दी है। नगर मजिस्ट्रेट जालौन राजेश कुमार वर्मा को बरेली का नया नगर मजिस्ट्रेट बनाया गया है। नियुक्ति विभाग ने शनिवार की शाम पांच पीसीएस अधिकारियों के तबादले किए। सुनील कुमार एसडीएम प्रयागराज से नगर मजिस्ट्रेट जालौन, कमलेश चंद्र अपर आयुक्त देवीपाटन मंडल गोंडा से उप सचिव लोक सेवा आयोग प्रयागराज, राजेश कुमार यादव प्रथम एडीएम (नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति) मथुरा से अपर आयुक्त देवीपाटन मंडल गोंडा और नंद प्रकाश मौर्य एसडीएम महाराजगंज से एडीएम (नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति) मथुरा बनाए गए हैं।

देश का

वित्त वर्ष 2026-27 के अनुमानों पर विशेष ध्यान रहेगा। **जीडीपी वृद्धि** : वित्त वर्ष 2025-26 में भारत की मौजूदा कीमतों पर जीडीपी वृद्धि (वास्तविक जीडीपी मुद्रास्फीति) का अनुमान 10.1 प्रतिशत है, जबकि वास्तविक जीडीपी वृद्धि 7.4 प्रतिशत रहने का अनुमान है। हालांकि, मुद्रास्फीति कम रहने के कारण मौजूदा कीमतों पर जीडीपी को घटाकर आठ प्रतिशत कर दिया गया है। वित्त वर्ष 2026-27 के लिए यह अनुमान 10.5 से 11 प्रतिशत के बीच रहने की उम्मीद है। प्रौद्योगिकी क्षेत्र की कंपनियां केंद्रीय बजट 2026-27 में कृत्रिम मेधा (एआई) पारिस्थितिकी तंत्र के विकास, नवाचार और डिजिटल बुनियादी ढांचे को बढ़ावा देने के साथ-साथ बाजार में इसके विस्तार के लिए नकदी उपलब्ध कराने के उपायों की उम्मीद कर रही हैं। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण रविवार को संसद में बजट पेश करेंगी। संसद में 29 जनवरी को पेश की गई आर्थिक समीक्षा में एआई को महज एक प्रौद्योगिकी की होड़ के बजाय एक आर्थिक रणनीति के रूप में मान्यता दी गई है। इसमें सहयोग और साझा नवाचार को बढ़ावा देने के लिए मुक्त और परस्पर क्रियाशील प्रणालियों पर आधारित विभिन्न क्षेत्र-विशिष्ट दृष्टिकोण अपनाने की पुरजोर वकालत की गई है। एआई कंपनी आयोनोस के वाइस-चेयरमैन सी पी गुरनानी ने कहा कि आर्थिक समीक्षा में भारत की प्रौद्योगिकी क्षमता और डेटा संपदा का सही चित्रण किया गया है। उन्होंने कहा कि भारत का भविष्य इंजीनियरिंग क्षमता का लाभ उठाकर किफायती और मानव-केंद्रित एआई बनाने में है, जो स्थानीय चुनौतियों का समाधान कर सके। लॉजिस्टिक्स क्षेत्र की सॉफ्टवेयर कंपनी फारआई के मुख्य व्यवसाय अधिकारी सूर्यांश जालान ने कहा कि उद्योग को उम्मीद है कि बजट में विश्वसनीयता और वैश्विक प्रतिस्पर्धात्मकता में सुधार के उपायों पर ध्यान दिया जाएगा।

बांदा के

रविंद्र सिंह उर्फ रवि नागर उर्फ रवि काना को वारंट-बी (मजिस्ट्रेट या न्यायाधीश द्वारा जेल में बंद आरोपी को किसी अन्य मामले में अदालत में पेश करने का आदेश) के तहत तलब किए जाने के बावजूद रिहा किए जाने के आरोप में की गई है। उत्तर प्रदेश जेल प्रशासन एवं सुधार सेवा मुख्यालय द्वारा जारी बयान के अनुसार, प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि बांदा जिला जेल में बंद विचाराधीन कैदी रवि काना को 29 जनवरी को रिहा कर दिया गया, जबकि जेल अधिकारियों को जानकारी थी कि उसे वारंट-बी पर तलब किया गया है। बयान में कहा गया है कि बांदा जेल अधीक्षक द्वारा प्रस्तुत प्राथमिक जांच रिपोर्ट के आधार पर जेलर विक्रम सिंह यादव को निलंबित कर दिया गया है और उनके खिलाफ विभागीय कार्वाई शुरू की गई है। मामले की विस्तृत जांच प्रयागराज के उप महानिरीक्षक (जेल) द्वारा की जा रही है। यह कार्वाई नोएडा की मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (सीजेएम) अदालत द्वारा बांदा जेल अधीक्षक को कारण बताओ नोटिस जारी किए जाने के एक दिन बाद की गई।

बलूचिस्तान में

सतर्क थे और उन्होंने इन हमलों को सफलतापूर्वक विफल कर दिया, जिससे उग्रवादी भागने पर मजबूर हो गए। तरार ने बताया कि ग्वादर में, बीएलए से जुड़े उग्रवादियों ने एक महिला और तीन बच्चों सहित एक ही परिवार के पांच सदस्यों को मार डाला। हालांकि यह साफ नहीं हो पाया कि यह चार पुलिसकर्मी उन 10 सुरक्षाकर्मियों में शामिल हैं या नहीं। क्वेटा के एक सीनियर अफसर ने यह भी बताया कि लड़ाकों ने नुश्की जिले के डिप्टी कमिश्नर का अपहरण कर लिया है। बीएलए ने इसे ऑपरेशन हेरोफ का नाम दिया है। हमले के बाद पाकिस्तान के पीएम शहबाज शरीफ ने बयान जारी कर दावा किया कि इन हमलों के पीछे भारत का हाथ है। इन हमलों की जिम्मेदारी बलूच लिबरेशन आर्मी ने ली है। संगठन ने कहा कि उसने सैन्य ठिकानों, पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों को निशाना बनाया। साथ ही यह भी दावा किया कि मुख्य हाईवे बंद किए गए, ताकि सेना की कार्वाई में बाधा डाली जा सके।

पौड़ी गढ़वाल

योजनाओं का शिलान्यास तथा 244 करोड़ रुपये की 40 योजनाओं का लोकार्पण शामिल है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन परियोजनाओं से आधारभूत ढांचे को मजबूती मिलने के साथ-साथ स्थानीय रोजगार के अवसर भी सृजित होंगे। मुख्यमंत्री ने उत्सव परिसर में लगाए गए विभिन्न विभागीय और प्रदर्शनी स्टॉलों का अवलोकन किया। दुर्लभ पक्षी प्रजातियों पर आधारित फोटो प्रदर्शनी दर्शकों के आकर्षण का केंद्र रही। वहीं महिला स्वयं सहायता समूहों द्वारा निर्मित स्थानीय उत्पादों की सराहना करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि ये महिलाएं आत्मनिर्भर उत्तराखण्ड की मजबूत आधारशिला बन रही हैं। उन्होंने कहा कि गुणवत्ता और नवाचार के बल पर स्वयं सहायता समूहों के उत्पाद किसी भी बड़े ब्रांड से प्रतिस्पर्धा करने में सक्षम हैं।

मुख्यमंत्री धामी ने कोटद्वार क्षेत्र में संचालित प्रमुख विकास परियोजनाओं की जानकारी देते हुए बताया कि आधुनिक बस टर्मिनल, आयुष चिकित्सालय, खोह नदी की स्वच्छता के लिए एसटीपी स्थापना, पुल निर्माण और फोर लेन सड़क परियोजना पर कार्य तीव्र गति से प्रगति पर है। उन्होंने विश्वास जताया कि इन योजनाओं से क्षेत्र के आर्थिक और सामाजिक परिदृश्य में सकारात्मक बदलाव आएगा। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्षा एवं स्थानीय विधायक ऋतु खंडूड़ी भूषण ने कहा कि बर्ड वॉचिंग फेस्टिवल कोटद्वार की प्राकृतिक विशिष्टता को राष्ट्रीय मानचित्र पर स्थापित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने बताया कि यह क्षेत्र लगभग 400 पक्षी प्रजातियों का प्राकृतिक आश्रय स्थल है, जिससे बर्ड टूरिज्म की अपार संभावनाएं सृजित होती हैं। जिलाधिकारी स्वाति एस. भदौरिया ने अपने संबोधन में कहा कि यह आयोजन केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि प्रकृति के साथ सह-अस्तित्व का संदेश देता है।

बीबीडीयू के

पूरी टीम जस्टिस राजेश सिंह की गेंदबाजी के आगे बेबस नजर आयी। जस्टिस राजेश सिंह ने 15 रन खर्चते हुए एलएसीए के 6 खिलाड़ियों को पवेलियन की राह दिखायी। एलएसीए की तरफ से टीम के कप्तान मनीष मिश्र ही दहाई का आंकड़ा पार कर पाये। मैच में बेस्ट फील्डर का पुरस्कार भी जस्टिस मनजीव शुक्ल को दिया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ न्यायमूर्ति राजन राय, एलएसीए के चेयरमैन वरिष्ठ अधिवक्ता एनके सेठ, सचिव अपराजिता बंसल, संयुक्त सचिव आलोक सरन समेत तमाम अधिवक्ताओं व न्यायमूर्तियों ने अपने परिवार के साथ अपनी उपस्थिति दर्ज करायी।

Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com

भारत ने न्यूजीलैंड को 46 रन से हराया

ईशान किशन ने 42 बॉल पर जड़ा शतक, अर्शदीप सिंह ने झटके पांच विकेट

एजेंसी

तिरुवनंतपुरम। भारत ने 5वें टी-20 में न्यूजीलैंड को 46 रन से हरा दिया। भारत ने 5 मैचों की श्रृंखला को 4-1 से जीत लिया है। भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए न्यूजीलैण्ड को 272 रन का टारगेट दिया था। तिरुवनंतपुरम के ग्रीनफील्ड स्टेडियम में शनिवार को भारत ने बैटिंग चुनी और 5 विकेट खोकर 271 रन बना दिए। ईशान किशन ने 10 छक्के लगाकर 103 रन बनाए। वहीं टीम ने 23 छक्के लगाए। न्यूजीलैंड ने 3 ओवर के बाद 1 विकेट के नुकसान पर 46 रन बना लिए हैं। फिन एलन और रचिन रवींद्र पिच पर हैं। अर्शदीप सिंह ने पहले ओवर की आखिरी गेंद पर टिम साइफर्ट को कैच कराया। कप्तान सूर्यकुमार यादव ने 30 बॉल पर 210 के स्ट्राइक रेट से 63 रन बनाए। उन्होंने 4 चौके और 6 छक्के लगाए। हार्दिक पंड्या ने 17 गेंद पर 42 रन बनाए। न्यूजीलैंड के लिए लॉकी फर्ग्यूसन ने 2 विकेट लिए। जैकब डफी, काइल जैमिसन और मिचेल सैंटनर को 1-1 विकेट मिला। न्यूजीलैंड ने अर्शदीप सिंह के दूसरे ओवर में 23 रन बटोर लिए। रचिन रवींद्र ने पहली गेंद पर सिंगल लिया। फिन एलन ने फिर 4 चौके और 1 छक्का लगाकर टीम स्कोर 46 तक पहुंचा दिया। 272 रन के टारगेट के सामने न्यूजीलैंड के लिए टिम साइफर्ट और फिन एलन ओपनिंग करने उतरे। दोनों ने शुरूआती 5 गेंदों पर 17 रन भी बना लिए। अर्शदीप सिंह ने आखिरी गेंद पर कमबैक किया और साइफर्ट को कैच करा दिया। वे 5 रन बनाकर आउट हुए। 20वें ओवर में भारतीय बैटर्स ने 21 रन बनाए।

इस ओवर में दो छक्के पड़े। काइल जैमिसन के इस ओवर में एक विकेट भी गिरा। उन्होंने हार्दिक पंड्या को पवेलियन भेजा। भारतीय टीम ने 19वें ओवर में 250 रन का आंकड़ा पार कर लिया है। हार्दिक पंड्या ने लॉकी फर्ग्यूसन की आखिरी बॉल पर एक रन लेकर टीम के लिए 250वां रन बनाया। इस ओवर से 14 रन आए। 18वें ओवर की तीसरी बॉल पर भारतीय टीम ने चौथा विकेट गंवाया। यहां पर ईशान किशन 43 बॉल पर 103 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें जैकब डफी ने ग्लेन फिलिप्स के हाथों कैच कराया। 16वें ओवर में भारतीय टीम ने 200 रन का आंकड़ा पार कर लिया है। हार्दिक पंड्या ने काइल जैमिसन के ओवर की 5वीं बॉल पर सिंगल लेकर टीम स्कोर 200 पार पहुंचाया। कप्तान सूर्यकुमार यादव 30 बॉल पर 63 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें कप्तान मिचेल सैंटनर ने विकेटकीपर टिम साईफार्ट के हाथों स्टंप कराया। 14वें ओवर में भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने फिफ्टी पूरी की। उन्होंने जैकब डफी की चौथी बॉल पर छक्का लगाया और हाफ सेंचुरी पूरी की। सूर्या ने इस ओवर में दो छक्के और लगाए।

डफी के इस ओवर से 23 रन आए। 13वें ओवर में ईशान किशन और सूर्यकुमार यादव ने तीसरे विकेट के लिए शतकीय साझेदारी कर ली। ईशान ने लॉकी फर्ग्यूसन की दूसरी बॉल पर छक्का लगाकर शतकीय साझेदारी पूरी की। 12वें ओवर में ईशान किशन ने फिफ्टी पूरी कर ली। उन्होंने ईशा सोढ़ी की पहली बॉल पर चौका लगाया और फिफ्टी पूरी की। इसके बाद उन्होंने 3 चौके और दो छक्के लगाए। सोढ़ी के इस ओवर से 29 रन आए। भारतीय पारी के 10वें ओवर से 20 रन आए। मिचेल सैंटनर के इस ओवर में ईशान किशन ने एक चौका और एक छक्का लगाया। जबकि सूर्यकुमार यादव ने छक्का लगाया। इसी के साथ टीम इंडिया ने 100 रन का आंकड़ा पार कर लिया। टॉस जीतकर बैटिंग कर रही भारतीय टीम ने मिलीजुली शुरूआत की है। टीम ने पावरप्ले के 6 ओवर में 54 रन बनाने में दो विकेट गंवा दिए। अभिषेक शर्मा (30 रन) और संजू सैमसन (6 रन) को लॉकी फर्ग्यूसन ने पवेलियन भेजा। तीसरे ओवर की 5वीं बॉल पर संजू सैमसन 6 रन बनाकर आउट हुए। वे अपने होमग्राउंड पर खेल रहे थे। संजू को लॉकी फर्ग्यूसन ने जैकब डफी के हाथों कैच कराया। वे इस सीरीज के 5 मैचों में महज 46 रन ही बना सके हैं। भारतीय पारी के दूसरे ओवर से 15 रन आए। यह ओवर काइल जैमिसन डाल रहे थे। उनकी गेंद पर अभिषेक शर्मा ने दो चौके और एक छक्का लगाया। ओपनर अभिषेक शर्मा ने पहले ओवर की तीसरी बॉल पर छक्का लगाकर टीम इंडिया का खाता खोला। यह बॉल बाउंड्री पर लगे एड बोर्ड के कोने पर लगी और खराब हो गई। इस वजह से इसे चेंज करना पड़ा है। अभिषेक ने आखिरी दो बॉल पर भी चौके लगाए। जैकब डफी के इस ओवर से 14 रन आए। वहीं दूसरी ओर पांच बार का चैंपियन भारत रविवार को यहां आईसीसी पुरुष अंडर-19 विश्व कप के सुपर सिक्स मैच में चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान से एशिया कप फाइनल में मिली शर्मनाक हार का बदला लेने की कोशिश करेगा। भारत पिछले साल 21 दिसंबर को दुबई में हुए अंडर-19 एशिया कप फाइनल में पाकिस्तान से 191 रन से हार गया था जबकि 14 दिसंबर को उसने इसी टूर्नामेंट का ग्रुप मैच इस चिर प्रतिद्वंद्वी टीम के खिलाफ 90 रन से जीता था।

पहलगाम आतंकी हमले और उसके बाद भारतीय सेना द्वारा चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत पाकिस्तान के साथ अपनी हाथ नहीं मिलाने की नीति भी जारी रख सकता है। भारतीय अंडर-19 टीम ने अंडर-19 एशिया कप के फाइनल में पाकिस्तान के साथ मैच के बाद हाथ मिलाने से परहेज किया। उस टूर्नामेंट के ग्रुप चरण मैच के दौरान भी भारत ने ऐसा ही किया था। रविवार को आयुष म्हात्रे की कप्तानी वाली भारतीय टीम उस हार का बदला लेने के लिए बेताब होगी। किसी भी मैच से पहले सचिन तेंदुलकर से वर्चुअल हौसलअफजाई मिलना सपनों के सच होने जैसा होता है और भारतीय खिलाड़ियों को इस महान खिलाड़ी से कुछ कीमती सलाह मिली।

भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने एक्स पर लिखा, मौजूदा अंडर-19 विश्व कप में खेल रही भारत की अंडर-19 टीम ने विश्व क्रिकेट के महान खिलाड़ी सचिन तेंदुलकर के साथ वर्चुअल बातचीत की। बीसीसीआई ने लिखा, यह एक बहुत बहुमूल्य अनुभव था जिसमें अगली पीढ़ी को लगातार बदलते खेल में सफलता और लंबे समय तक बने रहने के लिए जरूरी चीजों के बारे में जानकारी और नजरिया मिला, जो सिर्फ तकनीकी कौशल और फिट रहने तक ही सीमित नहीं है, बल्कि एकाग्रता, अनुशासन, विनम्रता और सफलता से जुड़े रहने की अहमियत भी है।

हरियाणा को हराकर बंगाल रणजी क्वार्टर फाइनल में

रोहतक। बाएं हाथ के स्पिन गेंदबाजी ऑलराउंडर शाहबाज अहमद ने मैच में अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 11 विकेट चटकाए जिससे बंगाल ने शनिवार को यहां ग्रुप सी में हरियाणा को तीन दिन के भीतर 188 न से हराकर अजेय रहते हुए रणजी ट्रॉफी क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। गेंदबाजों की मददगार पिच पर शाहबाज ने दूसरी पारी में 38 रन देकर छह विकेट चटकाए जिससे 294 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए हरियाणा की टीम 26.1 ओवर में 105 रन पर ढेर हो गई।

पहली पारी में 42 रन पर पांच विकेट चटकाने वाले शाहबाज ने मैच में कुल 80 रन देकर 11 विकेट हासिल किए। मेवात में जन्में शाहबाज ने दूसरी पारी में शुरुआती छह विकेट चटकाकर बंगाल की जीत लगभग तय कर दी थी। पिछले दौर में सेना को हराकर पहले ही क्वार्टर फाइनल में जगह बना चुका बंगाल पांच जीत से 36 अंक के साथ शीर्ष पर रहा और उसने एक भी मैच नहीं गंवाया। हरियाणा की टीम इसके साथ ही बाहर हो जाएगी क्योंकि देहरादून में असम के खिलाफ उत्तराखंड की टीम मजबूत स्थिति में है। इससे पहले बंगाल ने दिन की शुरुआत तीन विकेट पर 155 रन से की और अपने बाकी बचे सात विकेट 45 रन जोड़कर गंवा दिए जिससे पूरी टीम 56.5 ओवर में 200 रन पर सिमट गई। कप्तान अभिमन्यु ईश्वरन 157 गेंद में 83 रन बनाकर शीर्ष स्कोरर रहे। उन्हें तन्मय बलोदा (51 रन पर दो विकेट) ने आउट किया। पहली पारी में 93 रन की बढ़त हासिल करने वाले बंगाल ने हरियाणा को 294 रन का लक्ष्य दिया। युवराज सिंह और कप्तान अंकित कुमार ने पहले विकेट के लिए आठ ओवर में 44 रन जोड़कर टीम को अच्छी शुरुआत दिलाई। शाहबाज ने नौवें ओवर की पहली ही गेंद पर युवराज (22) को आउट किया और फिर अगली गेंद पर अशीष सिवाच (00) को पवेलियन भेजा। इसी ओवर की चौथी गेंद पर उन्होंने हिमांशु राणा (00) की पारी का भी अंत किया।

संक्षेप

देविका सिहाग थाईलैंड मास्टर्स के फाइनल में

बैंकॉक। भारत की युवा बैडमिंटन खिलाड़ी देविका सिहाग ने दुनिया की 35वें नंबर की खिलाड़ी हुआंग यू सुन को सीधे गेम में हराकर 250000 डॉलर ईनामी राशि के थाईलैंड मास्टर्स टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश कर लिया। भारत की 20 वर्ष की गैर वरीय खिलाड़ी सिहाग ने पांचवीं वरीयता प्राप्त हुआंग को 22.20, 21.13 से हराया। अब उनका सामना मलेशिया की गोह जिन वेइ से होगा।

बहरीन में शर्मा संयुक्त चौथे स्थान पर, युवराज कट से चूके

बहरीन। भारतीय गोल्फर शुभंकर शर्मा दो अंडर 70 के स्कोर के साथ बाप्को एनर्जीस बहरीन चैम्पियनशिप में दो दौर के बाद संयुक्त चौथे स्थान पर हैं। पिछले सप्ताह हीरो दुबई डेजर्ट क्लासिक में कट से चूके शर्मा ने कुल आठ अंडर 36 स्कोर किया। युवराज संधू दो अंडर का ही स्कोर कर सके और कट में प्रवेश से चूक गए। कैलम हिल ने दूसरे दौर में 61 स्कोर करके चार शॉट की बढत बना ली है।

विश्व कप : भारत व पाक आज होंगे आमने-सामने

एजेंसी

बुलावायो। पांच बार का चैंपियन भारत रविवार को यहां आईसीसी पुरुष अंडर-19 विश्व कप के सुपर सिक्स मैच में चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान से एशिया कप फाइनल में मिली शर्मनाक हार का बदला लेने की कोशिश करेगा। भारत पिछले साल 21 दिसंबर को दुबई में हुए अंडर-19 एशिया कप फाइनल में पाकिस्तान से 191 रन से हार गया था जबकि 14 दिसंबर को उसने इसी टूर्नामेंट का ग्रुप मैच इस चिर प्रतिद्वंद्वी टीम के खिलाफ 90 रन से जीता था। रविवार को आयुष म्हात्रे की कप्तानी वाली भारतीय टीम उस हार का बदला लेने के लिए बेताब होगी। पहलगाम आतंकी हमले और उसके बाद भारतीय सेना द्वारा चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत पाकिस्तान के साथ अपनी हाथ नहीं मिलाने की नीति भी जारी रख सकता है। भारतीय अंडर-19 टीम ने अंडर-19 एशिया कप के फाइनल में पाकिस्तान के साथ मैच के बाद हाथ मिलाने से परहेज किया। उस टूर्नामेंट के ग्रुप चरण मैच के दौरान भी भारत ने ऐसा ही किया था। अंडर-19 विश्व कप में अब तक भारत ने शानदार प्रदर्शन किया है। टीम ने अमेरिका पर छह विकेट की जीत के साथ अपने अभियान की शुरुआत की और फिर ग्रुप चरण में बांग्लादेश और न्यूजीलैंड को हराया। भारत ने अपने पहले सुपर सिक्स मैच में 27 जनवरी को मेजबान जिम्बाब्वे को 204 रन से हराकर जीत का सिलसिला जारी रखा। पाकिस्तान के रूप में भारत का अगला मैच एक मजबूत विरोधी के खिलाफ होगा और एशिया कप फाइनल में बड़ी हार म्हात्रे की अगुआई वाली टीम को परेशान कर सकती है। विकेटकीपर बल्लेबाज अभिज्ञान कुंडू (चार मैच में 183 रन) और वैभव सूर्यवंशी (चार मैच में 166 रन) लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। दोनों ने दो-दो अर्धशतक लगाए हैं लेकिन वे इन्हें तीन अंकों में बदलना चाहेंगे। विहान मल्होत्रा (चार मैच में 151 रन) से भी भारत को उम्मीदें हैं।

यूपी-दिल्ली की भिड़ंत आज

एजेंसी

वडोदरा। कुछ शीर्ष बल्लेबाजों की खराब फॉर्म की समस्या से जूझ रही दिल्ली कैपिटल्स की टीम रविवार को यहां वुमेंस प्रीमियर लीग मैच के आखिरी लीग मैच में यूपी वारियर्स के खिलाफ जीत की तलाश में होगी। दिल्ली की जीत उन्हें सीधे गुजरात जाइंट्स के खिलाफ एलिमिनेटर में जगह दिला देगी। टीम ऐसी स्थिति में आठ अंक के साथ लीग में तीसरे स्थान पर रहेगी और गत चैंपियन मुंबई इंडियन्स की टीम बाहर हो जाएगी। दूसरी ओर निचले पायदान पर मौजूद यूपी वारियर्स की जीत मुंबई की टीम के लिए रास्ता खोल सकती है। उस स्थिति में तीन टीम मुंबई, दिल्ली कैपिटल्स और वारियर्स तीनों के समान छह अंक रहेंगे और नेट रन रेट (एनआरआर) तय करेगा कि फाइनल में जगह बनाने के लिए एलिमिनेटर में गुजरात जाइंट्स का सामना कौन सी टीम करेगी। इन तीन टीम में से माइनस 1.146 के साथ वारियर्स का नेट रन रेट सबसे खराब है। दिल्ली का माइनस 0.164 जबकि मुंबई का प्लस 0.059 है। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की टीम आठ मैच में छह जीत के साथ पांच टीम की तालिका में शीर्ष पर रहते हुए पहले ही सीधे फाइनल में जगह बना चुकी है। दिल्ली की शीर्ष क्रम की बल्लेबाजों ने मौजूदा सत्र में अधिक रन नहीं बनाए हैं।

दक्षिण अफ्रीका की लिजेल ली सात मैच में 230 रन के साथ टीम की सबसे सफल बल्लेबाज हैं। उनकी हमवतन स्टार लॉरा वोल्वार्ट ने सात मैच में 194 रन बनाए हैं जो उम्मीद से कम है। शेफाली वर्मा सात मैच में 179 रन ही बना पाई हैं। दिल्ली को इस अहम मैच में इस भारतीय सलामी बल्लेबाज से बड़े योगदान की उम्मीद होगी। नई कप्तान जेमिमा रोड्रिग्स ने सात मैच में 132 रन बनाकर बेहद निराश किया है और उनकी एक बड़ी पारी टीम को जीत दिला सकती है। उनका मौजूदा सत्र का अब तक का सर्वश्रेष्ठ स्कोर नाबाद 51 रन रहा है। गेंदबाजी में भी दिल्ली के विदेशी खिलाड़ियों का प्रदर्शन उम्मीद के मुताबिक नहीं रहा है। दक्षिण अफ्रीका की अनुभवी मारिजेन कैप और वेस्टइंडीज की चिनेल हेनरी सिर्फ सात और छह विकेट चटका पाई हैं। भारतीय गेंदबाजों स्नेह राणा और मीनू मणि का भी यही हाल है। असल में मौजूदा सत्र में दिल्ली के लिए विकेट चटकाने की जिम्मेदारी दो युवा खिलाड़ियों अनकैप्ड (जिसने कोई अंतरराष्ट्रीय मैच नहीं खेला हो) तेज गेंदबाज नंदिनी शर्मा (सात मैच में 14 विकेट) और भारत की बाएं हाथ की स्पिनर श्री चरणी (सात मैच में 12 विकेट) ने निभाई है।

अब अमन का संदेश दे रहा अबूझमाड़

नक्सलियों के गढ़ में पीस हॉफ मैराथन का आयोजन

एजेंसी

रायपुर। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने शनिवार को नारायणपुर में अबूझमाड़ पीस हॉफ मैराथन-2026 को हरी झंडी दिखाई और कहा कि अबूझमाड़ को कभी माओवादियों का मजबूत गढ़ माना जाता था, लेकिन आज यह अपनी धरती से देश-दुनिया को अमन और शांति का मजबूत संदेश दे रहा है।

अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि अबूझमाड़ की धरती से शांति, सद्भाव और विकास का सशक्त संदेश देते हुए अबूझमाड़ पीस हाफ मैराथन-2026 का भव्य और ऐतिहासिक आयोजन किया गया। मुख्यमंत्री साय ने सुबह नारायणपुर के हाईस्कूल परिसर के समीप आयोजित हाफ मैराथन के धावकों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया तथा सांकेतिक रूप से स्वयं भी दौड़ लगाई। इस दौरान मुख्यमंत्री ने विजयी प्रतिभागियों को प्रदान किए जाने वाले मेडल का अनावरण भी किया। इस दौरान साय ने कहा, आज अबूझमाड़ की धरती से पूरे देश और दुनिया को अमन और शांति का मजबूत संदेश दिया जा रहा है।

यह वही अबूझमाड़ है, जहां कभी आम नागरिकों और जवानों का पहुंचना भी कठिन था, लेकिन आज सकारात्मक वातावरण के कारण हजारों लोग यहां एकत्रित हुए हैं। माओवाद से मुक्त बस्तर की दिशा में युवा वर्ग का जोश और उत्साह यह संकेत दे रहा है कि जल्द ही यह क्षेत्र खुशियों से आबाद होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह परिवर्तन डबल इंजन सरकार की नीतियों और नेतृत्व का परिणाम है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के संकल्प और दृढ़ इच्छाशक्ति का उल्लेख करते हुए कहा कि 31 मार्च 2026 तक देश से नक्सलवाद के समूल उन्मूलन का लक्ष्य तय किया गया है और बस्तर लाल आतंक से पूरी तरह मुक्त होगा।

उन्होंने नक्सलवाद के विरुद्ध संघर्ष में लगे सुरक्षाबलों के अधिकारियों और जवानों के अदम्य साहस और पराक्रम को नमन करते हुए कहा कि उन्हीं के बलिदान और समर्पण से आज बस्तर क्षेत्र में शांति और विकास की मजबूत नींव पड़ी है। मुख्यमंत्री ने बताया कि हाल ही में बस्तर क्षेत्र में 351 करोड़ रुपये के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया गया है तथा नए विकास कार्यों की घोषणा भी की गई।

उन्होंने कहा कि नक्सलवाद के कारण यह क्षेत्र पिछले चार दशकों से विकास से वंचित रहा, लेकिन अब ऐसा नहीं होगा और बस्तर में विकास की गंगा निरंतर बहेगी। उन्होंने सम्पूर्ण बस्तर और छत्तीसगढ़ को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने के सरकार के संकल्प को दोहराया। अधिकारियों ने बताया कि 21 किलोमीटर लंबी हाफ मैराथन नारायणपुर से बासिंग तक आयोजित की गई, जिसमें देश-विदेश से आए 60 से अधिक विदेशी प्रतिभागियों सहित बस्तर संभाग, प्रदेश और अन्य राज्यों के 10 हजार से अधिक धावकों ने भाग लिया।

आप सभी क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
आशीष तिवारी
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत-राजगढ़
विकास खण्ड- गगहा (गोरखपुर)

समस्त क्षेत्र वासियों को माघ अमावस्या, 77वां गणतंत्र दिवस, बसंत पंचमी एवं महाशिवरात्रि पर्व की हार्दिक शुभकामनायें
शिवम कुमार
लेखपाल (पिपरौली)
तहसील-सहजनवां
(गोरखपुर)

समस्त क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
अवध राज गुप्ता
पीटीओ
परिवहन विभाग जनपद बहराइच
अक्षय त्रिपाठी
जिलाधिकारी
बहराइच

आप सभी क्षेत्रवासियों को 74वें गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
शशिभूषण राय
उर्फ मुन्नू राय
प्रोपराइटर- राय ट्रेडर्स
पता - अतायर मोड़, करवल मझगांवा, गोरखपुर।

समस्त क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
संदीप दूबे
थाना अध्यक्ष
थाना विशेश्वरगंज जनपद बहराइच
रामनयन सिंह
पुलिस अधीक्षक
जनपद बहराइच

समस्त क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
प्रदीप कुमार
आर.आई. जनपद बहराइच
परिवहन विभाग उत्तर प्रदेश
अक्षय त्रिपाठी
जिलाधिकारी
बहराइच

आप सभी क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
सत्य प्रकाश शाही
प्रोपराइटर
सैटर्न ब्रिक्स फिल्ड
सोलिड मार्का ईंट भट्ठा- भलुवान

आप सभी क्षेत्रवासियों को 74वें गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
संजय मोदनवाल
ग्राम प्रधान प्रत्याशी
ग्राम पंचायत- करवल मझगांवां विकास खण्ड- गगहा, गोरखपुर।

समस्त क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
रामेश रावत
प्रभारी निरीक्षक
थाना रूपईडीहा बहराइच
रामनयन सिंह
पुलिस अधीक्षक
जनपद बहराइच

समस्त क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
ओम प्रकाश सिंह
ए आरटीओ प्रशासन एवं परिवर्तन
परिवहन विभाग जनपद बहराइच
अक्षय त्रिपाठी
जिलाधिकारी
बहराइच

आप सभी क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
अंकित कुमार उपाध्याय
चौकी इंचार्ज- गजपुर
(थाना- गगहा)
गोरखपुर।

आप सभी क्षेत्रवासियों को 74वें गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
प्रदीप निषाद
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत- बिठुवा
विकास खण्ड- गगहा, गोरखपुर।

समस्त क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
डॉ. एस.के. वर्मा
नाक, कान, गला स्पेशलिष्ट, बहराइच
अक्षय त्रिपाठी
जिलाधिकारी
बहराइच

गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर जनपदवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
आलोक सिंह
थाना अध्यक्ष
थाना हरदी-बहराइच
रामनयन सिंह
पुलिस अधीक्षक
जनपद बहराइच

आप सभी क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
रवि गुप्ता
प्रोपराइटर
बालाजी मिष्ठान-(शिवपुर) हाटा बाजार।

आप सभी क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
बालगोविंद शुक्ला उर्फ काजु बाबा
ग्राम-मानोकिशनपुर खजुरी बाबू
विकास खण्ड- गगहा, गोरखपुर।

समस्त क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
डॉ. प्रभाकर मिश्रा
सीनियर फिजीशियन
जिला हास्पिटल बहराइच
अक्षय त्रिपाठी
जिलाधिकारी
बहराइच

कार्यालय नगर पालिका परिषद, बहराइच
नगर पालिका, बहराइच गणतंत्र दिवस (26 जनवरी, 2026) के शुभ अवसर पर अपने नगरवासियों का हार्दिक अभिनन्द करती है तथा इनके उज्जवल भविष्य की कामना करती है, साथ ही नगरवासियों से अपील करते हैं-
1. घर पर कचरा संग्रहण की प्रक्रिया में जनता अपना पूर्ण सहयोग प्रदान करें एवं घर में सूखा-गीला कचरा अलग-अलग कर के सूखा कचरा नीले व गीला कचरा हरे पात्र में ही डालें।
2. जल ही जीवन है, उसे बर्बाद एवं दूषित न करें, नलों को खुला न छोड़े।
3. जन्म मृत्यु का पंजीकरण अवश्य करायें।
4. पालिका सार्वजनिक/सरकारी भूमि/ सम्पत्ति पर स्थाई/अस्थाई अतिक्रमण/ कब्जा न करें।
5. सफाई कर्मी के आने से पूर्व ही अपने घरों का कूड़ा आदि निर्धारित स्थान पर ही डालें, ताकि सफाई कोने में सहयोग मिल सके। सडकों नालियों एंव रास्तों पर कूड़ा-करकट न डालें।
6. भवन निर्माण से पूर्व भवन के मानचित्र की एन.ओ.सी. कराना सुनिश्चित करें।
7. शासन द्वारा सिंगले यूज प्लास्टिक/ पालीथिन का उपयोग प्रतिबंधित है। जनहित में इसका उपयोग न करें।
8. नगर में निर्मित सामुदायिक शौंचालयों, सार्वजनिक शौचालयों/यूरिनल निर्मित पिंक शौचालय का सदैव प्रयोग करें।
9. पालिका का बकाया गृहकर व जलकर 31 मार्च 2026 से पूर्व जमा करें।
(प्रमिता सिंह)
अधिशासी अधिकारी
नगरपालिका परिषद बहराइच
(सुधा देवी)
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद बहराइच

आप सभी क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
विशाल पासवान उर्फ बिक्की
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत- बाऊपार
विकास खण्ड- गगहा
(गोरखपुर)

आप सभी क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
अच्छेलाल यादव
प्रधान प्रतिनिधि
ग्राम सभा- महुराई
विकास खण्ड -गगहा (गोरखपुर)

आप सभी क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
सरोज देवी
ग्राम प्रधान
दिनेश यादव
प्रधान प्रतिनिधि
ग्राम सभा- उज्जरपार विकास खण्ड - गगहा (गोरखपुर)

आप सभी क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
सौमित्र चंद्र कौशिक
प्रोपराइटर
भगवती ट्रेडर्स एवं जनता सीमेंट स्टोर, हाटा बाजार- गोरखपुर

आप सभी क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
दीपक दिवाना
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत- रावतपार
विकास खण्ड -गगहा, गोरखपुर।

आप सभी क्षेत्रवासियों को 74वें गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
विनोद मिश्रा
प्रधान प्रत्याशी
ग्राम पंचायत- बरईपार
विकास खण्ड- गगहा (गोरखपुर)

आप सभी क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
मुख्तार शाही
प्रोपराइटर
मां शारदा मोटर्स आयसर टैक्टर एजेन्सी
कौड़ीराम ब्लाक के बगल में।

समस्त क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
अनुप्रिया पटेल
स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री
भारत सरकार
श्री राम निवास वर्मा
विधायक
नानपारा विधानसभा
नानपारा अपना दल यश

समस्त क्षेत्र वासियों को माघ अमावस्या, 77वां गणतंत्र दिवस, बसंत पंचमी एवं महाशिवरात्रि पर्व की हार्दिक शुभकामनायें
अवधेश यादव
प्रधान प्रतिनिधि
ग्राम पंचायत-बेलवाडाड़ी
विकास खण्ड- पिपरौली
(गोरखपुर)

आप सभी क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
चंद्रभान सिंह
थानाध्यक्ष-शाहपुर
जिला- गोरखपुर।